# दैनिक अयोध्या टाइम्स

समस्या आपकी-आवाज हमारी

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 126 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, बुधवार 06 जुलाई 2022 (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### रिजर्व बैंक ने कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैक पर लगाया जुर्माना

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि उसने नियामकीय अनुपालन में कोताही बरतने पर कोटक महिंद्रा बैंक और इंडसइंड बैंक पर लगभग एक–एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया




है। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने चार सहकारी बैंकों पर भी जुर्माना लगाने का फैसला किया है। रिजर्व बैंक ने कहा कि कोटक महिंद्रा बैंक पर 1.05 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

यह जुर्माना जमाकर्ता शिक्षण एवं जागरूकता कोष योजना, 2014 के कुछ मानकों के उल्लंघन और अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन में उपभोक्ता संरक्षण एवं ऋण एवं अग्रिम संबंधी प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने पर लगा है। वहीं इंडसइंड बैंक पर सेबी ने एक करोड़ रुपये का जुर्माना अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) मानकों का पालन नहीं करने पर लगाया गया है। इसके अलावा आरबीआई ने सहकारी क्षेत्र के चार बैंकों– नवजीवन कोऑपरेटिव बैंक, बलंगीर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड, ढाकुरिया कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड कोलकाता और पलानी कोऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड पर भी जुर्माना लगाया है।

इन पर एक लाख से लेकर दो लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया गया है। हालांकि, रिजर्व बैंक ने कहा कि जुर्माना लगाने का फैसला नियामकीय अनुपालन में हुई गड़बड़ियों पर आधारित हैं और ये बैंकों के अपने ग्राहकों के साथ समझौते या किसी भी लेनदेन की वैधता पर सवाल नहीं खड़ा करते हैं।

### चोरी की दो बाइकों के साथ दो अंतर्राज्यीय चोर गिरफ्तार

चित्रकूट ब्यूरो : पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में सरधुवा थाना टीम द्वारा दो अन्तर्राज्यीय वाहन चोरों



को चोरी की दो मोटर साइकिलों के साथ गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण कुमार सिंह एवं उनकी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अर्की मोड से आरोपी छुटकू यादव पुत्र रामपति यादव निवासी भटरी थाना राजापुर को बिना नम्बर प्लेट की बाइक के साथ तथा आरोपी राजा उर्फ श्यामू द्विवेदी पुत्र तीरथ प्रसाद द्विवेदी निवासी भटरी सुरजुआ पुरवा थाना राजापुर चित्रकूट को बिना नम्बर प्लेट की बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा ने पूछताछ करने पर बताया कि एक बाइक कुलगांव सतना मध्य प्रदेश व दूसरी बाइक को कानपुर से किया था। इस सम्बंध में दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना सरधुवा में सम्बंधित धाराओं के तहत मामला पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में आरक्षी वेद प्रकाश, ललित सोनी, राहुल पुरी व बब्बू राजा शामिल रहे।

### अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूट ब्यूरो : पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने दो आरोपियों को 32 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

### दारोगा भर्ती परीक्षा में धांधली को लेकर अखिलेश यादव ने योगी को लिखी चिट्ठी, एसआईटी से जांच की मांग की

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सीएम योगी आदित्यनाथ को चिट्ठी लिखकर



दारोग भर्ती मामले में उच्चस्तरीय जांच की मांग की है. उन्होंने दारोगा भर्ती में घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा कि ब्लैक लिस्टेड कंपनी को परीक्षा आयोजित करने का टेंडर दिया गया. उन्होंने इसकी एसआईटी से जांच की मांग की है।

# पौधरोपण कर मुख्यमंत्री ने किया वन महोत्सव का शुभारंभ

– सीएम का जनपद दौरा संपन्न – अधिकारियों ने रखी सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त

राम कृपाल सिंह ने. ब्यूरोचीफ/चित्रकूट ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विकास खण्ड मानिकपुर के ग्राम पंचायत मड़ैयन के मजरा सेहरिन के शुभारम्भ किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मंच से ही 3286.91 लाख रूपये की 15 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 8254.64 लाख रूपये की 28 परियोजनाओं का शिलान्यास किया तथा छह लाभार्थियों को पुरस्कृत भी किया। जिसमें वृक्षारोपण में भैयालाल को वृक्ष महोत्सव में प्रदेश में एक साथ 35 करोड़ वृक्ष लगाने के इस प्रयास में आज पूरे प्रदेश में 25 करोड़ तथा तीन दिन के अंदर पॉच करोड़ पौधारोपण किया जायेगा। इसके अलावा पॉच करोड़ पौधारोपण 15 अगस्त के दिन आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जायेगा। जिसमें प्रत्येक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, गौसेवा के सदस्य कृष्णकुमार उर्फ भोलेसिंह, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य आनंद त्रिपाठी बब्बू भइया, अपर पुलिस



पास वन महोत्सव के अंतर्गत वृक्षारोपण जन आन्दोलन–2022 का मटदर प्रथम वन ब्लाक में पीपल, बरगद, पाकड (हरिशंकरि) के पौधों को रोपित कर अभियान का शुभारम्भ किया। सीएम के साथ ही वन ब्लाक में संत मदन गोपाल दास, महन्त दिव्य जीवनदास, महंत राम मनोहर दास सहित अन्य संतो एवं वन राज्यमंत्री, सांसद एवं अन्य जन प्रतिनिधियों ने भी पौध रोपण किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की प्रदर्शनी स्टाल पर कुमारी श्रृद्धा बड़ी मड़ैयन को अन्न प्राशन कराया एवं गर्भवती महिला लक्ष्मीदेवी बड़ी मड़ैयन की गोद भराई की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने चित्रकूट के संत महात्माओं से भेंट कर उनसे कुशलक्षेम पूछी तथा कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर एवं शाल भेंट कर माल्यार्पण किया, माध्यममिक शिक्षा से कुमारी हर्षिता सिंह को प्रदेश में दसवा स्थान एवं जनपद चित्रकूट में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र एवं टैबलेट, ग्राम विकास में राजकली एवं प्रेमा देवी को मुख्यमंत्री आवास का स्वीकृति प्रमाण–पत्र, परिवहन विभाग की पंख परियोजना के अंतर्गत भानुजा मिश्रा को ड्राइविंग लाइसेंस, बेसिक शिक्षा विभाग से चुन्नू प्रसाद ग्राम प्रधान सेमरिया जगन्नाथवासी कर्वी व ऊषा सिंह ग्राम प्रधान ऊँचाडीह मानिकपुर को विद्यालय के कायाकल्प के 19 बिन्दुओं में संतृप्त करने पर प्रशस्ति पत्र एवं ग्राम्य विकास मनरेगा से ग्राम प्रधान मड़ैयन राधेश्याम को अपने ग्राम पंचायत में एक अमृत सरोवर का निर्माण कर सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि वन ग्राम पंचायत में 75 पौधे रोपे जायेंगे।

सांसद आर के सिंह पटेल ने प्रदेश में होने वाले 35 करोड़ वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीराम की तपोस्थली जनपद चित्रकूट से होने पर एवं भगवान श्री राम की तपोस्थली में नौवीं बार पधारने पर मुख्यमंत्री का अभिनन्दन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कोरोना काल में जन जीवन को बचाने के लिए प्रदेश में सराहनीय कार्य किया है। बताया कि पाठा क्षेत्र के कोल आदिवासियों के लिए 35 सौ मुख्यमंत्री आवास भी दिया गया है इसके साथ ही अन्य जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर जनपद के लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया गया है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक श्री साकेत बिहारी शुक्ल ने किया।

इस मौके पर राज्यमंत्री अरुण सक्सेना, मानिकपुर विधायक महानिदेशक प्रयागराज प्रेम प्रकाश, पुलिस महानरीक्षक बॉदा विपिन कुमार मिश्रा, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी, मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव वन मनोज कुमार सिंह, मुख्य वन संरक्षक पी पी सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी आर के दीक्षित, अपर जिलाधिकारी कुँवर बहादुर सिंह, सहित अन्य अधिकारी एवं प्रदेश मंत्री जनपद प्रभारी देवेश, पूर्व सांसद रमेश चन्द्र द्विवेदी, विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय, अध्यक्ष नगर पालिका नरेन्द्र गुप्ता, भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडेय, राजेष जायसवाल, भाजपा नेता पंकज अग्रवाल, जगदीश प्रसाद गौतम, भागवत त्रिपाठी, अर्पित जायसवाल सहित अन्य जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पुलिस के हत्थे यूं चढ़ा कानपुर हिंसा का आरोपी हाजी वासी

कानपुर। कानपुर हिंसा के एक महीने बाद पुलिस ने आखिरकार आज हिंसा के आरोपी बिल्डर हाजी वासी को गिरफ्तार कर लिया. 3 जून को कानपुर में हुई हिंसा के मामले में तीन एफआईआर दर्ज की गई थी. इन तीनों में हाजी वासी वांछित अभियुक्त था जो 1 महीने से फरार चल रहा था. कानपुर पुलिस ने हाजी वासी की तलाश में दिल्ली और कई अन्य स्थानों में अपनी टीम में लगा रखी थी. कल कानपुर पुलिस को अपने सूत्रों से हाजी वासी की लोकेशन लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट के आसपास मिली जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे धर दबोचा गया।

हाजी वासी पर कानपुर में 3 जून को जुमे की नमाज के बाद हुई हिंसा में क्राउड फंडिंग करने का आरोप है. हाजी वासी से कानपुर पुलिस ने कैंट थाने में पूछताछ शुरू कर दी है, जिसके बाद उसे आज कोर्ट में पेश किया जाएगा और रिमांड पर लेने की कोशिश की जाएगी. इससे पहले हाजी वासी के फरार होने के बाद से ही पुलिस उसपर अपना शिकंजा कसती जा रही थी. एक महीने का वक्त बीत जाने के बाद पुलिस 60 लोगों को इस मामले में गिरफ्तार कर चुकी थी लेकिन हाजी वासी तक पुलिस के हाथ नहीं पहुच पा रहे थे. जिसके बाद पुलिस ने उसको पकड़ने के लिए दिल्ली समेत कई जगहो पर अपनी टीमें दबिश के लिए लगा रखी थीं।

कानपुर पुलिस ने वासी पर दबाव बढ़ाने के लिए उसके परिजनों को खंगालना शुरू किया और रविवार को उसके बेटे अब्दुल रहमान को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने



तीन दिन तक रहमान से पहले पूछताछ की और उसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. इस मामले में मास्टर माइंड जफर हयात हाशमी, जावेद खान, मोहम्मद राहिल और सुफियान को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

# काकोरी ब्रांड के नाम से जाना जाएगा लखनऊ का आम :सीएम योगी

राम कृपाल सिंह ने. ब्यूरोचीफ लखनऊ।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उत्तर प्रदेश आम महोत्सव–2022 की शुरुआत की. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने लखनऊ में आम का 'मेगा कलस्टर' स्वीकृत किया है जिसमें अगले पांच वर्षों में 100 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे. योगी ने कहा कि इस 'मेगा कलस्टर' में लखनऊ के आम को काकोरी ब्रांड के नाम से जाना जाएगा। काकोरी ब्रांड काकोरी के महानायकों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

अवध शिल्प ग्राम में उत्तर प्रदेश आम महोत्सव–2022 की शुरुआत करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''यह 'काकोरी ब्रांड' देश और दुनिया में नये भारत के नये उत्तर प्रदेश की छवि को प्रदर्शित करेगा और आजादी के 'अमृत महोत्सव' के आयोजन की श्रृंखला के क्रम में काकोरी ब्रांड हमारे काकोरी के महानायकों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारियों द्वारा ब्रिटिश राज के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के इरादे से हथियार खरीदने के लिए नौ अगस्त 1925 को लखनऊ के काकोरी में ट्रेन में ब्रिटिश खजाना लूट लिया था. इस ट्रेन डकैती की योजना पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के



नेतृत्व में चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खां समेत अन्य क्रांतिकारियों ने बनाई थी।

# चीन-पाकिस्तान की टेंशन बढ़ाने वाली खबर, पोखरण में पिनाका मार्क-1 का और ज्यादा मारक क्षमता के साथ हुआ सफल परीक्षण

नई दिल्ली। भारत का ऐसा ब्रह्मास्त्र जिसकी काट न तो चीन के पास है और न ही पाकिस्तान के पास। जिसके पलक झपकते मात्र से दुश्मन के बंकर तबाह हो जाएंगे। चीन और पाकिस्तान जैसे भारत के दोनों दुश्मन जिसका नाम सुनकर ही थर्रा उठते हैं। नाम है पिनाका जो दुश्मन के खेमे में प्रलय मचाने की ताकत रखता है। वैसे तो कहा जाता है कि पिनाका भगवान शिव के धनुष की तरह ही प्रचंड है लेकिन अब ये रॉकेट अब अधिक दूरी तक पहुंचकर दुश्मन और उसके ठिकानों को ध्वस्त कर सकेगा। रॉकेट का पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में सत्यापन परीक्षण किया गया।

भारतीय सेना में शामिल पिनाका रॉकेट सिस्टम को भारतीय रक्षा एवं अनुसंधान संस्थान यानी की डीआरडीओ ने डेवलप किया था। ऑर्डिनेंस फैक्ट्री इटारसी ने इसे और शक्तिशाली बनाते हुए इसकी रेंज 45 किलोमीटर तक बढ़ा दी है। साथ ही रॉकेट के लिए बारूद तैयार करने का वक्त घटाकर 35 दिन कर दिया है। ऑर्डिनेंस फैक्ट्री इटारसी मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले में स्थित है। ओएफई सेना के लिए एडवांस मिसाइल रॉकेट, गन और टैंक के लिए गोला बारूद बनाती है।

बता दें कि भारत में स्वदेशी तौर पर विकसित की गई पिनाका रॉकेट सिस्टम के तीन वैरिएंट हैं। एमके–1, एमके–2, एमके–3 और तीनों के अलग–अलग वैरिएंट हैं। इसकी अधिकतम रेंज 120



किलोमीटर तक है। पहले वेरिएंट एमके–1 का रेंज 45 किलोमीटर तक है। दूसरे वैरिएंट एमके–2 की रेंज 90 किलोमीटर तक है। तीसरे और सबसे एडवान्सड वेरिएंट एमके–3 का रेंज 120 किलोमीटर तक है।

### हाजी इकबाल के मकान पर दूसरे दिन भी चला बुलडोजर, अबतक 125 करोड़ की जमीन जब्त

सहारनपुर। खनन माफिया हाजी इकबाल की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रहीं. सहारनपुर प्रशासन द्वारा मिर्जापुर क्षेत्र में हाजी इकबाल की फर्जी कंपनियों द्वारा खरीदी गई सैकड़ों बीघा जमीन अब तक जब्त की जा चुकी है. इनकी कीमत लगभग 125 करोड़ रुपये बताई जा रही है. हाजी इकबाल के चार बेटों में से तीन बेटे जेल में है और खुद हाजी इकबाल ,एक बेटा और उसका भाई पूर्व एमएलसी महमूद अली फरार हैं। अब लगातार दो दिन से सहारनपुर विकास प्राधिकरण जिलाधिकारी आवास के बराबर में स्थित शहर की पॉश कॉलोनी में स्थित तीन कोठियों पर कार्यवाही कर रहा है. कल से शुरू हुई यह कार्रवाई लगातार दूसरे दिन भी



जारी है. यहां पर तीन कोठियों में 2 कोठी हाजी इकबाल के नाम व एक हाजी इकबाल के भाई महमूद अली के नाम है. इन कोठियों के निर्माण को लेकर विकास प्राधिकरण द्वारा नोटिस जारी किया गया था जिसमें से दो कोठी नक्शे के विपरीत बनाई गई थी. खनन के कारोबार में जिस बुलडोजर और पोकलेन मशीन से हाजी इकबाल ने अकूत संपत्ति इकट्ठा की थी आज वही बुलडोजर और पोकलेन हाजी के महल को ढहाने में लगी थी।

### मनसुख मंडाविया से मिले अनुराग ठाकुर, बल्क ड्रग पार्क हिमाचल में लाने व पीजीआई के जल्द शुरुआत का किया अनुरोध

राम कृपाल सिंह ने. ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने केंद्रीय रसायन और उर्वरक व स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मंडाविया जी से भेंट करके देश में बनने वाले तीन बल्क ड्रग पार्क में एक की हिमाचल में स्थापना को मंजूरी देने व ऊना में पीजीआई सैटेलाइट सेंटर के जल्द निर्माण कार्य पूरा करने का आग्रह किया।

श्री अनुराग ठाकुर ने कहा "हिमाचल प्रदेश में अच्छी स्वास्थ्य सेवा के साथ रोजगार के अवसर बढ़ सकें इस दिशा में मैं सदैव प्रयासरत हूँ। केमिकल एंड फर्टिलाइजर मिनिस्ट्री ने पूरे देश में तीन बल्क ड्रग पार्क देने का निर्णय लिया था, और 3000 करोड़ का प्रावधान पिछले बजट में किया था। हिमाचल क्योंकि फार्मा हब है इसलिए इन तीन में से एक बल्क ड्रग पार्क



हिमाचल में भी आ सके इसके लिए सामूहिक प्रयास किए जा रहे हैं। आज केंद्रीय रसायन और उर्वरक व स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मंडाविया जी से भेंट करके उनसे मैंने एक बल्क ड्रग पार्क को हिमाचल में लगाने की मंजूरी देने का अनुरोध किया। मेरे अनुरोध को उन्होंने सकारात्मक रूप से लिया। इस बल्क ड्रग पार्क के बनने से ना सिर्फ पूरे हिमाचल में फार्मा उद्योग को और बढ़ावा मिलेगा बल्कि इस मंजूरी मिलने पर करीब 10 हजार लोगों को रोजगार का अवसर भी मिलेगा। बल्क ड्रग पार्क बनने से यहाँ एक बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर बनकर तैयार होगा जिसका लाभ पूरे प्रदेश को मिलेगा।

### पीएम मोदी के वाराणसी दौरे को लेकर तैयारियां तेज 1800 करोड़ की विकास परियोजनाओं का देंगे तोहफा

राम कृपाल सिंह

नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आने वाली 7 जुलाई को वाराणसी दौरे पर आ रहे हैं. इस दौरान पीएम मोदी काशी को 1812 करोड़ से ज्यादा की 45 योजनाओं और परियोजनाओं की सौगात देंगे. काशी में पीएम मोदी के तीन मुख्य कार्यक्रम है जिनकी तैयारियां बड़े जोरों शोरों से की जा रही हैं. यूपी विधानसभा चुनाव के बाद पीएम मोदी पहली बार काशी दौरे पर हैं. लिहाजा तैयारियां भी बड़े स्तर पर की जा रही हैं।

यूपी विधानसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी काशी के दौरे पर आ रहे हैं. जिसके लिए बड़े स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं. पीएम का काशी में लगभग चार घंटे का कार्यक्रम है. पीएम मोदी 1 बजे काशी पहुंचेंगे और 5 बजे उनकी वापसी का कार्यक्रम है. अपने



दौरे के दौरान पीएम सबसे पहले अक्षय पात्र योजना का उद्घाटन करेंगे इससे रोजाना एक लाख बच्चों को मध्यान भोजन का लक्ष्य रखा गया है. इसके साथ ही पीएम का दूसरा कार्यक्रम रुद्राक्ष में है जहां पूरे देश से आये शिक्षाविदों को प्रधानमंत्री संबोधित करेंगे और पीएम का तीसरा और आखिरी कार्यक्रम सिगरा के संपूर्णानन्द मैदान में है यहां प्रधानमंत्री खिलाड़ियों के साथ संवाद करेंगे और स्टेडियम नवनिर्माण की नींव रखेंगे और यहीं से योजनाओं परियोजनाओं की सौगात देंगे।

# उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का एयरपोर्ट पर हुआ जोरदार स्वागत

यमुनापार के भाजपाइयों का एयरपोर्ट पर मौजूद रहा हूजूम

राम कृपाल सिंह ने. ब्यूरोचीफ

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मंगलवार को प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचे जहां पर भाजपा यमुनापार जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती ने



उपमुख्यमंत्री को बुके भेंट कर कार्यकर्ताओं संग स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर अल्पसख्यक मोर्चा के क्षेत्रिय उपाध्यक्ष सरदार पतविन्दर सिंह,किसान मोर्चा क्षेत्रिय सदस्य अनुज सिंह परिहार,जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, कार्तीकेय आदि के साथ भारी संख्या में यमुनापार के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## शिवा त्रिपाठी ने संभाला वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक का चार्ज

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जनपद के वित्त एवं लेखाधिकारी कामेश्वर प्रसाद के स्थानांतरण के बाद मगलवार को नवागंतुक लेखाधिकारी शिवा त्रिपाठी ने कार्यभार संभाल लिया। जहां वरिष्ठ कोषाधिकारी ने अपने समक्ष उनका कार्यभार ग्रहण कराया वहीं शिक्षकों व कार्यालय के कर्मचारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। प्रदेश सरकार बीते सप्ताह ताबड़तोड़ स्थानातरण किये गये जिसमें कानपुर देहात के वित्त एवं लेखाधिकारी का भी स्थानांतरण हो गया। मंगलवार को नव प्रशिक्षित शिव त्रिपाठी करीब ढाई बजे कार्यालय पहुंची और वरिष्ठ कोषाधिकारी केके पांडेय के समक्ष लेखाधिकारी का चार्ज ग्रहण किया। इस दौरान समारोह में अभिषेक द्विवेदी, अरविंद सेंगर, संजय शुक्ला, गोपाल मिश्रा, अनिल वर्मा, प्रेम सिंह, कुलश्रेष्ठ सिंह आलोक बाजपेई, अभिषेक तिवारी राजेश कुमार आदि ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर बीआरसी कार्यालय सहायक प्रदीप कुमार सेवानिवृत्त शिक्षक बलराम सिंह, गणेश श्रीवास्तव सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद रहे।

## शिक्षक समुदाय ने फूल मालाओं से लादकर दी वित्त एवं लेखाधिकारी को विदाई

कानपुर देहात। बीते चार वर्ष से जनपद में ईमानदारी से वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक के रूप सेवायें दे रहे कामेश्वर प्रसाद का गोंडा जनपद स्थानांरण हो गया। बीआरसी कार्यालय में आयोजित उनके विदाई समारोह में शिक्षक समुदाय ने उन्हें फूल मालाओं से लादकर भावभीनी विदाई दी।

बताते चले कि 1 जून 2018 को वित्त एवं लेखाधिकारी कामेश्वर प्रसाद ने कानपुर देहात के वित्त एवं लेखाधिकारी के पद का कार्यभार ग्रहण किया था। अपनी ईमानदारी व सरल स्वभाव के चलते थोड़े ही समय में शिक्षकों के दिलों में अपनी जगह बना दी। हाल ही चली स्थानांतरण की बयार में उनका स्थानांतरण गोंडा जिला पंचायत में वित्तीय परामर्श दाता के रूप में हो गया। बीआरसी व वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अभिषेक द्विवेदी, अरविंद सेंगर, संजय शुक्ला, गोपाल मिश्रा, अनिल वर्मा, प्रेम सिंह, कुलश्रेष्ठ सिंह आलोक बाजपेई, अभिषेक तिवारी राजेश कुमार आदि ने उनका माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंट कर भावभीनी विदाई दी। वहीं मौके पर मौजूद वरिष्ठ कोषाधिकारी केके पांडेय ने उन्हें आशीर्वाद देते हुये उन्हें शुभकामननायें दी एवं प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक पांण्डेय, लेखाधिकारी जिला पंचायत आशुतोष त्रिपाठी ने उनको बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर बीआरसी कार्यालय सहायक प्रदीप कुमार सेवानिवृत्त शिक्षक बलराम सिंह, गणेश श्रीवास्तव सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद रहे।

## मा0 मंत्री जी ने वन महोत्सव के अवसर पर ईको पार्क माती में किया पौध रोपण, दिया पर्यावरण का संदेश

- जनपद में करीब 60 लाख पौधे लगाये जा रहे है लेकिन जरूरी है कि हम लगाये गये पौधों का संरक्षण करें : मा0 राज्यमंत्री
- वृक्षारोपण के इस महाअभियान से जन–जन को जोड़ना होगा : जिलाधिकारी
- पर्यावरण को दूषित होने से बचाने के लिए वृक्षारोपण के इस महाअभियान में हम सब योगदान करेंगे : पुलिस अधीक्षक

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। वृक्षारोपण महाअभियान 2022 के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम में मा0 राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग श्री संजय सिंह गंगवार ने इस महाअभियान में अपनी सिरकत करते हुए ईको पार्क माती में जामुन के पौधे का पौधरापण कर अपना योगदान दिया साथ ही उन्होंने इस अवसर पर कहा कि



आज जनपद में करीब 60 लाख पौधे लगाये जा रहे है लेकिन जरूरी है कि हम लगाये गये पौधों का संरक्षण करें, इन वृक्षों को अपने बच्चों की तरह पालना, पोषना पडेगा तभी ये फलवित और पुष्पित हो सकते हैं, इस महाअभियान से जन–जन को जोड़ना होगा किसाना, मजदूर सभी को इस महाअभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। इस जनपद में नारी शक्ति की जो प्रशासनिक क्षेत्र में जो भूमिका सुनिश्चित हुई है निश्चित रूप से वह अन्य जनपदों के लिए अनुकरणीय है, मा0 राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं को आप सब मिलकर धरातल में उतारने का काम करेंगे ऐसी मैं उम्मीद और कामना करता हूं। इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी नेहा जैन ने कहा कि वन महोत्सव का यह कार्यक्रम केवल प्रशासनिक अमले का काम नहीं है अपितु इसमें हर व्यक्ति की भागीदारी होनी चाहिए तभी इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है, इसके लिए उन्होने



जन–जन का आवाहन किया है, पेड़ धर्म, मजहब देखकर छाया नहीं देते हैं अपितु निस्वार्थ और लोगों के सेवा हेतु संकल्पि होकर छाया प्रदान करते हैं इसीलिए हम सब की यह जिम्मेदारी है कि केवल वृक्ष लगायें बल्कि इनको संरक्षित भी करें। इस अवसर पर बोलते हुए पुलिस अधीक्षक सुनीति ने कहा कि इस महाअभियान में हम सब योगदान करेंगे, इस अवसर पर बोलते डीएफओ एके द्विवेदी ने कहा कि वृक्ष की महिमा का वर्णन वेद शास्त्रों में किया गया है कि एक वृक्ष दस पुत्रों के बराबर है ऐसी स्थिति में जरूरी है कि हम अधिक से अधिक वृक्ष लगायें और उनकों संरक्षित करें। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय, सिठमरा के बच्चों ने कठपुतली नृत्य द्वारा पर्यावरण का संदेश दिया। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा प्रसाद गुप्ता आदि जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## नवनियुक्त वित्त एवं लेखाधिकारी शिवा त्रिपाठी जी ने कार्य-भार गृहण किया

कानपुर। जनपद में नवनियुक्त वित्त एवं लेखाधिकारी शिवा त्रिपाठी जी ने कार्य–भार गृहण किया। इस अवसर पर नवागत वित्त एवं लेखाधिकारी शिवा त्रिपाठी जी ने जनपद के सभी शिक्षक प्रतिनिधियों एवं शिक्षकों को आश्वासन दिया है कि निर्धारित समयावधि में सभी सम्बन्धित कार्य कराना ही उनकी प्राथमिकता है एवं वह सुनिश्चित करेंगी कि जनपद के किसी शिक्षक को अनावश्यक रूप से कार्यालय न आना पड़े।

इससे पूर्व इस पद पर कार्यरत श्री कामेश्वर प्रसाद जी को भावपूर्ण विदाई दी गई।अपने विदाई कार्यक्रम में निवर्तमान वित्त एवं लेखाधिकारी श्री कामेश्वर प्रसाद जी ने जनपद के सभी शिक्षक प्रतिनिधियों एवं कार्यालय स्टाफ के साथ शिक्षकों को उनके अप्रतिम सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री कामेश्वर प्रसाद जी के कार्यकाल के बारे में चर्चा करते हुए वरिष्ठ कोषाधिकारी ने कहा की कामेश्वर प्रसाद जी ने अपने कार्यकाल में बेसिक शिक्षा परिषद जैसे महासागर में समस्या समाधान रूपी सुई खोजने का अभूतपूर्व कार्य किया है।कार्यक्रम में सम्मिलित जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अभिषेक पाण्डेय, वित्तीय परामर्श अधिकारी (जिला पञ्चायत) श्री आशुतोष त्रिपाठी,जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी रुचि बाजपेई के अतिरिक्त कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ लेखा परीक्षक श्री प्रेम सिंह, लेखाकार श्री अनिल वर्मा, सहायक लेखाकार श्री कुलश्रेष्ठ सिंह, कार्यालय सहायक श्री राजेश कुमार, कार्यालय सहायक श्री आलोक बाजपेई, कार्यालय सहायक श्री अभिषेक तिवारी, कार्यालय सहायक श्री प्रणतेश गौतम के साथ सेवानिवृत्त शिक्षक श्री बलराम सिंह राठौर, ।त्च सरवनखेरा श्री संजय कुमार शुक्ल, श्री रुचिर मिश्र, ।त्च झींझक श्री आत्म प्रकाश मिश्र ने निवर्तमान वित्त एवं लेखाधिकारी श्री कामेश्वर प्रसाद जी के विगत चार वर्षीय कार्यकाल के सम्बन्ध में विचार व्यक्त किए।

इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सेवानिवृत्त शिक्षक श्री बलराम सिंह द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को समर्पित एक उत्तम स्वरचित कविता का प्रस्तुतिकरण रहा।

अपने कुशल कार्यक्रम संचालन में श्री अभिषेक द्विवेदी ने सभी उपस्थित उच्चाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए वरिष्ठ कोषाधिकारी महोदय की अनुमति से कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

## शिक्षकों और बच्चों ने लगाए पौधे संरक्षण करने का लिया संकल्प



कानपुर। बाल वन वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय ईश्वरी गंज बिनौर में बच्चों और टीचरों ने पौधारोपण किया गया। इस दौरान बच्चों और टीचरों ने लगाए गए पौधों का संरक्षण करने का भी संकल्प लिया। प्रधानाध्यापक जामील खान ने कहा कि जो भी पौधे लगाए गए हैं,उनकी निरंतर देखभाल की जाएगी। अच्छी तरह से देखभाल करने वाले बच्चों को खास अवसर पर सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पौधों के बिना जीवन संभव नहीं है। पैड़ पौधों से ही हमें प्राण वायु प्राप्त होती है। परंतु जिस तरह से पौधों की संख्या कम हो रही है,उसे बढ़ाने के लिए सभी को प्रयास करना होगा। उन्हों ने विद्यार्थियों को एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर जफर अंसारी, भावना श्रीवास्तव, इंदिरा सिंह,सुषमा श्रेष्ठ, कमाल अहमद,उमा मिश्रा, अमित सिंह आदि उपस्थित रहे।

## श्रमिकों एवं लाइन मैनों के वेतन से एक हजार की अवैध कटौती करने वाले ठेकेदार को संघ की शिकायत पर अपर श्रमायुक्त कानपुर नगर ने तलब किया!

राकेश डंग ब्यूरोचीफ

कानपुर। केस्को के मंण्डल तृतीय में कार्यरत संविदा लाइनमैन एवं श्रमिको के माह अप्रैल–22 के वेतन से ठेकेदार द्वारा रुपये 1000/– की अवैध कटौती कर ली गई है, इसकी शिकायत केस्को के उच्च अधिकारियों से की गयी परन्तु प्रभावी कार्रवाई के अभाव में ठेकेदार द्वारा काटी गई अवैध धनराशि की वापसी नहीं की गई और उनके हौसले इतने बढ गये कि अब ठेकेदार दशकों से कार्यरत पचास वर्ष से अधिक आयु के संविदा कर्मियों को हटाने की धमकी देकर अवैध वसूली कर रहा है!

केस्को

केस्को संविदा मजदूर संघ के महामंत्री श्री शंभू सिंह ने इसकी शिकायत अपर श्रमायुक्त, कानपुर क्षेत्र से की! संघ की शिकायत पर अपर श्रमायुक्त महोदय ने नोटिस जारी करके ठेकेदार मे० चाहत सिक्योरिटी सर्विसेज प्राईवेट लि० को दि०– 15. 07.22 को तलब किया है! साथ ही केस्को प्रबंधन को भी उक्त तिथि पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हुआ वृहद वृक्षारोपण



दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय प्रताप सिंह कानपुर बिल्हौर ककवन। विकास खण्ड के बीआरसी कार्यालय के प्रांगण में खण्ड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता ने वृक्षारोपण किया। उत्तर प्रदेश में वन महोत्सव के अवसर पर जगह जगह बहुत ही तेजी से पेड़ लगाए जा रहे हैं ,खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया पेड़ों से साफ स्वच्छ ,शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करने में महती भूमिका निभाते हैं जिससे वातावरण शुद्ध रहता है साथ ही हमें अनेक प्रकार के फल प्रदान करते हैं इसी श्रृंखला के अंतर्गत आज कस्बा के खंड शिक्षा कार्यालय में शासन के आदेशानुसार मेगा वृक्षारोपण के अंतर्गत बीआरसी कार्यालय के प्रांगण में खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा वृक्षारोपण किया गया, इस मौके पर अरविंद त्रिवेदी ,अमित सिंह ,अरविंद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।।

## वृक्षारोपण नोडल अधिकारी ने कलेक्ट्रेट, ईको पार्क, आंगनबाड़ी केन्द्र नरिहा, परौंख में किया पौधरोपण

- वृक्षारोपण नोडल अधिकारी ने जनपद के प्रमुख स्थानों पर वृक्षारोपण कर इस आन्दोलन को सफलीभूत बनाने का दिया संदेश
- मुख्य विकास अधिकारी व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने नोडल अधिकारी को देहाती बुकुनू का पैकेट किया भेंट

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। वन महोत्सव के इस आन्दोलन को सफल और संदेशयुक्त बनाने हेतु शासन द्वारा नामित जनपद की वृक्षारोपण नोडल अधिकारी आईसीडीएस निदेशक सारिका मोहन ने जनपद के प्रमुख स्थानों पर वृक्षारोपण कर इस आन्दोलन को सफलीभूत बनाने का संदेश दिया। उन्होंने सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट परिसर में अर्जुन का पेड लगाया, तत्पश्चात ईको पार्क माती में गुलाचीन का पौधा लगाया, इसके पश्चात वह शुक्ल तालाब गई, जहां पर उन्होंने हरिशंकरी पौधा लगाया, इसके पश्चात वह नबीपुर के पौधाशाला में गई, वहां उन्होंने नर्सरी का निरीक्षण किया, उसके पश्चात नोडल अधिकारी नरिहा गांव में स्थित आगानबाड़ी केन्द्र गई जहां उन्होंने अमरूद का पेड लगाया, वहां पर उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र में उपस्थित बच्चों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका से वार्ता की तथा पोषण राशन वितरण की स्थिति की जानकारी ली, वहीं उन्होंने बच्चों का वजन कराया तथा उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से वजन एवं पोषण वितरण करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात वह परौख गांव गयी जहां उन्होंने पोषण वाटिक में न केवल पेड़ लगाया अपितु परौंख गांव का भ्रमण भी किया, जिसमें प्रमुख रूप से सर्वप्रथम उन्होंने ओपेन जिम का भ्रमण किया तथा वहां पर सम्पूर्ण व्यवस्थाऐं चाक चौबन्द पायी गयी, इसके पश्चात वह पोषण वाटिका गयी जहां पर विभिन्न प्रकार की हरी सब्जियां के पौधे देखे तथा और अच्छे से पोषण वाटिका को विकसित करने के लिए कहा, इसके पश्चात वह आंगनबाड़ी केन्द्र का भ्रमण किया जहां पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा सही जानकारी न देने व शौचालय गन्दा पाये जाने पर उन्होंने नाराजगी भी व्यक्त की तथा सख्त निर्देश दिये कि शौचालय, आंगनबाड़ी परिसर साफ सुथरा रहे तथा यहां पर और पौधे लगाये जाये जिससे कि यहां पर छाया रहे। इसके पश्चायत उन्होंने पथरी देवी मन्दिर गयी जहां उन्होंने पथरी देवी के दर्शन किये और इसके पश्चात उन्होंने अम्बेडकर पार्क गयी जहां उन्होंने पुस्तकालय देखा जहां पर सम्पूर्ण व्यवस्थाऐं अच्छी पायी गयी, इसके पश्चात वह मिलन केन्द्र गयी जहां पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा लगाये जाने के तहत बनाये जा रहे तिरंगा झण्डे की जानकारी ली, वहीं मुख्य विकास अधिकारी व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा नोडल अधिकारी को देहाती बुकुनू का पैकेट भेंट किया। इसके पश्चात उन्होंने अमृत वाटिका, पंचायत भवन में पहुंच जानकारी ली। उन्होंने प्रशासन द्वारा किये गये कार्यो की सराहना भी की। नोडल



अधिकारी ने जनपद को मिले पौध रोपण के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कहा, साथ ही उन्होंने लगाये गये पौधों को संरक्षित करने के लिए भी विशेष हिदायत भी दी। इसके अलावा आज के दिन ''प्रगति रक्षित रक्षिता'' के अनुक्रण पर समस्त विभागों ने पौधरोपण के लिए मिले लक्ष्यों के अनुसार वृक्षारोपण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी नेहा जैन व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने भी वृक्षारोपण किया। इस मौके पर जिला वन अधिकारी अनिल कुमार द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता, डीसी मनरेगा हरिश्चन्द्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव, जिला सूचना अधिकारी नरेन्द्र मोहन आदि अधिकारीगण, कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

## मा0 मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास/प्रभारी मंत्री कानपुर श्री धर्मपाल सिंह ने वृक्षारोपण जन आंदोलन कार्यक्रम

कानपुर नगर ।मा0 मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास/प्रभारी मंत्री कानपुर श्री धर्मपाल सिंह ने वृक्षारोपण जन आंदोलन कार्यक्रम के तहत वन विभाग द्वारा एल0एन0 फारेस्ट परिसर, दीनदयाल नगर, कानपुर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में प्रतिभाग करते हुये वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर मा0 सांसद देवेंद्र सिंह भोले, मा0 विधायक श्रीमती नीलिमा कटियार, मा0 विधान परिषद सदस्य श्री सलिल विश्नोई, जिलाधिकारी श्री विशाख जी, मुख्य वन संरक्षक श्री के0के0



सिंह, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग श्री अरविंद कुमार यादव सहित सभी संबंधित अधिकारी व जुगल देवी शिशु व विद्या मंदिर के विद्यार्थी उपस्थित थे। इसके पश्चात मा0 मंत्री जी ने नगर निगम द्वारा गैस प्लांट परिसर, सरायमीता, कानपुर नगर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया तथा वृक्षारोपण किया। नगर निगम द्वारा वृक्षारोपण जन आंदोलन–2022 के अंतर्गत वन महोत्सव का आयोजन करते हुए सरायमीता, पनकी स्थित खुले स्थल पर मियावाकी पद्धति से वृहद वृक्षारोपण करते हुए 40000 पौधे रोपित कराए गए। जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधे यथा–पीपल, बरगद, पिलखन, जामुन, आम, अमरूद, आंवला, मौलश्री, अशोक, कदम आदि पौधों को रोपण कर नगर वन का विकास किया गया। इस अवसर पर मा0 महापौर प्रमिला पाण्डेय, जिलाधिकारी श्री विशाख जी, नगर आयुक्त श्री शिवशरणप्पा जी0एन0 सहित उपस्थित सभी अधिकारियों /कर्मचारियों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।

केस्को

# कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता

विद्युत नगरीय वितरण मण्डल (द्वितीय) केस्को, बिजलीघर, परेड, कानपुर

## ई-निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित ई–निविदा पृथक–पृथक दो भागों में प्रतिष्ठित व अनुभवी निविदादाताओं से विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–द्वितीय, बिजलीघर केस्को के अन्तर्गत निम्नवत् कार्यों व विवरण के अनुसार ई–निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | ई–निविदा संख्या | कार्य का विवरण | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र मूल्य | धरोहर धनराशि | खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 13/ईयूडीसी–द्वितीय/22–23 | नगरीय विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय के अधीन नगरीय विद्युत वितरण खण्ड गुमटी एवं दादा नगर के कार्यक्षेत्र में स्थापित विभिन्न 11/0.4 के.वी. फीडरों/लाइनों में होने वाले ब्रेकडाउनों को अटैण्ड करने एवं अनुरक्षण तथा प्रणाली सुधार से सम्बन्धित कार्य हेतु। | 1 वर्ष | 3540/– जी0एस0टी सहित | 31000/– | 20.07.2022 |
| 2 | 14/ईयूडीसी–द्वितीय/22–23 | नगरीय विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय के अधीन नगरीय विद्युत वितरण खण्ड गोविन्द नगर एवं किदवई नगर के कार्यक्षेत्र में स्थापित विभिन्न 11/04 के.वी. फीडरों/लाइनों में होने वाले ब्रेकडाउनों को अटैण्ड करने एवं अनुरक्षण तथा प्रणाली सुधार से सम्बन्धित कार्य हेतु। | 1 वर्ष | 3540/– जी0एस0टी सहित | 31000/– | 20.07.2022 |
| 3 | 15/ईयूडीसी–द्वितीय/22–23 | नगरीय विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय के अधीन नगरीय विद्युत वितरण खण्ड पराग डेयरी एवं विश्वबैंक बर्रा के कार्यक्षेत्र में स्थापित विभिन्न 11/0.4 के.वी. फीडरों/लाइनों में होने वाले ब्रेकडाउनों को अटैण्ड करने एवं अनुरक्षण तथा प्रणाली सुधार से सम्बन्धित कार्य हेतु। | 1 वर्ष | 3540/– जी0एस0टी सहित | 31000/– | 20.07.2022 |

ई–निविदा प्रपत्र पूर्ण कर निविदादाताओं द्वारा वेबसाइट पर खुलने की तिथि से एक दिन पूर्व 14:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त ई–निविदा का प्रथम भाग खुलने की निर्धारित तिथि को 14:00 बजे वेबसाईट पर सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। उक्त तिथि को अवकाश घोषित होने पर निविदायें अगले कार्य दिवस में नियत समय पर खोली जायेगी।

ई–निविदा मूल्य की धनराशि एवं प्रथम भाग में धरोहर धनराशि का भुगतान आर०टी०जी०एस०/एन०ई०एफ०टी० के माध्यम से (0255001800000027 (IFSC CODE PUNB0025500) में जमा किया जा सकता है। वेबसाइट पर निविदा प्रपत्रों के साथ यू. टी.आर. स्कैन प्रति अपलोड करना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र के प्रथम भाग में निर्धारित पी० क्यू0 आर0 एवं तकनीकी अभिलेख होंगे तथा निविदा के द्वितीय भाग में दरें एवम् व्यवसायिक शर्तें होगी, बिना धरोहर धनराशि के तथा सशर्त निविदायें खोली /स्वीकार नहीं की जायेगी।

ई–निविदा में किसी प्रकार की शुद्धि एवं तिथि के विस्तारण की सूचना ई–टेन्डरिंग बेवसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी जिसकी सूचना प्रथक रूप से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं की जाएगी।

तकनीकी योग्यता पूरी न करने वाले निविदादाताओं की निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्य की मात्रा घट/बढ़ सकती है। अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास बिना कोई कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–द्वितीय
बिजलीघर, केस्को कानपुर

''राष्ट्रहित में बिजली बचाएँ''

# आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों में नहीं पहुंच रहे शिक्षक

लखीमपुर,खीरी। मोहम्मदी ब्लाक क्षेत्र में लगभग आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों में गुलाबी नोटों की चमक सत्ता की धमक पर शिक्षक विद्यालय नहीं पहुंच रहे है। सिस्टम के तहत वर्षों से घर में बैठकर खाते से अपनी सैलरी निकाल रहे है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सहदेवा, डेलखेड़ा, अलीनगर, विषमाशी सहित कई विद्यालय के अध्यापक शामिल हैं। संविलियन विद्यालय अलीनगर प्रधानाध्यापक कौशर सिद्दीकी एवं अनुचर अरशद सिद्दीकी, प्राथमिक विद्यालय डेलखेड़ा में ज्योति विश्वासी, कलामुद्दीन स्थानीय विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से विद्यालय में नहीं पहुंचते हैं। संविलियन विद्यालय सहदेवा में प्रधानाध्यापक व शिक्षकों के द्वारा शिक्षा विभाग को चूना लगाने का काम किया जा रहा है। 16 जून से 28 जून तक बच्चों को दिया जाने वाला एमडीएम ही नहीं बना, बल्कि शिक्षकों द्वारा मनमानी करते हुए पारले जी बिस्किट बच्चों को खाने को दिया जा रहा है। गरीब बच्चों के हक पर लगातार डाका डाला जा रहा है। इतना ही नहीं विद्यालय के एक सहायक अध्यापक डॉ. नसीम अहमद कभी विद्यालय पढ़ाने नहीं आते और उनका पूरा वेतन स्टाफ की मिलीभगत से सिग्नेचर होकर निकल रहा है। बच्चों से जब पूछा गया कि क्या उक्त शिक्षक को वह जानते है तो बच्चों ने साफ मना करते हुए कहा कि वे लोग उस शिक्षक को कभी स्कूल में नहीं देखे। कई ग्रामीणों व अभिभावकों ने भी बताया कि नसीम अहमद कभी विद्यालय नहीं आये। जबकि 28 जून तक उनके बाकायदा सिग्नेचर भी उपस्थिति पंजिका पर है जो कि जांच का विषय है। सम्बंधित शिक्षक के वेतन का आहरण बीआरसी के लेखाकार व बीइओ की मिलीभगत से हो रहा है क्योंकि यही कर्मचारी व अधिकारी वेतन निकालने की संस्तुति करते है। इस विषय में जब प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक शाबान इलाही से पूछा गया तो वह बगले झांकने लगे व संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। विगत अप्रैल माह में इस विद्यालय की एक रसोइयां भी जलकर विद्यालय में मर गयी थी।

# 'सासें हो रही कम, आओ वृक्ष लगाएं हम' की थीम पर मनाया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम



लखीमपुर,खीरी। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएमओ ऑफिस प्रांगण में पौधरोपण किया गया। यह कार्यक्रम सांसे से हो रही कम, आओ वृक्ष लगाएं हम की थीम पर मनाया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम डॉ. शैलेंद्र भटनागर की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। वहीं एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, एसीएमओ डॉ. बीसी पंत और डिप्टी सीएमओ डॉ. धनीराम भार्गव ने पौधे लगाकर वृहद कार्यक्रम की शुरुआत की। इसी तरह 200 शैय्या चिकित्सालय एमसीएच विंग ओयल में भी अधीक्षक डॉ. एसी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न कराया गया। उपस्थित समस्त कर्मचारियों ने प्रांगण पौधारोपण किया। सीएमओ डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने बताया कि सीएमओ ऑफिस सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी सांसे हो रही कम, आओ वृक्ष लगाएं हम की थीम पर शक्ति वन का मनाया जा रहा है। शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग भी इसे वृहद रूप से मना रहा है। आज पर्यावरण और प्रदूषण को देखते हुए पेड़ पौधों की अहमियत हमें समझनी होगी, अन्यथा हम अपने आने वाली पीढ़ी के लिए क्या छोड़कर जाएंगे, यहां हमें सोचना होगा। इस दौरान डॉ. पूनम, देवनंदन श्रीवास्तव, सचिन मिश्रा, श्रद्धा श्रीवास्तव, रत्ना सिन्हा, ईशा तिवारी, कुकरा, गोला, कस्ता, मितौली, ममता नीलांजना, निशा मिश्रा, ईशा तिवारी, करुणा और शिवानी शुक्ला सहित अन्य स्टाफ ने भी पौधारोपण किया।

# पलिया बस यूनियन की बैठक में डग्गामारी पर हुई चर्चा

लखीमपुर,खीरी। पलिया बस आपरेटर्स एसोसिएशन की आपातकालीन बैठक प्रशासन अमरजीत सिंह खैरा की अध्यक्षता में की गई। बैठक में पलिया से पीलीभीत मार्ग एवं पलिया से लखनऊ वाया भीरा मार्ग और वाया निघासन मार्ग में हो रही डग्गामार व अवैध संचालित बसों के संबंध में विचार विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से तय किया गया कि सचिव मनजीत सिंह खैरा, उपाध्यक्ष गुरबक्श सिंह संधू, कार्यकारिणी सदस्य जोरा सिंह को सर्वसम्मति से यूनियन द्वारा हटाकर नए पदाधिकारियों को नियुक्त किया है। जिसमें प्रीतपाल सिंह खैरा को सचिव, गुरबक्श सिंह पत्तड़ को उपाध्यक्ष व सौरभ जायसवाल को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। एसोसिएशन ने बताया कि डग्गामार बसें बस यूनियन के अधिकृत मार्गों पर नहीं चलेगी। सर्वसम्मति से तय किया गया था कि लखनऊ जाने वाली बसें पलिया–भीरा, कुकरा, गोला, कस्ता, मितौली, सीतापुर होते हुए लखनऊ जाएंगी। जबकि पीलीभीत जाने वाली बसें मैलानी से जाएंगी। निघासन से लखनऊ भी बस चलेगी। पर इन लोगों ने 30 जून तक इसका पालन किया। एक जुलाई से पूर्व की भांति इसकी अवहेलना कर बसों को संचालित करने लगे। यूनियन ने एक जुलाई को दोनों एसोसिएशन की बैठक कर डीएम खीरी व अन्य अधिकारियों को सूचना दी थी जिसमें विभिन्न रास्तों पर जो डग्गामार बसें चल रहीं हैं, उनको भी बंद करने की जरूरत होने की बात कही थी।



# आईटीआई परिसर में हुआ वृक्षारोपण





लखीमपुर,खीरी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्बन को–आपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पुष्पा सिंह द्वारा की गयी। साथ ही वरिष्ठ समाजसेवी विमलेश सिंह भदौरिया के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन में बहुत उपयोगी है, इसलिये हमे जीवन में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस दौरान संस्थान के प्रधानाचार्य वाईडी सिंह, समस्त कार्यदेशक एवं स्टाफ प्रशिक्षार्थियों के द्वारा 500 से अधिक पौधों का आईटीआई प्रशिक्षार्थियों से वृक्षारोपण किया गया।

# खीरी में हुआ वृक्षारोपण जन आंदोलन-2022 का आगाज



☒ खीरी में हुआ धरती का श्रृंगार, रोपित हुए 67.01 लाख पौधे

☒ वृक्षारोपण में दिखा सामाजिक सहभागिता का असर, महिलाओं ने शक्तिवन में रोपे पौधे

लखीमपुर,खीरी। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत मंगलवार अलसुबह खीरी में वृक्षारोपण जन आंदोलन–2022 का आगाज हुआ। वन एवं वन्यजीव विभाग तथा अन्य राजकीय कार्यदायी विभाग के अधिकारी–कर्मचारी ने तय लक्ष्य के सापेक्ष पौधों का रोपण शुरू किया।

मंगलवार को जनपद में 6510621 वृक्षों को रोपने का लक्ष्य शाम 05 तक पूर्ण करते हुए कुल 6700046 पौध रोपित किए। इस आयोजन में राजकीय कर्मचारियों, युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों ने सामूहिक रूप से भाग लिया। आयोजन का अनुश्रवण आयुक्त वाणिज्य कर/नामित नोडल अधिकारी वृक्षारोपण मिनिस्ती एस, डीएम, सीडीओ व डीएफओ खीरी वन प्रभाग ने किया। नपाप लखीमपुर के तत्वाधान में छाउछ में नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस, ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष निरुपमा बाजपेई, आकांक्षा अध्यक्ष अल्पना सिंह, अर्बन बैंक चेयरमैन पुष्पा सिंह, सीडीओ अनिल सिंह ने विभिन्न प्रजातियों के पौधेरोपण किया। वही इसी परिसर में महिलाओं द्वारा शक्ति वन की आधारशिला रखी। इसके बाद वन विभाग के तत्वाधान में अफसरो ने पीलीभीत–बस्ती मार्ग एवं बेसिक शिक्षा एवं बाल विकास पुष्टाहार के संयोजन में कोरैया जंगल में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए। इस दौरान सभी पेड़ों की जियो टैगिंग व हिरीतिमा एप पर फीडिंग स्वयं डीएफओ संजय विश्वाल ने की। इसके बाद नोडल अफसर ने ब्लॉक फूलबेहड़ के ग्राम खंभारखेड़ा में शक्ति वन, ग्राम झानपुर में अमृत वन, बिजुआ में पलिया रोड, थारू जनजाति क्षेत्र चंदन चौकी के विभिन्न ग्रामों में पौधरोपण अभियान का न केवल अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण किया बल्कि उन्होंने स्वयं भी पौधरोपण किया। इसके बाद उन्होंने महमदाबाद में अमृत वन के लिए हो रहे पौधरोपण देखा। नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस. ने कहा कि जीवन बिना वन के संभव नहीं है। जीव से वन का सीधा संबंध है। धरती बचाना है तो पौधरोपण करें। आने वाली पीढ़ी को खूबसूरत व हरा भरा बनाकर दें। धरती का श्रृंगार वृक्ष हैं। इसके लिए सभी को संकल्पित होकर पौधरोपण में जुटना चाहिए। खाली भूमि पर पौध लगाएं, जिससे पर्यावरण के साथ हम खुद को तथा भविष्य को सुरक्षित करें। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी का श्रृंगार है। हरियाली लाने, पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधरोपण करना जरूरी है। प्राचीन ग्रन्थों मे वृक्ष को जीवन दायिनी माना गया है, वृक्षों से पर्यावरण की सुरक्षा होती है इसलिए हमे अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण की सुरक्षा करनी चाहिए। हम अपनी पूर्व पीढ़ी द्वारा लगाये वृक्षों से आक्सीजन व फल प्राप्त कर रहे है। अतः हमें अपनी आने वाले पीढ़ी के लिए उसी प्रकार वृक्ष लगाने चाहिए, जिससे हम ऋणमुक्त हो सकें। आकांक्षा अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि वृक्ष धरती के आभूषण है अधिक से अधिक पौध रोपित कर धरती का आभूषणयुक्त बनाना है, पौधरोपण न केवल वैज्ञानिक रूप से बल्कि आध्यात्मिक रूप से हम सबके लिए आवश्यक है। सीडीओ अनिल सिंह ने कहा कि वृक्ष बिना किसी अपेक्षा के हमें जीवनदायी आक्सीजन, फल, ईधन देते है और इसके साथ ही वह हमें बहुत बड़ी सीख भी देते है। विद्यालयों में छात्र–छात्राओं को हमें वृक्षों की इस महत्व से परिचित कराना होगा कि वृक्ष पत्थर खाकर भी बदले में हमें फल ही देते है।

# गोला के लाल ने मुम्बई में किया कमाल सिंगिंग में जीती गोल्डेन ट्रॉफी




☒ इंडियाज् सिंगिंग आइकॉन टीवी शो मुंबई में गोल्डेन माइक ट्रॉफी जीतकर फाइनल राउंड में बनाई जगह

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। इंडियाज् सिंगिंग आइकॉन टीवी शो मुंबई में जनपद खीरी के सौरभ राज ने गोल्डन माइक ट्रॉफी जीतकर फाइनल राउंड में जगह बना कर अपने नगर का ही नहीं, बल्कि जनपद और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के ग्राम परसेहिया निवासी एवं एक बहुत ही साधारण और गरीब परिवार में जन्मे सौरभ राज ने मुंबई (महाराष्ट्र) में आयोजित इंडियाज सिंगिंग आइकॉन टीवी शो में गोल्डन माइक ट्रॉफी जीतकर फाइनल राउंड में अपनी जगह बना बना कर यह साबित कर दिखाया कि लगन, मेहनत और परिश्रम से कामयाबी हासिल की जा सकती है। संवाददाता से बात करने पर सौरभ राज ने बताया कि मैंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बसेही खुर्द गांव से की और कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई रानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज शहाबुद्दीनपुर खीर) से की तथा वर्तमान में भातखंडे संगीत संस्थान विश्वविद्यालय लखनऊ में अध्ययनरत हूं। साथ ही सौरभ राज ने बताया कि उनके मां बाप के अलावा उनके जीवन में तीन व्यक्ति बहुत ही खास महत्व रखते है। सौरभ राज के गुरु उदय वीर प्रेरणा देने वाले पत्रकार रफी अहमद व उनके चाचा अशोक कुमार के मार्गदर्शन से मेरा हमेशा मनोबल बरकरार रहता है तथा मेरी मां का आशीर्वाद, इन सभी की दुआए और इनका मार्गदर्शन ही मेरा मार्ग प्रशस्त करता है। मैं अपनी मेहनत और लगन से इन सभी का सपना अवश्य पूरा करूंगा और अपने गांव, नगर, जनपद और प्रदेश का नाम ऊंचा करने के लिए मैं सदैव कड़ी से कड़ी मेहनत करके अपनों के सपनो को पूरा करने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहूंगा। सौरभ राज ने बताया कि ये शो जल्द ही 9 एक्स जलवा टीवी चौनल पर प्रसारित किया जाएगा।

# नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी ने किया विद्यालय में वृक्षारोपण






बरवर/फूलबेहड़,खीरी। कायाकल्प योजना के अंतर्गत शासन के द्वारा स्वीकृत कराकर नगर पंचायत अध्यक्ष नसरीन बानो द्वारा संविलियन विद्यालय का सौंदर्यीकरण कराया गया। जिसका आज चेयर पर्सन नसरीन बानो ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत विद्यालय में बच्चों का अध्यापकों के साथ मिलकर वृक्षारोपण का शुभारंभ किया और बरवर पुलिस चौकी पर चौकी प्रभारी अजीत कुमार सिंह चौकी परिसर में वृक्षारोपण किया। इसके साथ ही साथ नगर पंचायत अध्यक्ष ने विद्यालय में डस्टबिन और वाटर कूलर लगाने की घोषणा की। वहीं विद्यालय के सभी अध्यापकों की कार्य शैली देखकर उनकी प्रशंसा भी की। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी सपना भारद्वाज भी साथ में मौजूद रहीं। अधिशासी अधिकारी सपना भारद्वाज ने विद्यालय की साफ–सफाई को ध्यान में रखकर सफाई कर्मचारियों को विद्यालय की साफ–सफाई करने का निर्देश दिया, ताकि बच्चे स्वच्छ वातावरण में पढ़ाई कर सकें। इस मौके पर समस्त अध्यापक गण मौजूद रहे। फूलबेहड़ प्रतिनिधि के अनुसार, फूलबेहड़ ग्राम मकसोहा गौशाला पंचायत भवन में वृक्षारोपण किया गया। प्रधान जगदीश कुमार और पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुनव्वर शेख पशुधन प्रसार अधिकारी अमरीश वर्मा, लेखपाल रामकृपाल तिवारी, फार्मासिस्ट विरेंद्र वर्मा, पंचायत सहायक करन सिंह, तकनीकी सहायक सिंह राठौर, गौशाला प्रबंधक आकाश तिवारी, गौशाला कर्मी धर्मेंद्र वर्मा, बलजीत सिंह, अजय कुंज बिहारी व गांव के कुछ सदस्यों ने मिलकर वृक्षारोपण किया।

# संक्षिप्त समाचार

## अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा के विधानसभा अध्यक्ष बने दिलीप



लखीमपुर,खीरी। अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा के जिलाध्यक्ष ने पलिया के दिलीप ओझा को महासभा का पलिया विधानसभा अध्यक्ष बनाया है। जिसको लेकर उनको मनोनयन पत्र भी दिया गया है। जिसपर ब्राम्हण समाज के लोगों ने उनको बधाई दी है। लखीमपुर में पूर्व पालिकाध्यक्ष व ब्राम्हण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश बाजपेई, जिलाध्यक्ष सुशील पांडेय और जिला महामंत्री शशांक शुक्ला की मौजूदगी में पलिया के त्रिलोकपुर निवासी दिलीप ओझा को महासभा का पलिया विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है। इसको लेकर उनको मनोनयन पत्र भी सौंपा गया है। जिलाध्यक्ष ने उनसे संगठन की गति में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए हैं।

## भ्रष्टाचार को लेकर प्रधान संघ ने सौंपा ज्ञापन

बेहजम,खीरी। ब्लाक बेहजम की ग्राम पंचायतों में मनरेगा अंतर्गत कराये गये 2020–2021 के विकास कार्यों के भुगतान न होने व ब्लॉक में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर प्रधान संघ ने खण्ड विकास अधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत विभिन्न कार्य कराए जाते है, जिनका भुगतान मनरेगा से होता है। प्रधान संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह ने बताया कि पंचायतों में जो कार्य कराए गए है उनका भुगतान अभी तक नहीं हुआ है, जबकि सभी प्रकार की फीडिंग कार्य पूरा है। उन्होंने यहां तक कहा कि



मोटा कमीशन न मिलने के चलते भुगतान नहीं कराया जा रहा है। ज्ञापन देने के दौरान प्रधानों ने कहा कि अगर हमारी समस्याओं व मनरेगा भुगतान जल्द नहीं कराया गया तो हम लोग सामूहिक इस्तीफा देने को विवश हो जाएंगे। ज्ञापन देने के दौरान काफी संख्या में प्रधान मौजूद रहे।

## अवैध गतिविधियां संचालित करने में दो गिरफ्तार, अस्पताल सीज

लखीमपुर,खीरी। मोहम्मदी नगर के एक प्राइवेट अस्पताल में अवैध गतिविधियां संचालित होने की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अस्पताल को सीज कर दिया है। कस्बे के मोहल्ला बाजार गंज निवासी प्रदीप गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अशोक चौराहे पर संचालित श्रीराम जीवन हॉस्पिटल में अवैध गतिविधियां संचालित हो रही थी। जिसमें उसके पुत्र को



फांसकर लंबे समय से उसे ब्लैकमेल कर उसका शोषण किया जा रहा था। जानकारी मिलने पर पीड़ित ने नामजद आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। इस पर पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए घटना के मुख्य आरोपी मोहल्ला पश्चिमी लखपेड़ा निवासी अनूप तिवारी और मोहम्मद जावेद चाय वाले के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। मंगलवार को निरीक्षक अंबर सिंह ने दल–बल के साथ पहुंचकर अस्पताल को सीज कर दिया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने नावगत बी एस ए का स्वागत अभिनन्दन किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन।
सुल्तानपुर 5 जुलाई 2022 प्रदेश में बेसिक विभाग में तमाम अधिकारियों का तबादला हुआ था जिसमे सुल्तानपुर जिले के वर्तमान बी एस ए दिवान सिंह मथुरा स्थानान्तरण हो गया। सुल्तानपुर दीपिका चतुर्वेदी 4 जुलाई को कार्यभार ग्रहण किया था। नावगत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती दीपिका चतुर्वेदी का सुल्तानपुर आगमन पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत अभिनन्दन किया।जनपदीय प्रवक्ता निजाम खान बताया कि संगठन ने औपचारिक स्वागत करते हुए जनपद में शिक्षा की बेहतरी के लिए अपने हर संभव सहयोग को प्रस्तुत करते हुए जनपद के शिक्षकों द्वारा अपने दायित्वों को भली–भांति निर्वहन करने के लिए आश्वस्त किया साथ ही हर विभागीय



कार्यों में अपने सहयोग और योगदान के लिए हर समय प्रस्तुत रहने का आश्वासन देने का आश्वासन देते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा जनपद में छात्र और शिक्षक हितों में सहयोग किए जाने का अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल में जनपदीय मंत्री डॉ एच बी सिंह संयुक्त मंत्री प्रशांत पांडेय ,कुड़वार अध्यक्षजिला प्रवक्ता निजाम खान ,कोषाध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा उपाध्यक्ष विनोद यादव, राम बहादुर मिश्रा, प्रतिमा सिंह, डॉ रीतेश सिंह,संगठन मंत्री प्रियंका त्रिपाठी, नरेंद्र पांडेय, बल्दीराय के अध्यक्ष राज बख्श मौर्य, भदैयाँ अध्यक्ष अंजनी शर्मा, दुबेपुर मंत्री हेमंत यादव ,भदइयां मंत्री राजकुमार यादव, बल्दीराय मंत्री शिवनारायण वर्मा, जयसिंहपुर कोषाध्यक्ष, राम मगन वर्मा भदैयाँ कोषाध्यक्ष संतोष चौरसिया, धीरेन्द्र राव, शैलजा पांडे, शिल्पी गिरी,अनीता चौरसिया आदि रहे।

## सम्पादकीय....

### अत्यधिक ऑनलाइन गेमिंग बच्चों की शिक्षा और सोच पर डाल रही हानिकारक प्रभाव

सरकार बच्चों के लिए ऑनलाइन गेमिंग घंटे को विनियमित कर सकती है। उदाहरण के लिए, हाल ही में, चीन ने 18 साल से कम उम्र के गेमर्स को प्रति सप्ताह केवल तीन घंटे ऑनलाइन गेम तक सीमित कर दिया।

हाल ही में सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करने और उसकी देखरेख के लिए एक मंत्रालय की पहचान करने के लिए एक समिति के गठन की घोषणा की है। बदलते तकनीकी दौर में आज अधिक से अधिक राज्य ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र में कुछ आदेश लाने के लिए कानून ला रहे हैं। हाल ही में, राजस्थान सरकार ने ऑनलाइन गेम, विशेष रूप से फंतासी खेलों को विनियमित करने के लिए एक मसौदा विधेयक लाया। इससे पहले, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्यों ने भी ऑनलाइन गेम पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून पारित किए थे। हालांकि, उन्हें राज्य उच्च न्यायालयों द्वारा इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि कौशल के खेल के लिए एकमुश्त प्रतिबंध अनुचित था।

फैंटेसी स्पोर्ट्स ऑनलाइन गेम के सभी रूपों से पूरी तरह से अलग हैं जो ई—स्पोर्ट्स, कैजुअल गेमिंग आदि की प्रकृति में हैं, जिन्हें प्रतिभागी के लिए परिणाम तय करने के लिए वास्तविक खेल मैच खेलने के लिए वास्तविक जीवन के खिलाड़ी की आवश्यकता नहीं होती है। अन्य ऑनलाइन गेमिंग के विपरीत, काल्पनिक खेल, वास्तविकताओं पर निर्भर है, मौसमी और वास्तविक समय के खेल मैचों की उपलब्धता इसे खेल का एक गैर—नशे की लत रूप बनाती है जो इसे ऑनलाइन गेम के अन्य रूपों से अलग रूप से अलग करती है जिन्हें प्रकृति में जुआ औरध्या सट्टेबाजी का खेल माना जाता है।

अत्यधिक गेमिंग के परिणाम बच्चों की शिक्षा और भलाई पर हानिकारक प्रभाव डाल सकते हैं। इसकी लत के लक्षणों में से एक जीवन के अन्य क्षेत्रों पर प्रभाव है। यदि स्कूल का काम पीड़ित है — पाठों में ऊब, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई या होमवर्क पूरा करने के लिए कम प्रेरणा सहित — तो उनकी गेमिंग आदतों का आकलन किया जाना चाहिए। हिंसक, ग्राफिक या यौन सामग्री का एक्सपोजर बच्चों के लिए बेहद खतरनाक हैय माता—पिता की बढ़ती संख्या उनके द्वारा खेले जाने वाले खेलों की सामग्री के बारे में चिंतित है।

उदाहरण के लिए, फोर्टनिटे को 12 का दर्जा दिया गया है — फिर भी कई प्राथमिक स्कूल—आयु के बच्चे खेलते हैं। हिंसक, कामुक या अत्यधिक यथार्थवादी सामग्री वाले खेल का भी बच्चों, विशेषकर छोटे बच्चों पर भावनात्मक प्रभाव पड़ सकता है। यह परस्पर विरोधी शोध वाला एक विवादास्पद क्षेत्र है लेकिन साइंस डेली के एक अध्ययन ने हिंसक वीडियो गेम को युवा लोगों में आक्रामकता से जोड़ा है। यदि गेमिंग वास्तविक जीवन में दोस्तों के साथ संबंध की कीमत पर है, तो यह वापसी रोजमर्रा की स्थितियों में संबंध कौशल को प्रभावित कर सकती है। लंबे समय तक खेल खेलने वाले बच्चे और युवा आरएसआई से प्रभावित हो सकते हैं। अकड़न, दर्द, दर्द और सुन्न ऐसे संकेत हैं जिन पर ध्यान देना चाहिए। उदाहरण के लिए, शनिम्न टेंडिनाइटिसश गेमिंग कंसोल पर खेलने से जुड़ी अंगूठे, कलाई और हाथ की समस्याओं को संदर्भित करता है। यदि आप बिना ब्रेक लिए लंबे समय तक स्क्रीन पर देखते हैं तो आंखों में खिंचाव भी आम है। स्क्रीन की चकाचौंध दृष्टि को भी प्रभावित कर सकती है। खराब पोषण या आत्म—देखभाल की समस्या भी ऑनलाइन गेम्स के साथ घरों में दस्तक दे रही हैय जब गेमिंग की लत हावी हो जाती है, तो बच्चे और युवा भोजन छोड़ सकते हैं, जंक फूड पर निर्भर हो सकते हैं, टॉयलेट ब्रेक लेने का विरोध कर सकते हैं या खराब स्वच्छता रख सकते हैं। एक समय में कई घंटों तक उत्तेजक खेल खेलना, विशेष रूप से देर रात में, सोने के लिए कठिन हो जाएगा। बहुत से लोग ऑनलाइन गेमिंग की लत विकसित कर रहे हैं। यह जीवन और विनाशकारी परिवारों को नष्ट कर रहा है। बच्चों द्वारा बाध्यकारी गेमिंग स्कूलों में उनके प्रदर्शन को प्रभावित कर रहा है और उनके सामाजिक जीवन और परिवार के सदस्यों के साथ संबंधों को प्रभावित कर रहा है। स्वास्थ्य पर गेमिंग व्यसनों से शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक क्षति होती है, नींद खराब होती है, भूख, करियर और सामाजिक जीवन प्रभावित होता है। व्यसन अनिद्रा का कारण भी बन सकता है, निकट दृष्टि दोष का कारण बन सकता है, सामाजिक संपर्कों से वापसी, शैक्षणिक विफलता और अत्यधिक क्रोध और चिड़चिड़ापन का कारण बन सकता है। ऑनलाइन गेमिंग को नियंत्रित करने के लिए सबसे पहले, केंद्र सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 69 ए के तहत साइटों को ब्लॉक करने के लिए कदम उठा सकता है। अवैध सेवाओं को प्रत्यक्ष या सरोगेट माध्यम से ऑनलाइन विज्ञापन या प्रसारित होने से रोकने के लिए कड़े उपायों की भी आवश्यकता है। दूसरा, केंद्रीय स्तर पर एक गेमिंग अथॉरिटी बनाई जाए। इसे ऑनलाइन गेमिंग उद्योग के लिए जिम्मेदार बनाया जा सकता है, इसके संचालन की निगरानी, सामाजिक मुद्दों को रोकना, कौशल या मौके के खेल को उपयुक्त रूप से वर्गीकृत करना, उपभोक्ता संरक्षण की देखरेख करना और वैधता और अपराध का मुकाबला करना। तीसरा, चूंकि अवैध वेबसाइटों को ब्लॉक करना केंद्र के अधिकार क्षेत्र में है, इसलिए राज्य डिजिटल पायरेसी से निपटने के लिए महाराष्ट्र पुलिस के मॉडल का पालन कर सकते हैं। चौथा, उपभोक्ता हित समूहों को जुआ विरोधी प्रयासों में लाया जाना चाहिए, जागरूकता फैलाने और अवैध प्लेटफार्मों की रिपोर्ट करने के लिए मंच प्रदान करने के लिए। पांचवां, केंद्र को कौशल के ऑनलाइन खेलने के लिए एक व्यापक नियामक ढांचा तैयार करना चाहिए। वैश्विक गेमिंग उद्योग के साथ बने रहने के लिए भारत को कौशल—बनाम—मौका की बहस से आगे बढ़ना चाहिए। छठा, भारत उन्नत क्षेत्राधिकारों की तरह व्यावहारिक दृष्टिकोण अपना सकता है। यूके कौशल खेलों को लाइसेंसिंग आवश्यकताओं से छूट देता है जो मौके के खेल पर लागू होते हैं। अंत में, सरकार बच्चों के लिए ऑनलाइन गेमिंग घंटे को विनियमित कर सकती है। उदाहरण के लिए, हाल ही में, चीन ने 18 साल से कम उम्र के गेमर्स को प्रति सप्ताह केवल तीन घंटे ऑनलाइन गेम तक सीमित कर दिया। ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म केवाईसी मानदंडों को मजबूत कर सकते हैं, एक आयु—रेटिंग तंत्र को लागू करें जिसमें नाबालिगों को अपने माता—पिता की सहमति से ही आगे बढ़ने की अनुमति दी जाए, आधार पर ओटीपी सत्यापन इसे हल कर सकता है, कोई इन—गेम खरीदारी वयस्क सहमति के बिना अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और जहां भी संभव हो, इन—गेम चौट विकल्प अक्षम किया जाना चाहिए। गेमिंग कंपनियों को संभावित जोखिमों के बारे में उपयोगकर्ताओं को सक्रिय रूप से शिक्षित करना चाहिए और धोखाधड़ी और दुर्व्यवहार की संभावित स्थितियों की पहचान कैसे करनी चाहिए। प्रतिभागियों की गुमनामी को हटाया जाना चाहिए और एक मजबूत शिकायत निवारण तंत्र का निर्माण किया जाना चाहिए, उद्योग के लिए स्व—नियमन के विभिन्न रूपों को भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। अधिक से अधिक युवा ऑनलाइन गेम से जुड़ रहे हैं। इसके अलावा, ऑनलाइन गेमिंग के नियमों से न केवल आर्थिक अवसर खुलेंगे बल्कि इसकी सामाजिक लागत भी कम होगी।

सत्यवान सौरभ,

# महंगाई उच्चतम सीमा पर आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों को रोकने नए प्रभावी नियंत्रक कानून की आवश्यकता

भारत में पिछले दो वर्षों में महंगाई चरम पर पहुंच गई हैस भारत की जनसंख्या के मद्देनजर लगभग 135 करोड़ लोगों के लिए आवश्यक वस्तुओं के दाम पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं। आपको यह बता दें कि आवश्यक वस्तुओं में चावल, दाल, गेहूं, केरोसिन, गैस, पेट्रोल, डीजल और अन्य रोजमर्रा की चीजें समाहित है ।आवश्यक वस्तुओं के मूल्य केरोसिन,गैस और पेट्रोल ,डीजल को छोड़कर अन्य चीजों कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कोई भी अत्यंत प्रभावी नियंत्रक कानून प्रचलन में नहीं है और जो वर्तमान में प्रचलित धाराएं हैं वह बढ़ती कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पर्याप्त ना होकर काफी लचीली है। आवश्यक वस्तु अधिनियम को भी परिमार्जित करने की आवश्यकता प्रतीत होती है। यदि वर्तमान जैसा परिदृश्य लगातार चलता रहा तो महंगाई बेलगाम हो जाएगी और तमाम आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आम आदमी की पहुंच से बाहर होकर अनियंत्रित हो जाएगीस इसी लिए केंद्र को चाहिए इस संदर्भ में विचार मनन कर अत्यंत ही समीचीन कानूनों में परिवर्तन कर महंगाई और बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण लाने का प्रयास करें स पिछले दो—तीन वर्षों में भारत में आवश्यक वस्तुओं से लेकर पेट्रोल, डीजल तथा अन्य सामग्रियों में कीमतें लगभग डेढ़ गुना हो गई है। भारत में महंगाई का स्तर अभूतपूर्व तरीके से अचानक उच्चतम सीमा से ऊपर हो गया है। मध्यम वर्ग तथा गरीब तबके का व्यक्ति इस महंगाई की आग में सबसे ज्यादा झुलस रहा है। आमदनी उतनी की उतनी ही है और महंगाई चरम सीमा पर है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ हिंदुस्तान में ही महंगाई का परचम भयानक तौर पर लहरा रहा है। पेट्रोल ,डीजल, गैस के दाम तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रूड आयल के दाम बढ़ने से बढ़ते हैं, फिर अलग अलग राज्य सरकारें उस पर कर लगाकर दाम बढ़ाने का काम करती है पर मूल रूप से वैश्विक स्तर पर महंगाई करोना के भयानक संक्रमण और रूस यूक्रेन युद्ध की भयानक विभीषिका की परिणति ही है। रूस के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों ने तो महंगाई में आग ही लगा के रख दी है। रूस अब किसी भी कीमत पर यूरोपीय देशों तथा अन्य पश्चिमी देशों को पेट्रोल डीजल गैस देने की मनः स्थिति में नहीं है, उस पर रूस पर यूरोपीय तथा ने1टो देशों का प्रतिबंध भी महंगाई का बड़ा कारण है। रूस का अमानवीय तरीके से यूक्रेन पर आक्रमण और लगभग एक करोड़ यूक्रेन के नागरिक अन्य देशों में शरणार्थी बनकर रहने के कारण ही यूरोप में महंगाई बहुत बढ़ गई है। भारत के परिपेक्ष में महंगाई अब चरम सीमा पर है आम आदमी का जीना मुश्किल दर मुश्किल होता जा रहा है। पाकिस्तान, बांग्लादेश के अलावा श्रीलंका में तो महंगाई ने सरकार का तख्ता ही पलट दिया है।

पाकिस्तान में भी सत्ता परिवर्तन का कारण महंगाई तथा बेरोजगारी ही रही है। रूस यूक्रेन युद्ध के इतने महीने बाद भी अमानवीय क्रूर विभीषिका थमने का नाम नहीं ले रही है। यूक्रेन के करोड़ों लोग बेघरबार हो गए हैं।

यूक्रेन की अरबों रुपए की संपत्ति युद्ध की भेंट चढ़ चुकी है, यूक्रेन में नागरिकों का कोहराम मचा हुआ है।

ऐसे समय में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियों गुतारेस की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से शांति बहाल हेतु शांति वार्ता मानवता के लिए सर्वाधिक सकारात्मक एवं अहम पहल है।

अब रूस, यूक्रेन युद्ध भयानक तथा क्रूरतम रूप ले चुका है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पूरी तरह अपनी सनक में आकर यूक्रेन को बर्बादी के अंतिम छोर पर पहुंचाना चाह रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ अड़ियल रवैया रूस ही दिखा रहा है बल्कि यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेन्सकी भी

ना जाने किस घमंड और गुमान पर अड़े हुए हैं, उन्हें अपने देश के एक करोड़ से ज्यादा विस्थापित नागरिक दिखाई नहीं दे रहे हैं एवं हजारों निर्दोष नागरिकों के साथ सैनिकों की मृत्यु तथा शव भी उन्हें युद्ध रोकने के लिए बाध्य नहीं कर पा रहें है। वैसे यह तो तय है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन की आड़ में अमेरिका तथा नाटो देशों के सदस्यों को यह बताना चाह रहे हैं कि रूस अभी भी उतना ही शक्तिशाली है जितना वह उस 1990 में विघटन के पूर्व था। रूस यूक्रेन युद्ध के 50 दिन पूरे हो चुके हैं और यूक्रेन के हौसले अभी भी बुलंद दिखाई दे रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय न्यूज एजेंसियों के अनुसार कीव ,मारियापोल, बूचा, लोहानस्क,डोनेट्स आदि शहर नर संहार के भयानक केंद्र बन चुके हैं। न्यूज एजेंसी के अनुसार यूक्रेन के मूल हथियार जो उसके पास पूर्व में थे सारे नष्ट हो चुके हैं, तमाम हवाई अड्डे नेस्तनाबूद कर दिए गए हैं, अब स्थिति यह है कि फ्रांस, इजराइल, कनाडा,न्यूजीलैंड, अमेरिका, ब्रिटेन, पोलैंड से आए हुए जहाज, टैंक और मशीन गनों के सहारे ही यूक्रेन में वर्तमान का युद्ध लडा जा रहा है। यूक्रेन के लगभग 20 से 25 हजार सैनिक और नागरिक मारे जाने की एजेंसियों द्वारा पुष्टि की गई है। और कीव ,बूचा, मारियोपोल मैं रूसी सैनिकों के साथ उनके कई सेना के अधिकारियों की मौत की भी पुष्टि की गई है। यूक्रेन के सरकारी प्रवक्ता ने बताया रूस के लगभग 15हजार सैनिक इस युद्ध में हलाक हुए हैं। और उनके लड़ाकू जेट ,पैटर्न टैंक, बख्तरबंद गाड़ियां तथा ड्रोन भारी मात्रा में नष्ट कर दिए गए हैं। रूस युद्ध में अरबों रुपए का नुकसान प्रतिदिन झेल रहा है। यूक्रेन को तो नाटो तथा अमेरिका लगातार आर्थिक तथा सामरिक मदद कर रहा है, जिसके फलस्वरूप यूक्रेन की स्थिति अभी तक मजबूत बनी हुई है।

इस युद्ध में मानवीय संवेदनाओं, मानवता ने यूक्रेन तथा रूस दामन लगभग त्याग दिया है। दोनों देशों के निष्ठुर कमांडरों ने मानवता को मूल नष्ट करने का मानों ठेका ही ले लिया है।

यूक्रेन से लगभग एक करोड़ से ज्यादा यूक्रेन के निवासियों ने पोलैंड और यूरोपीय देशों में मजबूर शरणार्थियों की तरह पनाह ले ली है। इस युद्ध में रूस के राष्ट्रपति पुतिन उनके विदेश मंत्री लावरोव तथा रक्षा मंत्री सहित अन्य कमांडर अब मानसिक दबाव में आकर मानसिक असंतुलन की स्थिति में आ गए हैं। पुतिन के मानसिक असंतुलन की स्थिति का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि उसने चेचन्या के सबसे खतरनाक कमांडर रमजान को आक्रमण का जिम्मा दिया है इस कमांडर रमजान के बारे में बताया जाता है कि यह पुतिन का सबसे विश्वास पात्र एवं अत्यंत क्रूर सैन्य अधिकारी है जो केवल विरोधी सैनिकों की मृत्यु बनकर उन पर टूट पड़ता है। ऐसे में यूक्रेन एक बड़े नरसंहार केंद्र के रूप में तब्दील हो सकता है और इसकी परिणति वैश्विक अशांति की ओर अग्रसर हो कर विश्व युद्ध की संभावनाओं को और बढ़ा देगी ।

अब धीरे—धीरे पुतिन की योजनाओं से लगने लगा कि उनकी मानसिक स्थिति हिटलर की तरह पूरे विश्व को विश्व युद्ध की आग में झोंकने की हो गई है। उल्लेखनीय है कि इस रूस यूक्रेन युद्ध में रूस के साथ लगभग 24 देश ही है और बाकी सारे देश रूस का लगातार विरोध कर रहे हैं केवल भारती ही ऐसा देश है जो निरपेक्ष बना हुआ है रूस का मौन समर्थन करने के कारण यूरोपीय देश की नाराजगी झेलने को मजबूर हैं। विश्व युद्ध में भारत की स्थिति बड़ी असमंजस वाली बन सकती है, यदि भारत रूस का साथ देता है तो उसे अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो देशों के विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

कुल मिलाकर रूस यूक्रेन युद्ध ने मानवीय संवेदनाओं, मानवता को को जिस तरह समूल नष्ट किया है, वह वैश्विक इतिहास वर्तमान संदर्भ में क्रूरतम माना जाएगा।

संजीव ठाकुर, लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ

# आओ रिश्ते, आतिथ्य सत्कार मजबूती से निभाएं

वर्ष 1959 में रिलीज हुई पैगाम फिल्म में गायक लेखक कवि प्रदीप का गीत इंसान को इंसान से हो भाईचारा, यही पैगाम हमारा, यही पैगाम हमारा गीत को इंसानी रिश्ते मजबूत करने के परिपेक्ष में खासकर युवाओं को सुनना चाहिए क्योंकि वह हमारे भविष्य हैं क्योंकि खूबसूरत अनमोल पृथ्वी पर भारत देश की हजारों वर्ष से यह अनमोल वसीयत रही है कि हमारी हमारे पूर्वजों सहित हम अपने निजी और सार्वजनिक रिश्तो को निभाने में वैश्विक स्तरपर सर्वश्रेष्ठ रहे हैं। मेरा मानना है कि हमारी अनेक विरासतों में से एक परिवार, समाज, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय समुदाय में खूबसूरत सकारात्मक रिश्ते कायम रखने में भारत को महारत हासिल है। हम भारतवासी संबंधों को कायम रखने में आने वाली बड़ी से बड़ी समस्याओं को शांतिप्रिय, सकारात्मक वाणी, व्यवहार, ह्रदय से समाधान की ओर ले जाते हैं जो हमारे लिए वैश्विक स्तरपर प्रतिष्ठा का प्रतीक है परंतु आज के बदलते परिपेक्ष में रिश्ते निभाने के अनेक गुणों में सहनशीलता, सहिष्णुता, उद्धारदिली माफी का जज्बा, छोटा देखने कीदरियादिली में अपेक्षाकृत पायदान से नीचे घसने की ओर बढ़ रहे हैं, जिसे तात्कालिक रेखांकित करना जरूरी है इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से आओ रिश्ते, आतिथ्य सत्कार मजबूती से निभाने पर गंभीरता से चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में सिकुड़ते परिवारों, टूटते रिश्तों, बढ़ती वैचारिक खाई की करें तो, आजकल जहां देखो वहीं छोटी छाटी बातों पर टकराव और विवाद नजर आते हैं। फिर चाहे स्थान हमारा घर हो, ऑफिस या फिर व्यापारिक क्षेत्र, कारण मतभिन्नता हैं। जिसके चलते सास बहू के बीच खींचा तानी, पति पत्नी में बहस , पिता पुत्र का झगड़ा और चाहे बॉस एम्प्लौयी के बीच झड़प होती है। कई बार इन समस्याओं से परेशान होकर हम रत्न धारण कर लेते हैं, लेकिन सिर्फ रत्न पहनने से या कोई जप करने मात्र से वे संबंध नही सुधर सकते। हमारे संबंध अपने आचरण और अपने व्यवहार में परिवर्तन से सुधरेंगे, तभी हम संबंधों में मधुरता ला पाएंगे, याने बात सह गए तो रिश्ते रह गए बात कह गए तो रिश्ते ढह गए। साथियों बात अगर हम रिश्तो को गंभीरता से संभालने जोड़ने की करें तो सहनशीलता सहिष्णुता और त्याग का मंत्र अपनाना होगा। यदि हम पीड़ित है तो हमें स्वयं से परेशानियां होती हैं, जानबूझकर गलतियां दोहराई जाती है। जिसका उपाय स्वयं से मैत्री करें, आत्मनिरीक्षण करें स्वयं की गलतियों और खूबीयों को पहचान कर जातक स्वयं की उन्नति कर सकता है। पीड़ित होने से कुटुंब परिवार समाज में विवाद बने रहते हैं। बात बात पर कलह की स्थिति बनती रहती है। इससे उबरने के उपाय हैं, अहंकार दबाकर, सबसे विनम्रता से पेश आएं। छोटों से प्यार करें, बराबर वालों से मित्रता और बड़ों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करें।.. संस्कृति के श्लोक में भी आया है कि, अरावप्युचितं कार्यमातिथ्यं गृहमागते। छेत्तुः पार्श्वगताच्छायां नोपसंहरते द्रुमः॥

अर्थ—शत्रु भी यदि अपने घर पर आ जाए तो उसका भी उचित आतिथ्य सत्कार करना चाहिए, जैसे वृक्ष अपने काटने वाले से भी अपनी छाया को कभी नहीं हटाता है।

साथियों बात अगर हम रिश्तो में पड़ोसियों की करें तो, कहते हैं कि पहला सगा पड़ोसी होता है, क्योंकि जब भी व्यक्ति पर कोई मुसीबत आती है तो उसके सगे—संबंधी व रिश्तेदार तो बाद में पहुंचते हैं, लेकिन पड़ोसी तुरंत मदद के लिए आता है। इसलिए कहा जाता है कि हर व्यक्ति को अपने पड़ोसियों से अच्छे संबंध बनाकर रखने चाहिए। लेकिन आज के समय में हम खुद में कुछ इस कदर व्यस्त हो गए हैं कि हमें अपने आसपास रहने वाले लोगों का ख्याल ही नहीं आता। यहां तक कि जब भी रिश्तों की बात आती है तो हम पति, बच्चे या परिवार को ही महत्ता देते हैं। पड़ोसियों के साथ आपसी संबंधों को मधुर बनाने के बारे में शायद ही कोई सोचता हो। हालांकि उनके साथ भी रिश्ता उतना ही महत्वपूर्ण होता है।

साथियों बात अगर हम रिश्तो को समय देने की करें तो, आज के समय में किसी भी रिश्ते के कमजोर होने की एक मुख्य वजह होती है समय का अभाव। खासतौर से, शहरों में तो बहुत से लोगों को यह तक पता नहीं होता कि उनके पड़ोस में कौन रहता है। इसलिए पड़ोसियों के साथ बेहतर संबंध स्थापित करने के लिए आप थोड़ा समय निकालें। अगर आप कुछ खास व अलग बनाते हैं, तो अपने पड़ोसियों के साथ शेयर करें। इस तरह आपको उन्हें जानने का मौका मिलेगा। इसके अलावा आप चाहें तो उनके साथ एक मार्निंग वॉक का रूटीन भी बना सकतें हैं।गॉसिप करते—करते आपकी वॉक भी हो जाएगी। याद रखें कि किसी भी रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए थोड़ा समय निकालने की जरूरत होती है।

साथियों बात अगर हम रिश्तो में कर्मचारियों और बॉस की करें तो, ऑफिस में कर्मचारी और बॉस के बीच मधुर संबंध होना सभी पक्षों के लिए एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, अगर हम अपने बॉस से अच्छे कामकाजी रिश्ते बनाकर रखते हैं तो इसका सकारात्मक प्रभाव हमारे करियर ग्रोथ पर पड़ता है।बॉस से हेल्दी रिलेशन बनाने का यह मतलब कतई नहीं है कि हम इस बात का फायदा उठाएं, हमेशा ध्यान रखें कि हम अच्छे कर्मचारी तभी कहलाएंगे जब हम अपनी सीमा में रहकर काम करेंगे, काम के प्रति सजग रहेंगे. वहीं बॉस के लिए भी ये जरूरी है कि वो भी अपने कर्मचारी के साथ अपने रिश्ते को हेल्दी रखें। दोनों के बीच मधुर संबंध हमारे वर्क प्लेस के लिए फायदेमंद सिद्ध होगा साथ ही इसके सकारात्मक प्रभाव पड़ेंगे।

साथियों बात अगर हम रिश्तो में वैवाहिक जीवन की करें तो, कुछ लोगों के वैवाहिक जीवन में आये दिन जरा जरा सी बातों को लेकर अनबन होती रहती है । एक साथ रहने, एक दूसरे का हमेशा साथ देने का वादा करने वाले पति पत्नी जब मौका मिले छोटे बच्चों की तरह लड़ाई झगड़े करने लगते हैं । कभी कभी तो इनका विवाद तलाक तक पहुंच पाता है, और खुशहाली से भरा पूरा परिवार बिखर जाता है।

साथियों बात अगर हम रिश्तो को समझने की करें तो, रिश्ते को बदलने से समस्या का समाधान जरूरी नहीं है। देर—सबेर हम किसी भी अन्य रिश्ते में एक ही स्थिति में होंगे, क्योंकि सभी रिश्तों में सबसे महत्वपूर्ण है हमारी अपनी भावनाओं की समझ, हमारा अपना मन, स्थिर होने की हमारी अपनी क्षमता, और देखने की हमारी अपनी क्षमता चीजों को व्यापक दृष्टिकोण से। और इसके लिए ज्ञान महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह ज्ञान ही है जो हमको जीवन में शक्ति, स्थिरता और व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करता है। अधिकांश समय, हम एक संपूर्ण स्वस्थ संबंध के लिए कहीं और देखते हैंय बहुत कम लोग अपने भीतर देखते हैं, जहां से वे संबंधित हैं। एक अच्छा रिश्ता बनाने के लिए, हमको सबसे पहले यह देखना होगा हम खुद से कैसे संबंधित हैं। हमको अंदर देखने की जरूरत है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अरावप्युचितं कार्यमातिथ्यं गृहमागते। छेत्तुः पार्श्वगताच्छायां नोपसंहरते द्रुमः।। आओ रिश्ते, आतिथ्य सत्कार मजबूती से निभाए,बात सह गए तो रिश्ते रह गए—बात कह गए तो रिश्ते ढह गए!! कुछ कह गए कुछ सह गए कुछ कहते कहते रह गए मैं सही तुम गलत के खेला में न जाने कितने रिश्ते ढह गए यह सराहनीय विचार है।

स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021—23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। — संपादक

**: प्रसारित :**

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

# संक्षिप्त समाचार

## नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर भगा कर ले जाने वाला वांछित अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के संबंध में दिए गए आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे के कुशल निर्देशन मे थानाध्यक्ष जीतेंद्र कुमार सिंह थाना कोतवाली भिनगा मय टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 286/2022 धारा 363 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त राहुल पुत्र बिकाऊ निवासी नौबस्ता थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को मुखबिर की सूचना पर बेलहा बाबा कुट्टी के पास से गिरफ्तार किया गया। इस दौरान गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष जीतेंद्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक नदीम खान,कांस्टेबल दुर्गेश कुमार मौजूद रहे।



## विवाहिता महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत पर मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को दी तहरीर

थाना सोनवा संवाददाता साबिर हुसैन (दैनिक अयोध्या टाइम्स श्रावस्ती)। 4 वर्ष पूर्व महिला की हुई थी शादी अचानक मौत की खबर पाते ही बेटी घर पहुंचे मायके पक्ष ने हत्या करने का आरोप लगाया। जनपद श्रावस्ती के थाना सिरसिया के अंतर्गत ग्राम गुरूआ भरथा कला निवासी रक्षा राम अपनी पुत्री सुधरी उम्र 25 वर्ष की शादी 4 वर्ष पूर्व थाना सोनवा चौकी क्षेत्र नासिर गंज के दुर्गापुर धूम बोझी में बाउर के साथ की थी। बीती रात अज्ञात कारण के चलते विवाहिता महिला सुधरी की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे मृतक बेटी के पिता रक्षा राम ने बेटी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए ससुराली जनों के खिलाफ थाना सोनवा में प्रार्थनापत्र देकर कार्यवाही की मांग की गई। वही घटना की सूचना पाते ही पुलिस से पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भिनगा भेज दिया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी सोनवा ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।


## आप जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष करेगी, शैलेन्द्र सिंह परिहार : रमेश सिहवानी विश्व गुरु भारत

कानपुर। आम आदमी पार्टी कानपुर जिला के नवनियुक्त महासचिव शैलेंद्र सिंह परिहार ने कहा आम आदमी पार्टी आम जनमानस के मुद्दों को पिछले 10 सालों से कानपुर में उठाती आई है और उनके हक की लड़ाई लड़ती आई है और लड़की रहेगी आगे उन्होंने यह भी कहा की आम आदमी पार्टी संपूर्ण देश को शिक्षित करना चाहती है उनकी स्वास्थ्य व्यवस्था को परिवर्तित करना चाहती है महिलाओं के लिए उत्तर प्रदेश में भी फ्री बस इस सेवा को प्रदान करना चाहती है सबके लिए मुफ्त बिजली मुफ्त पानी का इंतजाम करना चाहती हैं आगे उन्होंने यह भी कहा कि जब पूरा कानपुर एक साथ मिलकर अच्छाई की लड़ाई लड़ेगा तो जिस प्रकार दिल्ली में बदलाव हुआ है पंजाब में बदलाव हो रहा है उसी प्रकार एक दिन उत्तर प्रदेश में भी संपूर्ण बदलाव होगा जब हमारा देश के बच्चा–बच्चा शिक्षित हो जाएगा अपने पैरों पर खड़ा हो जाएगा इससे बेरोजगारी को मार पड़ेगी जो परिवार आज दो वक्त की रोटी नहीं खा पा रहा है आने वाले समय में वह दो वक्त की रोटी देने वाला युवा बन जाएगा शैलेंद्र सिंह परिहार पिछले कई वर्षों से आम आदमी पार्टी के एक जिम्मेदार पदाधिकारी रहे हैं और महासचिव के रूप में उन्होंने कानपुर को एकजुट होने की अपील की है उन्होंने कहा आइए मिलकर एक ऐसे व्यक्ति का साथ दें जो आम जनमानस के लिए दिन रात भ्रष्टाचारियों से लड़ रहा है जो दिन रात आम जनमानस की सुविधाओं के लिए दिन–रात लड़ रहा है ऐसे नेतृत्व माननीय अरविंद केजरीवाल और माननीय सांसद संजय सिंह के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हम एक दिन कानपुर को बदलेंगे उत्तर प्रदेश को बदलेंगे।।



## सप्तिदिवसीय महा यज्ञ का तीसरा दिन ग्राम वासियों की सहमती से

दैनिक अयोध्या टाइम्स सम्वाददाता शुभकरन मौर्य,सीतापुर। बताते चले कि ग्राम पंचायत मोहारी के गाँव पकरिया पुरवा मे सात दिवसीय महा यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि, ग्रामीणों की सह मती देखने को मिली और साथ मे सात दिन की भागवत कथा का भी आयोजन किया गया जिसके वक्ता पंडित,श्री राम राज, गिरी जंगली नाथ पुरवा, थाना लहरपुर,के व ग्राम पंचायत, सहयोगी गड, गुरू जन सन्त, श्री छोड़ीया, गिरी महाराज जी, ,आदि, ग्रामीणों की उपस्थिती, एवं उपन्यासकार ब्रह्मचर्य का सहयोग रहा, जिसमे, सान्त का द्वार, प्राप्त करने के लिए, तन मन धन, से भगवान व भगवान की सेवा करने को वताया गया।



## जनपद सीतापुर के विकासखंड भारतीय आजाद पार्टी की हुई बैठक

हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स क्राइम ब्यूरो चीफ शिव गोविंद शुक्ला जनपद सीतापुर। जनपद सीतापुर एक नई पार्टी का गठन किया गया जिसके मैन कार्यकर्ता मिश्रा जी हैं पार्टी का नाम भारतीय आजाद पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक प्रमुख महासचिव वीरेन्द्र मिश्रा के निवास स्थान ग्राम बेढौरा जनपद सीतापुर में सम्पन्न हुई बैठक मे पार्टी के विस्तार को लेकर चर्चा हुई व रजि स्टेशन को लेकर खास चर्चा करते हुये सभी पदाधिकारियों ने कहा कि पार्टी का रजि स्टेशन अति सीध्र होना चाहिए सभी पदाधिकारियों ने सहयोग देने की भी बात कही बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुर्गेश जयसवाल बाराबंकी, उपेन्द्र मोहन पाठक राष्ट्रीय प्रवक्ता बहराइच, राष्ट्रीय संगठन मंत्री क्रष्ण कान्त तिवारी लखीमपुर , सन्तोष तिवारी प्रदेश प्रवक्ता, हेत राम वर्मा जी जिलाध्यक्ष सीतापुर व प्रधान प्रतिनिधि जीतू जी ललित तिवारी पूर्व प्रधान आदि उपस्थिति रहे। मैं इस पार्टी को बहुत–बहुत बधाई देता हूं।



## वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत सशस्त्र सीमा बल की बनी चौकियों पर किया गया वृक्षारोपण





नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती ( दैनिक अयोध्या टाइम्स)। इंडो नेपाल बॉर्डर भारतीय सीमा क्षेत्र की रखवाली में बनी चौकियों पर तैनात सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने वृहद वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने व लक्ष्य के अनुरूप 9100 पौधों को शत शत शत प्रतिशत पूरा करने, धरती को हरा भरा बनाने के लिए विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया जा रहा है। जिसके क्रम में सशस्त्र सीमा बल 62 वीं वाहिनी भिनगा कमांडेंट रविंद्र कुमार राजेश्वरी के नेतृत्व में जवानों ने कैम्प कार्यालय परिसर में विभिन्न प्रजाति के वृक्षों को लगाया गया। इस अवसर पर योगेंद्र सिंह कमांडेंट, पंचानन महाजन सहायक कमांडेंट, सुरेश कुमार सहित जवान मौजूद थे।

इसी क्रम में 62 वी वाहिनी जी कंपनी सीमा चौकी क्षेत्र ककरदरी कमांडेंट मान बहादुर की अगुआई में हेड कांस्टेबल जितेंद्र सिंह, सत्येंद्र कुमार,अवनीश कुमार, महिला कांस्टेबल शिवानी ठाकुर, वैशाली, पूजा ने सामूहिक रूप से कैंपस में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया और पर्यावरण को बचाने के लिए आम नागरिकों से खाली पड़ी जमीनों पर एक एक पेड़ लगाने की अपील की गई।

## जंगल में नीलगाय का शिकार करने व सरकारी कार्यो में व्यवधान उत्पन्न करने वाले 6 वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह मय हमराह टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर स्थानीय थाने पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या मुकदमा अपराध संख्या 275/2022 धारा 353, 504, 506, आईपीसी व 9/51 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 से संबंधित हारुन पुत्र बैधू उर्फ रफीक, गुलफाम पुत्र जलील उर्फ जल्लू, शरीफ पुत्र जिलेदार, इब्राहिम पुत्र धंगड़ उर्फ ढोढे, शेरू पुत्र बीछे उर्फ मन्शरीफ ,करामत पुत्र दूबर उर्फ नजीर खां निवासीगण ओदाही को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।



इस दौरान गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह, उ0नि0 सर्वजीत प्रसाद मौर्य,सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

---------------

## शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर बूथ सशक्तिकरण में जुटे भाजपा कार्यकर्ता



नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा अभी से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। कार्यकर्ता बूथ सशक्तिकरण अभियान में जनता से सीधे संवाद करने के साथ ही उनकी नब्ज टटोलने का कार्य कर रहे हैं। पार्टी की ओर से इसके लिए राज्यसभा सांसद गीता साक्य को जिले का प्रभारी बनाया गया है। बूथ सशक्तिकरण सर्वे के दौरान कार्यकर्ताओं को पिछले चार चुनाव के आकड़ों के आधार पर कार्य करना है। पार्टी का फोकस अभी हारे हुए बूथों पर है, इसमें उन कारणों का निवारण करना है। खासकर जातीय समीकरण, स्थानीय मुद्दा, विपक्ष की मजबूती, अंदरूनी कारण को जानने की कोशिश हो रही है। जिले के प्रभारी राज्यसभा सांसद गीता साक्य ने जनपद का दौरा कर अभियान की शुरूआत की थी। जिला महामंत्री पिछड़ा मोर्चा संदीप कसौधन ने बूथों पर पहुंचकर कमजोरी को टटोला, भिनगा विधानसभा के सिरसिया मंडल के सेक्टर बेचौईपुरवा में आने वाले ग्राम सभाओं पटखौली,धन्नीडीह, टँगपसरी, सर्राबोझी के बूथों पर कार्यकर्ताओं संग वोट प्रतिशत कम मिलने की वजह को टटोला। बूथ अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष से मिलकर समस्या से अवगत हुए और समस्याओ को जल्द समाप्त कर पार्टी का वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए रणनीति बनाई। बूथ अध्यक्ष से मिलकर सरल एप्स पर बूथों की सभी जानकारी भी जुटाई। तथा सभी से मिलकर आगामी चुनाव से पहले कमियों को दूर करने पर जोर दिया।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष श्रवण वर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक राजेन्द्र सिंह, बूथ अध्यक्ष सौरभ सिंह आदि तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पुलिस लाइन सहित सभी थाना व पुलिस चौकियों पर विभिन्न प्रजाति रोपे गए 2,750 वृक्ष




नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी द्वारा पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान पुलिस कर्मियों द्वारा 500 वृक्ष लगाए गए।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती के निर्देशानुसार जनपद के समस्त थाना, चौकी, अग्निशमन परिसर में प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों द्वारा 2,250 विभिन्न प्रजाति वृक्षों को लगाया गया साथ ही साथ परिसर की साफ सफाई की गई।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे, पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) डॉ0 देवेंद्र कुमार पचौरी, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह सहित अन्य कर्मचारीगणों ने पुलिस लाइन में वृक्षारोपण किया गया।

---------------

## कोटेदारों ने एमडीएम व आंगनबाड़ी का राशन उठाने से किया बहिष्कार

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जिले के तहसील क्षेत्र जमुनहा के अंतर्गत गौरव पब्लिक विद्यालय मल्हीपुर पटना में राष्ट्रीयध्प्रदेश ध्जिला के दिशा निर्देशन पर कोटेदार संघ की बैठक बुलाई गई जिसमें आंगनबाड़ी व एमडीएम राशन उठान करने का बहिष्कार किया गया।

बैठक के दौरान ब्लाक अध्यक्ष प्रताप पटेल ने बताया कि सभी कोटेदार 2002 से एम डी एम का तथा 2016 से आंगनबाड़ी का राशन उठान करते चले आ रहें हैं। लेकिन प्रदेश सरकार ने आज तक एक भी रुपया भाड़ा व पल्लेदारी के नाम पर नही दिया। सरकार जैसे हम कोटेदारों को होम स्टेप डिलवरी से राशन दे रही है ठीक उसी प्रकार आंगनबाड़ी /एमडीएम को भी होम सिंगल स्टेज डिलवरी के माध्यम से दुकान पर दे तो समाजिकता के दृष्टिकोण से हम सभी कोटेदार राशन भले ही बांट सकते हैं। बैठक के बाद समस्त कोटेदारों ने अपनी 9 सूत्रीय मांगपत्र खाण्ड विकास अधिकारी जमुनहा को देते हुए तमाम कोटेदारों ने अपनी मजबूरी बताते हुए कहा कि सभी प्रदेशो में खाद्यान वितरण में कमीशन के रूप में 300 रुपये मिल रहा है, ये वही कोटेदार है जब लोग घर से बाहर नही निकलते थे तब कोरोना काल मे कोटेदार अपनी जान की बाजी लगाकर सरकार की योजनाओं को बहुत ही गंभीरता पूर्वक जनता के बीच राशन वितरण करने का काम पूरी करते चले आये।

कोरोना काल में तमाम कोटेदारों को अपनी जान गवानी पड़ी लेकिन तब भी हम सभी कोटेदार सरकार की योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित करते रहे,आज लगातार 7 वर्षो बाद भी हम सभी कोटेदारों पर सरकार ध्यान नही दे रही है,न ही कोरोना में मृतक हुए कोटेदारों को कोई सरकार की तरफ से कोई सहानुभूति दी गई। उक्त कार्यक्रम में न्याय पंचायत अध्यक्ष अक्लीम अली



देवरा,जगदम्बिका प्रसाद वर्मा हरिहरपुर,राजेश मौर्य,गुड्डू,राम दिन वर्मा शिकारी चौड़ा ,सलीम अहमद बहोरवा,अनीश हरदत्त नगर गिरन्ट,दिनेश यादव,लालबोझा दरवेश गांव,मटरी लाल यादव रामपुर,शरीफ खा भेला गांव,उमा शंकर फुलवारिया शाहपुर,प्रताप नरायन मिश्रा,नन्दकिशोर गुप्ता,अजय जायसवाल सहित ब्लाक के सभी कोटेदार मौजूद रहे।

## नोडल अधिकारी ने जनपद में विभिन्न स्थानों पर किया वृक्षारोपण

दैनिक अयोध्या टाइम्स

हमीरपुर। वृक्षारोपण हेतु शासन द्वारा जनपद हेतु नामित नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव सहकारिता श्री बीएल मीणा ने आज वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। नोडल अधिकारी ने आज सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट परिसर में हरिशंकरी (पीपल,पाकड़, बरगद ) का वृक्ष रोपित कर लोगों को वृक्षारोपण हेतु प्रोत्साहित किया। तदोपरांत उन्होंने जिला कारागार, पुलिस लाइन एवं सुमेरपुर स्थित हिंदुस्तान युनिलीवर फैक्ट्री में वृक्षारोपण किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि वन पृथ्वी पर जीवन के लिए अनिवार्य तत्व हैं, यह प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में पूर्णतया सहायक होते हैं। उन्होने कहा कि वृक्ष ऑक्सीजन का स्रोत हैं, वे कार्बन डाइऑक्साइड ग्रहण करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं। कार्बन डाइऑक्साइड लेने के अलावा पेड़ सल्फर डाइऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड सहित कई हानिकारक गैसों को भी अवशोषित करते हैं और वातावरण से हानिकारक प्रदूषक को भी फिल्टर करते हैं, जिससे हमें ताजा और साफ–सुथरी हवा सांस लेने के लिए मिलती है। अतः सभी लोगों द्वारा वृक्षारोपण अवश्य किया जाय।

इस अवसर पर डीएम डॉ चंद्र



भूषण,एसपी श्री शुभम पटेल, सीडीओ मथुरा प्रसाद मिश्रा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रमेश चंद्र, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, प्रभागीय वनाधिकारी यूसी राय , एसडीएम सदर रवींद्र सिंह आदि अधिकारियों ने भी वृक्षारोपण किया ।

## पिता की डांट से छुब्ध होकर युवक ने लगाई फांसी

- थाना क्षेत्र के गांव देवरपुर की घटना, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

फफूंद (औरैया)। थाना क्षेत्र के गांव देवरपुर में शराब पीकर घर आये युवक की पिता ने डांट लगा दी जिससे नाराज होकर युवक घर से निकल गया। और गांव के बहार स्थित नीम के पेड़ से सुबह फंदे पर झूलता मिला। सूचना पर पहुँची पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना क्षेत्र के गांव देवरपुर निवासी राम नरेश का 22 वर्षीय पुत्र आनंन्द उर्फ अमरदीप गांव में ही बाइक मरम्मत की दुकान किये हैं।

सोमवार की शाम दुकान बंद करके शराब पीकर घर पहुँचा पिता राम नरेश ने शराब पीने को लेकर डाँट दिया। पिता की डांट से नाराज होकर पुत्र आनंन्द घर से चला गया। देर रात्रि तक जब वह घर नही आया तो स्वजनों को चिन्ता हुई उन्होंने खोज बीन शुरू कर दी। सुबह खेतो पर गये ग्रामीणों ने





नीम के पेड़ पर फंदे पर लटका देखा तो परिजन को जानकारी दी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुँची पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि शराब पीकर आया था। घर में झगड़ा करके चला गया था। सूचना मिली थी। पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## डीएम एसपी समेत अन्य अधिकारियों ने किया वृहद वृक्षारोपण

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया। जन आन्दोलन 2022 के तहत मंगलवार 5 जुलाई 2022 को डा0 बलकार सिंह (जल निगम सचिव), जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक चारू निगम, मुख्य विकास अधिकारी, व जनप्रतिनिधि गुडिया कठेरिया द्वारा 75 वें आजादी के अमृत महोत्सव पर "वृक्षारोपण जन आंदोलन 2022" महाभियान के अंतर्गत देवकली स्थित फायरिंग बट पर वृहद वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के उपरान्त एसपी द्वारा अवगत कराया गया कि वृक्ष मानवता की रक्षा के लिए बहुत जरूरी हैं, वृक्ष लगाकर हम अपने पर्यावरण व परिवेश को स्वच्छ व सुन्दर बना सकते हैं। प्रकृति के प्रति सकारात्मक रवैये को लेकर सभी को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के लिए जागरुक किया गया तथा वातावरण के लिए खतरनाक प्लास्टिक जैसे कई पदार्थों का उपयोग बंद करने के लिये कहा गया , तथा वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण के इस महाभियान को सफल बनाने की अपील की गयी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर श्री सुरेन्द्र नाथ यादव समेत अन्य पुलिस व प्रशासिनिक विभाग अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहें। इसी तरह से पुलिस अधीक्षक औरैया चारू निगम के निर्देशन मे वृक्षारोपण जनआंदोलन के तहत 1 जुलाई 2022 से चलाये जा रहे



साप्ताहिक वृक्षारोपण अभियान के क्रम मंगलवार 5 जून 2022 को अपर पुलिस अधीक्षक औरैया समेत जनपद औरैया के समस्त क्षेत्राधिकारी/थानायक्ष/थाना प्रभारी द्वारा अपने–अपने सर्किल/थानों मे अधि0/कर्म0गणों के साथ वृक्षारोपण किया गया तथा आमजनमानस को वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया।

## ग्राम पंचायतों में प्रधान व समाजसेवियों ने व्यापक तौर पर रोपे पौधे

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

- ग्राम पंचायत जैतापुर में 30 मनरेगा श्रमिको ने पौधारोपण ने किया सहयोग

औरैया। वृक्षारोपण सप्ताह के अंतर्गत 5 जुलाई 2022 को विकासखंड औरैया क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में व्यापक तौर पर ग्राम प्रधानों एवं समाजसेवियों ने पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए व्यापक तौर पर पौधारोपण किया। इसके साथ ही अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए लोगों को जागरूक किया। इसके साथ ही ग्राम प्रधानों एवं समाजसेवियों ने अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण किए जाने के लिए क्षेत्रवासियों से पुरजोर अपील की है।

वृक्षारोपण सप्ताह के तहत 5 जुलाई 2022 मंगलवार को विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में वृक्षारोपण का व्यापक कार्यक्रम चला। इसी के तहत ग्राम पंचायत जैतापुर में ग्राम प्रधान अभिषेक यादव एवं प्रधान प्रतिनिधि अनुज यादव के नेतृत्व में मनरेगा के तहत वृक्षारोपण किया गया। जिसमें मनरेगा के 20 महिला श्रमिक एवं 10 पुरुषों ने पौधारोपण किया। इसके साथ ही श्रम विभाग एवं उद्यान विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे। ग्राम प्रधान अभिषेक यादव ने बताया कि कब्रिस्तान की भूमि पर 100 पौधे, मिर्जापुर वैरमशाह गौशाला के समीप 200 पौधे, मिर्जापुर प्राथमिक विद्यालय में 50 पौधे, जैतापुर इंग्लिश मीडियम विद्यालय में 50 पौधे, जैतापुर जूनियर विद्यालय में 50 पौधे लगाए गये हैं। कुल मिलाकर 500 पौधों का रोपण किया गया है। पौधारोपण के दौरान पूर्व विधानसभा सपा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे के



अलावा समाजसेवी अमित यादव एवं उद्यान निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार , श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं वरिष्ठ लिपिक आरएस यादव , रोजगार सेवक सूर्य कुमार गौतम, इंग्लिश मीडियम विद्यालय के प्रधानाचार्य विशाल पोरवाल, जूनियर विद्यालय की प्रधानाचार्य ऊषा पांडे सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे। इसी तरह से विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत असेवा प्रधान नाथूराम , भरसेन प्रधान अनिल पाल, बहादुरपुर प्रधान मदन सिंह , पढीन प्रधान नीरज देवी , दासपुर प्रधान अखिलेश कुमार, बाकरपुर बौहरा प्रधान साधना एवं कस्बा सेगनपुर प्रधान आज की द्वारा व्यापक तौर पर पौधारोपण कराया गया है। ग्राम प्रधान एवं समाजसेवियों ने व्यापक तौर पर पौधारोपण कराए जाने के लिए क्षेत्रीय लोगों से पुरजोर अपील की है, जिससे पर्यावरण संतुलित बना रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## मंडलायुक्त ने बुंदेली चितेरी कला केन्द्र टाउनहाल का किया निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन)। मंडलायुक्त डॉ अजय शंकर पाण्डेय ने बुंदेली चितेरी कला केंद्र टाउन हॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने टाउन हॉल में बुंदेली चितेरी कला की किताब का लोकार्पण भी किया। पूरे बुंदेलखंड में बुंदेली पारंपरिक चितेरी कला के संवर्धन और संरक्षण के लिए मंडलायुक्त द्वारा मुहिम चलाई गई है जिसमें बुंदेली कलाकारों को एक उचित मंच के माध्यम से उनकी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की है जिसकी चर्चा पूरे प्रदेश में सुनने को मिलती है। बुंदेली चित्रकार रोहित विनायक के द्वारा चितेरी कला का प्रशिक्षण दिया जा रहा है उसी प्रशिक्षण की कड़ी में मंडलायुक्त ने रोहित विनायक की कलाकृतियों का अवलोकन किया व उनके द्वारा दिये जा रहे प्रशिक्षण व चितेरी कला के लिए किए जा रहे प्रयास की भूरी भूरी प्रशंसा की और जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने सभी सरकारी विभागों में बुंदेली चितेरी कला की कलाकृतियां को भी बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बुंदेली कला को जनपद में आम जनमानस में बुंदेली चितेरी कला के प्रति भावनात्मक जुड़ाव के साथ–साथ सुंदर वातावरण भी सरकारी विभागों में देखने को मिले और कलाकारों की प्रतिभा को उचित सम्मान के साथ–साथ रोजगार भी प्राप्त हो। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव, सिटी मजिस्ट्रेट कुंवर वीरेंद्र मोर,सीओ सिटी विजय आनंद, प्रभारी निरीक्षक आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## गैगेस्टर एक्ट के अंतर्गत फरार चल रहे अभियुक्तको गोसाईगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा




सुल्तानपुर। पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के निर्देशन पर अपराध और अपराधियों की अंकुश लगाने में गोसाईगंज पुलिस कोई कसर नहीं छोड़ रही! व अपर पुलिस अधीक्षक के मार्ग दर्शन व अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान के तहत अपराध व अपराधियों की गिरफ्तारी के परिप्रेक्ष्य में को थाना गोसाईगंज की पुलिस टीम के द्वारा मु0अ0सं0 134/2022 धारा 2/3(1) यू0पी0 गैगेस्टर एक्ट थाना जयसिंपुर मे वांछित अभियुक्त 1. मो0 आरिफ पुत्र मो0 यासीन उम्र 25 वर्ष निवासी कनरईया मूंगर थाना गोसाईगंज जनपद सुलतानपुर को उसके भटमई चौराहा के पास से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय सुलतानपुर को भेजा गया । इस मौके पर पुलिस टीम गोसाईगंज द्वारा अभियुक्त को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है जिससे अपराधों अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## लापता युवती हुई बरामद,घर ने वालो जताया पुलिस का आभार परिजनों में खुशी की लहर

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा

सुल्तानपुर। पुलिस ने नौ दिन पहले लापता युवती को बरामद कर लिया है।वही लापता युवती के मिल जाने की सूचना से परिजनों के चेहरे खिल गए है।बताते चले कि करौंदीकला थाना क्षेत्र के मूसेपुर गाँव से बीते 27 जून को एक युवती लापता हो गयी थी।जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी थी।परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज युवती की तलाश शुरू कर दी थी।क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रखने के मद्देजर पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के आदेश पर गश्त पर निकले थानाध्यक्ष करौंदीकला मो अकरम खान को युवती के देखे जाने की सूचना मिली।थानाध्यक्ष ने सक्रियता दिखाते हुए युवती को पान बाबा तिराहे के करीब से सकुशल बरामद कर लिया।युवती के परिजनों को जब युवती के मिल जाने की सूचना पुलिस द्वारा दी गयी तो उनकी खुशी का ठिकाना ना रहा।युवती के पिता ने कहा कि साहब पुलिस ऐसे ही काम करे तो फरियादी की हर समस्या का निदान हो जाए।करौंदीकला पुलिस सही मायने में मित्र पुलिस है।हर किसी की समस्या का शत शत प्रतिशत निदान इस थाने से हो रहा है।इतना कहते कहते युवती के पिता की आंखों में आंसू आ गए और अपने बेटी के मिलने की खुशी उसकी चेहरे पर साफ झलकने लगी।बताते चले कि बीते दिन भी करौंदीकला पुलिस ने कटकी खास चिरान गाँव से लापता एक युवती को बरामद किया था।तो वही बीते माह पटना पवारो पट्टी गाँव से लापता युवती को 24 जून को बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया था।लगभग 12 दिनों में 3 लापता युवतियों को बरामद कर करौंदीकला पुलिस परिजनों को सुपुर्द कर चुकी है अपराधियो की धरपकड़ के साथ साथ अन्य मामलों में भी थानाध्यक्ष की सक्रियता उनकी कुशलता का परिचय खुद देती है।




## आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा तहसील मुख्यालय पर किया गया वृक्षारोपण

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट बाबा संदीप श्रीवास्तव।

जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा व तहसील परिसर के अधिकारी सहित वृक्षारोपण दिवस के शुभ अवसर पर 189 सदर विधानसभा जयसिंहपुर में आम आदमी पार्टी के द्वारा विधानसभा अध्यक्ष धर्मराज सिंह के नेतृत्व में तहसील परिसर मे उपजिलाधिकारी



संजीव यादव व नायब तहसीलदार संध्या यादव के कर कमलों द्वारा तहसील मुख्यालय पर वृक्षारोपण का कार्य किया गया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के विधानसभा संगठन निर्माण प्रभारी बृजेश कुमार सिंह संगठन मंत्री पुष्पेंद्र सिंह विधानसभा अध्यक्ष धर्मराज सिंह पूर्व जिला कार्यकारिणी सदस्य पंडित गुरुदीन शर्मा मोतिगरपुर ब्लॉक अध्यक्ष सच्चेलाल वर्मा दोस्तपुर ब्लाक कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## पौधरोपण कर थाना प्रभारी रामपुरा ने आमजन को किया जागरूक



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

रामपुरा। वृक्षारोपण अभियान के शुभ अवसर पर मंगलवार को रामपुरा थाना परिसर में पौधरोपण किया गया।थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने पुलिसकर्मियों के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ व स्वस्थ रखने का संदेश दिया।

इसके साथ ही आमजन से अनुरोध किया कि पर्यावरण को शुद्घ रखने के लिए कम से कम एक पौधे अवश्य लगाए। इसके साथ ही पेड़ों की देखभाल करने की अपील की। थाना परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण को शुद्घ रखने का संकल्प लिया और आमजन को पौधरोपण करने के लिए जागरूक किया।थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने सभी से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है क्योंकि ग्लोबल वार्मिगं तेजी से हो रही है। इसलिए हम लोगों की आने वाली पीढियों को बचाने के लिए पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना बहुत जरूरी है। इस मौके पर थाना प्रभारी कमलेश कुमार चौकी इंचार्ज सिद्धपुरा मूलचंद यादव, उप निरीक्षक सुशील पाराशर चालक महेंद्र सिंह हमराही आनंद तिवारी एवं थाने का महिला व पुरुष स्टाफ मौजूद रहा।

## आयुक्त एवं डीएम सद्भावना वन ग्राम पिण्डारी आदि में वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन)। मंडलायुक्त अजय शंकर पाण्डेय व जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने आज सद्भावना वन ग्राम पिंडारी, सोमई व विरासनी में सद्भावना वृक्षारोपण दिवस का शुभारंभ किया। उन्होंने सद्भावना वृक्षारोपण दिवस के रूप में वृद्ध स्तर से वृक्षारोपण कर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने मौजूद ग्राम वासियों से वृक्षारोपण जन अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते हुए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें। उन्होंने कहा कि जो भी वृक्षारोपण किया जा रहा है उसी की देखरेख की जिम्मेदारी भी तय की जाए। उन्होंने पौधों का महत्व बताते हुए कहा कि पौधे लगाने से आपको व आपके परिवार को आने वाली पीढ़ी को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि घर में शादी विवाह व जन्मदिन आदि कार्यक्रमों पर पौधा भेंट कर उसको रोपित करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा प्रदूषण की रोकथाम तथा जनपद को हरियाली युक्त बनाने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें और अपने द्वारा लगाए पौधों की देखभाल करें। उन्होंने कहा कि धरती हमारे जीवन को बेहतर बनाने के लिए अनेकों उपहार देती है इसलिए हम सबका दायित्व है कि धरती की सुरक्षा और शुद्ध ऑक्सीजन के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव, डीएफओ जय प्रकाश नारायण तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी डॉ अवधेश सिंह आदि सहित अधिकारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नवनिर्मित हास्पिटल बिरसिंहपुर का किया गया आकस्मिक निरीक्षण



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत नवनिर्मित 100 बेड हास्पिटल बिरसिंहपुर, आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स द्वारा नवनिर्मित 100 बेड हास्पिटल बिरसिंहपुर, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा हास्पिटल के संचालन हेतु उपलब्ध कराये गये उपकरणों का जायजा लिया गया। उन्होंने फार्मासिस्ट से हास्पिटल के हैण्डओवर की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। फार्मासिस्ट द्वारा डीएम को अवगत कराया गया कि अभी हास्पिटल हैण्डओवर नहीं हुआ है। जिलाधिकारी द्वारा हास्पिटल में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया, जो मौके पर बन्द पाया गया। सम्बन्धित फार्मासिस्ट द्वारा बताया गया कि कल निर्माण कार्य चल रहा था, जो आज बन्द है। जिलाधिकारी द्वारा दूरभाष से कार्यदायी संस्था के प्रमुख से वार्ता की गयी। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि अधूरे निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाय। जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सालय की साफ–सफाई, बिजली कनेक्शन तथा अन्य सभी सम्बन्धित आधारभूत सुविधाएं तत्काल ठीक कराने के निर्देश सम्बन्धित को दिये, ताकि क्षेत्रीय जनता को इस चिकित्सालय में चिकित्सा लाभ दिलाया जा सके।

## जिले में चल रहे वृहद वृक्षारोपण आन्दोलन के तहत अटसू चौकी में हुआ वृक्षारोपड



औरैया। अटसू जिलास्तरीय बृक्षारोपड आन्दोलन में ७५ वे आजादी अमृत महोत्सव पर आज अटसू नगर पंचायत व पुलिस प्रशासन ने चौकी परिक्षेत्र में लगभग दो सौ नींबू,सागौन,शीशम,नीम,कटहल ,पापुलर के पौधे लगाकर उसकी देख देख करते हुए परिवरिश के चलते प्रकृति को सजाने का काम किया।इस मौके पर नगर पंचायत के अधिषाशी अधिकारी कृष्ण प्रताप सरल,चौकी इंचार्ज देवेन्द्र प्रसाद,निशांत,अश्वनी,दिनेश कुमार के साथ नगर पंचायत के कार्यकर्ताओं ने पौधों में पानी व साफ सफाई ब्यवस्था को चाक चौबंद किया।

---

## मुख्य अतिथि लोनिवि राज्यमंत्री एवं केन्द्र राज्यमंत्री ने वृक्षारोपण अभियान का किया शुभारंभ

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन)। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री लोक लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश श्री बृजेश सिंह व राज्य मंत्री सूक्ष्म लघु और मध्यम मधम मंत्रालय भारत सरकार भानु प्रताप वर्मा ने आज वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के विजन को पूरा करने के लिए तथा माननीय मुख्यमंत्री जी के दिशा निर्देशों में पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने 2017 में संकल्प लिया था कि उत्तर प्रदेश में जितना वन क्षेत्र है वह पर्याप्त नहीं है इसलिए अभियान को एक आंदोलन के रूप में चलाया गया और इसके परिणाम स्वरूप वन क्षेत्र में वृद्धि हुई है। उन्होंने पेड़ों की महत्ता मनुष्य के जीवन चक्र में बताते हुए कहा कि भोजन और पानी के बाद ऑक्सीजन प्राप्त करने के लिए यही एक साधन है।

उन्होंने कहा कि ओजोन परत को सुरक्षित रखने में भी इसकी महत्ता है। उन्होंने कहा कि सभी यह संकल्प लेकर वह पौधा रोपित करेंगे और उस को जीवित रखने के लिए अपने बच्चों की तरह ही उसकी देखभाल करेंगे। यदि अगले वर्ष तक 90 प्रतिशत पौधे जीवित रख सके तो यह हमारी समाज और पर्यावरण को सबसे बड़ी देन होगी। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने विद्यालय आसपास क्षेत्र में पौधे



का रोपण करें और भाई बहन की तरह उसका ख्याल रखें उन्होंने अनुरोध किया कि अधिक से अधिक पौधारोपण में अपनी सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि जब जनपद हरा भरा होगा तो उत्तर प्रदेश स्वतरू ही हरा भरा हो जाएगा। माननीय मंत्री जी व जनप्रतिनिधि, अधिकारियों ने वृद्ध स्तर पर पौधे लगाकर पौधारोपण किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, विधायक माधौगढ़ मूलचंद निरंजन, पूर्व विधायक कालपी नरेंद्र सिंह जादौन, विधान परिषद प्रतिनिधि आरपी निरंजन, मंडलायुक्त अजय शंकर पाण्डेय, जिलाधिकारी चाँदनी सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव, डीएफओ प्रकाश नारायण तिवारी,आदि जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी मौजूद रहे।

## खरीफ अभियान फसल उत्पादन की रणनीति को सफल बनाने हेतु ब्लाक स्तरीय गोष्ठियों का किया जायेगा आयोजन : डीएम

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन)।जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने बताया कि कृषि उत्पादन आयुक्त उप्र शासन के शासनादेश के द्वारा खरीफ अभियान–2022 की फसल उत्पादन की रणनीति सफल बनाने हेतु ब्लाक स्तरीय गोष्ठियों का आयोजन कराने के निर्देश प्राप्त हुये है। उक्त के अनुपालन में किसानों को कृषि सम्बन्धी निवेशों एवं तकनीकी तथा लाभकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकास खण्ड स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला कार्यक्रम निम्नवत आयोजित कराया जाना निर्धारित किया जाता है। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला में अधिक से अधिक कृषकों की भागीदारी हेतु उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी पूर्णतय उत्तरदायी होंगे। खरीफ गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेलों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये। मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत कृषि निवेश मेला में कम से कम 50 से 100 महिलाओं की भागीदारी अनिवार्य रूप से करायी जाये। प्रत्येक विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेले में भाग लेने वाले किसानों में से कम से कम 25 किसानों से कृषि एवं पशुपालन नामक मासिक पत्रिका का वार्षिक सदस्यता शुल्क 24 रुपया प्राप्त करते हुये अनिवार्य रूप से सदस्यता शुल्क एवं सदस्यों की सूची उप कृषि निदेशक, जालौन कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे। विकास खण्ड स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला में विकास खण्ड के अन्तर्गत सभी गावों के किसानों, कृषि, कृषि रक्षा, उद्यान, पशुपालन, रेशम, सहकारिता सिंचाई, विद्युत, एग्रो आदि विभागों के अधिकारियों, बैंकर्स एनजीओ एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक भाग लेंगे। विकास खण्ड स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला के दिन के कृषि संबंधी जानकारी के साथ विकास खण्ड के चयनित लाभार्थी कृषकों को फसल प्रदर्शन/किट/बीज मिनीकिट /कृषि उपकरण/किसान क्रेडिट कार्ड एवं अनुदान पर कृषि निवेश उपलब्ध कराया जाये। मेले में बीज/सूक्ष्म पोषक तत्व एवं जिंक आदि क्रय करने हेतु आने वाले कृषकों को राजकीय कृषि बीज भण्डार पर उपस्थित विशेषज्ञ/तकनीकी कर्मचारी द्वारा कृषि संबंधी जानकारी उपलब्ध करायी जाये। विकास खण्ड स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला में क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों यथा मंत्री, सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य एवं ब्लाक प्रमुख को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाये एवं उद्घाटन कराया जाये। विकास खण्ड स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला में ग्राम प्रधानों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाये। विकास खण्ड स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला के आयोजन में विशेष रूप से कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, एग्रो, पशुपालन विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, उद्यान विभाग, वन विभाग, पंचायती राज विभाग, मण्डी समिति, वैकल्पिक ऊर्जा विभाग, सिंचाई विभाग, नलकूप, विधुत विभाग, रेशम विभाग, खादी ग्रामोद्योग एवं अल्प बचत विभाग अपना–अपना स्टाल लगायेंगे एवं अपने विभाग से सम्बन्धित सामग्री ६ उपकरणों की कृषकों के प्रदर्शन एवं विक्री हेतु उपलब्ध करायेंगे। मेले में उन्नतिशील बीज, कृषि यंत्र, कृषि रक्षा उपकरण आदि पर विभागीय योजनाओं में देय अनुदान की सीमा तक निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप छूट अनुमन्य करायी जाये। कृषको को विभाग द्वारा निशुल्क उपलब्ध करायी जाने वाली सामग्री का वितरण किया जाये। इसके अतिरिक्त स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार अन्य विभागों की भागीदारी भी की जाये तथा समस्त विभागों की संचालित योजनाओं के अन्तर्गत लाभार्थियों के चयन की कार्यवाही की जाये। खरीफ गोष्ठी एवं किसान मेलो में कृषि निवेशों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। यह सुनिश्चित किया जाय कि कृषि निवेश अनुदान व सस्ते मूल्य पर उपलब्ध हो और उनकी गुणवत्ता मानक स्तर की हो। कृषकों द्वारा क्रय की गई सामग्रियों की रसीद उन्हें अवश्य उपलब्ध करायी जाये।

खरीफ गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला के आयोजन का प्रचार प्रसार क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से किया जाये एवं विकास खण्ड स्तर पर कृषि निवेश मेलों के आयोजन की तिथि चस्पा की जाये। खरीफ गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला में कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र इफको कृमको इण्डोगल्फ आदि उर्वरक निर्माता कम्पनियों के प्रतिनिधि विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहेंगे। उर्वरक कम्पनियां, बीज उत्पादक कम्पनियां, कृषि रक्षा रसायन उत्पादक कम्पनियां, कृषि विज्ञान केन्द्र तथा कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित समस्त विभाग अपना स्टाल लगायेंगे एवं एक पंजिका रखेंगे, जिसमें कृषकों द्वारा अपने सुझाव अंकित किये जायेंगे। खरीफ गोष्ठी एवं विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेला में फसल अवशेष को जलाने से रोकने एवं फसल अवशेष का उपयोग करने तथा इस संबंध में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के निर्देशों से कृषकों को परिचित कराया जाये।कृषि निवेश मेलों में कृषि से सम्बन्धित सहयोगी विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारी अनिवार्य रूप से भाग लें। विकास खण्ड स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला में यूपी एग्रो बीज विकास निगम, बीज प्रमाणीकरण संस्थान, कृषि उपकरण बनाने वाली कम्पनिया भी अपना स्टाल लगायेंगी। साथ ही जनपद के आत्मा के समूह, एन०जी०ओ० तथा कृषि से सम्बन्धित अन्य कम्पनिया अपने उत्पाद के स्टाल लगायेंगी। कृषि विभाग द्वारा चलायी जा रही आत्मा योजनान्तर्गत फार्म स्कूलों के एचीवर कृषकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाये ताकि यह मेले में अपने अनुभवों को अन्य कृषकों के साथ बाँट सकें। कृषि निवेश मेला में कृषकों द्वारा पूछे गये प्रश्नों तथा उनके दिये गये उत्तरों का सकलन किया जाय। मेलों के आयोजन में समस्त विभागों के प्रमुख एवं विशेषज्ञ पहुँचकर जानकारी देगें। कृषि निवेश मेला में प्रशिक्षण हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों को आमंत्रित किया जाये। कृषि निवेश मेला में लीड बैंक अधिकारी व डीडीएम नाबार्ड कृषि ऋण शिविर अनिवार्य रूप से लगवायेंगे एवं कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड के विषय में जानकारी उपलब्ध करायेंगे तथा किसान क्रेडिट कार्ड भी वितरण कराया जाये। विकास खण्ड स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी निःशुल्क पशु परीक्षण शिविर के माध्यम से जानकारी एवं स्थलीय परीक्षण भी अनिवार्यतः रूप से करायेंगे।विकास खण्ड स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत आकस्मिक क्षतिपूर्ति हेतु एक व्याख्यान रखा जाये।विकास खण्ड स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला के सफल आयोजन हेतु उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी पूर्ण उत्तरदायी होंगे। उन्होंने विकास खण्ड स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला के आयोजन हेतु निर्धारित तिथियों के बारे में बताया कि विकास खण्ड कोंच में 06 जुलाई को विकास खण्ड परिसर कोंच, नोडल अधिकारी उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कोंच, विकास खण्ड कदौरा में 07 जुलाई को विकास खण्ड परिसर कदौरा, नोडल अधिकारी उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कालपी, विकास खण्ड जालौन में 07 जुलाई को कृषि विज्ञान केंद्र रूरा मल्लू(जालौन), नोडल अधिकारी उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी जालौन, विकास खण्ड नदीगांव में 08 जुलाई को ग्राम रवा विकास खण्ड नदीगांव, नोडल अधिकारी उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कोंच, विकास खण्ड कुठौंद में 11 जुलाई को विकास खण्ड परिसर कुठौंद, नोडल अधिकारी उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी जालौन, विकास खण्ड महेवा में 11 जुलाई को का. उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कालपी परिसर, नोडल अधिकारी उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कालपी, विकास खण्ड माधौगढ़ में 19 जुलाई को राजकीय कृषि बीज भण्डार माधौगढ़, नोडल अधिकारी उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी जालौन, विकास खण्ड डकोर में 19 जुलाई को विकास खण्ड परिसर डकोर, नोडल अधिकारी उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी उरई, विकास खण्ड रामपुरा में 20 जुलाई को विकास खण्ड परिसर रामपुरा, नोडल अधिकारी उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी जालौन में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला के आयोजन की समस्त व्यवस्थायें सम्बन्धित उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजना अन्तर्गत किसान गोष्ठी मद तथा कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजना अंतर्गत किसान मेला मद से करेंगे। मेले के आयोजन के उपरान्त किसानों की समस्याओं का संकलित विवरण एवं कार्यवृत्त उप कृषि निदेशक, जालौन स्थान उरई को उपलब्ध करायेंगे।


## पत्रकार एकता संघ के पदाधिकारियों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया सदेश

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन

सुल्तानपुर। पत्रकार एकता संघ ने फायर ब्रिगेड स्टेशन पर वृहद वृक्षारोपण करते हुए लोगों को पर्यावरण संरक्षण करने का संदेश दिया ।

सुल्तानपुर के पत्रकार एकता संघ के मंडल अध्यक्ष अलीमुद्दीन बचन्नू भाई के नेतृत्व में बृहद वृक्षारोपण फायर ब्रिगेड स्टेशन खुर्शीद क्लब के सामने रखा गया जिसमें जिला उद्योग केंद्र के जीएम अनूप कुमार श्रीवास्तव मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजय शर्मा व एडिशनल कमिश्नर नाजिर साहब की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अलीमुद्दीन बचन्नू भाई अपने संबोधन के माध्यम से बताया कि पत्रकार समाज का एक सजग व्यक्ति होता है ।

उनको समाज को सजोने के साथ प्राकृतिक संसाधनों को संजोने के लिए आगे आना चाहिए जिस के क्रम में जनपद सुलतानपुर के पत्रकारों ने वृक्षारोपण कर मिसाल पैदा की है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजय शर्मा ने पत्रकार एकता संघ के इस कार्यक्रम को प्राकृतिक संरक्षण को संरक्षित करने पर की सराहना वहीं जिला उद्योग केंद्र के जीएम अनूप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि समाज का चौथा स्तंभ अगर पर्यावरण संरक्षण की तरफ आया है तो निश्चित ही इस समाज को एक बेहतर दिशा मिलेगी ,एडिशनल कमिश्नर नाजिर साहब ने वृक्षारोपण पर बताया कि जनपद सुल्तानपुर वास्तव में एक अनोखी मिसाल पैदा करने में अग्रणी रहता है ।इस मौके पर पत्रकार एकता संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी



शफीक अहमद मण्डल महामंत्री, राशिद अली मण्डल उपाध्यक्ष, मो. जमील जिला सचिव ,एमएच गौरी खान विधिक सलाहकार मो. इस्माइल जिला सचिव, जुनेद राइन आलोक सागर,जे पी अग्रहरि, सहित अनेकों पदाधिकारी कर रहे उपस्थित रहे।

# हर घर दीप जलाओ अपने बच्चे को स्कूल पहुंचाओ प्रवेश उत्सव को लेकर निकाली गई प्रभात फेरी



साकेत राज संवादाता बेलछी। बेलछी प्रखंड अंतर्गत महंत राम नारायण पुरी उच्च माध्यमिक विद्यालय सकसोहरा में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी माधुरी द्विवेदी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रवेश उत्सव विशेष नामांकन अभियान का शुरुआत किया गया! प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा बतलाया गया पूरे राज्य में नवम वर्ग में नामांकन के लिए नामांकन पखवाड़ा 1 जुलाई से 15 जुलाई तक विशेष प्रवेश उत्सव अभियान जारी है इसी क्रम में महंत राम नारायण पुरी उच्च माध्यमिक विद्यालय सकसोहरा में वर्ग नवम में विशेष नामांकन अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाली गई जो विद्यालय के पोषक क्षेत्र में जागरूकता फैलाने के लिए था ताकि जो बच्चे अभी तक वर्ग नवम मैं नामांकन नहीं लिए हैं वह जल्द से जल्द नामांकन ले ले हर एक विद्यार्थी का नामांकन नजदीक के हाई स्कूल में हो इसलिए पूरे राज्य में जागरूकता फैलाने के लिए विद्यालय के द्वारा प्रभात फेरी निकाली जा रही है ताकि ज्यादा बच्चे हाई स्कूल में नामांकन के लिए आए! इसमें उपस्थिति प्रभारी प्रधानाध्यापिका रेखा सिन्हा एवं अन्य शिक्षक एवं छात्र छात्रा उपस्थित हुए! इस अभियान को सफल बनाने में इनका योगदान रहा!

# जिला पदाधिकारी द्वारा जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र का निरीक्षण किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र का निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी सीतामढ़ी द्वारा जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र सीतामढ़ी का निरीक्षण किया गया। उन्होंने जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र द्वारा संचालित योजनाओ तथा बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम की समीक्षा की एवं योजनाओं के लक्ष्य प्राप्त करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी सीतामढ़ी द्वारा केंद्र पर उपस्थित लाभार्थियों से फीडबैक भी लिया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा जिला निबंधन एवम परामर्श केंद्र में कार्य कर रहे कर्मियों से उनके कार्यों की समीक्षा की गई एवं उपस्थिति पंजी, हस्ताक्षर पंजी और अन्य पंजियों की जांच की गई।



जिलाधिकारी ने निबंधन केंद्र के रख–रखाव एवं साफ–सफाई को लेकर आवश्यक निदेश दिये। उन्होंने कहा की सामग्रीयो की रख–रखाव एवम साफ– सफाई पर विशेष ध्यान दे। उक्त निरीक्षण में उप विकास आयुक्त विनय कुमार, ओएसडी प्रशांत कुमार उपस्थित थे।

# विधायकों और सांसदों से समर्थन की अपील करने बिहार पहुंची एनडीए प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पटना। एनडीए की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू पटना पहुंच गई हैं। बीजेपी के सभी नेता पटना एयर पोर्ट पर मौजूद हैं। विशेष विमान से वे पटना पहुंची। लिए भव्य तैयारी की गई है। बीजेपी कला संस्कृति प्रकोष्ठ की ओर से उनके स्वागत की तैयारी की गई है। रास्ते में विविध संस्कृति वाले परिधानों में सजे कलाकारों ने उनका अभिनंदन किया। द्रौपदी मुर्मू एयर पोर्ट से निकलकर हार्डिंग



बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने उनका स्वागत किया। वे करीब एक घंट विलंब से पटना आईं। आज ही वे दिल्ली लौट जाएंगी। पहले डेढ़ बजे लौटने का प्रोग्राम था। माना जा रहा है कि इसमें कुछ देर होगी।

इससे पहले वे कई कार्यक्रमों में भाग लेंगी। पटना एयर पोर्ट पर और बाहर उनके स्वागत के रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगी। वहां से वे होटल मौर्या जाएंगी जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत एनडीए के सभी नेता मौजूद हैं। सभी सांसदों और विधायकों से मुलाकात करेंगी। द्रौपदी मुर्मू के स्वागत में एयर पोर्ट पर पूर्व सीएम जीतन राम मांझी और लोजपा रामबिलास के सांसद चिराग पासवान भी मौजूद थे।

# राजद का स्थापना दिवस दो भाइयों की हुई हत्या कांड के कारण स्थगित

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स शिवहर। राष्ट्रीय जनता दल का 26 वां स्थापना दिवस को स्थगित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक अहमद खां ने बताया है कि कल शिवहर जिले में हुई दो भाइयों की हत्या कांड के कारण स्थापना दिवस को जिले में नहीं मनाया जाएगा।

राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक अहमद खां ने बताया है कि 2025 तक के लिए शिवहर विधानसभा के सदस्यता अभियान प्रभारी व कांटी विधायक इसराइल मंसूरी भी शिवहर पहुंच चुके थे। परंतु कल हुई हत्याकांड के कारण राजद ने आज स्थापना दिवस शिवहर में नहीं मनाने का फैसला किया है। जिला राजद ने घटना की निंदा करते हुए मृतक के परिजनों के संत्वाना देते हुए शोक संवेदना व्यक्त की है। तथा अपराधियों की गिरफ्तारी करने की मांग की है।

# कानून के रक्षक हीं सरकार के आदेश का कर रहे हैं उल्लंघन,छोटे अधिकारी हो रहे हैं परेशान

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। मामला सुपौल जिला सदर मुख्यालय अंतर्गत बड़े अधिकारी द्वारा सरकार के आदेश का उल्लंघन कर छोटे अधिकारी को परेशान करने की है। बिहार गृह रक्षक वाहिनी के अधिकारियों ने बताया की बड़े अधिकारी द्वारा सरकार के आदेश का खुलेआम उल्लंघन करते हुए घुस नहीं देने पर किया जा रहा है परेशान।साथ हीं उन्होंने ये भी बताया की इसकी सूचना जिला अधिकारी को भी दिया गया है।वहीं वरीय जिला समादिष्ठा सहरसा के अधिकारी जिसे सुपौल, मधेपुरा, जिला का प्रभार सौंपा गया है। उन्होंने बताया की सुपौल जिले में सरकार के आदेश का बड़े अधिकारी के आदेश पर मुंशी द्वारा घुस नहीं देने पर खुलेआम उल्लंघन करते हुए छोटे अधिकारियों को परेशान के साथ मनमानी कर रहे हैं। साथ हीं उन्होंने ये भी बताया की सरकार के आदेश का हो रहे उल्लंघन का आवेदन ऊपर भेजा जा चुका है। वहीं सरकार के आदेश का उल्लंघन कर रहे अधिकारी से दूरभाष पर सम्पर्क कर पूछा गया तो उन्होंने ताव में बात करते हुए कुछ भी बताने से इंकार किया। साथ हीं ये भी बताया की बिहार गृह रक्षक वाहिनी झूट बोल रहे हैं। अब देखना लाजमी होगा की सुशासन बाबू की सरकार में बड़े अधिकारी के द्वारा चल रही मनमानी पर कब तक अंकुश लग पता है। या फिर ऐसे हीं बड़े अधिकारी के द्वारा छोटे अधिकारियों को परेशान करते रहेंगे। आखिर कब तक छोटे अधिकारी बड़े अधिकारी परेशान करते रहेंगे। क्योंकि कानून के रक्षक हीं भक्षक बने बैठे हैं।





# गैर जरूरी सभी बैंक खातों को बंद कराई जाए : अपर समाहर्ता वैशाली




(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। जिलाधिकारी श्री यशपाल मीना के निर्देश पर अपर समाहर्ता वैशाली श्री जितेंद्र प्रसाद साह के द्वारा वैशाली समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय सभी कार्यालयों प्रखंड एवं अंचल सहित सभी कार्यालयों के प्रधान सहायकों के साथ हुई मासिक समीक्षात्मक बैठक में निर्देश दिया गया कि सभी कार्यालय वैसे सभी बैंक खाते जिसकी अब जरूरत नहीं है अथवा ना उसे बैंक खातों को शीघ्र बंद कराएं। अपर समाहर्ता ने कहा कि संबंध में पूर्व से वित्त विभाग का पत्र भी प्राप्त है जिसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। अपर समाहर्ता के द्वारा स्थापना उप समाहर्ता को निर्देशित किया गया कि भरिए कोषागार पदाधिकारी को इस आशय का पत्र दें कि उनके स्तर से सभी कार्यालयों से संचालित बैंक खातों की जानकारी प्राप्त की जाए और यह प्रमाण पत्र लिया जाए कि संबंधित कार्यालय में कोई गैर जरूरी का था अब संचालित नहीं है। जब तक कार्यालय प्रमाण पत्र नहीं दे देते तब तक वहीं के नाजिर प्रधान सहायक तथा निकासी उद्यान पदाधिकारी का वेतन स्थगित कर दें। अपर समाहर्ता ने कहा कि अगली बैठक में सभी प्रधान सहायक खाता संबंधी विवरण लेकर आएंगे।

अपर समाहर्ता ने कहा कि जिला अधिकारी के द्वारा सभी प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों का सर्वेक्षण किया गया और उस क्रम में निर्देश दिए गए।उस निर्देश का अनुपालन प्रतिवेदन की मांग की गई। उन्होंने कहा कि जिला से जो भी पत्र क्षेत्रीय कार्यालय को भेजे जाते हैं उसका अलग से संधारण किया जाए और उसका अलग बुक मेंटेन किया जाए। सभी अंचल एवं प्रखंड कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश पूर्व में जिला अधिकारी के द्वारा दिया गया था। उसकी भी समीक्षा की गई। अपर समाहर्ता ने कहा कि सभी कार्यालयों में पंछियों को अद्यतन रखा जाए। बैठक में ही कैश बुक के अंतिम पृष्ठ की छाया प्रति सभी प्रधान सहायकों से प्राप्त किए गए।

बैठक में उपस्थित डीसीएलआर हाजीपुर से प्रभारी पदाधिकारी आपदा प्रबंधन ने कहा कि स्थानीय आपदा में मृत व्यक्ति के परिजनों को दे अनुग्रह राशि सभी अंचलों को भेज दी गई है सभी संबंधित परिजनों को शीघ्र कैंप लगाकर वितरण करा दी जाए और इससे संबंधित उपयोगिता प्रमाण पत्र आपदा शाखा को शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। स्थापना उप समाहर्ता सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने कोर्ट में लंबित मामलों की समीक्षा की जिसमें सी डब्ल्यू जे सी के 180 तथा एमजेसी के कुल 22 मामले लंबित पाए गए। सी डब्ल्यू जे सी के मामले में शीघ्र शपथ पत्र दायर करने तथा एवं जैसी के मामले में कारण परीक्षा के लिए पत्र विधि सखा को भेजने का निर्देश दिया गया। बैठक में कार्यालय अधीक्षक सहित सभी शाखाओं के प्रधान सहायक उपस्थित थे।

# पेड़ों को फील्ड और डिजिटल माध्यम से किया जाएगा संरक्षित प्रहरी ऐप के जरिए 21 प्रजाति के पेड़ों का किया गया जियो टैगिंग

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। महात्मा गांधी के चंपारण मे अब एक नई क्रांति व नई मुहिम का शंखनाद हुआ है। जो अपने आप मे काफी सराहनीय है। अब तक आपने वृद्धों, विधवा अथवा विकलांग लोगों के पेंशन के बारे में देखा व सुना होगा लेकिन आज हम आपको एक नई पेंशन योजना के बारे मे बतायेंगे जिसे सुन आप रोमांचित हो जायेंगे।

मोतिहारी जिला प्रशासन ने अब यहाँ के वैसे पेड़ों जिनकी उम्र पचास साल या उससे अधिक की हो गयी है अब उन्हे पेंशन देने जा रही है। चंपारण एक बार फिर एक बड़ी मुहिम व एक बड़े आंदोलन की शुरुआत कर रहा है, जिसके अंतर्गत अब जिले के पेड़ पौधों को बचाने, उन्हें संरक्षित करने व उनकी लंबी उम्र के लिए कई तरह की योजनाओं को तैयार किया जा रहा। ताकि मनुष्य को जीवन रूपी ऑक्सीजन देने वाली इन अनमोल धरोहरों को बचाया जा सके। कोरोना महामारी मे पेड़ों के महत्व को समझने वाले चंपारण वासियों ने अब ठाना है की अब पुराने व कीमती पेड़ों को बचाना है ,,जिसको लेकर अब ये मुहिम आंदोलन का रूप लेने लगी है।

इस योजना को सफल करने के लिए जिला प्रशासन दो तरह से कार्य कर रही है। जिसमें एक माधयम डिजिटल तो दूसरा फील्ड माधयम है। डिजिटल माधयम से यहाँ के पेड़ों को संरक्षित करने के लिए एक ऐप लॉन्च किया गया है। जिसके अंतर्गत पर्यावरण प्रहरी ऐप बनाया गया है, जिसमें पचास साल से अधिक उम्र के 21 प्रजाति के पेड़ों का जियो टैगिंग कर दिया गया है और लोगों को इसकी देख रेख व रखरखाय की जिम्मेवारी दी जा रही है। इसके साथ ही इसमें एक अन्य योजना गार्डियन ऑफ चंपारण को भी जोड़ा गया है, जो यूट्यूब पर भी उपलब्ध है और इसे आप देश के किसी भी कोने में देख व समझ सकते हैं। इस योजना मे आप अपने बच्चों, पत्नी माँ बाप या किसी के नाम पर इन पेड़ों को गोद ले सकते हैं और इनका संरक्षण कर सकते हैं। इसी योजना के तहत अबतक जिले में बारह हजार पेड़ों का जियो टैगिंग कर दिया गया है



और लगभग तिरपन हजार पांच सौ पेड़ों को इनके संरक्षक को सौप भी दिया गया है। वहीं अगर फील्ड की बात करें तो इस योजना के अंतर्गत यहाँ के 18 पुराने पेड़ों पर मिट्टी भराई,, व अन्य बचाव रोधी कार्य किये गए है और शिक्षा विभाग की मदद से वृक्ष पाठसाला चलाया जा रहा है। जिसमें आम जनों को वृक्ष की अहमियत व अन्य बातों की शिक्षा दी जा रही है। इसके साथ ही जीविका दीदियों के साथ इन पेड़ों का रक्षा बंधन करवाया जा रहा है। वहीं दीपावली पर दीपोत्सव भी किया गया ताकि आम लोगों में पेड़ों के प्रति सम्मान बढे और लोग इसे संरक्षित करें। वहीं एक अन्य योजना जिसका नाम गर्डियन ऑफ ट्री रखा गया है, जो कि जीविका दीदियों द्वारा संचालित किया गया है और इसके अंतर्गत सौ वैसे पेड़ों जो की सौ साल से अधिक के हैं।उनको नया जीवन देने व उन्हे संरक्षित करने के लिए एक पेंशन योजना रखी गयी है। जिसके अंतर्गत जीविका समूहों को जिला प्रशासन प्रति माह चार सौ रुपये मासिक देगी, ताकि वे इन पुराने व कीमती धरोहरों को समय समय पर ये जीविका समूह के लोग इन पेड़ों को खाद, बीज पानी व जरूरी दवाएं उपलब्ध करवा सकें। मोतिहारी जिला प्रसाशन ने पेड़ों को बचाने व उन्हे संरक्षित करने का जो प्रयास किया है। निश्चित रूप से वह काबिले तारीफ है और इसकी जितनी प्रशंसा की जाए वो कम है।

# डीआईजी,ने पिपरा थानों का किया निरीक्षण,पुलिस महकमा में मची हड़कम्प

☒ डकैती घटना के पीड़ित शिक्षिका ने डीआईजी से मिलकर डकैती कांड के उद्भेदन और अपराधियों के गिरफ्तारी की लगाई गुहार।

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सुपौल। मामला सुपौल जिला सदर अनुमंडलीय मुख्यालय अंतर्गत पिपरा प्रखंड स्थित पिपरा थाना में क्ष्ळ,श्री शिवदीप लांडे,के द्वारा जायजा लेकर निरीक्षण करने की है।क्ष्ळ,श्री शिवदीप लांडे,द्वारा निरीक्षण करने पिपरा थाना पहुंचते हीं फरियादियों ने लगाई न्याय की गुहार।इस दौरान पिपरा बाजार में एक माह पूर्व में एक महिला शिक्षिका के घर हुई डकैती की घटना को लेकर पीड़ित शिक्षिका ने थाने पहुंचकर क्ष्ळ, साहेब से डकैती कांड का उद्भेदन और आरोपियों के गिरफ्तारी करने की लगाई गुहार।

पीड़ित दंपती ने क्ष्ळ, साहेब को आवेदन देकर कांड के उद्भेदन और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। हालांकि पीड़ित शिक्षिका केंदू कुमारी, की शिकायत को क्ष्ळ, श्री शिवदीप लांडे ने बारीकी से सुन उन्हें न्याय का भरोसा देते हुए जल्द गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया। और कहा की जल्द हीं कांड का उद्भेदन कर इसमें संलिप्त सभी अपराधियों की गिरफ्तारी की जाएगी।मिली जानकारी के अनुसार पिपरा थाना क्षेत्र के पिपरा बाजार में –04–और 05– जून रात्रि समय एक महिला शिक्षिका केंदू कुमारी,के घर अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर करीब–15 –लाख रूपये के जेवरात और नगदी समेत सामान को लूट कर फरार हो गए। इस घटना में बदमाशों ने शिक्षिका केंदू कुमारी,और उसके पति संजीव यादव,के साथ मारपीट भी किया जिसमे शिक्षिका और उसके पति गंभीर रूप से घायल भी हो गए। खास बात यह है की घटना की सारी तस्वीर घर के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।बाबजूद इसके अब तक इस मामले में कांड का न तो उद्भेदन हो चुका है और न ही अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। जिससे पीड़ित शिक्षिका मायूस और थक हारकर आज पिपरा थाना पहुंचकर DIG, से न्याय की गुहार लगाई है। निरीक्षण में SP,डीअमरकेश के साथ दर्जनों पुलिस बल मौजूद थे। अब देखना लाजमी होगा कि पीड़ित शिक्षिका की क्ष्ळ, साहेब से लगाई गई गुहार पर कांड का कब तक उद्भेदन हो पाता है। और अपराधियों की कब तक गिरफ्तारी हो पाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### कार और ट्रक के बीच आमने सामने टक्कर



कुमार राकेश अयोध्या टाइम रिपोर्टर परबत्ता प्रखंड। परबत्ता प्रखंड के सतीशनगर के पास NH31 पर कल 3 बजे के लगभग कार और ट्रक के बीच हुई टक्कर कार सवार बाल बाल बचे एयरवे के कारण किसी भी आदमी को नुकसान नहीं हुई।

### पुलिस की बड़ी सफलता घर से शराब बरामद

साकेत राज संवादाता बेलछी। प्रखंड अंतर्गत बेलछी थाना क्षेत्र के मुंशीपईन गांव से बेलछी पुलिस की छापेमारी के दौरान 5 लीटर देसी शराब बरामद किया गया! पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक घर में शराब है छापेमारी में शराब बरामद किया गया!

### श्री सतनारायण कामत अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स निर्मली सुपौल ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी महोदय सुपौल को अथराइजेसन लेटर सौंपा

निर्मली। राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स कानपुर के द्वारा श्री रवि कुमार भार्गव राज्य कोऑर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार के अनुशंसा पर श्री सत्यनारायण कामत को सुपौल जिला के निर्मली अनुमंडल का अनुमंडल ब्यूरो चीफ नियुक्त किया गया है। श्री सत्यनारायण कामत ने अपने ऑथराइजेशन लेटर को आदरणीय श्रीमान सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी महोदय सुपौल को एवं अनुमंडल पदाधिकारी महोदय निर्मली को प्राप्ति कराया तथा अनुरोध किया कि श्रीमान समाचार और विज्ञापन समय समय पर उपलब्ध कराते रहेंगे। इस अवसर पर सत्यनारायण कामत ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे अयोध्या टाइम्स बिहार परिवार द्वारा सौंपा गया है मैं उसे विधिवत करते हुए 15 दिनों के अंदर अपने अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों में संवाददाताओं के नियुक्ति के निबंधन करवाने का कार्य करूंगा। राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स अखबार को हर घर पहुंचाकर ही दम लूंगा।



### बंगरा गांव में अनियंत्रित अपाची बाइक सवार ने पैदल वृद्ध को मारा टक्कर,सदर अस्पताल छपरा रेफर

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक महमदपुर एस एच 90 पर मशरक थाना क्षेत्र के बंगरा गांव में अनियंत्रित अपाची बाइक सवार ने सड़क पार कर रहें वृद्ध को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो। घायल वृद्ध को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां से उसकी प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घायल वृद्ध बंगरा गांव निवासी स्व लोचन राय का 65 वर्षीय पुत्र अनंत राय के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ संजय कुमार ने इलाज किया। और एक पैर में बुरी तरह से फ्रैक्चर और सर पर लगे गहरे जख्म की वजह से सदर अस्पताल छपरा रेफर कर। परिजनों ने बताया कि घायल वृद्ध सड़क पार कर रहें थें कि अनियंत्रित अपाची बाइक सवार ने टक्कर मार अपाची बाइक छोड़ फरार हो गया। मौके पर घटना की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने दल बल के साथ पहुंच घायल का हाल चाल जाना और सदर अस्पताल छपरा भेजवाने में मददगार साबित हुएं वही अपाची बाइक को अपने कब्जे में ले लिया।



### कानून के रक्षक हीं सरकार के आदेश का कर रहे हैं उल्लंघन छोटे अधिकारी हो रहे हैं परेशान

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल) मामला। सुपौल जिला सदर मुख्यालय अंतर्गत बड़े अधिकारी द्वारा सरकार के आदेश का उल्लंघन कर छोटे अधिकारी को परेशान करने की है। बिहार गृह रक्षक वाहिनी के अधिकारियों ने बताया की बड़े अधिकारी द्वारा सरकार के आदेश का खुलेआम उल्लंघन करते हुए घुस नहीं देने पर किया जा रहा है परेशान। साथ हीं उन्होंने ये भी बताया की इसकी सूचना जिला अधिकारी को भी दिया गया है। वहीं वरीय जिला समादिष्ठा सहरसा के अधिकारी जिसे सुपौल, मधेपुरा, जिला का प्रभार सौंपा गया है। उन्होंने बताया की सुपौल जिले में सरकार के आदेश का बड़े अधिकारी के आदेश पर मुंशी द्वारा घुस नहीं देने पर खुलेआम उल्लंघन करते हुए छोटे अधिकारियों को परेशान के साथ मनमानी कर रहे हैं। साथ हीं उन्होंने ये भी बताया की सरकार के आदेश का हो रहे उल्लंघन का आवेदन ऊपर भेजा जा चुका है। वहीं सरकार के आदेश का उल्लंघन कर रहे अधिकारी से दूरभाष पर सम्पर्क कर पूछा गया तो उन्होंने ताव में बात करते हुए कुछ भी बताने से इंकार किया। साथ हीं ये भी बताया की बिहार गृह रक्षक वाहिनी झूट बोल रहे हैं।



## वर्षा जल संचय के लिए मनेगा जल जीवन हरियाली दिवस




(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स शिवहर। जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता की दिशा निर्देश के आलोक में प्रभारी डीडीसी सह अपर समाहर्ता शंभू शरण की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकक्ष में जल जीवन हरियाली दिवस मनाया गया है। कार्यक्रम में डीआरडीए के निदेशक शंभू कुमार भी मौजूद थे। निर्देशित किया गया है कि सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं तथा तालाबों,पोखरों, पईनो को चिन्हित कर अतिक्रमण मुक्त कराते हुए पेड़ पौधा लगाएं,तथा जल संचय करें। पेड़ लगाए, धरती बचाए। जल संचय करें, जल संकट से बचे ।सौर ऊर्जा का उपयोग करें, प्रदूषण से निजात पाए। जल जीवन हरियाली को अपनाएं, पर्यावरण को बचाए।

एडीएम शंभू शरण ने उपस्थित संबंधित विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया है कि अब हर महीने के प्रथम सप्ताह के मंगलवार को वर्षा जल संचय के लिए मनेगा, जल जीवन हरियाली दिवस।

## भारतीय महिला फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष बनने पर डॉक्टर अनिल सुलभ को दी बधाई

☒ बिहार प्रदेश क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष आशुतोष नंदन सिंह ने दी बधाई

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। जिला इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव व नगर परिषद शिवहर के पूर्व वार्ड पार्षद गिरीश नंदन सिंह ष्प्रशांतष , अधिवक्ता व साहित्यकार देशबंधु शर्मा ,कवि व अधिवक्ता रानी गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व जिला पार्षद अजब लाल चौधरी ने भारतीय महिला फुटबॉल महासंघ के शिक्षाविद डॉ अनिल सुलभ को अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है। उन्होंने बताया है कि डॉक्टर सुलभ के नेतृत्व में कई संकटों से जूझ रहे भारतीय महिला फुटबॉल महासंघ को शक्तिशाली बनाया जाएगा। गौरतलब हो कि शिक्षाविद डॉ अनिल सुलभ जिले के पिपराही प्रखंड के अंबा निवासी है। तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रघुनाथ झा के भतीजा। डॉक्टर सुलभ शिक्षा क्षेत्र में सहस्त्रो उपलब्धि हासिल कर प्रदेश सहित देश में नाम रोशन कर रहे हैं।



## मध्य विद्यालय सकसोहरा में निकाली गई प्रभात फेरी

साकेत राज दैनिक अयोध्या टाइम्स बेलछी। पूरे राज्य में अभी वर्ग नवम में नामांकन पखवाड़ा 1 जुलाई से 15 जुलाई तक विशेष अभियान चल रहा है इसी क्रम में बेलछी प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय सकसोहरा में विशेष नामांकन अभियान के अंतर्गत प्रभात फेरी निकाली गई जो विद्यालय के पोषक क्षेत्र में जागरूकता फैलाने के लिए था ताकि जो बच्चे अभी तक नामांकन नहीं लिए हैं वह जल्द से जल्द नामांकन ले आठवां पास हर एक विद्यार्थी का नामांकन पास के हाई स्कूल में हो जागरूकता फैलाने के लिए विद्यालयों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई इसका परिणाम नामांकन के दृष्टिकोण से सुखद रहा!इसमें उपस्थित प्रधानाध्यापक राकेश कुमार एवं अन्य शिक्षक गण एवं छात्र छात्रा इस प्रभात फेरी को सफल बनाएं!



## सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह : मो कमर अख्तर



वीरेन्द्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। सिंगल यूज प्लास्टिक मानव के जीवन का हिस्सा बन गया है। वर्तमान समय में प्लास्टिक का इस्तेमाल अत्यधिक बढ़ गया है। राशन की दुकान से लेकर सब्जी दुकान तक उपयोग हो रहा है। डिस्पोजेबल ग्लास, प्लेट्स, चम्मच आदि के इस्तेमाल के हम आदी हो चुके हैं। जो न सिर्फ मानव, पशु एवं पर्यावरण के लिए भी नुकसानदेह है। उक्त बातें सामाजिक कार्यकर्त्ता मो कमर अख्तर ने कही। अख्तर ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के सामानों से पर्यावरण को सबसे अधिक नुकसान पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का अर्थ प्लास्टिक से बनी ऐसी वस्तु है, जिसका इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

इसका दुबारा इस्तेमाल नही होता। इससे हम फेंक देते है। यह पालीथिन गलता नही है। जिससे मिट्टी खराब हो जाती है। ऊपजाउ जमीन बंजर में तब्दील हो जाता है। कूड़ेदान में फेकने पर यह रीसाइकल नही हो पाता। नाला में गिरने पर नाला जाम होता है। वहीं नदी में बहने यह मछलियों के लिए घातक है। प्लास्टिक में रसायन का इस्तेमाल होता है जिसका असर सीधा स्वास्थ्य पर पड़ता है। सिंगल यूज प्लास्टिक स्वास्थ्य और पर्यावरण पर बुरा प्रभाव डालता है। अख्तर ने कहा कि स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए हमें सिंगल यूज प्लास्टिक का त्याग करना होगा। उन्होंने कहा कि कपड़े का थैला का, कागज का लिफाफा इत्यादि इसका विकल्प है।

हम घर से निकलें तो थैला जरूर रखें। जन जागरूकता से ही इसके उपयोग से बच सकते हैं। हालांकि सरकार अपने स्तर से प्रयास कर रही है। सरकार इसे प्रतिबंधित भी कर चुकी है। इसके उपयोग पर जुर्माना एवं दंड का प्रावधान किया गया है।

## जिलाधिकारी ,श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति, द्वारा जिला स्तरीय टास्क फोर्स कालाजार से संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वी चम्पारण। जिलाधिकारी ,श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति, द्वारा जिला स्तरीय टास्क फोर्स (कालाजार) से संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी द्वारा कालाजार केस का स्टेटस 2015 से 2022 तक के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जिले भर में वर्ष 2015 में 353 केस, 2016 में 277 , 2017 में 191 , 2018 में 177 , 2019 मे107 , 2020 में 69 , 2021 में 52 एवं 2022 में 29 केस हुए। स्पष्ट है कि कालाजार का केस में लगातार कमी हुई है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण, पदाधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि जिला स्तर पर सभी कालाजार के मरीजों का लगातार फॉलोअप किया जा रहा है साथ ही सभी कालाजार मरीजों का मुफ्त जांच एवं इलाज के साथ–साथ मरीजों को श्रम क्षतिपूर्ति की राशि का भुगतान भी किया जा रहा है। प्रत्येक कालाजार मरीज को 6600 रुपए मुख्यमंत्री कालाजार राहत योजना एवं 500 भारत सरकार की तरफ से कुल 7100 रुपए की राशि दिए जाने का प्रावधान है ।जिले भर में कुल 26 प्रखंडों में कालाजार नियंत्रणार्थ छिड़काव अगस्त माह में प्रस्तावित है। जिलाधिकारी महोदय ने सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए कहा कि जिले भर में कालाजार से नियंत्रण हेतु दवा का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए।



इस अवसर पर सिविल सर्जन ,जिला आपूर्ति पदाधिकारी, डीआईओ, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी के निर्देश पर चला कोविड 19 टिकाकरण महाअभियान डीआईओ ने कहा- कोविड-19 टीका के सभी डोज लेना जरूरी



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करने के लिए जिला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलग–अलग उम्र के लाभार्थियों को कोविड–19 का टीका लगाया जा रहा है। टीकाकरण के लक्ष्य को शत–प्रतिशत हासिल करने के लिए विभिन्न स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। लगातार टीकाकरण का अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा के निर्देश पर जिला में कोविड–19 वैक्सीनेशन के लिए महाअभियान चलाया गया। इसके लिए पूरे जिला में 200 टीकाकरण केंद्र बनाये गए थे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ी केंद्रों, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, विद्यालयों आदि जगहों पर लोगों का टीकाकरण सुनिश्चित किया गया। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एके झा ने कहा कि महाअभियान के तहत 12 से 14 आयु वर्ग, 15 से 17, 18 प्लस द्वितीय खुराक और प्रीकॉशन डोज से वंचित लाभार्थियों को कोविड–19 का टीका लगाया गया। टीकाकरण से वंचित लोगों की सूची पीएचसी स्तर पर उपलब्ध कराई गई है। जहां आशा के माध्यम से एवं दूरभाष से सम्पर्क कर लाभार्थियों को टीका लगाया गया। उन्होंने बताया कि जिले में शतप्रतिशत टीकाकरण हो जाये, इसके लिए लगातार काम चल रहा है। सरकार के निर्देश पर गुरुवार (7 जुलाई) को भी टीकाकरण का महाअभियान चलाया जाएगा। 12 वर्ष से अधिक उम्र के छात्र–छात्राओं को कोरोना टीका देने के लिए स्कूलों में विशेष रूप से कैम्प लगाया गया। वैसे बच्चे जिन्होंने कोरोना टीका की एक भी डोज नहीं ली हैं, उन्हें विशेष रूप से टीका दिया जा रहा है। साथ सेकंड डोज से वंचित बच्चों को भी टीका लगाया गया। निजी एवं सरकारी दोनों तरह के स्कूलों में कोरोना टीकाकरण की टीम लगाई गई थी ।जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एके झा ने कहा कि सही समय पर कोविड टीका के सभी डोज लेना बहुत जरूरी है। तभी आपका परिवार, समाज सुरक्षित रहेगा। जिन्होंने टीका की कोई भी डोज नहीं ली है, वे अपना पहला डोज जरूर लें। पहला डोज प्राप्त कर चुके लोग समय पर दूसरा डोज लें, और दूसरा डोज ले चुके लोग ससमय प्रीकॉशनरी डोज अवश्य लें। कोरोना के बढ़ते खतरे के बीच उन्होंने सभी से कोविड टीकाकरण से बचे हुए लोगों से जल्द से जल्द टीकाकरण कराने की अपील की है।

## सीतामढ़ी के पुनौरा में ईएमटीसीटी मेगा हेल्थ कैंप का उद्घाटन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरा अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पुनौरा में मंगलवार को ईएमटीसीटी मेगा हेल्थ कैंप का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन जिला संचारी रोग पदाधिकारी सह जिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार एवं डुमरा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ धनंजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर डॉ मनोज कुमार ने बताया कि यह कैंप जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 7–7 की संख्या में लगाया जाएगा। एक महीने में जिले भर में 119 कैंप का आयोजन किया जाना है। उन्होंने बताया कि कैंप का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, उनके पति, यौन संक्रमित रोगी, यक्ष्मा (टीबी) एवं कालाजार के रोगियों की एचआईवी जांच करनी है। साथी ही गर्भवती महिलाओं की एएनसी भी की जानी है।

डॉ मनोज कुमार ने बताया कि प्रत्येक कैंप में बीसीएम, एचआईवी काउंसलर, प्रयोगशाला प्रावैधिक एवं एएनएम द्वारा जांच एवं परामर्श का कार्य किया जा रहा है। संबंधित क्षेत्रों में कैंप से पूर्व एवं कैंप के दिन ऑटो रिक्शा द्वारा बैनर एवं माइक के साथ प्रचार–प्रसार का कार्य किया जा रहा है। संबंधित क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम द्वारा घर–घर जाकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कैंप में प्रतिदिन लगभग ढाई सौ (250) रोगियों के जांच का लक्ष्य रखा गया है। कैम्प की मॉनिटरिंग जिला स्तर के पदाधिकारी कर रहे हैं। प्रतिदिन कैंप के बाद संध्या में व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से प्रतिवेदन भेजा जाना है।



डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि मदर टू चाइल्ड ट्रांसमिशन के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए हर महिला की एचआईवी जांच अतिआवश्यक है। ताकि ससमय उसका इलाज हो सके। इससे शिशु मृत्युदर को भी कम करने में मदद मिलेगी। इसी उद्देश्य के तहत जिले भर में ईएमटीसीटी मेगा हेल्थ कैम्प लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला को एचआईवी मुक्त रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग संकल्पित है।

उद्घाटन के अवसर पर डीआईएस राजेश कुमार, लेखापाल सह डीईओ रंजन शरण, एसटीएलएस संजीत कुमार, डीएफवाई के जिला प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिन्हा, पंकज रमन सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में पेट्रोल पंप के संचालन हेतु एनओसी से सबंधित समीक्षात्मकत बैठक आयोजित

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में पेट्रोल पंप के संचालन हेतु एनओसी से सबंधित समीक्षात्मकत बैठक आयोजित। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में पेट्रोल पंप के संचालन हेतु एनओसी से सबंधित समीक्षात्मकत बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल पुपरी, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल, अंचलाधिकारी डुमरा, रुनीसैदपुर, रीगा, सुरसंड, परिहार, अग्निशमन पदाधिकारी सीतामढ़ी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, अनुमंडल पदाधिकारी सदर एवं अनुमंडल पदाधिकारी पुपरी तथा सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अपने–अपने क्षेत्र अंतर्गत पेट्रोल पंप के संचालन हेतु एनओसी से संबंधित से लंबित मामलों की जांच कर एक सप्ताह के अंदर अग्रेतर कार्रवाई कर जांच प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।वही असिस्टेंट मैनेजर रिटेल सेल्स मैनेजर आइओसी एल सीतामढ़ी को निर्देश दिया गया कि पेट्रोल पंप संचालन हेतु एनओसी से सबंधित कागजात ससमय उपलब्ध कराएं ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके। उक्त बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी महेश कुमार दास, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल कमलेश प्रसाद, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल अजय कुमार आजाद, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल पुपरी, कार्यपालक अभियंता एनएच डिविजन सीतामढ़ी, वन प्रमंडल पदाधिकारी अंचलाधिकारी सोनबरसा, परिहार, डुमरा, सुरसंड, रीगा के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी सदर राकेश कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी पुपरी नवीन कुमार उपस्थित थे।



## केंद्रीय विद्यालय शिवहर में कौशल विकास केंद्र का उद्घघाटन

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्युरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स शिवहर। भारत सरकार द्वारा शिवहर जिले में केंद्रीय विद्यालय शिवहर को स्किल हब के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र के रूप में स्थापित किया है, आज 5 जुलाई को प्राचार्य डॉ लीना कुमारी द्वारा इस केंद्र का उद्घघाटन किया गया। इस अवसर पर केंद्र की समन्वयक सुश्री श्वेता प्रकाश ने सर्वप्रथम प्राचार्य का स्वागत किया ,प्रशिक्षकों और प्रशिक्षुओं के बीच इस उद्घघाटन सत्र के कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सभी प्रतिभागियों को कोर्स के विषय में पूरी जानकारी सी.के. पाण्डेय द्वारा दी गई। कोर्स का संचालन कोर्स की अवधि तथा उसकी पूरी रूपरेखा बताई गई, कार्यक्रम में शिक्षक अशोक कुमार ने इस कोर्स के लाभ एवं इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कंप्यूटर के सामान्य ज्ञान के साथ गार्डनिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा,प्रशिक्षण के बाद भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाएगा, जिसके बाद यह एक कुशल स्किल्ड व्यक्ति के रूप में जाने जाएंगे और इनके लिए अनेक प्रकार के रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे युवाओं में रोजगार बढ़ाने के लिए यह प्रधानमंत्री जी का विशेष कार्यक्रम चल रहा है। इस कार्यक्रम में कला शिक्षक सत्यव्रत भास्कर तथा दीपक कुमार , सत्यम कुमार एवं अन्य प्रशिक्षु तथा उनके अभिभावक उपस्थित रहे। अंत में प्राचार्य ने बताया कि प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक संचालन किया जाएगा ,जिसमें उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं से सहयोग मांगा और इसे शिवहर जिला के लिए गौरव की बात बताई और भविष्य में इस तरह के और अधिक से अधिक प्रकार के प्रशिक्षण की व्यवस्था हेतु प्रयास और पहल किया जाएगा।



# संक्षिप्त समाचार

## कई वर्षों बीत जाने के बाद भी ध्वस्त पुल का नहीं हो रहा निर्माण जनता हो रहे हैं परेशान

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल )

सुपौल। जिला के त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय मुख्यालय अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र के मिरजवा पंचायत स्थित लाहर्नियां मिरजवा सीमा के वार्ड नं0–09–में नहर का पुल ध्वस्त हो जाने पर आगमन बाधित होने और आए दिन दुर्घटना होने से जनता परेशान होने की है। जनता ने बताया की –2008–में बाढ़ आया था। जिसमें नहर का पुल ध्वस्त हो गया। वर्षों बीत चुका है लेकिन अभी तक नाहीं तो प्रशासन की नजर इस और है नाहीं प्रतिनिधि की जिसका खामियाजना जनता को भुगतना पड़ रहा है। जनता ने बताया की पुल ध्वस्त होने से आए दिन दुर्घटना होती रहती है। साथ हीं पुल पार करते समय डर का माहौल बना रहता है। साथ हीं ये भी बताया की ये पुल टूट जाने से लाखों की संख्या में आने जाने वाले जनता का सम्पर्क बंद हो जाएगा। जनता को सम्पर्क बनाने के लिए तीन किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी। अब देखना लाजमी होगा की सुशासन बाबू की सरकार में कब तक इस पुल पर प्रशासन और प्रतिनिधि की नजर जाती है। जनता कब तक परेशान होती रहेगी।



## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई पिटाई एक महिला जख्मी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष राम सहरसा बिहार

सहरसा जिले के सोनबरसा राज थाना क्षेत्र के केंजरी वार्ड नंबर 5 में रास्ते पर पानी बहाने की विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई, मारपीट की इस घटना में एक पक्ष के एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी महिला को परिजन द्वारा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। जख्मी महिला का नाम रेणु देवी बताया जा रहा हैं। पीड़ित महिला ने कमलेश कुमार यादव उर्फ मुन्ना पर लाठी डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर देने का आरोप लगाया हैं।थाना अध्यक्ष सुनील कुमार भगत को घटना की सूचना मिलते ही अपने पुलिस दल बल के साथ पुरे मामले की छानबीन में जुट गई हैं।दोषी पर करी करवाई की जाएगा।



## हरपुर बोचहा पंचायत का केंद्रीय टीम ने लिया जायजा

विद्यापति नगर दलसिंहसराय(विकास कुमार पाण्डेय)! विद्यापतिनगर प्रखंड के हरपुर बोचहा पंचायत में चल रहे विकास योजनाओं का जायजा लेने केन्द्रीय टीम सोमवार को हरपुर बोचहा पहुंची, भारत सरकार के केंद्रीय वित्त विभाग के संयुक्त सचिव मनोज कुमार व केंद्रीय भूमि जल बोर्ड जल शक्ति के वैज्ञानिक डॉ. सोनम के नेतृत्व में अधिकारियों की एक टीम ने सोमवार को पंचायत में चल रहे विभिन्न विकास योजनाओं का जायजा लिया ! टीम ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल जीवन हरियाली योजना के तहत बनवाए जा रहे नाहर, तालाब, पोखर, नाले एवं लगाए गए पौधों का स्थलीय निरीक्षण किया ! वित्त विभाग के संयुक्त सचिव मनोज कुमार ने आदर्श ग्राम पंचायत हरपुर बोचहा के मुखिया प्रेम शंकर सिंह से मिलकर योजनाओं की जानकारी ली तथा पत्रकारों को बताया कि यह ग्राम पंचायत भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं हर योजनाओं को जमीन पर उतार कर उसका लाभ आम जनों तक पहुंचाने में एक अहम भूमिका निभाया है, यदि इसी तरह प्रत्येक पंचायत योजनाओं को शत प्रतिशत लागू करें तो आम जनों को बेहद लाभ पहुंचेगा , केंद्रीय जल बोर्ड के वैज्ञानिक डॉ सोनम ने बताया कि जल संकट से बचाव के लिए जल संरक्षण आवश्यक है जल के बिना किसी भी जीव का जीवित रह पाना मुश्किल है इसीलिए हम सब को चाहिए कि कम से कम पानी को बर्बाद करें तथा अधिक से अधिक पौधारोपण पर बल दे ! मुखिया प्रेम शंकर सिंह ने आगत अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता प्रदान कर किया ! इससे पूर्व अधिकारियों ने प्रेम बिहार मनरेगा पार्क मैं पौधारोपण किया ! मौके पर मनरेगा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता अबध कुमार सिंह के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे !



## उच्च माध्यमिक विद्यालय अंदौली दरवेशपुरा में निकाली गई रैली

देवेन्द्र कुमार दैनिक अयोध्या टाइम्स बाढ़। पूरे राज्य में अभी वर्ग नवम में नामांकन के लिए नामांकन पखवाड़ा 1 जुलाई से 15 जुलाई तक विशेष अभियान चल रहा है , इसी क्रम में बाढ़ अनुमंडल के बेलछी प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय अंदौली दरवेशपुरा में वर्ग नवम में विशेष नामांकन अभियान के अंतर्गत प्रभात फेरी निकाली गई , जो विद्यालय के पोषक क्षेत्र में जागरूकता फैलाने के लिए था । ताकि जो बच्चे अभी तक वर्ग नवम में नामांकन नहीं लिए हैं वे जल्द से जल्द नामांकन लें । सरकार का लक्ष्य है कि आठवां पास हर एक विद्यार्थी का नामांकन पास के हाई स्कूल में हो। शत् प्रतिशत नामांकन हेतु पुरे राज्य में जागरूकता फैलाने के लिए विद्यालयों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली जा रही है । इसका सुखद परिणाम भी आ रहा है ज्यादा से ज्यादा बच्चे हाई स्कूल में नामांकन के लिए आ रहे हैं । प्रधानाध्यापक मुकुंद कुमार ने अभिभावकों को इस नामांकन अभियान की विस्तार से जानकारी दी।



## मिशन शक्तिके तहत चलाया एन्टी रोमियो अभियान



संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

अजीतमल,औरैया। मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक औरैया चारू निगम के निर्देशानुसार एन्टी रोमियों टीम द्वारा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानों व स्कूलध्कालेजों के आस–पास चेकिंग की गई। इस अवसर पर बिना कारण घूमने वाले लड़को/शोहदों की चेकिंग की गयी साथ ही क्षेत्र के अन्तर्गत कालेजों में महिला/छात्राओं से उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध मे साइबर अपराधों से बचने व सोशल मीडिया का प्रयोग करने में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा छात्राओं को सशक्त व स्वावलंबन बनने व सशक्त करने हेतु महिला हेल्पलाइन नं0–1090, 181, 112, महिला अपराध की जानकारी देकर तथा उनके अधिकारो के प्रति जागरुक किया गया तथा अपील की गई की।

## सौर ऊर्जा लाइटों से जगमगाएंगे मोहल्ले और धार्मिक स्थल

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

- फफूंद के दस मोहल्लों और धार्मिक स्थलों पर लगेंगी सौर ऊर्जा



फफूंद(औरैया)

फफूंद नगर पंचायत के मोहल्ले और धार्मिक स्थल अब सौर ऊर्जा लाइटों के प्रकाश से जगमगाएंगे।नगर पंचायत ने कस्बे के धार्मिक स्थलों और मोहल्लों में लाइट लगाना शुरू कर दिया है।

फफूंद कस्बे में आबादी बढ़ने के साथ ही तमाम मोहल्लों में नई बस्ती भी आबाद हुई है जहां मकान तो बने हैं लेकिन अभी तक विद्युत लाइन नही पहुंची है उन मोहल्लों में शाम ढलते ही अंधेरा हो जाता था लोगों को बड़ी परेशानी होती थी और कीड़े मकोड़ो का खतरा बना रहता था।इस दिक्कत को देखते हुए नगर पंचायत द्वारा वहां सोलर लाइट लगाने की पहल शुरू की गई है।नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अनुराग शुक्ला ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा कस्बे में धार्मिक स्थलों और मोहल्लों में बीस से अधिक सोलर लाइट लगाई जाएंगी जिसकी शुरुआत भी कर दी गयी है।

## युवा सम्राट एवं जिले के प्रमुख समाज सेवी का जन्मदिन मनाने पहुँचे सतेन्द्र सेंगर

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया। नगर के प्रख्यात एवं जाने माने समाज सेवी एवं युवाओं के दिल की धड़कन संवेदना ग्रुप के संचालक अधिवक्ता सक्षम सेंगर जोकि शहर के समाजसेवियों में प्रथम स्थान रखने वाले जिनकी संवेदना के आगे हर व्यक्ति नत मस्तक है। जिन्होंने गरीबों के लिए एक मसीहा बनकर कोविड –19 जैसी घातक महामारी में समाज सेवी सतेन्द्र सेंगर जोकि मीडिया अधिकार मंच भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सक्षम सेंगर को उपहार देकर जन्मदिन शुभकामनाएं देते हुए कहा हैं कि शायद जनपद और क्षेत्र में सक्षम सेंगर जैसे भाई और हो जाये तो शायद समाज की कई समस्याये खत्म हो जाये, साथ ही आपसी भाई चारा और सौहार्द भी कामयाब बना रहे। श्री सेंगर को नगर के कई प्रतिष्ठित लोगों जन्मदिन की



अपनी युवा टीम के साथ घर भोजन व्यवस्था करने का कार्य किया है।

इतना ही नहीं सक्षम सेंगर ने गरीब और बेसहारा बच्चों को कपड़े, किताब, खिलौने तक व्यवस्था करके रखने वाले हृदय सम्राट शहर के प्रमुख समाजसेवी संवेदना ग्रुप के संस्थापक सक्षम सेंगर के जन्मदिन पर एक दूसरा युवा सुभकामनाये दी।

जिनमें से कुलदीप सेंगर, सुधीप चौहान अखिल भारतीय विद्यार्थी संघ सयोजनक, प्रवीन पाल, मोहित दुबे, अमित कुमार, कार्तिक गुप्ता, राघव मिश्रा, बृजेश सेंगर, शिवम सेंगर व पल्वी पाल आदि कई लोगों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाये दी हैं।

## वृक्षारोपण जन आंदोलन के तहत पंचायतों में नही पहुचे सचिव

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

- सरकार की मंशा को पलीते लगा रहे ग्राम पंचायत सचिव
- पंचायतों में प्रधानों की उपस्थिति में रोपे गए पौधे
- पंचायत सचिव की उपस्थिति न होने से पौधरोपण में आयी कमी

फफूंद/औरैया।

मंगलवार को आजादी की 75वीं



वर्षगांठ के शुभ अवसर पर वृक्षारोपण जन आंदोलन के तहत जनपद के 470 ग्राम पंचायतों व 6 नगर पंचायतों सहित एक नगर पालिका में आज किया गया वृक्षारोपण।जहाँ नगर पंचायतों व ग्राम पंचायतों में पौधे रोपे गए।

विकासखण्ड भाग्यनगर की ग्राम पंचायत उसरारी तथा कोठीपुर में भी ग्राम प्रधान संत कुमार नायक,अमरीश पाण्डेय की उपस्थिति में विद्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर पौधे रोपे गए जबकि ग्राम पंचायत सचिव रविन्द्र दुबे पंचायतों में उपस्थित नहीं हुए।ग्राम पंचायत कोठीपुर के प्रधान अमरीश पांडेय ने बताया कि पंचायत में दो हजार दो सौ पौधे रोपे जाने थे लेकिन पंचायत सचिव रविन्द्र दुबे की उपस्थिति न होने से पंचायत में सिर्फ पांच सौ पौधे ही रोपे गए।और दोपहर 12 बजे तक पंचायत सचिव रविन्द्र दुबे पंचायत में नहीं पहुंचे थे।

ग्राम पंचायत सचिव रविन्द्र दुबे का कहना है कि मैं कोठीपुर व उसरारी पंचायत गया था और पौधा रोपण किया था।

## मानव व सभी जीव-जंतुओं के लिए हानिकारक है पॉलिथीन- शानू गुप्ता

– व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने बांटे कपडे व कागज के थैले



चित्रकूट ब्यूरो : राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को पॉलिथीन मुक्त अभियान चलाकर लोगों व दुकानदारों को कपड़े व कागज के थैलों का वितरण किया। इस दौरान दुकानदारों व आम लोगों को पॉलिथीन की जगह कपड़े के थैलों का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया।

संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री शानू गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पालीथीन मुक्त भारत अभियान को प्रभावी बनाने के लिए केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा देश व प्रदेश को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। जिसको लेकर आज व्यापारियों ने चित्रकूट मुख्यालय के ट्रैफिक चौराहे से प्रयागराज हाई–वे मार्ग पर छोटे दुकानदारों, ठेले वाले व मध्यम वर्गीय व्यापारियों को कपड़े व कागज के थैलों का निःशुल्क वितरण किया। जिसमें फल, सब्जी, किराना, दूध व गुमटी होटल वाले लोगों को विशेष रूप से जागरूक किया गया और उनसे आग्रह किया कि आप सब इस अभियान में शामिल हो तथा जनपद को पॉलिथीन मुक्त बनाने में सहयोग करें।

उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि पॉलिथीन मानव व सभी जीव–जंतु के लिए हानिकारक है, हमें पॉलिथीन को त्यागना होगा और कपड़े व कागज के थैलों को अपनाना होगा, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियां जागरूक रहें।

इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री विनोद केशरवानी, मंडल महामंत्री युवा शेशू जायसवाल, मण्डल सचिव विनोद आर्या, जिला प्रभारी विष्णु गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष सुनील जायसवाल, महिला जिला उपाध्यक्ष शकुंतला गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष नन्द किशोर गुप्ता, जिला संगठन मंत्री अमित गुप्ता, युवा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविराज अग्रहरी, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय सोनी, शुभम केशरवानी, संध्या गुप्ता, पप्पू गुप्ता, कमलेश साहू, सिब्बू अग्रवाल, दशरथ केशरवानी, स्वतंत्र गुप्ता, राजेन्द्र मामा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा का सहयोगी होने के कारण बूथों को मजबूत कर केंद्र में पुनः भाजपा की सरकार बनाना एक लक्ष्य है-डॉ.बाचस्पति

- बारा विधानसभा के दर्जन भर बूथों पर विधायक ने भाजपाइयों संग बैठक कर बनाईं रणनीति
- विधायक ने ग्रामीणों संग चौपाल लगाकर सुनी जनसमस्याएं,निदान का दिया आदेश



प्रयागराज। जनप्रतिनिधि व भाजपा के सहयोगी होने के कारण कमजोर बूथों पर पहुंच जनता के समस्याओं का सुन निदान कर भाजपा के "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास सबका प्रयासष को मूलमंत्र मानकर पुनः बूथ सशक्त कर भाजपा की केंद्र मे मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाना प्रथम लक्ष्य उक्त बातें विधायक बारा डॉ.बाचस्पति ने बूथ सशक्तिकरण अभियान के बैठक को नारीबारी के एक धर्मशाला मे कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही और आगें केंद्र और राज्य की योजनाओं को बताकर कमजोर बूथों को सशक्त बनाने के लक्ष्य में लगे रहे। जगह–जगह पौधारोपड़ भी विधायक डॉ.वाचस्पति ने किया।

नारीबारी के साथ सुरवल साहनी,कोहडिया,गडैया, सोनवर्षा सीधटिकट,अकौरिया, कल्याणपुर, गदामार,देवरी,वेनी,बसहरा उपरहार,ओढ़गी तरहार,जनवा,ओढगी तरहार,मदूरी,रिगंवा आदि बूथों पर भी विधायक ने बैठक कर जनचौपाल के माध्यम से समस्याओं को सुनकर निदान का भरोसा दिया।

साथ में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी,मंडल अध्यक्ष नारीबारी अंजनी लाल,मंडल अध्यक्ष जसरा जगत शुक्ला, उमेश शुक्ला के साथ बूथ सशक्तिकरण अभियान के आयोजक धर्मराज पाल, दिवाकर त्रिपाठी, अखिलेश सिंह पटेल, सोमनाथ वर्मा, कप्तान सिंह, शंकरलाल पांडेय के साथ सुभाष सिंह पटेल, रत्नाकर सिंह,संतोष सिंह,सुधाकर सिंह, महामंत्री ऋषि मोदनवाल, शक्ति केंद्र संयोजक गिरीश कुमार चतुर्वेदी, राकेश कुमार केसरवानी, राजकुमार केसरवानी, प्रदीप कुमार पाण्डेय,अनिल चतुर्वेदी, प्रशांत यादव आदि रहे।

## लहरपुर कोतवाल राजीव सिंह की तानाशाही हुई जग उजागर, कोतवाल की मनमानी से दर-दर भटकने को मजबूर पीड़िता मंजूषा

हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स के क्राइम रिपोर्टर शिव गोविन्द शुक्ला जनपद सीतापुर।



सीतापुर। लहरपुर, जहां एक तरफ सुबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ अपराधियों,माफियाओं,गुंडों,चोरों,लुटेरो पर नकेल कसने की बात करते हैं। और शासन प्रशासन की सख्ती से उन पर कार्यवाही करने की बात करते हैं। तो वही ठीक इसके उलट लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में दबंगों की दबंगई और चोरों की चोरियां जारी है। और लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में कानून व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त हो चुकी है। जहाँ तरफ नवागत कप्तान घुले सुशील चंद्रभान अपनी पारदर्शिता ईमानदारी व सख्त कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। तो वही लहरपुर कोतवाल राजीव सिंह की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लग रहे है। और पुलिस प्रशासन पर दाग लगाने की कोई भी कसर नहीं छोड़ रहे है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खेत में लगा जामुन का पेड़ गांव के ही दबंग ने चोरी से काट कर बेंच दिए।

पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर दबंगों के तहत कार्यवाही की मांग की है। पीडिता के अरोपानुसार पुलिस ने पीड़ित से कार्यवाही तो दूर मामले की जांच ही करना पुलिस ने मुनासिब नहीं समझा।पीड़ित उच्चाधिकारियों के ऑफिस के चक्कर लगाते परेशान होकर मुख्यमंत्री हेल्प डेस्क पर शिकायत की है। जानकारी के मुताबिक लहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम निंबोरी निवासिनी पीड़िता मंजूषा पत्नी इन्द्रसेन वर्मा ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र लेकर यह आरोप लगाया है। कि गांव के ही दबंग किस्म के निवासी डगरू वर्मा, पुत्र जमुना सागर वर्मा, कि मेरे खेत में लगा काफी पुराना जामुन का पेड़ लगा था।उसे वह 26, तारीख को रात में चोरी छुपे काट ले गए। हम लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी।जिसके बाद पीड़ित प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया। कि मंजूषा देवी ने 27, तारीख को कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र दिया था। इस पर कोई भी कार्यवाही नहीं हुई। इसके उपरांत तृतीय प्रार्थना पत्र पीड़ित ने 30, तारीख को कोतवाली में दिया था। उस पर भी कोई सुनवाई ना होने पर पुनः 2, तारीख को उप जिलाधिकारी लहरपुर को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी। जिसके बाद मुख्यमंत्री हेल्प डेस्क पर शिकायत की थी। जिसकी संदर्भ संख्या 9221 54000 46954 है। इस प्रकार से पुलिस अपना कर्तव्य निभा रही है। जो की गलत है।

## किसान मंच द्वारा पूर्व में दिए गए ज्ञापनों पर की जाए कार्यवाही

दैनिक अयोध्या टाइम्स क्राइम ब्यूरो चीफ शिव गोविन्द शुक्ला जनपद सीतापुर शिव प्रकाश सिंह



सीतापुर! मुंशी गंज सीतापुर किसान मंच कार्यालय पर संपन्न मासिक बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा वर्तमान की समस्याओं पर चर्चा की गई!बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिवध्प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा उ०प्र० सरकार के नए कार्यकाल में सौ दिन पूरे हो चुके हैं! परंतु मा० मुख्यमंत्री द्वारा भू माफियाओं के विरुद्ध चलाए जा अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन सीतापुर द्वारा निष्पक्ष तरीके से कार्रवाई नहीं की जा रही! किसान मंचध्संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा दिए गए ज्ञापन पर जिला प्रशासन सिर्फ खानापूर्ति कर रहा है! महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि केशव ग्रीन सिटी मुखिया मुकेश अग्रवाल पर विगत दिनों रामकोट थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी,परंतु अभी तक अवैध तरीके से निर्मित सिटी के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई!जांच टीम में उन्हीं लोगों को शामिल किया गया जो पहले से अवैध निर्माण में जिम्मेदार थे! जिला प्रभारी अंबुज श्रीवास्तव ने कहा प्रदेश सरकार किसान हितैषी होने का ढिंढोरा पीट रही है परंतु सहकारी चीनी मिल महमूदाबाद पर गन्ना किसानों का विगत सत्र का बकाया भुगतान नहीं कर रही? चौदह दिनों में भुगतान का दावा करने वाले मा० मुख्यमंत्री खुद अपनी कही गई बात पर अमल नहीं कर पा रहे! जिला अध्यक्ष मतीन खां ने कहा कि विगत तेरह जून को नगर विकास राज्यमंत्री विधायक सीतापुर ने तरीनपुर मोहल्ले में एकड़ों में फैले तालाब पर हर तरफ से किए गए अवैध कब्जे के विरुद्ध अभियान चलाने का निर्देश जिला प्रशासन को दिया था, परंतु मा० मंत्री जी द्वारा किए गए आदेश के बावजूद जिला प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा!बैठक में निर्णय लिया गया कि जब सत्ता पक्ष के जिम्मेदार मंत्री द्वारा लिए गए निर्णयों पर जिला प्रशासन मौन है, फिर इनके विरुद्ध धरना प्रदर्शन और आंदोलन के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं है!कार्रवाई न होने पर किसान मंच द्वारा शीघ्र ही आंदोलन किया जाएगा!बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों में राजू खान,डा० इस्लामुद्दीन अंसारी,पंकज मिश्रा,नफीस गाजी शराफत खान,विट्टो मौर्य,विजय कुमार सिंह, मासूम अली, शोभित श्रीवास्तव, शिव पूजन यादव,नीलम देवी, गुड्डी सिंह, रजनीश बाजपेई,मुनेश्वर सिंह, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, माया देवी,आशीष पांडे,वकील बादशाह,चमन सहित अन्य साथी उपस्थित थे!

## छूटे लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान शुरू, 5 से 20 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा विशेष आयुष्मान परववाडा निशुल्क बनेंगे लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन)छूटे हुए लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आयुष्मान भारत पखवाड़े मंगलवार यानी 5 जुलाई से शुरू हो गया है। यह पखवाड़ा 20 जुलाई तक चलेगा। पखवाड़े के दौरान जिले के सभी नौ विकासखंड में आयुष्मान भारत पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शेष बचे हुए कुल 49954 लाभार्थी परिवारों के आयुष्मान कार्ड पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही शेष बचे हुए 28508 अंत्योदय राशन कार्ड धारक परिवारों को भी आयुष्मान कार्ड उपलब्ध करवाने का लक्ष्य है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा ने बताया कि अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के शासनादेश के क्रम में यह पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है।

जिसके लिए सभी विकास खंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है कि वह अपने अपने विकासखंड में अधिक संख्या में लाभार्थियों को प्रचार प्रसार कर आयुष्मान कार्ड उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे। जनपद में सभी आयुष्मान कार्ड निशुल्क बनाए जाएंगे। चिन्हित सभी लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड सभी कॉमन सर्विस सेंटर एवं पंजीकृत अस्पतालों में बनाए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 23 सितंबर 2018 के दिन योजना की शुरुआत में कुल 103682 परिवारों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सम्मिलित किया गया था। बाद में 1 मार्च 2019 से 1360 परिवारों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान में भी जोड़ा गया। 23 सितंबर 2021 को जनपद के समस्त अंत्योदय राशन कार्ड धारक परिवारों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान में जोड़ दिया गया।

लाभार्थी नजदीक के पंजीकृत चिकित्सालय में के अलावा किसी भी जनसेवा केंद्र पर अपना और अपने परिवार के किसी भी सदस्य का आयुष्मान कार्ड निशुल्क बनवा सकते हैं।

आयुष्मान भारत के जिला कार्यक्रम समन्वयक डा. आशीष कुमार झा ने बताया कि 49954 लाभार्थी परिवारों तक आयुष्मान कार्ड पहुंचाने का लक्ष्य है। जिसमें शहरी क्षेत्र में 18057 और ग्रामीण क्षेत्र में 31897 परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने है। इसके अलावा मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के 967 लाभार्थी परिवारों में आयुष्मान कार्ड पहुंचाने का लक्ष्य है। 28508 अंत्योदय राशनकार्ड धारक परिवारों के भी आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हैं। डा. झा ने बताया कि इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड का होना जरूरी है। लिहाजा आयुष्मान कार्ड बनवा लें, जिससे समय पर काम आ सके।

# संक्षिप्त समाचार

### जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के तहत दो दिवसीय विकास खंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला (बलरामपुर)। जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के तहत दो दिवसीय विकास खंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक सभागार में किया गया। एफटी के माध्यम से डब्ल्यू क्यूएमआईएस प्रशिक्षण आंगनबाड़ी, आशा, शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित किया गया।



कार्यक्रम में प्रशिक्षक अनिल सिंह ने प्रत्येक महिला को जल जांच करने की विधियां सिखाई। दूषित पानी के सेवन से होने वाली बीमारियां व उससे बचाव की जानकारी दी गई। बीडीओ सुमित सिंह ने कहा कि नमामि गंगे योजना के तहत केंद्र सरकार हर घर तक स्वच्छ पानी पहुंचाने का संकल्प लेकर चल रही है ताकि जल जनित बीमारियों से लोग सुरक्षित रहें। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि महिपाल चौधरी ने कहा कि हर घर में साफ पीने का पानी उपलब्ध हो इसकी चिंता मोदी सरकार कर रही है। ताकि बारिश के दिनों में लोग कुएं, पोखरों या दूषित स्थानों का पानी उपयोग न करें। कार्यक्रम को लखनऊ से सूचीबद्ध संस्था विंग्स ने आयोजित किया। टीम से शिवम श्रीवास्तव, सोनू सैनी, शाहनवाज अहमद, गुलजार अली, आलोक सिंह, अमर सिंह, सूरज यादव, डीपीएमओ कोआर्डिनेटर रूपेंद्र श्रीवास्तव, जल निगम के लैब इंचार्ज शिवाजी मौर्य मौजूद रहे।

### बेखौफ चोरों ने दो घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया

रसूलाबाद कानपुर देहात। जब से रसूलाबाद में कोतवाल बदले हैं तब से अपराध चरम पर है। लगातार अपराध की बड़ी वारदातें सामने आ रही हैं। बेखौफ चोरों ने दो घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया और 5 लाख की नगदी सहित लगभग 24 लाख रुपए का जेवरात पार कर लिया। सूचना पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।



रसूलाबाद थाना क्षेत्र में इन दिनों चोर और बदमाश बेखौफ हैं। उन्हें पुलिस का खौफ नहीं है। एक के बाद एक चोरी और लूट की घटनाएं सामने आ रही हैं। ताजा मामला है जनपद के रसूलाबाद कस्बे के रहीमनगर वार्ड का जहां पर चोरों ने दो घरों को अपना निशाना बनाया। पहले घर में मंजूर अहमद पप्पू पुत्र मकसूद के घर में धाबा बोलकर साडे तीन लाख नगद व करीब 22 लाख का जेवरात पार कर दिया। इसके अलावा उनके छोटे भाई मसरूर खान पिंटू के घर से डेढ़ लाख नगद व करीब 2 लाख का जेवरात पार कर दिया। जब चोरी की घटना हुईं तब घर के लोग दूसरे कमरों में सो रहे थे। कमरों का ताला खोलकर व सेफ की तिजोरी खोलकर नगदी व जेवरात पार किए गए।अनुमान है कि चोर छत से आए थे और जीने के रास्ते से घर में घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब घर के लोग जागे तो अलमारी को को खुला और सामान को बिखरा हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए।सूचना पर कोतवाल शिव ठाकुर सहित भारी पुलिस बल पहुंचा पुलिस ने बताया कि फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड टीम आएगी और जांच पड़ताल की जाएगी। वहीं इस घटना से पुलिस की गश्त प्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्राधिकारी आशापाल सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है जल्द चोरी का खुलासा करेंगे।

### तीन दिवसीय वृहद वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत


रसूलाबाद कानपुर देहात। तीन दिवसीय वृहद वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत हुई। जिसमें खंड विकास अधिकारी ने ब्लाक परिसर सहित कई ग्राम पंचायतों में पौधरोपण कर स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया।

मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार पौधरोपण अभियान की शुरुआत हुई। जिसमें रसूलाबाद ब्लाक में प्रथम दिवस को कुल 169370 पौधे लगे। इस दौरान ब्लाक परिसर में पौधरोपण करते हुए खंड विकास अधिकारी कमलेश कुमार ने कहा कि पेड़ों से पेट भरने के लिए फल–सब्जियां और अनाज मिलता है तो तन ढकने के लिए कपड़ा मिला। घर के लिए लकड़ी मिली और इनसे जीवनदायिनी ऑक्सीजन भी मिलती है। जिसके बिना कोई एक पल भी जिन्दा नहीं रह सकता। इनसे औषधियां मिलती हैं। पेड़ इंसान की जरूरत हैं, उसके जीवन का आधार हैं। अमूमन सभी मजहबों में पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया गया है। भारतीय समाज में आदिकाल से ही पर्यावरण संरक्षण को महत्व दिया गया है। भारतीय संस्कृति में पेड़–पौधों को पूजा जाता है। विभिन्न वृक्षों में विभिन्न देवताओं का वास माना जाता है। इस दौरान उन्होंने एडीओ पंचायत दिनेश चंद्र पांडेय के साथ पशु आश्रय स्थल असालतगंज, शहबाजपुर,मेघजाल सहित कई ग्राम पंचायतों में पौधरोपण किया। एडीओ पंचायत दिनेश चंद्र पांडेय ने बताया कि इस बार पेड़ों की सुरक्षा के लिए चरागाह वाले क्षेत्रों में खाई बनाई गई है और तार भी लगाये जा रहे हैं ताकि पेड़ सुरक्षित रह सकें। इस मौके पर प्रमुख रूप से जेई डीके पाल, सचिव दीपक त्रिपाठी, शिव बहादुर, ब्रह्मराज, वरिष्ठ सहायक देवेंद्र कुमार, परमानंद शुक्ला, महेश गुप्ता,राकेश कुमार, हर्षित शुक्ला आदि कर्मचारी आदि रहे।



### पार्किंग शुल्क अधिक के लिए जाने से नाराज टेंपो चालकों ने नगर पंचायत के बाहर हंगामा काटा

रसूलाबाद कानपुर देहात। पार्किंग शुल्क अधिक के लिए जाने से नाराज टेंपो चालकों ने नगर पंचायत के बाहर हंगामा काटा और अधिकारियों से संवाद किया लेकिन उनकी समस्या का कोई हल नहीं निकला। उन्होंने कहा कि मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से करेंगे.।



रसूलाबाद कस्बे के विभिन्न मार्गो पर टेंपो चलाने वाले चालकों में मंगलवार को आक्रोश देखने को मिला। जहां पर टेंपो चालक नगर पंचायत के बाहर टेंपो लेकर खड़े हुए और विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी से वार्ता कर उनसे कहा कि प्रतिदिन के हिसाब से ही 15 दे सकते हैं क्योंकि डीजल महंगा है और स्टैंड संचालक को भी 10 देने पड़ते हैं। टैम्पो चालक राजा चौबे, सुमित, लालजी,रामजी,अनुज, देवेंद्र,घनश्याम,अर्जुन,रोहित, अतुल,अशोक,रघुवीर आदि ने बताया कि अगर प्रति चक्कर उनसे रुपए लिए जाएंगे तो इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से करेंगे।

### पासी समाज में बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ बनेगा तभी अत्याचार का निवारण होगा - डा. एम.पी. सरोज प्रतापगढ़

ओंकार नाथ चौधरी। सामाजिकजागरुकता कार्यक्रम का आनलाइन आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी द्वारा आयोजित किया गया। बलरामपुर,लखनऊ, उन्नाव, श्रावस्ती,प्रतापगढ़,सीतापुर,रायबरेली,प्रयागराज ,इलाहाबाद,हरदोई, लखीमपुर, भदोही, फतेहपुर, पंजाब , विहार, प्रदेशों व जनपदों से पासी समाज के साथी ने अपने अपने विचारों को प्रस्तुत किया।इस कार्यक्रम का संचालन श्री शिवराम रावत उन्नाव से व श्रीमती रीता चौधरी श्रावस्ती द्वारा किया गया श्री शिवराम रावत उन्नाव जी ने कहा कि अत्याचार निवारण के लिए हम सबको एक संगठन बनाना होगा और हमें एक ऐसा संगठन बनाना होगा कि सभी लोग उस में भागीदारी करें और अत्याचार निवारण की बात करें।



दैनिक अयोध्या टाइम्स RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## पौधरोपण करके पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज अवस्थी। महसी (बहराइच) प्राथमिक विद्यालय साईंगांव में वृक्षारोपण जन आंदोलन अभियान के तहत माननीय मुख्यमंत्री की मंशानुसार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी जगन्नाथ यादव के निर्देशन में मंगलवार को फखरपुर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय साईगांव बौंडी प्रथम व मेला रामघाट सहित सभी विद्यालयों के शिक्षकों, ग्राम प्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने वृक्षारोपण किया।



प्राथमिक शिक्षक संघ संरक्षक साकेत भूषण तिवारी ने छात्रों व ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि विकास खंड के प्रत्येक विद्यालय में इस अभियान के तहत दस दस पेड़ विद्यालय में लगाये जा रहे हैं तथा अध्ययन रत बच्चों के दादा– दादी नाना– नानी आदि के नामो की तख्ती प्रत्येक बृक्ष के सम्मुख लगाई जा रही है। जिससे बच्चों में उस पेड़ के प्रति लगाव पैदा होगा। विद्यालय मे मुख्य रूप से आंवला, नीबू ,सहजन तथा अन्य छायादार बृक्ष लगाये जा रहे हैं।

इस अभियान में उपेंद्र उपाध्याय, अमित आर्य, राम करन पाण्डेय, बृज राज सिंह, सौरभ गुप्ता, विभा देवी, अभिमन्यु, परमेश रीना सहित शिक्षक शिक्षका एवं छात्र छात्राये उपस्थित रहे।

## आरक्षी को राजकीय इंटर कश्लेज में प्रवक्ता बनने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा दिया गया बधाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बहराइच, 05 जुलाई।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बतौर टेलीफोन ड्यूटी कार्यरत आरक्षी हरेंद्र कुमार यादव का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा इंटर कॉलेज में अंग्रेजी के प्रवक्ता पद पर किया गया है ,उक्त चयन की जानकारी होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उक्त आरक्षी को बधाई दिया गया उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी।

गौरतलब है कि मूलरूप से जनपद संत कबीर नगर के थाना दुधारा निवासी हरेंद्र कुमार वर्ष 2016 बैच के आरक्षी है व वर्तमान में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में टेलीफोन डयूटी पर कार्यरत है।

## पर्यावरण सुरक्षा को देखते हुए पौधरोपण कर ली शपथ

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बहराइच उत्तर प्रदेश



बहराइच। खुटेहना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पहाड़वा में पौधरोपण जन आंदोलन अभियान के तहत पयागपुर ब्लॉक के सिविलियन प्राथमिक विद्यालय पहडवामैं शिक्षकों ने पौधरोपण किया तथा पर्यावरण को संरक्षण देने की शपथ ली। इस अवसर पर सहायक अध्यापक सारिका शिक्षामित्र रामनिवास मिश्रा दुर्गा प्रसाद मिश्रा प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र नाथ वर्मा मौजूद रहे। इसके अलावा गौआश्रय केंद्र पहाड़वा मेंप्रत्येक जीव बिना ऑक्सीजन के जीवित नहीं रह रह सकते।इस अवसर पर भूपेंद्र नाथ वर्मा अशोक वर्मा पंकज मिश्रा बृजेश शुक्ला हेमंत सिंह राज कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।



## खंड विकास अधिकारी महोदय जरा दीजिए ध्यान जलभराव की समस्याएं लगातार आ रही सामने

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता मोतीपुर रोशनी तिवारी। ब्लॉक मिहींपुरवा क्षेत्र के कई ग्राम सभाओं में नहीं है साफ–सफाई कहीं तो नालियों के ढक्कन नहीं कहीं पर सिर्फ और सिर्फ जलभराव कहीं–कहीं तो खड़ंजा सड़के नहीं है लोगों को आज भी मिट्टी की सड़कों पर निकलना पड़ रहा है।



बहराइच/विकासखंड क्षेत्र मिहिपुरवा
ग्राम सभा क्षेत्र चितलहवा जो कि नेपाल बॉर्डर से सटा हुआ गांव है में साफ–सफाई को लेकर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं।

नालिया नहीं है मेन रोड पर इस तरीके से भरा है पानी ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव का ध्यान इन मुद्दों से भटका हुआ है हालांकि बरसात चालू हो गई है लोगों को और भी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा तत्कालीन संज्ञान लेते हुए खंड विकास अधिकारी को उठाने चाहिए ठोस कदम।

## सुजौली क्षेत्र में नही थम रही खाद की तस्करी, संरक्षित वन क्षेत्र में तस्करों की चहलपहल पर वन विभाग मौन

दैनिक अयोध्या टाइम्स
मिहीपुरवा बहराइच
मिहींपुरवा(बहराइच)– सुजौली क्षेत्र अंतर्गत भारत–नेपाल सीमा पर खाद की तस्करी पर पुलिस व प्रशासन तथा सुरक्षा बल के जवानों द्वारा लगाम कस पाना मुश्किल हो रहा है । खाद की तस्करी बड़े पैमाने पर हो रही है । आलम यह है कि खाद की तस्करी करने वालों का हौसला इतना बुलंद हो गया है कि उन्हें पुलिस व एसएसबी व प्रशासन का कोई खौफ नही रह गया है । बर्दिया गांव के कुछ लोग दिन रात मोटरसाइकिल से बिछिया, चफरिया, बड़खड़िया आदि गांवों से खाद की तस्करी कर सीमा पार कर रहे हैं । बतादें की खाद के तस्करों की कटियारा बीट के बाघ संरक्षित क्षेत्र में दिनोरात चहलपहल रहती है ऐसे में वन्यजीव क्षेत्र में प्रवेश करने पर वन विभाग भी उनपर कोई कार्यवाई नही कर रहा है । जबकि कटियारा बीट में बर्दिया गांव के ही दर्जनों लोगों को बाघ ने अबतक निवाला बनाया है ।





## बहराइच सांसद अक्षर लालगढ़ डीएम बहराइच और एसपी बहराइच की मौजूदगी में संपन्न हुआ पर्यावरण दिवस समारोह कार्यक्रम

पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम मे दिया गया लोगों को पर्यावरण बचाव के सुझाव।

दैनिक अयोध्या टाइम्स/कैसरगंज बहराइच। पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन वन क्षेत्र कैसरगंज के मझारा तौकली के गांधीगंज स्थित वन क्षेत्र में आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहराइच सांसद अक्षयवर लाल गौड़ व विशिष्ट अतिथि के रूप में एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी रहीं। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीण व पत्रकार बंधु को समी का पौधा सम्मान पूर्वक भेंट करते हुए वन पर्यावरण दिवस के बारे में जानकारी दी। और पौधों की रक्षा करने की बात कही वहीं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पहले लोग कहते थे कि जल ही जीवन है ।





लेकिन अब जल के साथ साथ पेड़ पौधे भी जीवन के सहयोगी है और इनकी रक्षा करना हमारा आपका कर्तव्य है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि अक्षयबर लाल गौड़, विशिष्ट अतिथि एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, जिलाधिकारी दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक केशव चौधरी, डीएफओ मनीष कुमार, उपजिलाधिकारी महेश कैथल, डीएसओ विमल कुमार,रेंजर आर पी चौधरी,दीपक सिंह,वन दरोगा अहमद हसन,जहीरूद्दीन, वीट प्रभारी जुबेर अहमद, व समस्त सम्मानित अधिकारीगण, शिक्षक शिक्षका एवं ग्रामीण, छात्र छात्राये उपस्थित रहे।

## ग्राम विकास पेशेवर,शहर के डाक्टर टेली-मेडिसिन सलाह मंच एनजीओ की पेशकश करने के लिए हाथ मिलाते हैं

दैनिक अयोध्या टाइम्स लखनऊ उत्तर प्रदेश। लखनऊ। पैंतीस वर्षीय रंजीता देवी को 2021 में उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर में स्तन कैंसर का पता चला था, लेकिन उनके किसान पति के पास इलाज के लिए सीमित संसाधन थे। गरीब परिवार को स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता संदीप कुमार से मदद मिली, जो खुद बचपन के कैंसर से बचे हुए थे, उन्होंने शीघ्र परामर्श, निदान और उपचार के महत्व को महसूस किया।

इस साल मार्च में, रंजीता कैंसर पर विजय पाने के बाद घर लौट आई, श्री कुमार द्वारा व्यवस्थित वित्तीय सहायता और बनारस में टाटा अस्पताल के डॉक्टरों से मदद के लिए धन्यवाद।

डिजीस्वास्थ्य फाउंडेशन द्वारा ऑनलाइन परामर्श से लाभान्वित रंजीता देवी याद करती हैं, ष्एक समय में, मुझे लगा कि मैं कभी जीवित नहीं रह पाऊंगी।ष् यह एनजीओ तकनीक का लाभ उठाकर पूरे ग्रामीण भारत में सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करता है। टियर 1 शहरों के विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ वीडियो परामर्श न केवल रंजीता के लिए बल्कि दर्जनों अन्य लोगों के लिए महामारी के दौरान उपयोगी साबित हुआ।

सामाजिक कार्य, समाजशास्त्र और विकास प्रबंधन में परास्नातक श्री कुमार द्वारा प्राप्त अनुभव, महामारी के दौरान जीवन बचाने एवं रोगियों और डॉक्टरों के बीच की खाई को पाटने के दौरान एक संस्थागत आकार ले लिया जब उन्होंने जुलाई 2020 में एक फिजिटल फिजिकल़डिजिटल – टेलीमेडिसिन सेंटर लॉन्च किया।

श्री कुमार की पहल, जिसे बाद में दिल्ली के डॉ. पल्लबी रॉय ने मदद की, डिजीस्वास्थ्य के पांच भौतिक टेलीमेडिसिन केंद्र हैं, जहां मरीज आते हैं और डिजीस्वास्थ्य टीम 0 रुपये से 250 रुपये के मामूली शुल्क पर डॉक्टरों के साथ ऑनलाइन परामर्श प्रदान कराती है।

श्री कुमार बताते हैं, ष्यूपी में संत कबीर नगर, अहमदाबाद, मुंबई, पुणे में टेकवाड़ी और बिहार के साहेबगंज, मुजफ्फरपुर में हमारे केंद्र हैं।ष

डॉ पल्लबी रॉय ने कहा कि पिछले दो वर्षों में, उनके डिजिटल रेफरल रूट ने 7,200 से अधिक परामर्शों की व्यवस्था की है, ज्यादातर ग्रामीण निवासियों के लिए, जिनकी विशेषज्ञ डॉक्टरों तक बहुत कम पहुंच है। उन्होंने कहा कि अटल इनोवेशन मिशन और नीति आयोग द्वारा समर्थित एआईसी–आरएमपी के तहत अब डिजीस्वास्थ्य को इनक्यूबेट किया गया है।

## दो वर्ष पूर्व हुए फैसले पर मानने को तैयार नहीं विपक्षी, पुलिस के सामने डडे वा ईट से बोला हमला पुलिस ने नहीं दर्ज किया विपक्षियों पर मुकदमा

अमृतपुर चौकी के सामने से अवैध बालू, अवैध मिट्टी कि ट्रैक्टर, ट्राली जोरों से निकल जाती है। चौकी पर बैठे चौकी इंचार्ज समेत कई कानेस्टेबल मुकदर्सक बने रहते है।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
संवादाता मोतीपुर रोशनी तिवारी
बहराइच मोतीपुर मिहिपुरवा क्षेत्र अंतर्गत कोतवाली मुर्तिहा के अमृतपुर पुरैना निवासी प्रेम नारायण बाजपेयी ने थाना प्रभारी शशि कुमार राणा को प्रार्थना पत्र देकर विपक्षी राम शरण राजीव लोचन आदि के ऊपर अपने पुश्तैनी कब्जे के हिस्से की जमीन छोड़ कर प्रेम नारायण के हिस्से की जमीन जोर जबरदस्ती से कब्जा करने का आरोप लगाया हैं। व राम शरण के रिश्तेदार ओमप्रकाश संजीव कुमार श्रीकृष्ण बाजपेई गया प्रसाद पांडेय रामकृपाल ,रामशरण बाजपेई पर धमकी व मारपीट का आरोप लगाया है। प्रार्थी प्रेम नारायण ने थाना प्रभारी मुर्तिहा को प्रार्थना पत्र देकर जान माल की धमकी देने वालो पर कार्यवाही व बंटवारा करवाए जाने की मांग की है।

पौधरोपण करके पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई

पीड़ित के अनुसार
अमृतपुर चौकी इंचार्ज कमलेन्द्र प्रताप सिंह मौखिक में द्वारा दो वर्ष पूर्व बटवारा करवाए थे जिससे प्रेम नारायण कई बार चौकी इंचार्ज से लिखित रूप में मामला करने को कहा जिसे वह आज कल टाल मटोल करते रहे है। उसी समय लिखित में मामला हो जाता तो शायद आज दोनो परिवारों में फिर लड़ाई नहीं होती

क्या कहते हैं। चौकी इंचार्ज कमलेन्द्र प्रताप सिंह

एक डेढ़ वर्ष पूर्व मामला करवा दिया गया था लेकिन वह लोग अब मानने को तैयार नहीं है। इसी लिए यह मामला राजस्वव विभाग का है। उसी के अंडर कर दिया गया है।



## बहराइच जिले के सीमा से सटे हुए वन क्षेत्र अब्दुल्लागंज में सकुशल संपन्न हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम

मौजूद रहे ब्लाक प्रमुख जेपी सिंह

दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्ट देवेश पांडेय । बहराइच ।
पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान ब्लाक प्रमुख जे पी सिंह ने वृक्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्षों का संरक्षण हमारी संस्कृति रही है। हमारे यहां पेड़ों की पूजा होती रही है ताकि पेड़ सुरक्षित रहे। धरती के हरा भरा रहने से जहां पर्यावरण का संरक्षण होता है वही वर्षा भी अच्छी होती है। साथ ही भूमि के क्षरण पर भी अंकुश लगता है। पेड़ पौधों से हमे नाना प्रकार की जड़ी बूटियां प्राप्त होती है जो हमारे लिए दवा के रूप में काम आती है। पेड़ों का सबसे बड़ा महत्व यह है कि पेड़ हमे जीवन दायनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। पेड़–पौधों से पशु–पक्षियों को चारा भी मिलता है। वक्ताओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए आमजन से अधिकाधिक पौध रोपण करने तथा रोपे गये पौधों की सुरक्षा में सहयोग प्रदान करने की अपील की गयी। उधर अब्दुल्लागंज वन क्षेत्र में प्रभारी रेंज अधिकारी हेमंत मणि तिवारी ने समस्त वन कर्मियों के साथ ब्लाक प्रमुख नवाबगंज जेपी सिंह व प्रमुख प्रतिनिधि एस पी सिंह के नेतृत्व में पौधरोपण किया आज के दिन करीब 8000 पौध रोपित किए गए।






## प्रबंध निदेशक द्वारा पौधारोपण कर पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया

मुन्ना अंसारी महराजगंज
महराजगंज। उत्तर प्रदेश के जनपद महराजगंज में पौधरोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश पॉवर कार्पोरेशन के एमडी व जिले के नोडल अधिकारी पी गुरू प्रसाद ने सोमवार को जनपद के के ई हिस्सों का दौरा किया।और स्वयं पौधारोपण कर पौधरोपण अभियान का शुभारम्भ किया । इस दौरान उन्होंने जिले के तीन विद्युत उप केंद्रों का भी निरीक्षण किया । उत्तर प्रदेश को प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से 5 जुलाई को पूरे प्रदेश में 25 करोड़ पौधरोपण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है । वही महराजगंज जनपद में पौधरोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी के रूप में उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पी गुरु प्रसाद ने सोमवार को महराजगंज जनपद में पौधरोपण अभियान की शुरुआत की । इस दौरान उन्होंने जनपद में विद्युत वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से निर्माणाधीन तीन विद्युत उप केंद्रों का निरीक्षण कर अधिकारियों को जल्द से जल्द उसके निर्माण कार्य पूरा करने को लेकर दिशा निर्देश दिया । पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक ने कहा कि पौधरोपण को लेकर सभी ग्राम पंचायतों सहित अन्य स्थानों पर तैयारी पूरी कर ली गई है । तीन दिनों तक चलने वाले इस अभियान में जनपद में लगभग 32 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है । पूरे प्रदेश में वन का जो प्रतिशत होना चाहिए वह बेहद कम है । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले कई वर्षो से इस महत्वपूर्ण अभियान की शुरुआत की है । इस वर्ष भी पूरे प्रदेश में 25 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है । उन्होंने बताया कि महराजगंज जनपद में विद्युत वितरण व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए 1 सौ 30 करोड़ की लागत से तीन नए विद्युत सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है । जिसका निर्माण कार्य पूरा होने के बाद उसे जल्द चालू किया जाएगा। वहीं पर जनपद महराजगंज के निचलौल तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा नौनिया में

नोडल अधिकारी पी गुरु प्रसाद व सीडीओ गौरव सिंह सोगरवाल आदि छोटे बड़े अधिकारीयों ने ग्राम पंचायत नौनिया में आयोजित वन महोत्सव कार्यकम में उपस्थित हो कर कई कार्यों का निरीक्षण कर जायजा लिया वहीं पर मौजूद समूह की महिलाओ द्वारा मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव को गुलदस्ता देकर जोरदार स्वागत किया गया।

उन्होंने नौनिया पोखरे के पास पौधारोपण किया। उसके बाद नौनिया गांव के आदि लोगों सहित को सौ सौ पौधा देकर उसे लगाने के साथ साथ उसकी देखभाल करने की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा यह पौधा एक संतान की तरह होता है जिसका देखभाल कर इसे बड़ा करना आपकी जिम्मेदारी है।वहा से प्रमुख सचिव ने 40.71 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन 132\33 केवीए के उप्र पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि. के कार्य प्रगति की देख भड़क उठे। उन्होंने ठेकेदार को इसके लिए कड़ी फटकार लगाते हुए काम निपटाने का आदेश दिया। वही पर माधवनगर तुरकहीया ग्राम सभा में मनरेगा स्टेडियम का निरीक्षण कर पौधारोपण किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान सुभावती देवी व दर्जनों की संख्या में समुह की महिलाओं ने गुलदस्ता भेंट किया और नौनिया से तुरकहियां होते हुए घटिया को जाने वाली टूटी फूटी सड़क मार्ग को ठीक कराने की अपील की जिस पर नोडल अधिकारी ने बनवाने का आश्वासन दिया। उक्त नोडल अधिकारी की सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस की कड़ी पहरेदारी देखी गई।




# संक्षिप्त समाचार

### प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य ने शिक्षा समिति से अपने मनमानी से बदलकर गायब कर दिए 200000 लाख रुपया

सिद्धार्थनगर। ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर विकास खंड भनवापुर प्राथमिक विद्यालय के प्रधाना इंचार्ज ने शिक्षा समिति अपने मनमानी से बदलकर गायब कर दिए 200000 लाख रुपया जबकि इस मामले की कोई जानकारी न तो प्रधान की है और ना ही ग्राम पंचायत की कोई सदस्य की है प्रधाना इंचार्ज संजय रंजन द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है जो कि प्रधान का यह आरोप है कि बेघर ग्राम पंचायत की बैठक किए बगैर शिक्षा समिति की चौन कैसे किया गया देखना तो यह है कि रंगाई पुताई का पैसा जो सरकार द्वारा वित्तीय बरस और कम अपोजिट करंट का जो शिक्षा समिति ने पैसा था वह प्रधानाध्यापक द्वारा सुमित बदलकर लगभग लगभग 200000 लाख की गमन कर लिया गया है और जहां तक यह बताया जा रहा है कि स्कूल का एमडीएम भोजन बनाने वाला बर्तन चाचा और करा भी अध्यापक द्वारा भेज दिया गया है संजय रंजन के द्वारा विद्यालय में बिल्कुल आतंक मचा हुआ है ग्रामीणों का कहना है कि अगर अधिकारी तत्कालीन इन के खिलाफ कार्रवाई करके और सरकारी धन का वापसी नहीं कराते हैं तो आए दिन यहां कुछ भी हो सकता है । आज की रिपोर्ट आर के शर्मा सिद्धार्थनगर

### गाली गलौज बना मारपीट का अखाड़ा वांछितों की हुई गिरफ्तारी

मुन्ना अंसारी महराजगंज। पुरंदरपुर –महराजगंज। जनपद महराजगंज के पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा परसा पाण्डेय में दो



पक्षों में गाली–गलौज बना मारपीट का अखाड़ा और देखते ही देखते खुब चले लाठी डंडे लात घूंसे पुरन्दरपुर पुलिस को सूचना मिलते ही मौके बारदात पर पहुंच गई और मारपीट करने के मामले में वांछित अभियुक्तों को पुरंदरपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों में रविन्द्र उर्फ मजनू,घरबारी, नगेन्द्रनाथ,शिवदयाल प्रथम पक्ष व दूसरे पक्ष के मोहम्मद हसन उर्फ पिल्लू, इरफान, ताहिर, भूल्लूर, शामिल रहे।

### आम आदमी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष जाहिद अली के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

मुन्ना अंसारी महराजगंज । निचलौल –महराजगंज ।आज आम आदमी पार्टी के सिसवा विधान सभा अध्यक्ष जाहिद अली के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी निचलौल को ज्ञापन दिया गया और मांग किया गया की अमड़ी पूल से मिश्रौलिया गाव तक जाने वाली मुख्य सड़क एक वर्ष से निर्माणधीन है और सड़क पर चारों तरफ कंकण पत्थर पड़े हैं आने जाने में क्षेत्र वासियों को परेशानी होती है और करमहीयां के मिलहवा टोला से मिश्रौलिया के टोला गुलरभार तक पक्की सड़क बनी है जो मानक विहीन बना है उक्त पक्की सड़क बनाने में घटीयां सामग्री का प्रयोग किया गया है जिससे क्षेत्र की जनता में आक्रोश है दोषी ठेकेदार के विरूध कार्यवाही की जाय और जाच कर मानक के अनुसार पक्की सड़क बनाने का विभाग को आदेश दिया जाय। मौके पर शेराजुद्दीन अन्सारी, शैलेश कशौधन, मोहम्मद रिजवान,इजहार, लालू चौरसिया दुर्गेश लालमोहर आजम अतिउल्लाह मेराजुद्दीन लालू गुप्ता,आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### पति ने पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर हुआ फरार पत्नी गम्भीर रूप से घायल

मुन्ना अंसारी रिपोर्ट महराजगंज । फरेन्दा–महराजगंज। जनपद महराजगंज के फरेंदा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बड़हरा देवी चरण में पति पत्नी में कुछ बात को लेकर अनबन होने पर पति ने किया पत्नी पर





धारदार हथियार से वार पत्नी गंभीर रूप घायल घायल महिला का अस्पताल में चल रहा इलाज। मिली जानकारी के अनुसार उक्त घटना फरेन्दा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बड़हरा देसी चरण में एक पति ने अपने ही पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया उक्त हमले में पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गई गम्भीर स्थिति देख पति फरार हों गया, ग्रामीणों ने नाजूक हालत देख आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी इलाज हेतु पहुंचाया जहां पर डॉक्टर एके पांडे ने प्राथमिक उपचार कर हालात गंभीर होता देख जिला मुख्यालय अस्पताल रेफर कर दिया ।सुत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि फरेंदा थाना क्षेत्र की बड़हरा देवी चरण निवासी अन्नपूर्णा देवी उम्र करीब 32 वर्ष अपने गृह कार्य में व्यस्त थी अचानक पति सुजीत कुमार पत्नी पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया । ताबड़तोड़ हमले से अन्नपूर्णा गंभीर रूप से घायल हो गई पत्नी को अचेत अवस्था में छोड़ पति सुजीत कुमार घर से फरार हो गया ग्रामीणों की मदद से अन्नपूर्णा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी लाया गया जहां डॉ एके पांडे ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर घाव को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया सुचना मिलते ही पुलिस मौके बारदात पर पहुंच कर स्थिति से रुबरु हुई और जांच पड़ताल में जुट गई हैं।




शासन द्वारा कानपुर देहात जनपद हेतु नामित वृक्षारोपण नोडल अधिकारी निदेशक आईसीडीएस सारिका मोहन, जिलाधिकारी नेहा जैन, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय कलेक्ट्रेट, ईको पार्क, शुक्ल तालाब परिसर अकबरपुर में वृक्षारोपण करते हुए एवं नवीपुर में पौधशाला का निरीक्षण करते हुए

## युवक ने कपड़े के लाट की खरीद पर लाभ दिलाने के नाम पर कई लोगों से लाखों की रकम ठग कर फरार हो गया

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।
मोबाइल पर पीड़ितों को ठगी का आरोपित कार्रवाई करने पर धमकी दे रहा है। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है। कार्रवाई न होने पर पीड़ितों में रोष है।
जलालाबाद कस्बे के कटहरा बाजार में एक महीना पहले मुजफ्फरनगर के निवासी मोहसिन ने किराए पर मकान लिया है। एक माह के अंदर उक्त युवक ने बाजार में दुकानदारों से काफी मेलजोल बढ़ा कर, उनको बताया कि बाहर से कपड़े की लाट खरीदने पर वह उनको लाभ दिला सकता है। इस विश्वास पर कटहरा बाजार में दुकानदार इमरान खान ने एक लाख, तसुव्वर ने 80 हजार, कामरान खान 83 हजार, राव 30, हजार, प्रवीण सैनी 65 हजार, अन्य ने सवा लाख रुपए की रकम उक्त युवक को दे दी। ठगी के आरोपित ने दो दिन के भीतर रकम वापस लाभ सहित लौटाने का आश्वासन दिया। कई दिन बीतने के बाद आरोपित घर से फरार हो गया। मोबाइल से संपर्क किया, तो उल्टे पीड़ितों को मुजफ्फरनगर आकर अंजाम भुगतने की धमकी दी। मंगलवार में पीड़ित पुलिस चौकी पहुंचे। वहां पर उन्होंने चौकी प्रभारी विजय त्यागी को तहरीर दी। बताया जाता है कि पुलिस चौकी प्रभारी के आरोपित से मोबाइल पर संपर्क करने पर चौकी प्रभारी को भी कोई भी कार्रवाई करने की छूट दी। आरोपित का परिवार मकान में रह रहा है। तहरीर मिलने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की है। इसको लेकर पीड़ितों में रोष है। पीड़ित एसएसपी से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे।

# बलबीर सैनी बने उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिशन के देवबन्द तहसील अध्यक्ष

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवबन्द के वरिष्ट पत्रकार बलबीर सैनी, आसिफ सागर, नन्दीश भारद्वाज, को मनोनीत किए जाने पर बुलन्द भारत के सह–सम्पादक दीन रजा ने दी बधाई दीन रजा देवबन्द उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन (उपजा) के सहारनपुर जिलाअध्यक्ष रोशन लाल सैनी के द्वारा देवबन्द के वरिष्ट पत्रकार बलबीर सैनी को देवबन्द तहसील अध्यक्ष, एवं आसिफ सागर को तहसील महामंत्री और नन्दीश भारद्वाज को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है तीनों पत्रकार साथियों को देवबन्द के सभी सम्मानित पत्रकारों ने शुभकामनाएं दी हैं बुलन्द भारत के सह–सम्पादक दीन रजा ने तीनों वरिष्ट पत्रकारों को बधाई देते हुए कहा कि यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन (उपजा) ने देवबन्द के वरिष्ट पत्रकारों को वही सम्मान दिया जिसके वो हकदार हैं यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन (उपजा) के देवबन्द तहसील अध्यक्ष, बलबीर सैनी ने कहा की पत्रकारिता केवल खबर देने तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए, पत्रकारिता को भाषा और संस्कृति के विकास की दिशा में भी इस्तेमाल किया जाना चाहिए। पत्रकारिता के जरिये हमारे पत्रकार साथियों को धरती की उस गंध को दूर–दूर तक फैलाना है देवबन्द तहसील महामंत्री आसिफ सागर ने कहा कि ये देवबंद ही नहीं बल्कि पूरे जिले के लिए बडे ही गौरव की बात है उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष रोशन लाल सैनी जी ने देवबन्द तहसील में उन पर अपना भरोसा जताया है वो उस पर खरा उतरने के लिए दिन रात पत्रकारों के सम्मान की लड़ाई लड़ते रहेंगे साथ ही उन्होंने रोशन लाल सैनी जी का आभार व्यक्त किया।





यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन (उपजा) के देवबन्द तहसील कोषाध्यक्ष नन्दीश भारद्वाज ने कहा की पत्रकारों के हक की लड़ाई में हम सबके साथ खडे होकर पत्रकारों के सम्मान के लड़ाई लड़ने का काम करेंगे। उन्होंने ने कहा कि इस संगठन का उदेश्य देशभर के पत्रकारों को एकत्रित कर सभी संगठनों के साथ मिलकर पत्रकारों की लड़ाई एक साथ लड़ना है देवबन्द सहित देशभर के पत्रकारों के साथ हो रहे अत्याचार को रोकने का काम करेंगे नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष, बलबीर सैनी, तहसील महामंत्री आसिफ सागर और कोषाध्यक्ष नन्दीश भारद्वाज ने संयुक्त रूप से जिला इकाई का धन्यवाद किया

## आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के कार्यकर्ताओं की नगर अध्यक्ष अर्शी खां के आवास मोहल्ला ऊंची चौपाल पर आपातकालीन बैठक

दैनिक अयोध्या टाइम
रामपुर। आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के कार्यकर्ताओं की नगर अध्यक्ष अर्शी खां के आवास मोहल्ला ऊंची चौपाल पर आपातकालीन बैठक हुई।
बैठक में बोलते हुए अर्शी खां ने कहा कि रामपुर में एक गरीब चाय वाले का ठेला जबरन हटाया गया और एक समुदाय के लोगो को गाली दी गई जिसकी हम घोर निन्दा करते हैं और प्रशासन से मांग करते हैं कि इस घटना की बारीकी से जांच करते हुए शहर का माहौल खराब करने वाले ऐसे बेहूदा शख्स को तुरंत संबंधित अपराध की दफा के तहत जेल भेजा जाए ताकि भविष्य में कोई भी इंसान किसी गरीब बेसहारा इंसान और किसी दूसरे धर्म का अपमान करने की गुस्ताखी न कर सके। फैजान खान ने कहा



अगर पुलिस प्रशासन द्वारा उस बेहूदा इंसान को जेल नही भेजा गया तब आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन शहर केमटी सड़को पर आकर अपनी मांग पूरी होने तक अपना विरोध जताएगी।
ईद का त्यौहार नजदीक हैं प्रशासन शहर में अमन और शांति खराब करने वालो से सख्ती से पेश आएं।

## खेलों के प्रति सद्भावना, फीता काटने का नया खेल या सभासद की सियासत एमएलसी और विधानसभा चुनाव मे समाजवादी पार्टी के प्रदर्शन के बाद क्या सभासद बदल रहे हैं पाला

दैनिक अयोध्या टाइम्स दीन रजा देवबन्द ।खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए, इस बात को तो हम स्कूल के समय से ही सुनते आ रहे हैं। हमारे जीवन में भी खेलों का काफी महत्त्व हैं। खेल खेलने से हमारे शरीर का शारीरिक विकास होता हैं और साथ ही खेल खेलने से हमारा मानसिक विकास भी होता हैं।
अगर हम किसी सफल व्यक्ति के पीछे की कहानी जानने की कोशिश करें तो उसके इस सफलता के पीछे उसकी मेहनत और उसके शारीरिक और मानसिक विकास का भी काफी महत्त्व होता हैं।
किसी भी काम को करने या उसमें सफल होने के लिए स्वच्छ दिमाग का भी होना जरुरी हैं अब खबर की और चलते हैं बीते रविवार को ऑल इंडिया मजलिस–ए– इत्तेहादुल मुस्लिमीन के नगर अध्यक्ष मोहम्मद कलीम माज ने फीता काट कर क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया टूर्नामेंट मे देवबन्द की आठ टीमें भाग ले रही है और ये टूर्नामेंट 6 – 6 ओवर,का,होगा,ऑल, इंडिया, मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन के नगर अध्यक्ष मोहम्मद कलीम माज ने युवाओं से खेल के मैदान में प्रतिभा दिखाने की अपील तो की है मगर युवाओं का सवाल है की देवबन्द नगर मे खेल का मैदान है कहां देवबन्द नगर के युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए कोई भी खेल का मैदान देवबन्द नगर मे नहीं है आपको बता दें देवबन्द क्षेत्र मे जिस जगह पर भी नई कलोनी कटती है युवाओं की प्रतिभा भी वही पहुँच जाती है लेकिन कलोनी मे जल्द ही निर्माण होता है बस्ती बन जाती है युवाओ के खेल का मैदान ऊंची इमारतों मे तब्दील हो जाता है और युवाओं को फिर किसी दूसरी कालोनी का चयन करना पड़ता है युवाओं को खेल के मैदान में अपनी प्रतिभा को जो निखारना होता है अब अपने सवाल पर आते हैं एमएलसी और विधानसभा चुनाव मे समाजवादी पार्टी के प्रदर्शन के बाद क्या सभासद पाला बदल रहे हैं क्या ऑल,इंडिया, मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन की तरफ झुक रहे हैं स्पा के वरिष्ट नेता कहे जाने वाले वार्ड 17 के सभासद डॉ वाजिद ने ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन के नगर पालिका चेयरमैन पद के उम्मीदवार मोहम्मद कलीम माज से क्रिकेट



टूर्नामेंट का उद्घाटन करा कर पाला बदलने का संकेत दिया है अब बात करते हैं सभासद डॉ वाजिद के खेल को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों की?
या अपना ही सियासती खेल हो रहा है? आप सब बखूबी जानते हैं सभासद बनने के बाद से हमेशा ही चर्चाओं में रहने वाले डॉ वाजिद ने पूर्व में भी इस प्रकार के टूर्नामेंट का आयोजन कराया है रालोद नगर अध्यक्ष सलीम ख्वाजा, चेयरमैन नगर पालिका, और चेयरमैन पुत्र मोहम्मद जमाल, तो वही माविया अली पूर्व विधयक पुत्र हैदर अली के साथ मिलर बीते वर्षों मे अनेकों बार खेलों का आयोजन करा चुके हैं।
बीते एमएलसी चुनाव में तो समाजवादी पार्टी के लिए देवबन्द के ग्रामीण क्षेत्रों तक मान्य सभासद ने प्रचार प्रसार किया था या फिर यूँ भी समझा जा सकता है की समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष मे दिन रात मेहनत की थी बीते विधानसभा चुनाव में मे सभासदों ने समाजवादी पार्टी के लिए जी तोड़ चुनाव प्रचार किया मगर सफलता हाथ नहीं लगी।

## रामपुर में नगर पालिका प्रशासर द्वारा शहरभर में अभी सिर्फ सिंगल यूज प्लास्टिक के बैन को लेकर जनजागरूकता अभियान

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। रामपुर में नगर पालिका प्रशासर द्वारा शहरभर में अभी सिर्फ सिंगल यूज प्लास्टिक के बैन को लेकर जनजागरूकता अभियान ही चलाया जा रहा हैं। 15 जुलाई के बाद पालिका प्रशासन ऐसे दुकानदारों पर कार्यवाही करना शुरू कर देगी जो दुकानदार सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री कर रहे हैं।
नोडल अधिकरी देवेन्द्र गौतम ने बताया कि शासन के आदेश पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहरभर में सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाया गया हैं।
अभी दुकानदारों को शासन की मंशा बताई जा रहीं हैं 15 जुलाई के बाद पालिका ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही करना शुरू कर देगी जो दुकानदार सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री कर रहे हैं। उन्होने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक में थरमा कोल का सामान, प्लास्टिक कांटे व चम्मच, इयर बिट, सभी प्रकार के कैरी बैग पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा चुका हैं इसके अलावा प्लास्टिक की पैकेजिंग का समय शासन द्वारा बढ़ाया गया हैं ताकि कंपनियां इसे जल्द समाप्त कर सके। उन्होने कहा कि रामपुर में 15 जुलाई के बाद दुकानों पर पालिका प्रशासन द्वारा छापामार कार्यवाही शुरू कर दी जायेगी इसलिए दुकानदारों को पहले ही जागरूक करने का काम किया गया हैं इसके बावजूद भी किसी दुकानदार ने उक्त प्रतिबंधित सिंगल प्लास्टिक का सामान डिस्पोज नहीं किया तो उसके खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।

# वन महोत्सव के तहत भरथना ब्लाक में किया गया बृक्षारोपण

अनिल कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा
भरथना,इटावा। प्रदेश भर में सरकार की योजना के तहत वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत भरथना ब्लॉक में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया जिसमें खंड विकास अधिकारी के प्रयासों से ब्लॉक के अंदर ही लगभग 50 पौधे लगाए गए जिसमें खंड विकास अधिकारी प्रतिमा शर्मा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अतुल कुमार एवं भरथना के सबसे एक्टिव युवक मंगल दल असफपुर के अध्यक्ष आशीष कुमार दुबे एवं कव पेइ संतोष कुमार और एडीओ पीपी राजेंद्र सिंह और ब्लॉक के अधिकारियों के साथ कर्मचारी भी उपस्थित रहे।
वृक्षारोपण कार्यक्रम में वही क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अतुल कुमार ने बताया भरथना ब्लॉक मैं सबसे अच्छा कार्य करने वाला ग्राम पंचायत असफपुर का युवक मंगल दल है इसलिए मंगल दल के अध्यक्ष आशीष कुमार दुबे को कार्यक्रम में इनवाइट किया गया था।
वही कार्यक्रम के दौरान आशीष कुमार ने बताया कि हर व्यक्ति फोटो खिंचा कर सोशल मीडिया पर डालने के लिए वृक्षारोपण कर लेता है लेकिन जो वृक्ष लगाया जाए उसकी बराबर देखरेख करना भी हमारी एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है इस पर हम लोगों को विशेष ध्यान देना होगा।



## भारतीय संविधान सुरक्षा संगठन द्वारा जिलाधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन

अनिल कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा
इटावा। भारतीय संविधान संगठन कठोर से कठोर कार्यवाही करवाने के लिए प्रशासन से बात की है और ऐसे लोगों की संगठन कड़ी



सुरक्षा संगठन द्वारा जिलाधिकारी जी को राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्य चौधरी की अगुआई में लिखित ज्ञापन सौंपा गया अवगत कराना है कि बुद्धकथा वाचक मनोज ब्लास्टर यूट्यूब चौनल के माध्यम से बहुजन महापुरुषों का अपमान और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए एक जाति विशेष की बात की ऐसे वक्त में संगठन ने प्रकरण को जांच कर डीएम साहब को ज्ञापन सौंपने का कार्य किया मनोज ब्लास्टर पुत्र खुशीराम शाक्य ग्राम डालू निवासी अवगत हुआ है भारतीय संविधान निर्माता परम पूज्य भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के ऊपर अभद्र टिप्पणी की गई संगठन घोर निंदा करता है गलत जातीय मानसिकता उत्पन्न होती है जिस पर भारतीय संविधान से कड़ी निंदा करता है संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्य चौधरी ने कहा भारतीय संविधान सुरक्षा संगठन बहुजन महापुरुषों का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं करेगा कोई भी बहुजन महापुरुषों की विचारधारा को दबाने का कार्य करेगा प्रशासन से मिलकर उचित से उचित कार्यवाही करवाई जाएगी।
इस दौरान राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विवेक कुमार राव,जिला प्रभारी इटावा जितेंद्र कुमार, जिला प्रवक्ता इटावा योगेश कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष महेवा कुलदीप कुमार, ब्लॉक मंत्री जसवंत नगर रजत कुमार, मनोज कुमार सक्रिय सदस्य, असित कुमार,सक्रिय सदस्य, मदन सिंह सक्रिय सदस्य, और भी दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# नव्या न्यूज एजेंसी द्वारा एक दर्जन बच्चों मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा
उदी,इटावा। जनपद के बढ़पुरा ब्लाक के उदी कस्वा में नव्या न्यूज के तत्वावधान में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में पार पट्टी क्षेत्र बढपुरा के अनुष्का शिवहरे,पल्लवी शर्मा,ओम पाण्डेय,जतिन श्याम बरुआ,राम बरुआ,कृष्ण शर्मा आदि एक दर्जन बच्चों को शील्डे देकर सम्मानित किया गया वही समारोह का आयोजन बैकुंठ धाम नंगला बीरबल में किया गया।
जिसमें नवनियुक्त चौकी प्रभारी उदी प्रेमचन्द्र व अपर अभियंता अमर वहादुर सिंह चौहान व जेई पछायगांव नीरज कुमार व नव्या न्यूज के संरक्षक व समाज सेवी सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया उदी के मैनेजर शिवेंद्र सिंह चौहान व अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष प्रवीण तिवारी ने सभी बच्चों को माल्यार्पण कर शील्डे वितरण की। इस अवसर पर नव्या न्यूज के मुख्य संपादक रिंकू तिवारी ने नव्या न्यूज परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं वही इस मौके पर नव्या न्यूज के संपादक दिलीप भदौरिया उपसंपादक अनुराग राजपूत जिला संवाददाता दीपक शर्मा संवाददाता भरथना प्रमोद गुप्ता संवाददाता बकेवर दीक्षा शर्मा संवाददाता बढ़पुरा संजय गोयल संवाददाता राजा का बाग बीरबल सिंह, सुशील तिवारी, राजीव भदौरिया,सुशीलकुमार,देवानंद,लवनीश शाक्य,रंजीत राजपूत,सनोज कुमार,कमल सिंह,शिवम प्रताप गोयल,मनीष कुमार मूलचंद राठौर आदि नव्या न्यूज के पत्रकार बंधु मौजूद रहे वही बच्चों के माता–पिता ने नव्या न्यूज परिवार की भूरी भूरी प्रशंसा की।



# नोडल अधिकारी ने गेल के डीएवी स्कूल में चीकू का वृक्ष लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स
- प्रत्येक व्यक्ति अपने नाम से एक वृक्ष जरुर लगाएं– नोडल अधिकारी
- मियॉवाकी पद्धति के अंतर्गत डेढ़ लाख पौधे रोपे गये

औरैया 05 जुलाई 2022 – शासन द्वारा नामित सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, बलकार सिंह, आईएएस, जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने डीएवी स्कूल के बच्चों द्वारा चीकू, आमला, अमरूद, अशोक आदि के पौधे लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जनपद में लगभग 52 लाख पौधे लगाये जाने का लक्ष्य मिला है, जिसके क्रम में आज 75 प्रतिशत लक्ष्य के अनुसार वन विभाग द्वारा 23 लाख 99 हजार एवं अन्य विभाग द्वारा 14,84, 211 वृक्ष लगाये जा चुके है। जनपद में देखने को मिल रहा है कि आम जनता स्वयं इस अभियान का हिस्सा बन रही है, इसके साथ ही सामाजिक संस्थाए, ग्राम प्रधान, शिक्षण संस्थाएं, व्यापार संघ सहित अन्य संघठनों के लोग भी पौधरोपड़ कर रहे है। नोडल अधिकारी ने कहा कि जो भी पौधे लगाये जा रहे है, उसे लोग अपना समझकर संरक्षित करें। उन्होंने अपील की है कि जनपद के प्रत्येक व्यक्ति के द्वारा कम से कम एक पौधा अवश्य लगाया जाए और अपने आस–पास जितने भी वृक्ष है उन्हे बचाये, उन्होंने कहा कि पौधों से भावनात्मक लगाव होना अति आवश्यक है। इसके पश्चात समाधान पुरवा में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय कैंम्पस में फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। वहीं पर आशा, एएनएम एवं समस्त स्टाफ ने



वृक्षारोपण किया। फिर ककोर स्थित कलेक्ट्रेट में आयुर्वेदिक नवग्रह वाटिका में टॉक, गूलर, दूब, कुश, लटजीरा, आंक, पीपल आदि सभी नवग्रह के वृक्ष लगाये। नोडल अधिकारी बलकार सिंह द्वारा आंक का पौधा, जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव द्वारा पीपल, एडीएम रेखा एस चौहान द्वारा खैर, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह द्वारा शमी, अर्थ एवं संख्याधिकारी बब्बन प्रसाद मौर्य द्वारा लटजीरा व अपर जिला सूचना अधिकारी नीलम यादव द्वारा दूब घास का रोपण आयुर्वेदिक नवग्रह वाटिका में किया गया।
इसके पश्चात रुदौली ग्राम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राम मिश्रा द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम में कंजी, नोडल अधिकारी द्वारा गोल्ड मोहर, जिलाधिकारी द्वारा यूकेलिप्टस का वृक्षारोपण किया गया। इसके बाद यमुना घाट पर वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम में कई पौधे लगवाए गए। जिसमें नोडल अधिकारी, जिला भाजपा अध्यक्ष, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। जिसमें पुलिस विभाग के कर्मचारियों द्वारा भी वृक्ष लगाए गए। इसके बाद मंगला काली मंदिर के पास पुलिस विभाग द्वारा वृक्षारोपण में आम के वृक्ष, जामुन के वृक्ष व वट वृक्ष का रोपण किया गया। इसके बाद देवकली मंदिर परिसर में नोडल अधिकारी एवं एनसीसी स्काउट गाइड द्वारा फलदार वृक्ष लगाए गए। इसके बाद आनेपुर वृद्धा आश्रम पहुंचकर छायादार एवं फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। इसके बाद मईअस्ता में वन विभाग द्वारा 10 हेक्टेयर भूमि पर पेड़ लगाए गए। साथ ही मई अस्ता में कृषि विभाग द्वारा 2000 पौधे लगाए गये। इसके पश्चात पचदेवरा में वन विभाग की भूमि पर नोडल अधिकारी द्वारा पीपल एवं जिलाधिकारी द्वारा जामुन एवं वन विभाग की टीम द्वारा वृक्षारोपण किया गया। नोडल अधिकारी , जिलाधिकारी एवं मनरेगा महिलाओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इसके उपरांत सिकरोड़ी में अंत्येष्टि स्थल पर वृहद वृक्षारोपण के अंतर्गत प्रयाण वन नाम से वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें नोडल अधिकारी, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा हरिशंकरी वृक्ष का वृक्षारोपण किया गया।
इसके पश्चात अजीतमल में स्थित डायट परिसर में एनसीसी, स्काउट गाइड व डायट के विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत युवा वन, शक्ति वन के तहत वृक्षारोपण किया गया। इसके उपरांत प्राथमिक विद्यालय बल्लापुर में भी नोडल अधिकारी व जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वृहद वृक्षारोपण किया गया, जिसमें आंगनवाड़ी के द्वारा परख नामक बच्चे से सहाजन पौधे का वृक्षारोपण कराया गया। उसके बाद पशईपुर केशमपुर में ग्राम सभा की जमीन पर शक्ति वन के नाम पर वृहद वृक्षारोपण में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने वृक्षारोपण किया। साथ ही वहां पर नोडल अधिकारी द्वारा सभी अधिकारीगणों व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ, जीवन बचाओ अभियान की शपथ दिलाई गई।
इसके पश्चात दिवियापुर में गेल गांव के पास वन विभाग की जमीन पर मियॉवाकी पद्धति के अनुसार 1 लाख 50 हजार वृक्षों का वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें इमली, जामुन, आमला, कनेर, टिकोमा आदि पेड़ों का वृक्षारोपण किया गया। साथ ही वहां पर मियॉवाकी पद्धति से सभी अधिकारीगण व कर्मचारियों को अवगत कराया गया। जिसमें बताया गया कि इस पद्धति के अनुसार वृक्षों के वृद्धि में 30 प्रतिशत की गति से वृद्धि होती है तथा वृक्ष अधिक से अधिक घने भी होते हैं। वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राम मिश्रा, सदर विधायक गुड़िया कठेरिया, जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक चारू निगम, अपर जिलाधिकारी राजस्व रेखा एस चौहान, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अब्दुल बासित, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर मनोज कुमार, उप जिलाधिकारी अजीतमल अखिलेश कुमार, डीएफओ बीके सिंह सहित जनपद के समस्त अधिकारीगण व पुलिस प्रशासन के कर्मचारी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## मेहमान की फजीलत

एक औरत का शौहर हर वक्त किसी न किसी मेहमान को घर ले आता और अपनी बीबी से कहता उनके लिए खाने का इंतजाम करो रोजाना वो मेहमान के लिए खाने तैयार करती आखिरकार वो रोज के माअमूल से तंग आ गई और एक दिन रसूल ए पाक के पास गई और कहने लगी या रसूल अल्लाह मेरा शौहर रोजाना किसी मेहमान को घर ले आता है और मैं खाने बना के थक जाती हूँ या रसूल अल्लाह कोई ऐसा तरीका बताएं के मेरा शौहर घर मे मेहमान न ले आए उस वक्त नबी पाक खामोश रहे और वो औरत नबी पाक की खामोशी देख के घर वापस आ गई अगले दिन नबी पाक ने उस औरत के शौहर को बुलाया और कहा के कल मैं तुम्हारा मेहमान हुं वो आदमी बहुत खुश हुआ और आके अपनी बीबी को बताया के आज नबी पाक हमारे मेहमान बन के आएंगे उसकी बीबी बहुत खुश हुई और जल्दी से अच्छे खाने बनाने लगी ! जब नबी पाक उस औरत के घर आए तो नबी पाक ने उस के शौहर से कहा के जब मैं खाना खा के वापस जाने लगूं तो अपनी बीबी से कहना मेरे घर से निकलते तक पीछे देखती रहे उसकी बीबी ने ऐसा ही किया जब नबी पाक वापस जाने लगे तो उस औरत ने देखा के रसूल अल्लाह के साथ बिच्छू सांप और कीड़े मकौड़े सब साथ जा रहे थे! वो ये मंजर देख के बेहोश हो गई अगले दिन वो फिर नबी पाक के पास गई तो नबी पाक ने उस औरत को बताया के मेहमान अपना नसीब खुद ले के आता है और जो मेहमान के लिए मेहनत की जाती है उस के बदले जब वो वापस जाता है तो साथ उस घर से सारी बलाओं और उस घर के सारे गुनाह साथ ले जाता है।



### रामपुर जिले में 26 लाख 54 हजार पौधे लगाये जायेगे

दैनिक अयोध्या टाइम्स परवेज अहमद
रामपुर। जिला वन अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि इस साल रामपुर जिले में 26 लाख 54 हजार पौधे लगाये जायेगे। रामपुर के 27 विभागों के सहयोग से पूरे जिले में पौधारोपण कार्यक्रम 5, 6, 7 जुलाई व 15 अगस्त तक चलेगा। उन्होने बताया कि पिछले साल लगाये गये पौधों की प्रगति काफी संतोष जनक रहीं हैं पिछले साल लगाये गये 24 लाख पौधों में 82 प्रतिशत पौधे जीवित हैं।
जिला वन अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि इस साल पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगने हैं जिसमें रामपुर जनपद को 26 लाख 54 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य मिला हैं। जिसे 27 विभागों के सहयोग से पूरे जिले में पौधे लगाये जाने का काम शुरू हो चुका हैं। 5 जुलाई को 18 लाख, 6 जुलाई को एक लाख 80 हजार व 7 जुलाई को एक लाख 80 हजार पौधे लगाये जायेंगे। इसके अलावा 15 अगस्त को साढ़े तीन लाख पौधे लगाये जायेंगे। राजीव कुमार ने बताया कि पिछले साल लगाये गये 24 लाख पौधो में 82 प्रतिशत पौधे जीवित हैं जो एक मजबूत पहल हैं। इसके अलावा इस साल रामपुर में आठ इंडस्ट्री भी प्लांटेशन लगा रहीं हैं। रामपुर में 35 स्थानों को बल्क प्लांटेशन के रूप में चुना गया हैं जहां एक समय में हजारों की संख्या में पौधे लगाये जा सकते हैं। उन्होने कहा कि धरती पर जीवन बचाना हैं तो पेड़ों को बचाना अति आवश्यक हैं। पेड़ो से हमे आक्सीजन मिलती हैं यदि आक्सीजन ही नहीं मिलेगी तो हम जीवित कैसे रह सकते हैं इसलिए पेड नहीं होगें तो मानव जीवन की कल्पना करना बेकार हैं। उन्होने रामपुर की जनता से अपील करते हुए कहा कि वह अपने स्तर पर भी वृक्षारोपण करें ताकि अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाये जा सके और मानव जीवन को बचाया जा सकें।

### उज्जवला योजना का लाभ दिलाने के नाम पर रूपये मांगे जाने की जिलाधिकारी से शिकायत

दैनिक अयोध्या टाइम्स। रामपुर। शहर के दर्जनों लोगों से उज्जवला योजना का लाभ दिलाने के नाम पर रूपये मांगे जा रहे हैं। इस बाबत साथी वेलफेयर सोसाईटी ने डीएम से शिकायत कर पात्रों को योजना का लाभ दिलाने की मांग की हैं।
साथी वेलफेयर सोसाईटी के संस्थापक दानिश ने बताया कि संस्था की ओर से तकरीबन एक साल पहले शहर के कई गरीब इलाकों में कैम्प लगवाकर उज्जवला योजना के फार्म भरवाये गये थे। मौहल्ला पंखावालान स्थित भगवत गैस एजेंसी संचालक द्वारा निशुल्क लाभ मिलने की बात कहकर फार्म भरे गये थे। तकरीबन 6 माह पहले आवेदकों से अंगूठे भी लगवाये गये लेकिन अभी तक लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल सका हैं। ताजा हालात यह हैं कि अब कुछ लोगों के द्वारा आवेदकों को फोन कर उनसे योजना का लाभ दिलाने के नाम पर दो हजार रूपए की मांग की जा रही हैं। लोगों को फार्म में कमी बताकर डराया जा रहा हैं। उनका आरोप हैं कि इस पूरे खेल में एजेंसी कर्मचारी व उनके साथी शामिल हैं। एनजीओ संस्थापक ने इस मामले में जिलाधिकारी को पत्र देकर कार्यवाही करने व पात्रों को योजना का लाभ दिलाने की मांग की हैं।

### पूर्व मंत्री आजम खां के समय आसरा कालोनियों में किया गया था बड़ा ही हेरफेर, पात्र बने अपात्र, अपात्र बने मालिक

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। सपा सरकार में पूर्व मंत्री आजम खां ने रामपुर में हजारों की संख्या में आसरा कालोनी में क्वाटर बनवाये थे जिनका बंदरबांट सपा सरकार में खूब धड़ल्ले से किया गया। पात्रों को क्वाटर आज तक नहीं मिल पाये जबकि अपात्रों के पास क्वाटरों के पट्टे हैं। प्रदेश की सरकार बदली लेकिन आज तक इसपर कोई कार्यवाही नहीं हुई जिस कारण पात्र व्यक्ति अपने ऊपर छत के लिए दर–दर की ठोकरे खा रहे हैं। डूडा विभाग द्वारा रामपुर के डूंगरपुर, केले वाला तालाब, मुमताज पार्क, बिलासपुर गेट, पहाड़ी गेट व नालापार पर आसरा कालोनी बनाई गई थी। सपा सरकार में बनी उक्त कालोनियों में जमकर बंदरबांट की गई। वैसे तो सरकार की इस योजना में गरीबों के सर पर छत के लिए यह क्वाटर बनाये गये थे लेकिन इसका उलटा ही नतीजा देखने को मिल रहा हैं। मजेदार बात यह हैं कि प्रदेश में सत्ता बदले हुए भी करीब साढ़े पांच साल हो चुके हैं लेकिन आज तक उक्त क्वाटरों की न तो जांच हुई और न ही विभाग द्वारा अपात्रों से क्वाटर खाली कराये गये। सूत्रों की माने तो आसरा कालोनी के क्वाटरों पर अधिकतर ऐसे रसूखदार लोगों का कब्जा हैं जो सपा से जुड़े हुए हैं उन्होने क्वाटरों के पट्टे अपने नाम करा रखे हैं और उन्हे गरीबों को किराये पर दे दिया हैं उस किराये वह मौज मस्ती कर रहे हैं। रामपुर शहर में आज हजारों गरीब अपने ऊपर छत के लिए दर–दर की ठोकरे खा रहे हैं। ऐसा नहीं हैं कि उक्त क्वाटरों में अवैध कब्जे की शिकायते विभाग सहित जिले के आला अधिकारियों से नहीं की गई हैं लेकिन कोई भी अधिकारी आजम खां के डर से क्वाटरों पर अवैध रूप से कब्जा किये हुए लोगों को बाहर निकालने का साहस नहीं कर पा रहा हैं। डूडा विभाग की माने तो आसरा कालोनी का जियो हैं कि विभाग द्वारा अवैध कब्जा हटाया जा सकता हैं लेकिन किसी जरूरतमंद को बिना लाटरी सिस्टम के एलाट नहीं किया जा सकता लेकिन इसके बाद भी डूडा विभाग कुंभकरणीय नींद में सो रहा हैं। रामपुर की गरीब अवाम का कहना हैं कि आसरा कालोनी में क्वाटरों की जांच निष्पक्ष तरीके से कराई जाये तो सैकड़ों की संख्या में क्वाटरों से रसूखदारों का कब्जा हट जायेगा और गरीबों को छत मिल जायेगी। अब देखना यह हैं कि कुंभकरणीय नींद में सो रहे जिला प्रशासन व डूडा विभाग नींद से जागकर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही करता हैं या फिर गरीबों को दर–दर भटकने के लिए छोड़ देता हैं।

### दर्जनों उलेमाओं ने आज डीएम को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। काजी ए शरआ सैयद फैजान रजा हसनी के नेतृत्व में दर्जनों उलेमाओं ने आज डीएम को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ईद की नमाज से पहले जिलेभर की मस्जिदों व ईदगाहों के बाहर साफ–सफाई कराये जाने, ईद के मौके पर कुर्बानी को लेकर किसी तरह मुस्लिम समाज को कोई परेशानी न हो इसके लिए इंतेजाम कराये जाने, देश के कानून ने जिन जानवरों की कुर्बानी के अनुमति दी हैं उन जानवरों की खरीद व फरोख्त तथा लाने व ले जाने में किसी तरह की कोई रूकावट पैदा नहीं किये जाने, हर साल मुसलमान अपने घरों व कैंपों में कुर्बानी का फरीजा अदा करते रहे हैं इस साल भी ऐसा ही किये जाने, शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में कुर्बानी के जानवरों की बाजार लगाई जाती हैं उक्त बाजारों से कुर्बानी के जानवरों को लाने व बेचने पर सहूलत दिये जाने, जिले के बाजारों के साथ ही रामपुर में भी ईद उल अदहा के मौके पर जानवरों की खरीद व फरोख्त की खुसूसी इजाजत दिये जाने, तथा कुर्बानी के बाद गंदगी और आलात की सफाई–सुथराई के नज्म को बरकरार रखने के लिए शहर व जिले की तमाम नगर पालिकाओं और बिजली विभाग को आदेश दिया जाये कि वह बिजली, पानी और सफाई के माकूल इंतेजाम पहले से ही रखे।



## उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप मनाई जा रहे वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत बालिका इंटर कालेज में वृक्षारोपण किया गया

दैनिका अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा। आज उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप मनाई जा रहे वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत माननीय महापौर डॉ मुकेश आर्यबंधु जी एवं नगर आयुक्त महोदय श्री अनुनय झा जी के द्वारा संयुक्त रुप से नगर निगम मथुरा वृंदावन के क्षेत्र अंतर्गत गो समाधि सुनरख खादर, हजारीमल सोमानी इंटर कॉलेज , नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज में वृक्षारोपण किया गया।





इस दौरान महापौर ने कहा उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत 22191 वृक्ष रोपित किए जाएंगे जिसके सापेक्ष आज 3700 वृक्ष रोपित किए गए हैं साथ ही महापौर ने बताया कि वृक्ष हमारे जीवन का अस्तित्व है और यह धरती की अमूल्य संपदा भी है वृक्षों से हमारी मूलभूत आवश्यकता पूरी होती है। पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों का अहम योगदान है इसलिए हर व्यक्ति को पौधारोपण करना चाहिए और भक्तों की देखभाल निरंतर करनी चाहिए।

इस अवसर पर पार्षद लीला सिंह ठाकुर , अपर नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार तिवारी ,सहायक नगर आयुक्त लवकुश गुप्ता, सहायक अभियंता एसपी मिश्रा, स्वास्थ्य निरीक्षक सुभाष , स्वास्थ्य निरीक्षक सौरव अग्रवाल, संतोष ,हरि ओम ,पुष्पेंद्र ,श्री काशी नाथ जी आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## 25. 18 लाख रुपए की लागत से बनाए गए बरात घर का लोकार्पण

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। पूर्व ऊर्जा मंत्री मथुरा वृंदावन विधायक श्रीकांत शर्मा जी एवं महापौर डॉ मुकेश आर्य बंधु विधिवत नगर निगम मथुरा वृंदावन के वार्ड नंबर 10 अडूकी मैं 25. 18 लाख रुपए की लागत से बनाए गए बरात घर का लोकार्पण किया गया





मथुरा ।पूर्व ऊर्जा मंत्री मथुरा वृंदावन विधायक श्री श्रीकांत शर्मा जी एवं मा0 महापौर डॉ मुकेश आर्यबंधु जी द्वारा विधिवत नगर निगम मथुरा वृंदावन के वार्ड नंबर 10 अडूकी में नगर निगम द्वारा 25. 18 लाख रुपए की लागत से बनाये गए बारात घर का लोकर्पण किया।

इस अवसर पर महापौर ने कहा नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा लगातार निगम क्षेत्र में कार्य कराए जा रहे हैं प्रत्येक वार्ड में बारात घर बनाए गए हैं । जिससे कोई भी गरीब व्यक्ति जो शादी करने में असमर्थ हो गए वहां शादी कर सके इस अवसर पर पार्षद सुरेश चंद धनगर मुख्य अभियंता सिविल अवर अभियंता सिविल मुनिदेव मंडल अध्यक्ष विक्रम मुद्गल हरि ओम शिवम पवन आदि स्थानीय जनता मौजूद रही।

## वृक्षारोपण जन आंदोलन का हिस्सा बने ग्राम पंचायत गाजीपुर के नागरिक

राज पलिया ब्यूरो चीफ फिरोजाबाद

आज उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वृक्षारोपण को एक जन आंदोलन का रूप देने की बात कही और साथ ही जिलाधिकारी रवि रंजन ने भी समस्त जनपद वासियों से अपील की 5 जुलाई को वृक्षारोपण अभियान एक जन आंदोलन का रूप ले उसी क्रम ग्राम पंचायत गाजीपुर में ग्राम प्रधान आशीष कुमार और भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री युवा मोर्चा आकाश गर्ग ने वृक्षारोपण कर कहा कि जिस तरफ से अपने प्रदेश में वृक्ष नष्ट होते है जा रहे जिस कारण ऑक्सीजन की कमी होती आ रही है और सरकार द्वारा जो वृक्षारोपण अभियान को एक जन आंदोलन का रूप देने की बात कही वो बात एकदम सत्य है जब जन आंदोलन में रूप में हम वृक्षारोपण नही करेंगे तब तक हम वृक्षो की कमी को पूरा नही कर सकेंगे।



प्रधान आशीष ने बताया कि पूरी ग्राम पंचायत में लगभग 2300 से अधिक वृक्ष लगाए जाएंगे जिनमे छाया दार, फलदार वृक्ष है।

मुख्य रूप से भाजयुमो जिला मंत्री आकाश गर्ग, ग्राम प्रधान आशीष कुमार, नीरज कुमार रहे।

## प्राथमिक विद्यालय गाजीपुर में स्टाफ ने किया वृक्षारोपण

राज पलिया ब्यूरो चीफ फिरोजाबाद

आज प्राथमिक विद्यालय गाजीपुर में 5 जुलाई को चलाए गए व्यापक वृक्षारोपण जन आंदोलन के तहत विद्यालय में समस्त स्टाफ द्वारा वृक्षारोपण किया गया। प्रधानाचार्या मुशफ्फी अफशां ने बताया कि जिला अधिकारी रवि रंजन ने समस्त जनपद वासियो से यह अपील की 5 जुलाई को सभी वृक्षारोपण जन आंदोलन का हिस्सा बने इसी प्रकार खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा वृक्षारोपण करने की बात कही। साथ बच्चों को भी वृक्षारोपण करना बताया कि किस तरह से सभी बच्चे अपने अपने घरों पर वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण अभियान का हिस्सा बन सकते है।





वृक्षारोपण मुख्य रूप से ग्राम प्रधान आशीष, सहायक अध्यापक उमेरा खान, सहायक अध्यापक प्रगति गर्ग, शिक्षामित्र सुनीता कुशवाह, शिक्षामित्र संगीता रही।

# कोसी के मंगलाहास्पिटल आर्य नगर स्थित पर फर्जी बिल देने पर कोर्ट के द्वारा हुई एफ आई आर

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा/कोसी। मामला प्रकाशित में आया है के दिनांक 2.11 .2021 को समय करीब 10.20 बजे प्रातः को अपनी गर्भवती पत्नी श्रीमती जमुना देवी को डेंगू से बीमार होने पर मंगला हॉस्पिटल स्थित आर्य नगर कोसी स्थित के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया प्रार्थी की पत्नी को मंगला हॉस्पिटल ने करीब 9 दिन रखने के बाद दिनांक9.11.2021 को समय 10. 21 दोपहर को डिस्चार्ज कर दिया प्रार्थी ने मंगला हॉस्पिटल से इलाज के बिल प्राप्त किए तथा उन्हें बीमा भुगतान के लिए बिल कोरियर से आईवसीवआईवसी०आई० लॉमबार्ड बीमा कंपनी के ऑफिस हैदराबाद भेज दिए बीमा कार्यालय ने जांच कर प्रार्थी को बताया कि आपके बिल में जिस डॉक्टर दीप्ति मंगला के हस्ताक्षर वह मोहर सहित वो रजिस्ट्रेशन नंबर 2011/020262 है उसकी मृत्यु सन 2020 में हो चुकी है यह बिल आपको मंगला हॉस्पिटल के संचालक ने डॉक्टर दीप्ति मंगला के फर्जी हस्ताक्षर व रजिस्ट्रेशन नंबर व मोहर लगाकर फर्जी बिल दे दिए हैं प्रार्थी ने उक्त घटना मंगला हॉस्पिटल के संचालक नरेश कुमार मंगला को बतायी व कहां कि आपने मेरे साथ धोखाधड़ी की है एवं कूट रचना करके आपने डॉ दीप्ति मंगला के हस्ताक्षर करके मुझे फर्जी बिल दे दिये हैं इस पर मंगला हॉस्पिटल के संचालक नरेश कुमार मंगला ने गाली गलौज कर कहा के तुम पर जो करा जाए कर लेना मेरी ऊपर तक पहुंच है कोई मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता हम अब तक ऐसे ही कार्य करते आए हैं और अगर तुमने कोई कानूनी कार्रवाई की यह पुलिस में शिकायत की तो हम तुझे छोड़ेंगे नहीं प्रार्थी ने मंगला हॉस्पिटल में से जो बिल प्राप्त किए थे 45610 रुपए का इलाज वह प्लेट लेटस जाँच बिल 22000 टोटल अमाउंट 67610 रुपए ठग लिए गए व फर्जी डॉक्टर के कारण वह गलत इलाज करने की वजह से प्रार्थी के शिशु की मृत्युध हत्या हो गई प्रार्थी की पत्नी जमुना देवी की जान भी बड़ी मुश्किल से बची थी जिस के इलाज में प्रार्थी का सर्वोदय हॉस्पिटल फरीदाबाद में सवा लाख रुपए खर्च हो गया और काफी मानसिक व आर्थिक क्षति हुई और इस मामले में कोसी पुलिस प्रशासन ने भी एक तरफी कार्यवाही करके माननीय न्यायालय को भेज दी जबकि सच्चाई कुछ और ही है इसी से पता चलता है कि पुलिस प्रशासन कोसी का कार्य करने में कितना सतर्क है और माननीय न्यायालय ने मुकदमा 27.6 .2022 को पंजीकृत कर मंगला हॉस्पिटल के खिलाफ पंजीकृत किया और थाना प्रभारी निरीक्षक कोसीकला जनपद मथुरा को निर्देशित किया गया है उपरोक्त प्रकरण में प्रार्थी के




अभिकथनों के आलोक में उचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले की विधिनुसार विवेचना कराया जाना सुनिश्चित करें।

# नगर विकास मंत्री जी के आदेशों के क्रम में सब संभव के लिए सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई हेतु निर्देशित किया गया

मा0 नगर विकास मंत्री जी के आदेशों के क्रम में सब संभव है के लिये सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई हेतु निर्देशित किया गया, जिसके दृष्टिगत आज दिनांक 5.7.2022 मंगलवार को नगर आयुक्त श्री अनुनय झा जी द्वारा जनरलगंज स्थित नगर निगम मुख्यालय में प्रातः 10:00 बजे से जनसुनवाई की गयी ।जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। जनसुनवाई में नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी शिकायत कर्ताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया ।जनसुनवाई के दौरान नगर निगम मथुरा–वृन्दावन में कुल



14 शिकायत प्राप्त हुयी, जिनमें सडक मरम्मत नाली निर्माण एवं जल निकासी से सम्बन्धित 3 अतिक्रमण से सम्बन्धित 2 पेयजल से सम्बन्धित 3 कर विभाग से सम्बन्धित 3 एवं मृतक आश्रित नियुक्ति आदि से सम्बन्धित 3 अन्य शिकायत प्राप्त हुयी ।नगर आयुक्त महोदय द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सफाई, पेयजलापूर्ति एवं पथ–प्रकाश के सम्बन्ध में प्राप्त हुयी शिकायत का निस्तारण 24 घण्टे के अन्दर कराया जाये, जल निकासी की शिकायत का निस्तारण 72 घण्टे के अन्दर तथा सडक निर्माण, अतिक्रमण से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही 7 दिवस में कार्यवाही कर अद्यतन स्थिति से अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई में श्री धीरेन्द्र कुमार सिंह सहायक नगर आयुक्त, श्री विजय नारायण मौर्य महाप्रबंधक जल, श्री राजवीर सिंह मुख्य अभियंता सिविल, डा0 गीता कुमारी लेखाधिकारी, डा0 करीम अख्तर कुरैशी नगर स्वास्थ्य अधिकारी, श्री अनिल रंजन सहायक अभियंता प्रकाश आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आयुष्मान कार्ड बनाने को दिनाँक 5 से चलेगा अभियान, 5 से 20 जुलाई तक चलेगा विशेष अंत्योदय आयुष्मान पखवाड़ा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

- छूटे हुए परिवारों को उपलब्ध कराए जाएंगे आयुष्मान कार्ड

मथुरा ।प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत अंत्योदय कार्ड विहीन परिवारों को कार्ड उपलब्ध कराने के लिए पांच जुलाई से विशेष अभियान शुरू हो रहा है। 20 जुलाई तक चलने वाले इस आयुष्मान पखवाड़े में कैंप लगाकर अंत्योदय कार्ड धरक लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि पांच से 20 जुलाई तक चलने वाले आयुष्मान पखवाड़े में पात्र परिवारों को योजना के प्रति जागरूक करते हुए आयुष्मान कार्ड कैंप तक लाने एवं अधिकतम पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनवाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा ।इस अभियान में ऐसे परिवारों को लक्षित किया जाएगा, जिनमें एक भी आयुष्मान कार्ड उपलब्ध नहीं है।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के नोडल अधिकारी डॉ. अनुज कुमार ने बताया कि पखवाड़े के दौरान सभी शहरी एवं ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अतिरिक्त अन्य सार्वजनिक स्थानों जैसे पंचायत भवन, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, आंगनवाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय,राशन डीलर की दुकान आदि पर आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन किया जाएगा। यहां पर लक्षित लाभार्थियों की सूची को चस्पा किया जाएगा और लाभार्थियों को कैंप तक लाकर उनका आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड और राशन कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

डॉ. अनुज कुमार ने बताया कि जनपद में आयुष्मान योजना के 176575 लक्षित परिवार हैं, एवम 737177 लाभार्थी है इनमें से अब तक परिवारों के 163999 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। अब बचे हुए लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के उद्देश्य से विशेष पखवाड़े में काम किया जाएगा।

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि लक्षित परिवारों को प्रेरित करते हुए कैंप में लाने तथा आयुष्मान कार्ड बनवाने पर आशा को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। लक्षित परिवार में कम से कम एक आयुष्मान कार्ड बनवाने पर प्रति परिवार 5 तथा एक परिवार में से एक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनवाने पर प्रति परिवार 10 की प्रोत्साहन राशि संबंधित आशा को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि आशा की तरह आरोग्य मित्र को भी प्रति परिवार एक आयुष्मान कार्ड बनाने पर पांच रुपये तथा एक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाने पर 10 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

ये मिलेगा लाभ

जिला शिकायत प्रबंधक सौरभ शर्मा



ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान से आच्छादित परिवारों को प्रति वर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपए तक के निरूशुल्क उपचार की सुविधा दी जाती है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रत्येक पात्र लाभार्थी के पास आयुष्मान कार्ड होना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए नजदीकी जनसेवा केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या टोल फ्री नम्बर 14555/180018004444 पर सम्पर्क करें ।

# लोकसभा कार में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। 5 जुलाई स्थानीय लोक सभागार में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पाण्डेय जी की देखरेख में स्वच्छ विद्यालय एवं ऑपरेशन कायाकल्प का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती एकता सिंह उपस्थित रहे सर्वप्रथम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पाण्डेय जी ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया तत्पश्चात स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार एवं ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधान प्रधानाध्यापक और खंड शिक्षा अधिकारी को मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती एकता सिंह ने पुरस्कार एवम प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती एकता सिंह ने समस्त ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापक से ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालय को



प्रथम प्राथमिकता देने पर जोर दिया तथा जनपद का शत–प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने हेतु निर्देशित किया इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुषमा सेंगर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।

इसके बाद स्वच्छ विद्यालय जिसका चयन ऑनलाइन पंजीकरण के पश्चात ऐप के माध्यम से सत्यापन के पश्चात ओवराल केटेगरी ओवराल केटेगरी में 7विद्यालय कम कंपोजिट विद्यालय करपिया प्राथमिक विद्यालय शिरकोली प्राथमिक विद्यालय अरुई युगांतर विद्यालय आजाद इंटर कॉलेज लखनऊ पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल पूर्व माध्यमिक विद्यालय फतेहपुर को 14विद्यालय को सब कैटेगरी में सम्मानित किया गया तत्पश्चात कायाकल्प में अपना योगदान देने वाले प्रधान राम कुमार मिश्रा तारा देवी शर्मिला मौर्य विनोद वर्मा मिथलेश कुमारी प्रधानाध्यापक संपन्न कुमार निगम शुभ्रा पाण्डेय अनुज श्रीवास्तव रामपाल को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम के अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडे ने सभी सम्मानित प्रधानाध्यापकों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी श्री मती एकता सिंह के लिए आभार व्यक्त किया अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व सहायक अभियंता विश्वजीत राय ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया कार्यक्रम का संचालन जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी ने किया इस अवसर पर डीपीआरओ रणविजय सिंह सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी मनोज कुमार त्रिपाठी सहायक अभियंता विश्वजीत राय जिला समन्वयक एमआईएस पुनीत कुमार श्रीवास्तव बीईओ दरियाबाद प्रमोद उपाध्याय बीईओ सिरौली गोषपुर अशोक कुमार गुप्ता रामनगर संजय राय खंड शिक्षा अधिकारी हैदर गढ़ रमेश चंद्र, ऋषि टंडन जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी,एस आर जी अवधेश कुमार पाण्डेय सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# विकलांग बी.डी.सी. मजबूरन खुद अपने हाथ नाली की सफाई करने को मजबूर

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। रामनगर तिलोकपुर में प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां उड़ा रहे हैं और जिनके हाथों में साफ सफाई की जिम्मेदारी दी गई वह ब्लाक में बाबूगिरी कर रहे हैं मामला रामनगर ब्लॉक से संबंधित तिलोकपुर में सफाई व्यवस्था चौपट नजर आ रही है शिकायत पर ना संबंधित अधिकारी न प्रमुख न प्रधान सुन रहे , दिव्यांग बीडीसी दीपक ने बीडीओ, एडीओ, व ब्लाक प्रमुख से लेकर उच्चाधिकारियों तक की शिकायत लेकिन नहीं सुधरी सफाई व्यवस्था,दिव्यांग बीडीसी ने स्वयं अपने हाथों से करी नाली की सफाई, ग्रामीणों में तरह–तरह की चर्चाएं शुरू, क्षेत्र में गंदगी के चलते संक्रामक रोग फैलने की थी आशंका दिव्यांग ने स्वयं करी सफाई ब्लाक रामनगर के अधिकारी बने तमाशाबीन, तैनात सफाईकर्मी सफाई व्यवस्था न करके घूम रहे बाबू बनकर, आखिर जिम्मेदार कौ लखनऊ से सटे जनपद बाराबंकी में क्षेत्र पंचायत सदस्य का विकलांग होने के बावजूद अपने हाथ से स्वयं सफाई करना सफाई व्यवस्था व स्वच्छ भारत अभियान पर सवाल खड़ा कर गया +0 का दम भरने वाली उत्तर प्रदेश सरकार और उनके जिले के आला अधिकारी भी कितने लापरवाह हैं इस वीडियो ने बाराबंकी की सफाई व्यवस्था और +0 की पोल खोल दी है तबादले लगातार होते रहते हैं लेकिन व्यवस्थाओं पर सुधार अब तक नहीं हो पा रहा

बाराबंकी में जमे जिलाधिकारी लगभग 3 वर्षों से भी अधिक के समय बीत जाने के बाद भी पद पर अब तक कायम है लेकिन व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही इस वीडियो ने सफाई व्यवस्था के साथ जनपद की अनुशासन की पोल खोल दी है बाराबंकी में हाल ही में अभी राज्यपाल का दौरा हुआ था दौरा होने से पहले राज्यपाल के आगमन पर सफाई व्यवस्था चुस्त–दुरुस्त कर दी गई जिसमें सफाई व्यवस्था के साथ सारे अधिकारी जी हुजूरी करते नजर आए लेकिन लेकिन बाराबंकी के तहसील रामनगर में क्षेत्र पंचायत विकलांग का अपने हाथ से नाली को साफ करना इस बात की ओर साफ–साफ इशारा कर गया मैं बाराबंकी में व्यवस्थाएं बदहाल हैं कि शायद राज्यपाल हर गांव पहुंचेंगे तो सफाई अपने आप खुद ब खुद हो जाएगी।





# संक्षिप्त समाचार

## नवागत एसएसपी के लिए चौलेंज छोड़ कर गए पुराने एसएसपी

**व्यापारी वर्ग में घटना से भारी आक्रोश हैं**

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा ।थाना हाईवे अंतर्गत गोवर्धन रोड श्रीजी बाबा नेत्र चिकित्सालय के बराबर से आराध्या एस्टेट के लिए है मार्ग जा रहा है जिस पर गोवर्धन रोड से 50 मीटर की दूरी पर 28/06/2022 रात्रि काल 9.20 पर घटना होती हैं लेकिन पुलिस अभी तक कुछ भी नहीं कर पाई है ।

मथुरा के नवागत एसएसपी अभिषेक यादव के लिए पूर्व एसएसपी मथुरा गौरव ग्रोवर एक ऐसा चौलेंज छोड़ कर गए हैं जिसे खुद तो पूरा ना कर सके शायद नवागत एसएसपी उसे पूरा कर पाने में सफलता हासिल कर पाएं मामला है मेडिकल संचालक की लूट से संबंधित पहले घटना हुई 26/05/2021 को जिसमें 40000 और बैग जरूरी कागजात लूट कर ले गए थे भागते समय उनकी कार बिजली के पोल से भी टकराई थी पुलिस के द्वारा कार तो बरामद हुई लेकिन घटना का खुलासा नहीं कर सके अब दूसरी घटना हुई 28 ध06 ध 2022 को इस बार लालरंग की स्कूटी मोबाइल जरूरी बैग कागजात वगैरह सब लूट कर ले गए व्यापारी ने बमुश्किल भागकर खुद को अपहत या कहें खुद की हत्या होने से बचा लिया घटना को 8 दिन होने को जा रहे हैं पुलिस के हाथ अभी तक कुछ नहीं आया है व्यापारी और व्यापारी के परिजन बुरी तरह दहशत में है उन्हें लग रहा है कि इस बार तो पवन अग्रवाल जोकि मेडिकल स्टोर संचालक उन्होंने अपनी जान जैसे तैसे बचाई अगर तीसरी बार घटना घटी तो कोई ऐसा ना हो जो बदमाश पीछे लगे हैं वह अगली बार उनके प्राणों के लिए घातक साबित ना हो जायें।




पीड़ित की पत्नी और बच्चे घर से निकलते हुए भी दहशत में हैं पत्नी ने बताया कि पहले भी घटना हो गई थी तब भी उसका खुलासा पुलिस नहीं कर पाई और अब फिर से घटना हो गई है अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है मुझ को डर है कहीं मेरे पति के साथ कोई ऐसी घटना ना हो जाए कि हमारा घर बाहर हो सब उजड़ जाए अगर मेरे पति को कुछ हो गया तो हमारा परिवार किसी भी हाल में जीवित नहीं रह पाएगा अगर हमें कुछ होता है तो वह हमारी मजबूरी और पुलिस की नाकामी होगी।

पीड़ित पवन अग्रवाल पुलिस से बराबर संपर्क साध रहे हैं उसके बाद भी अभी तक पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई हैं पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से भी मुलाकात की उसका भी कोई परिणाम नहीं निकला पवन अग्रवाल का कहना है अगर मेरी हत्या हो जाती है ऐसे तो पुलिस पहले की घटना की तरह इस बार भी ऐसा ही ढुलमुल रवैया दिखाती और मेरे हत्यारे साफ निकल जाते मैं दहशत में हूं मैं ही जानता हूं कैसे मैंने खुद को अपहत होने से बचाया है।

## उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ मथुरा द्वारा नगर निगम मथुरा वृंदावन में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की मांगों के क्रम में ज्ञापन प्रस्तुत किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा ।उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ मथुरा द्वारा नगर निगम मथुरा–वृन्दावन में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की मांगों के क्रम में ज्ञापन प्रस्तुत किया गया था। संघ द्वारा प्रस्तुत किये गये ज्ञापन के क्रम में मा0



महापौर डा0 मुकेश आर्यबन्धु जी एवं नगर आयुक्त श्री अनुनय झा जी द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुये कई मांग को पूरा किया गया।

जिसके क्रम में आज दिनांक 05.07.2022 को उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के पदाधिकारियों द्वारा नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त श्री अनुनय झा को अभिनन्दन पत्र प्रस्तुत करते हुये पटुका पहनाकर एवं डा0 भीमराव अम्बेडकर एवं राधाकृष्ण का चित्रपट भेंट कर धन्यवाद किया गया है।

यहां अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ, मथुरा के द्वारा की प्रस्तुत किये गये मांग पत्र के अनुसार सफाई कर्मचारियों को ए0पी0सी0 का लाम दिये जाने एवं सफाई कर्मियों को वर्दी वितरण किये जाने पर धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

कार्यालय में उत्तमचन्द सहजना, सुरेशचन्द चौहान, बन्टी वाल्मीकि, ज्ञानचन्द जौनी, दिनेश कुमार, बृजेश आदि उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ, मथुरा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कन्हैयालाल की निर्मम हत्या के विरोध में निकाली कैंडल मार्च व श्रद्धांजलि अर्पित की

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा। जनपद के थाना यमुना पर क्षेत्र गांव लोहवन में उदयपुर में हुई



कन्हैयालाल की निर्मम हत्या के विरोध में ग्राम वासियों ने कैंडल मार्च निकाला गया। साथ ही भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और शासन प्रशासन से अनुरोध किया कि अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्हें गोली मारी जाए या फांसी दी जाए। कैंडल मार्च में सभी ने हाथों में कन्हैयालाल की तस्वीर और कैंडल लेकर शांति रूप से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा राहुल हरिमोहन लोगबनिया, समाज सेवी कृष्ण कांत रावत, मनोज रावत, लकी आदि लोग मौजूद रहे।

## कोविड कमाण्ड कंट्रोल सेंटर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर वृक्षारोपण

राज पलिया ब्यूरो चीफ फिरोजाबाद। एकीकृत कोविड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय दबरई फिरोजाबाद पर कार्यरत कर्मचारियों ने एच.ई.ओ. उदयवीर सिंह के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया।



वक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान एच ई ओ उदयवीर सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि सभी लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिये जिससे वातावरण में ऑक्सीजन पर्याप्त मिलेगी। मृदुल पाराशर ने कहा प्राँण प्रदाता अवनि के,प्रकृति हेतु संरक्ष। प्रकृति रम्य बनाइए, लगाकर हर जन वृक्ष ।।

जमीर उद्दीन ने कहा कि वृक्षारोपण प्राँणीमात्र के लिये लाभदायक है।

इस दौरान ललित कुमार,गनेश सिंह,रामवीर सिह,आशीष सिंह,मुकेश कुमार,कुँवरपाल,तरुण कृष्ण,राजेश पलिया,मुजीब खान सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### वृक्षारोपण उत्सव पर ग्राम पंचायतों में सैकड़ों वृक्षों का किया गया वृक्षारोपण

संवाददाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। ब्लॉक पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में वृक्षारोपण उत्सव के मौके पर ग्राम प्रधानों के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सैकड़ों वृक्षों का रोपण किया और लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की गई। आपको बता दें पर्यावरण को बचाने एवं सुंदर और सुरक्षित बनाने के लिए मंगलवार को वृक्षारोपण उत्सव लोगों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। जहां वृक्षों के प्रति लोगों को जागरूक कर सैकड़ों वृक्ष लगाए गए। इसी क्रम में ब्लॉक पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत विप्रावली के ग्राम प्रधान देवानंद परिहार, एवं रेहा ग्राम पंचायत के प्रधान अजय कौशिक, ग्राम पंचायत मानिकपुरा के ग्राम प्रधान राजेश शर्मा, ग्राम पंचायत सेरब प्रधान मान सिंह, ग्राम पंचायत चचिहा के ग्राम प्रधान पति महेंद्र सिंह ने ग्राम पंचायत सचिवों एवं ग्रामीणों के साथ अपनी अपनी ग्राम पंचायतों के तालाब, पंचायत भवन, मंदिर परिसर, हाथ खाली स्थानों पर सैकड़ों वृक्षों का वृक्ष रोपण कर लोगों को पर्यावरण के प्रति एवं अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सचिव गोपाल प्रताप सिंह, गोकुल सिंह, आदि मौजूद रहे।

### पौधारोपण के साथ-साथ किया जाए उनका संरक्षण : विधायक छोटेलाल वर्मा

- फतेहाबाद तहसील में लगाए गए 27000 पौधे

संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में फतेहाबाद तहसील में सोमवार को 27000 पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यक्रम का आयोजन फतेहाबाद के मुटाबई गांव में किया गया, जहां क्षेत्रीय विधायक छोटे लाल वर्मा के साथ प्रभागीय निदेशक अखिलेश पांडे भी मौजूद रहे। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक छोटेलाल वर्मा ने कहा कि पौधारोपण के साथ–साथ इनकी देखभाल भी आवश्यक है। इसके लिए हमें जागरूकता फैलानी होगी। पौधारोपण अभियान के तहत ग्राम मुटाबई में आयोजित कार्यक्रम में यमुना नदी के किनारे किनारे 5000 पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान प्रभागीय निदेशक अखिलेश पांडे ने बताया कि आगरा में मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के दौरान उखाड़े गए पौधों के एवज में 10 गुने पौधे फतेहाबाद क्षेत्र में लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में गांव मुटाबई में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके तहत क्षेत्रीय विधायक की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। एसडीएम जेपी पांडे ने बताया सोमवार की कार्यक्रम के अतिरिक्त 6 तथा 7 जुलाई और 15 अगस्त को भी पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान एसडीएम जेपी पांडे, तहसीलदार मनोज कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी सिकंदर सिंह वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे । इस दौरान ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष दिलीप गुप्ता ने भी एसडीएम फतेहाबाद जेपी पांडे के आह्वान पर पौधे का रोपण किया। वहीं दूसरी ओर राजकीय हाई स्कूल नंदा पुरा में प्रधानाचार्य राखी गुप्ता ने पौधारोपण किया। वही फतेहाबाद नगर पंचायत द्वारा निर्मित श्मशान गृह में नगर पंचायत अध्यक्ष आशा देवी तथा प्रतिनिधि राजकुमार चक द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान नगर पंचायत द्वारा 3800 पौधों का रोपण किया गया।

## दस लोगो के हत्या व लूट मे शामिल होने का अंदेशा

- पांच पैदल आये बदमाशो के अलावा पांच बाइक सबार भी रहै घटना से 100 मीटर दूर तैनात

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता

पिनाहट। पिनाहट के मुहल्ला स्थित तेलमील व्यवसाई बुजुर्ग दम्पती की हत्या व लूट के मामले मे नगर मे लगे सीसीटीवी कैमरो ने घटना मे दस लोगो के शामिल होने की पुष्टि तो कर दी।वही करीब एक दर्जन से अधिक लोगो को पुलिस हिरासत मे लेकर पूछताछ मे जुटी हुई है।

शनिवार रात कस्बा के तेलमील व्यवसाई सुरेश चन्द्र गुप्ता व कृष्णादेवी की हत्या व तीस लाख की लूट के मामले मे मंगलवार को कस्बा के एक चौराहे पर लगे कैमरे मे पांच अन्य लोग जो दो बाइको पर सबार दिखाई दिये।जो घटना करने गये साथियो से फोन पर वार्ता करते भी नजर आ रहे है।

इन सीसीटीवी कैमरो ने ये खुलासा किया कि लूट और हत्या की घटना को पांच लोग नही बल्कि दस लोग शामिल थे।जिनमे पांच लोग पैदल चलकर व्यवसाई के घर पर घटना को अंजाम देने पहुचे।उसी दौरान उनके पांच साथी दो बाइको पर सबार होकर आये जो पुराना राजाखेडा रोड स्थित एक चौराहे पर रात करीब 12 बजकर 35 मिनट पर आये। जो करीब एक घण्टे तक उसी जगह पर खडे होकर घटना को अंजाम दे रहे साथियो से फोन पर वार्ता करते रहे।वही साथियो का इशारा मिलते ही बाइक लेकर निकल गये।

राजाखेडा की ओर से बदमासो के आने का अंदेशा : लूट हत्या के मामले पुलिस को करीब पांच जगह लगे सीसीटीवी कैमरो से बदमासो के आवागमन के फोटो मिले है।जिनसे सभी बदमाश राजाखेडा रोड की तरफ से आते हुऐ व वापसी मे इसी रास्ते से जाते हुऐ दिखाई अरे रहै है।जिससे बदमासो के राजाखेडा की तरफ से होने के अंदेशा से भी इन्कार नही किया जा सकता।

दस से पन्द्रह लोगो पुलिस हिरासत मे : लूट हत्या के खुलासे मे एडी चोटी की ताकत एक कर लगी पुलिस ने घटना की पूछताछ के लिये दस से पन्द्रह लोगो को हिरासत मे ले रखा है।जिनसे बारीकी से पूछताछ की जा रही है।

## जमीनी विवाद में दबंगों ने महिलाओं पर बोला हमला गंभीर घायल

संवादाता हिमांशु गुप्ता

पिनाहट। थाना पिढौरा क्षेत्र के अंतर्गत गांव कौंध में जमीनी विवाद के चलते दबंगों ने महिलाओं पर लाठी–डंडों से हमला बोलकर जमकर मारपीट की जिसमें 3 महिलाएं गंभीर घायल हो गई पुलिस ने सभी का मेडिकल कराया है। जानकारी के अनुसार थाना पिढौरा क्षेत्र के अंतर्गत गांव कौंध में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद झगड़ा हो गया। आरोप है कि दबंग पक्ष के चंद्रभान, राकेश, ओम प्रकाश, गिरेंद्र, सुनील लाठी–डंडे लेकर आ गए। और गाली गलौज करते हुए महिला प्रेमवती पत्नी नेम सिंह, ममता पत्नी हरि सिंह, प्रयाग देवी पत्नी बनवारी लाल पर लाठी–डंडों से हमला बोलकर जमकर मारपीट की जिसमें तीनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायल महिलाओं को सीएससी केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां चिकित्सकों द्वारा घायल महिलाओं का मेडिकल कर उपचार किया गया है। एसओ पिढोरा अनिल



कुमार ने बताया घायलो को इलाज के लिए भेजा हे तहरीर मिलते ही जाँच करके कार्यवाही की जायेगी।

## सिकंदरा पुलिस ने जुआ खेल रहे पाचं जुआरियों को दबोचा

- जुआरियों के कब्जे से रू0 1, 12, 635/– व 52 ताश के पत्ते बरामद

दै. अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु, निर्देश दिये उपरोक्त क्रम में सिकन्दरा पुलिस थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान मुखबिर से सेक्टर–11 में डौली चेतवानी द्वारा एक मकान में हार जीत की बाजी लगाकर जुआ करवाने की सूचना प्राप्त हुई। उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना सिकन्दरा पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों से अनुमति प्राप्त कर सेक्टर–11 में डौली चेतवानी द्वारा जुआ कराये जा रहे मकान में दबिश दी गयी। पुलिस द्वारा मौके से पाचं अभियुक्तों को गिरफ्तार किया एवं कब्जे से जुआ मालफड़ के रू0 1,12,635/– व 52 ताश के पत्ते बरामद किये गये। पुलिस द्वारा अभियुक्तों से पूछताछ करने पर बताया गया कि डॉली चेतवानी हमें पूर्व से जानती है। डौली हमसे रुपये लेकर जुआ करवाती है तथा पुलिस को देखकर भाग गयी है। गिरफ्तार, 1. देवराज पुत्र अशोक वरण निवासी बोम्बे बाजार, बोदला, 2. शाविर पुत्र शोकत अली निवासी किशोरपुरा, 3. सूर्यकुमार कुशवाह पुत्र अतर सिंह निवासी बिचपुरी, 4. प्रदीप पुत्र शीतलप्रसाद गुप्ता निवासी ग्वालियर रोड़ बुन्दु कटरा, 5. लालचन्द्र पुत्र स्व0 तुलाराम निवासी मोतीकटरा थाना एमएम गेट, फरार, 1. डॉली चेतवानी पत्नी प्रकाशचन्द्र निवासी सैक्टर–11 आवास विकास आगरा।


गिरफ्तार करने वाली टीम, 1– उ0नि० देवब्रत एम० पाण्डेय, 2–



उ0नि0 सतेन्द्र सिंह, 3– का० विपिन कुमार, 4– का० मेघ सिंह, 5– कां० अवधेश कुमार, 6 कां० गजेन्द्र सिंह, 7– कां० देवेन्द्र सिंह, 8. म०का० शिवानी थाना सिकन्दरा जनपद आगरा।

## पुलिस ने अवैध शराब को नायब तहसीलदार के नेतृत्व में किया नष्ट

संवादाता हिमांशु गुप्ता



पिनाहट। थाना पिनाहट के सीओ कार्यालय परिसर में कोर्ट के आदेश पर नायब तहसीलदार बाह के नेतृत्व में थाने में कई महीनों से रखी अवैध शराब को पुलिस ने पूरी तरह से नष्ट कर कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार थाना पिनाहट क्षेत्र में बीते कई महीनों में पिनाहट पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी बिक्री पर रोक लगाने के लिए अवैध शराब को अलग–अलग तरीके से पकडकर अवैध शराब तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए गए थे। बरामद शराब को थाना परिसर के माल खाने में जमा किया गया था। बीते महीनों से थाने में रखी हुई माल मुकदमाती 3417 लीटर अवैध शराब को मंगलवार को माननीय न्यायालय जेएम फतेहाबाद के आदेश पर नायब तहसीलदार बाह गौरव अग्रवाल के नेतृत्व में पुलिस ने थाना पिनाहट के सीओ कार्यालय परिसर के मैदान में जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदकर शराब को डालकर पूरी तरह से नष्ट किया गया। बोतलों में भरी शराब को पुलिस कर्मियों द्वारा गड्ढे में फेंककर नष्ट कर मिट्टी से दबाया गया।

इसी संदर्भ में थाना प्रभारी कुलदीप कुमार सिंह ने बताया कि अलग–अलग मामलों में पुलिस द्वारा पकड़ी गई। अवैध शराब को न्यायालय के आदेश पर नष्ट कर कार्रवाई की गई है।

## सिविल टर्मिनल छोटा एयरपोर्ट को 11 दिसंबर 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने दी थी मंजूरी

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। में प्रदूषण विभाग ने अपनी एनओसी लगाई थी 2020 में टाटा कंपनी को बनाने का दे दिया था ठेका अब क्यों इस योजना को बंद कर दिया गया लगता है। आगरा के 15 जनप्रतिनिधियों में दृढ़ इच्छा की कमी है इसी कारण दिल्ली की लॉबी हावी रहती है और आगरा में किसी भी प्रकार का विकास कार्य नहीं होने देती है चाहे इंटरनेशनल एयरपोर्ट हो इंटरनेशनल स्टेडियम हो रेडीमेड गारमेंट के उद्योगों आईटी इंडस्ट्री के डेवलपमेंट की बात हो पेठा आलू और जूता इंडस्ट्री के डेवलपमेंट की बात हो कोटा की तरह एजुकेशन हब एमजी रोड पर एलिवेटेड रोड हाईकोर्ट बेंच की स्थापना इस प्रकार की अनेक योजनाएं जो आगरा को विकसित एवं स्मार्ट सिटी में रख सकती है आगरा के प्रत्येक व्यक्ति के पास रोजगार व व्यापार होगा होगा



आगरा शहर का रिवेन्यू कलेक्शन बहुत अधिक होगा जिससे आगरा शहर के विकास कार्य होंगे और आगरा भारतवर्ष के लोगों को भी रोजगार व व्यापार भी दे सकेगा । मेरा मानना है आगरा संपूर्ण विश्व का सबसे डेवलप्ड सिटी होगा । विनय अग्रवाल पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सपा आगरा दक्षिण विधानसभा एवं सदस्य आगरा स्मार्ट सिटी आगरा।

## अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया आयोजन

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। देशभर में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के आह्वान पर पूरे प्रदेश में वन महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आगरा में नगर निगम के तत्वाधान में सिकंदरा स्थित राजीव नगर में पुल के नीचे वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में महापौर नवीन जैन मौजूद रहे। महापौर ने नगर आयुक्त निखिल टीकाराम फुंडे (आईएएस), पार्षदगणों, समर्थकों और क्षेत्रीय लोगों के साथ सिकंदरा पुल के नीचे पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए महापौर नवीन जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे रोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है जो कि एक ऐतिहासिक कदम है। इनमें से आगरा नगर निगम द्वारा शहर की हर गली, नुक्कड़, चौराहों, सड़क किनारे इत्यादि जगहों पर लगभग 1 लाख 70 हजार पौधे लगाए जाएंगे जिसका शुभारंभ आज वृक्षारोपण कर किया गया है। यह अभियान 1 महीने तक चलेगा। महापौर नवीन जैन ने कहा कि धरती के बढ़ते तापमान और पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी है। इसलिए प्रत्येक शहरवासी कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने का संकल्प लें ताकि वह पौधा पेड़ के रूप में परिवर्तित हो जाए और हमें शुद्ध ऑक्सीजन दे। महापौर ने कहा कि यदि हमें भविष्य के जीवन को बचाना है तो धरती को हरा–भरा बनाए रखना बेहद जरूरी



है। नगर आयुक्त निखिल टीकाराम फुंडे ने कहा कि महापौर नवीन जैन के निर्देशन में हम लगातार आगरा शहर को सुंदर बनाने और हरा भरा बनाने के लिए प्रयासरत हैं। वन महोत्सव के अंतर्गत हम 1 महीने तक पूरे शहर में जगह–जगह वृक्षारोपण अभियान चलाएंगे और अपने लक्ष्य को पूरा करेंगे। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त सुरेंद्र कुमार यादव, सहायक नगर आयुक्त अश्वनी कुमार, भाजपा ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय सह संयोजक अनिल सारस्वत, पार्षद श्यामवीर सिंह, पार्षद कमलेश जाटव, पार्षद सुषमा जैन, पार्षद मंजू रानी, पार्षद बीनू सिकरवार, रवि सारस्वत, सपन सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## योग पृथ्वीवासियों के लिए भगवान शिव का वरदान

- सद्भावना पार्क में निशुल्क योग शिविर का आठवा स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित किया गया विशेष कार्यक्रम, पौधारोपण भी किया



दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। पृथ्वीवासियों के लिए भगवान शिव का वरदान है योग। योग हमें ईश्वर और प्रकृति दोनों से जोड़ता है। कमला नगर सद्भावना पार्क में पिछले आठ वर्ष से चल रहे निशुल्क योग शिविर में आज आठवें स्थापना दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष भानू महाजन ने भी योग किया और शहरवासियों को योग के प्रति जागरूक किया। कहा कि योग आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक क्षमता को बढ़ाता है। प्रतिरोधकता के साथ सकारात्मक विचार देता है। योग स्वस्थ शरीर के साथ स्वस्थ विचार भी देता है। स्वस्थ लोग, स्वस्थ विचार, स्वस्थ शहर और स्वस्थ देश सिर्फ योग ही बना सकता है। शिविर में योग का प्रशिक्षण देने वाले मुरारीप्रसाद अग्रवाल ने ताड़ासन, सूर्य नमस्कार, अनुलोम विलोम, कपाल भाति, भ्रामरी, वज्रासन, त्रिकोण आसन, वृक्षासन का प्रशिक्षण देने के साथ कहा कि पार्क में प्रतिदिन 40 से अधिक लोग योग करने पहुंचते हैं। निरोगी काया ही पहला सुख है। योग करेंगे तो रोग से दूर रहेंगे और समाज व देश के विकास में सहयोगी होंगे। इस मौके पर योगाचार्य मुरारीप्रसाद अग्रवाल व क्षेत्रवासियों ने पार्क में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राधाबल्लभ जी, गुड्डू भाई, किशन चंद, महेश चंद, हैप्पी भाई, मीरा ग्रवाल, सीमा, नीलम, उषा, रंगेश त्यागी आदि उपस्थित थे। ये टिप्स दिए–जहां बैठे हमेसा सीधे बैठें। पीठ झुकाकर न बैठें। –रात को जल्दी सोना, सुबह जल्दी उठना यह भी योग है। –गहरी लम्बी सांस लेंने का अभ्यास करें।

### चालक-परिचालक ने बस का रूट बदला नहीं बिठाए यात्री जांच की मांग

जैतपुर। मंगलवार को भदावर डिपो की दिल्ली आगरा पिनाहट अभयपुरा खेडाराठौर नदगवां जैतपुर बाह रूट पर चलने वाली भदावर डिपो की बस का चालक परिचालक ने खुद ही रूट बदल दिया आगरा से खेडाराठौर के लिए सवारियां नहीं बिठाई रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक को संबोधित शिकायती पत्र में खेडाराठौर के रहने वाले अनिल कुमार मुदगल ने आरोप लगाया है कि मंगलवार की सुबह 10.25 बजे आगरा से गांव के लिए पिता रामजीलाल को परिचालक ने बिठाने से इंकार कर



दिया और कहा कि बस खेडाराठौर नदगवां जैतपुर नहीं जाएगी अभयपुरा से बाह ले जाएंगे उन्होंने मामले में जांच और कार्यवाही की मांग की है वहीं मंगलवार को गुमानसिंह पुरा खेडाराठौर नदगवां के लोग रोजाना आने वाली बस का इंतजार करते रह गये।

## आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु, पांच से 20 जुलाई, राशन कार्ड एवं आधार कार्ड अनिवार्य

- आयुष्मान कार्ड धारक परिवार को प्रति वर्ष पांच लाख रूपये तक का मुफ्त इलाज पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु, राशन कार्ड एवं आधार कार्ड अनिवार्य

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० अरूण श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 05 से 20 जुलाई 2022 तक अन्त्योदय लाभार्थियों के शत–प्रतिशत कार्ड बनाने के उदेश्य से विशेष अभियान ''अन्त्योदय आयुष्मान पखवाडा'' चलाया जायेगा। पखवाडे को सफल बनाने के उदेश्य से जनपद के जनप्रतिनिधियों विशेष रूप से पंचायती राज निकायों के जनप्रतिनिधियों से अन्त्योदय आयुष्मान पखवाडा को सफल बनाने हेतु सहयोग की अपील की गयी है। लक्षित लाभार्थियों की ग्रामवार और वार्डवार सूची सरकारी राशन की दुकानों पर कोटेदारों को उपलब्ध करा दी जायेगी। कोटेदारों से भी सहायता ली जाएगी कि लक्षित लाभार्थियों की सूची सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कर दी जाए तथा ये सूची स्थानीय आशाओं को भी उपलब्ध करा दी गयी है। अभियान की सफलता हेतु मुख्य विकास अधिकारी आगरा श्री ए मनिकन्दन (आई ए एस ) की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है। जिसमें खादय एवं रशद विभाग, पंचायतीराज विभाग, ग्राम विकास विभाग, आईसीडीएस विभाग, श्रम उपायुक्त विभाग, नगर स्वास्थ्य अधिकारी के साथ–साथ जन सुविधा केन्द्र के मैनेजर भी है। सभी योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु राशनकार्ड के साथ–साथ आधार कार्ड ले जाना अनिवार्य है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रत्येक पात्र लाभार्थी के पास आयुष्मान कार्ड होना अनिवार्य है । सभी लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आगरा द्वारा योजना के पात्र लाभार्थियों से अपील की जाती है कि अधिक से अधिक संख्या में अपना आयुष्मान कार्ड बनवाकर योजना का लाभ ले। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जनपद के आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के नोडल अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुखेश गुप्ता को निर्देशित किया है कि वे इस विशेष अभियान आयुष्मान अन्त्योदय



पखवाड़े की लक्ष्य प्राप्ति हेतु कुशल संचालन एवं पर्यवेक्षण करके अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका का निर्वहन करें। अमित कुमार जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी।

### फतेहाबाद के मोहित सिकरवार का हुआ विद्युत विभाग में अवर अभियंता पद पर चयन

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद।फतेहाबाद के ग्राम नगरिया निवासी मोहित सिकरवार का चयन विद्युत विभाग में अवर अभियंता पद पर किया गया हुआ है इसके चलते उनके परिवार तथा गांव में खुशी का माहौल है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहाबाद के ग्राम नगरिया निवासी मोहित सिकरवार पुत्र पुरुषोत्तम सिंह का विद्युत विभाग द्वारा हुई अवर अभियंताओं की भर्ती में उनका चयन हो गया। शुरू से पढ़ाई में मेधावी रहे मोहित के चयन से परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा अवर अभियंताओं की भर्ती की गई थी। जिसमें फतेहाबाद के नगरिया निवासी मोहित सिकरवार ने चयनित होकर फतेहाबाद क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## 1 यूपी गर्ल्स बटालियन आगरा से संयुक्तवार्षिक प्रशिक्षण कैंप का आयोजन



दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। कमांडिंग ऑफिसर रोहित खन्ना के निर्देशन में किया जा रहा है यह 10 दिवसीय कैंप 4 जुलाई से 13 जुलाई तक चलेगा । इस कैंप में अलग–अलग यूनिट की 155 गर्ल्स कैडेटों ने प्रतिभाग किया है इस प्रशिक्षण में थल सेना से संबंधित सभी गतिविधियो का प्रशिक्षण कैडेटों को दिया जाएगा साथ ही सभी गतिविधियों की प्रतियोगिता भी कराई जाएंगी जिससे कैडेट चयनित होकर उचित प्रदर्शन करके अपनी योग्यता आगे आने वाले कैंपों में प्रदर्शित कर सकें। इस कैंप में गर्ल्स केडेट्स को ऑप्टिकल ट्रेनिंग, फायरिंग, हेल्थ एंड हाइजीन जैसी गतिविधियों को खासतौर पर सिखाया जा रहा है आज सभी यूनिट से आई गर्ल्स कैडेटों ने फायरिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जिसके प्रोसाडिंग ऑफिसर 2 यू पी के एडम ऑफीसर कर्नल अजय जा रहे साथ ही वन यूपी गर्ल्स बटालियन की एडम ऑफीसर मेजर प्रियंका ठाकुर, सूबेदार सुरेंद्र जी, कैप्टन सूरत प्यारी ,लेफ्टिनेंट नीलम कांत ,जीसीआई शालिनी चौधरी ,केयरटेकर मीनू शर्मा इस प्रशिक्षण में नामित है ।

जिससे कैम्प की सारी गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित की जा सके।

### शांति व्यवस्था से त्यौहार मनाने के लिए पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

दैनिक अयोध्या मनोज कुमार यादव संवाददाता

देवरिया,भटनी। थाने परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न जिसमे बकरीद की त्यौहार व श्रावण मास त्यौहार को देखते हुए शांति व्यवस्था के साथ तैयार मनाने को कहा गया जिसमे नगर कस्बे व क्षेत्रो में से लोगो को बुलाकर बैठक संपन्न कराई गई बताते चले की 10 तरीके को बकरीद का त्यौहार है जिसको लेकर शांति व्यवस्था के लिए भटनी थाने परिसर में आयोजित कर पीस कमेटी की मीटिंग संपन्न कराई गई दूर दूर से लोग अपनी महत्वपूर्ण समय निकाल कर थाने परिसर में पहुंचे जहां थाना प्रभारी निरीक्षक द्वारा लोगो को निर्देश दिया गया की आप लोग शांति तरीके से त्योहार मनाए जिसमें समलित थाना प्रभारी निरीक्षक



संतोष कुमार सिंह, एसएसआई विनय कुमार सिंह कॉन्स्टेबल अनुराग शुक्ला, अनुज प्रकाश राहुल वर्मा चंद्रकांत गौड़ सुरेंद्र वर्मा,आकाश सिंह, संदीप यादव, महिला कांस्टेबल मंगेशलता, संगीता सिंह,व तमाम नगर व ग्रामीण क्षेत्र से लोग उपस्थित रहे।

## चण्डीगढ़ मार्का शराब की तस्करी करने वाला पुलिस ने एक व्यक्ति दबोचा

- कब्जे से 630 शराब की बोतल अनुमानित कीमत रु० डेढ़ लाख

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा द्वारा में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु, निर्देश दिये गये। उपरोक्त थाना क्षेत्र में चौकिंग गश्त के दौरान मुखबिर से दो व्यक्तियों द्वारा बीएसएनएल कार्यालय ( तारघर ) के बाहर बने गार्ड रूम में अवैध शराब रखने की की सूचना प्राप्त हुई।

उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना सदर पुलिस बीएसएनएल कार्यालय पहुंची, जहां दोनों व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये एक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरा व्यक्ति रात्रि का फायद उठाकर फरार होने में सफल रहा, फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि वह पहले बीएसएनएल पूछताछ का विवरण कार्यालय में गार्ड की नौकरी करता था तभी से गार्ड रूम उसके पास है, जिसमें उसके व अन्य अभियुक्त ( फरार) व्यक्ति दूसरे प्रदेश की शराब छिपा रखी है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 630 शराब की बोतल बरामद की गयी।



गिरफ्तार अभियुक्त, 1. विजय कुमार यादव पुत्र कडोरीलाल निवासी शहजादी मण्डी थाना सदर, फरार अभियुक्त– 1. पंकज बघेल पुत्र मदनगोपाल निवासी रामबिहार कालोनी थाना सदर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1. प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र दहिया, 2. उ0नि० सचिन घामा मय सर्विलास टीम, 3. उ०नि० मो० नफीस, 4. उ0नि० मनोज कुमार, 5. का0 उदय कुमार, 6. का० सुशील कुमार, 7. कां० शरद कुमार थाना सदर जनपद आगरा।

## रायभा के ग्रामीणों ने लेखपाल पर लगाए भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप

- लेखपाल को पंचायत से हटाये जाने की एसडीएम से लगाई गुहार

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता –ईशू चेनानी अछनेरा। जहाँ योगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त उत्तर प्रदेश बनाने की बात करती है वही ग्राम पंचायत स्तर पर लेखपाल सरकार के सपने को ठेंगा दिखा रहे हैं । मंगलवार को किरावली तहसील में ग्राम पंचायत रायभा के ग्रामीणों ने कई वर्षों से रायभा पंचायत पर कार्यरत लेखपाल सतीश कुशवाह पर भृष्टाचार व जातिवाद के गम्भीर आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी किरावली अनिल कुमार सिंह को प्रार्थना पत्र दिया है ।समाजसेवी योगेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त लेखपाल हर छोटे बड़े काम के बदले कीमत मंगता है और जब गाँव के गरीब युवा भर्ती के लिए ई.डब्ल्यू.एस प्रमाण पत्र व कॉलेजो में प्रवेश व स्कॉलरशिप के लिए आय प्रमाण पत्र बनबाने के लिए जाते है तो उनसे मोटी रकम लेखपाल के करीबियों द्वारा माँगी जाती है । पैसे न दे पाने की सूरत में लेखपाल द्वारा प्रमाण पत्र नही बनाया जाता हैं । आगे बताते हुए कहा कि लेखपाल के कार्यकाल में अभी तक एक भी ई.डब्ल्यू.एस प्रमाण पर नही बनाया गया है । साथ ही लेखपाल सतीश कुशवाह हर कार्य को करने लिए मोटी रकम की मांग करता है और कहता हैं इसमें से एस. डी. एम व तहसीलदार को भी हिस्सा देना पड़ता है । ग्रामीणों ने एक स्वर होकर कहा कि लेखपाल स्वजातिय लोगों के द्वारा लेन देन करता है और पंचायत में जातिवाद को बढ़ावा देता है ।



ग्रामीणों ने युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलबाड़ को देखते हुए उपजिलाधिकारी किरावली को प्रार्थना पत्र देकर लेखपाल सतीश कुशवाह को ग्राम पंचायत रायभा से हटाए जाने की गुहार लगाई ।

रायभा क्षेत्र के लेखपाल का कहना है कि मेरे ऊपर लगाए जाने वाले आरोप निराधार है। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाए गए है । मामले की निष्पक्ष जाँच की जाएगी और दोषी सिद्ध होने पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी ।

# एस.पी. सिंह बघेल ने मैनपुरी के ग्राम लोधीपुर में वृक्षारोपण किया

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ
मैनपुरी। विधि एवं न्याय राज्य मंत्री भारत सरकार एस.पी. सिंह बघेल ने वृक्षारोपण जन आन्दोलन अभियान–2022 के अन्तगर्त विकास खंड मैनपुरी के ग्राम लोधीपुर में वृहद स्तर पर किये गये वृक्षारोपण में वृक्ष रोपित करते हुये कहा कि वन सम्पदा पृथ्वी की अनमोल धरोहर है, इनकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कतर्व्य है, हमें अपने और आगे आने वाली पीढ़ी के जीवन को बचाने के लिए हमें वृक्षारोपण करना ही होगा। उन्होने कहा कि वृक्ष मनुष्य को शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, प्रदूषण को रोकते हैं, पानी के बहाव एवं मिट्टी के कटान को रोकने के साथ ही पयार्वरण संतुलन को बनाने में सहायक होते हैं। उन्होने कहा कि निरतंर विकास के कारण वन क्षेत्र में कमी आयी है, जिसके कारण वृक्षों की संख्या घटी है, वृक्षों की कमी के कारण पयार्वरण में असंतुलन पैदा हुआ है, केन्द्र– प्रदेश सरकार पयार्वरण सुधार की दिशा में तेजी से काय र्कर रही है, वन महोत्सव के अन्तगर्त प्रदेश में बड़ी संख्या में आज पौधे रोपित किये जाने का अभियान संचालित है, अभियान के दौरान आगामी 02 दिन में भी पौधे रोपित होंगे।

उन्होने कहा कि आन्दोलन को सफल बनाने के लिए जन सहभागिता सुनिश्चित करायी गयी है, अभियान में व्यापारिक संगठनों, स्वयं सेवी संगठनों, एन.सी.सी., एन. एस. एस., युवक, महिला मंगल दलों, स्वैच्छिक संगठनों आदि की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराकर जनपद हेतु निधार्रित लक्ष्य की शत–प्रतिशत पूति र्की जायेगी। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने वृक्ष रोपित करते हुये कहा कि हमारे देश में कई वृक्षों को पूजा जाता है, नीम, पीपल, आंवला, बरगद आदि वृक्षों में ईश्वर का निवास स्थान माना जाता है, जिन वृक्ष की हम पूजा करते है उनमें औषधीय गुणों का भंडार होता हैं, जो हमारी सेहत को बनाये रखने में मददगार होते है। उन्होने कहा कि वृक्षारोपण के कायर्क्रमों को प्रोत्साहन देने के लिए लोगों को वृक्षों से होने वाले लाभ के बारे में जागरूक कर उन्हे पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना होगा, वृक्षों को गोद लेने की परंपरा डालनी होगी, पेड़ लगाने वाले लोगों को प्रोत्साहित करना होगा, प्रदूषण कम हो एवं हम पयार्वरण की सुरक्षा के साथ सामंजस्य रखते हुए संतुलित विकास की ओर अग्रसर हो, इसके लिए हमें अनिवार्य रूप से वृक्षारोपण का सहारा लेना होगा। उन्होने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवतर्न, प्रदूषण के कारण पूरे भू–मंडल की स्थिति चितांजनक है, पयार्वरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण ही महत्वपूर्ण है, हमें वृक्षारोपण को जन आन्दोलन के रूप में अपनाना होगा।



श्री सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारे लिए काफी लाभदायक हैं, वातावरण में फैली कार्बन डाइ– ऑक्साइड को वृक्ष जीवनदायिनी ऑक्सीजन में बदल कर हमें पूरी जिन्दगी ऑक्सीजन प्रदान करने का काम करते हैं, वृक्षों की पत्तियों , छालों एवं जड़ों से हमें विभिन्न प्रकार की औषधियां मिलती है, वृक्षों से रसदार एवं स्वादिष्ट फल प्राप्त होते हैं साथ ही वृक्ष हमें छाया प्रदान करते हैं इनके छाया में पशु–पक्षी ही नहीं बल्कि मनुष्य को भी चौन की सांस मिलती है। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान, पुलिस अधीक्षक कमलेश दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, अपरजिलाधिकारी राम जी मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर, घिरोर, नवोदिता शर्मा, शिव नारायण, मुख्य चिकित्सा धिकारी डा. पी.पी. सिंह, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी एस.एन. मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोविन्द भदौरिया, प्रान्तीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, पूव र्विधायक अशोक सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

# पंचायती राज मंत्री, राज्यमंत्री, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, राज्यमंत्री कारागार ने भौगाव स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ
मैनपुरी। पंचायती राज मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन दयाशंकर मिश्र दयालु, राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भोगांव के प्रभारी मंत्री ने निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी को आदेशित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं, मरीजों के संग बेहतर व्यवहार किया जाए, जिन मरीजों की जांच की आवश्यकता है, उन्हें निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, स्वास्थ्य केन्द्र पर पयार्प्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध रहें, स्वास्थ्यकर्मी, चिकित्सक समय से उपस्थित हों, संस्थागत प्रसव के उपरांत प्रसूता को तत्काल जननी सुरक्षा योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाये और उसे एम्बुलेंस–102 से घर तक भिजवाया जाये, नवजात शिशु की नियमित देखभाल हो, उसे सभी टीके समय से लगें, सुनिश्चित किया जाये। मंत्रीगणों ने जननी सुरक्षा योजना की जानकारी करने पर पाया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोगांव में संस्थागत प्रसव के लक्ष्य 2029 के सापेक्ष अब तक 424 संस्थागत प्रसव हो चुके हैं, सभी प्रसूताओं को जननी सुरक्षा योजना का लाभ उपलब्ध कराया जा चुका है, परिवार नियोजन के अंतगर्त पुरुष नसबंदी के लक्ष्य 01 के सापेक्ष 02 की पूति र्की जा चुकी है जबकि महिला नसबंदी में 188 लक्ष्य के सापेक्ष 11 की पूति र्हुई है, नियमित टीकाकरण में 0 से 1 वष र्के बच्चों के टीकाकरण के वार्षिक लक्ष्य 6688 के सापेक्ष 1725 बच्चों का टीकाकरण किया जा चुका है, टी.टी. 10 वष र्के बच्चों के लक्ष्य 4680 के सापेक्ष 321 बच्चों को टी.टी. का टीका लग चुका है, ए.एन.सी. हेतु गभर्वती महिलाओं के लक्ष्य 8047 के सापेक्ष 2382 की पूति र्की जा चुकी है। मंत्रीगणों ने पुरुष वाड र्में भती र्सत्यपाल, प्रदीप कुमार, राजू, भगवान सिंह, महेश चन्द्र, महिला वाड र्में भती र्मिथलेश, गुड्डी देवी से संवाद कर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेने पर भती र्मरीजों ने कहा कि उन्हें चिकित्सकों द्वारा बेहतर उपचार दिया जा रहा है, सभी दवायें स्वास्थ्य केंद्र से ही मिल रही हैं। उन्होंने नेत्र रोग विभाग के निरीक्षण के दौरान पाया कि आज 07 व्यक्तियों की आंखों का परीक्षण किया गया है और उन्हें आवश्यकता अनुसार चश्मे उपलब्ध कराए गए हैं, मोतियाबिंद आदि बीमारियों से ग्रसित मरीजों को जिला चिकित्सालय रेफर किया जा रहा है, जानकारी करने पर पाया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लम्बे समय से नेत्र रोग विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं है, दवा वितरण कक्ष के निरीक्षण के दौरान पाया कि स्वास्थ्य केंद्र पर 128 दवाएं पयार्प्त मात्रा में उपलब्ध हैं, मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र से ही दवाईयां उपलब्ध कराई जा रही हैं किसी भी मरीज को बाजार से दवा नहीं लिखी जा रही है। उन्होंने 941.26 लाख की लागत से निर्मित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भोगांव का निरीक्षण करते हुए कायर्दायी संस्था निमार्ण निगम के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित करते हुए कहा कि निमार्ण काय र्लगभग पूण र्हो चुका है, इसे तत्काल सम्बन्धित विभाग को हैंडओवर करें ताकि छात्रों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने निरीक्षण के दौरान जानकारी करने पर पाया कि इस परियोजना पर सितंबर 2015 में काय र्प्रारंभ हुआ, परिसर में 12 क्लास रूम के अलावा एकेडमिक ब्लॉक तीन मंजिला, 04 वकर्शॉप, टाइप–1 के 02 एवं टाइप–3 के 01 आवास, बॉन्ड्रीवॉल, ओवरहेड टैंक, ट्यूबवेल, सड़क विकास का काय र्पूण र्हो चुका है। आईटीआई में 12 ट्रेड संचालित होंगी, शासन स्तर से स्टाफ की भी



स्वीकृति मिल चुकी है, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 520 सीट है, जिसमें से 388 छात्रों को प्रति वष र्प्रवेश मिलेगा। मंत्री समूह के सदस्यों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भोगांव, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में वृक्षारोपण जन आदोंलन अभियान के तहत वृक्ष रोपित किये। निरीक्षण के दौरान विधायक भोगांव, पूव र्मंत्री रामनरेश अग्निहोत्री, जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह, पुलिस अधीक्षक कमलेश दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी.पी. सिंह, उप जिलाधिकारी भोगांव कुलदेव, प्र. चिकित्साधिकारी डा. शम्भू सिंह, जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान, ब्लॉक प्रमुख जागीर मनेष चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोविंद भदौरिया, पूव र्जिला अध्यक्ष अरविंद तोमर आदि उपस्थित रहे।

# घिरोर के ग्राम करपिया में आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित की गई चौपाल



• कार्यक्रम में भूपेंद्र सिंह चौधरी, आयुष, दयाशंकर मिश्र दयालु, सुरेश राही जैसी माननीय पधारे

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ
मैनपुरी। पंचायती राज मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन दयाशंकर मिश्र दयालु, राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही ने विकास खंड घिरोर के ग्राम करपिया के पूव र्माध्यमिक विद्यालय परिसर में आपकी सरकार–आपके द्वार कायर्क्रम के तहत आयोजित चौपाल में ग्रामीणों से संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं, लाभाथीर्परक योजनाओं का फीडबैक लेते हुए कहा कि अंतिम पायदान के व्यक्ति तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से पहुंचे ताकि वह भी सम्मान के साथ विकास की मुख्यधारा में शामिल होकर जीवन–यापन कर सकें। उन्होंने कायर्क्रम में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि अपने–अपने विभाग की संचालित योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने तथा योजनाओं का लाभ पात्रों तक बिना किसी असुविधा के पहुंचाने की दिशा में काय र्करें, बिना किसी भेद–भाव के संचालित योजना का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले, सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री किसान सम्मान योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ शौचालय योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आयुष्मान भारत योजना का लाभ पाने से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। मा. मंत्रीगणों ने चौपाल में उपस्थित मातृशक्ति का आह्वान करते हुए कहा कि शासन की संचालित योजनाओं की जानकारी करें, अधिकांश योजनाओं का मुख्य बिंदु परिवार की मुखिया महिला को रखा गया है। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर फीडबैक लेते हुये पाया कि गांव में स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतगर्त 105 शौचालय बने हैं, गांव की 155 पात्रों को वृद्धावस्था पेंशन, 11 विधवाओं को निराश्रित पेंशन, 09 दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन से लाभान्वित किया जा रहा है, गांव में स्वच्छ पेयजल आपूति र्हेतु 33 हैंडपंप स्थापित है जो सभी चालू दशा में हैं, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 40 लाभाथियों को लाभान्वित किया गया है, सभी आवास पूण र्हो चुके हैं, गांव में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 05 समूह संचालित हैं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 462 कृषकों को लाभान्वित किया जा रहा है।

# जुए के मामले में लवी शुक्ला की पीट-पीटकर निर्मम हत्या इलाज के दौरान तोड़ा दम

• सुनील पाल निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जाँच की मांग कर रहा है

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। मैनपुरी में बेवर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत लवी शुक्ला केश में, मैं सुनील पाल निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच की मांग करता हूँ... इस संपूर्ण मामले में पुलिस पार्टी ही खुद इस प्रकरण की जिम्मेदार है, और मृतक के परिवार को गुमराह कर आरोपी पांच अन्य लोगों को बनाया गया... दिनांक 23ध06ध2022 की शाम सुमेर सिटी (बेवर) में ताश के पत्ते खेले जा रहे थे... जहाँ लवी शुक्ला एवं उनके दो अन्य साथी, मनोज गुप्ता आढ़ती, कौशलेंद्र सिंह, अरविंद प्रधान, आराम सिंह सहित कुछ अन्य लोग मौजूद थे... मैं सुनील पाल भी वहां पड़े हुऐ एक टीन सैड को खरीदने की बात करने पहुंचा तो देखा वहां कुछ लोग ताश के पत्ते खेल रहे थे, मैं भी वहां ताश का खेल देखने लगा हालांकि ये सत्य है कि मैं कुछ ही देर में समझ गया कि जुआँ हो रहा है और मैं उसे उत्सुकता बस जानबूझ कर देखता रहा, अचानक लगभग 8रू31 पर पुलिस की कुछ गाड़ी मौके पर पहुंची और छापा डाल दिया, मौके से मेरे साथ मनोज गुप्ता आढ़ती, कौशलेंद्र सिंह, अरविंद प्रधान, आराम सिंह को पकड़ लिया, बाकी लोग इधर उधर भागे, लवी शुक्ला एवं उनके साथ आया एक अज्ञात बाल्मीक बिरादरी का लड़का छत की तरफ भागे और पुलिसकर्मी उनके पीछे छत की तरफ गऐ।

कुछ देर में पुलिसकर्मी तो वापस लौट आऐ पर लवी एवं उनके साथ मौजूद दूसरा लड़का पुलिस के साथ मौजूद नही थे, लगभग बीस मिनट पुलिस सुमेर सिटी के अंदर रही उसके बाद हम पांच लोगों को लेकर थाने में आई लेकिन लवी एवं उसके साथ छत की तरफ भागा लड़का हमारे साथ गिरफ्तार नही हुआ था बल्कि उनकी दो मोटरसाइकिल बाहर खड़ी रहीं... थाने आकार लगभग तीन घंटे बाद हम लोगों पर जुआँ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया इसीबीच थाने में खबर मिली कि पुलिस की एक गाड़ी लवी शुक्ला को घायल अवस्था में अस्पताल में लेकर आई उसके बाद हम लोगों का मुचलका थाने से भरवाया कर जमानत पर छोड़ा गया तब तक लवी शुक्ला को आगरा रेफर किया जा चुका था... उसके बाद अगले दिन हम लोग आगरा अस्पताल में लवी के हालचाल जानने पहुंचे तब पता चला उनके सर पर गंभीर चोट है... ये घटनाक्रम हुआ इसमें पुलिस और लवी के बीच क्या हुआ इसकी हम लोगों को कोई जानकारी नही क्योंकि पुलिस द्वारा हम लोगों को गिरफ्तार किये जाने से पहले तक लवी शुक्ला हमारे साथ थे... हमारी गिरफ्तारी के बाद लवी और पुलिस के मध्य क्या हुआ इसकी सघन जांच अति आवश्यक है इसलिये इस मामले में उच्चस्तरीय एजेंसी की जांच के बिना असली दोषी का पता चलना असंभव है अतः पुलिस के उच्चस्तरीय अधिकारियों और पीड़ित परिवार के लोगों से निवेदन है कि मामले की तह तक पहुंचने में हमारा सहयोग करें ताकि वास्तविक अपराधी सजा प्राप्त कर सकें, निर्दोषों के फंसाने से असली अपराधी बच जाऐंगे और निर्दोष बेवजह परेशान होंगे।

# एसडीएम व तहसीलदार कुरावली ने भूमि पर कराया वृक्षारोपण

• एक साथ 6000 वृक्ष के लिए सुबह से ही ग्रामीणों की मदद से गड्ढे खोदने के बाद रोपे गए पौधे
• पौधी को सीचने के लिए के लिए पंपसेट से छोड़ा गया पानी
• ग्राम प्रधान व क्षेत्रीय लेखपाल के कार्य की की प्रशंसा

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। बिछवा विकास खंड सुल्तानगंज के गांव जिरौली के मजरा रामनगर के अलावा तालाब के आसपास व विद्यालय के परिसर के अलावा नगला जैनखा व विभिन्न गांव में एक साथ 6000 पौधों का रोपण कराया गया कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी कुरावली युगांतर त्रिपाठी के साथ तहसीलदार अभय राज पांडे ने पहुंचकर स्वयं पौधारोपण कराया साथ ही पौधों की रखवाली के लिए भी निर्देश दिए।

शासन की मंशा अनुसार सुबह से वृक्ष लगाने के लिए गांव जिरौली के सैकड़ों पुरुष व महिलाओं ने एक साथ गड्ढे खोदने के बाद विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कराया कार्यक्रम में पहुंचे ।

उप जिलाधिकारी कुरावली युगांतर त्रिपाठी ने कहा कि एक साथ तहसील कुरावली में रामनगर जिरौली में लगाए गए पौधों को देखकर सभी टीम के कार्यकर्ताओं की सराहना की साथ ही उन्होंने कहा कि इन पौधों की को रोपने के बाद उनकी देखरेख भी अति आवश्यक है साथ ही कार्यक्रम में बोलते हुए तहसीलदार अभय राज पांडे ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस जमीन पर पौधारोपण कराया जा रहा है या जमीन ग्राम समाज की है साथ ही इसे खाली कराने के बाद इसको समतल कराया गया और इसमें वृक्षारोपण का कार्य संपन्न कराया गया इस अवसर पर कानून राजस्व निरीक्षक राम बहादुर सिंह क्षेत्रीय लेखपाल देवेंद्र सिंह रजनीश पांडे के अलावा ग्राम प्रधान मनोज कुमार चौहान के अलावा क्षेत्र के सैकड़ों पुरुष व महिलाएं मौजूद रही ।



# अंत्योदय राशन कार्डधारक है तो बनवा लीजिए आयुष्मान कार्ड

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ
मैनपुरी। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान शुरू होगा। इस बार ये अभियान अंत्योदय आयुष्मान पखवाड़ा के तहत शुरू किया जाएगा। अभियान के दौरान शत प्रतिशत अंत्योदय राशन कार्डधारकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। जिन लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं उन लाभार्थियों के परिवार के सभी सदस्यों के कार्ड बनेंगे। मैनपुरी में अब तक 45596 अंत्योदय राशन कार्डधारकों के 137430 लाभार्थियों में से 47465 के ही आयुष्मान कार्ड बने हैं। इस अभियान में आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, ग्रामप्रधान, राशन डीलर, ग्राम सेवकों का भी सहयोग लिया जाएगा। सीएमओ डा. केपी सिंह ने बताया कि प्रत्येक कार्डधारक लाभार्थी परिवार के सभी सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनवाए। बीमारी की स्थिति में तत्काल पांच लाख तक के निशुल्क उपचार के लिए कार्ड की जरूरत पड़ेगी। कार्ड गांव में लगने वाले शिविरों में बनाए जाएंगे। कार्ड पूरी तरह निशुल्क बनेगा।

## कृष्ण कुमार ने एसोशिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यभार संभाला

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुनील कुमार गुप्ता
बहराइच।किसान पी.जी. कॉलेज के भूगोल विभाग में कृष्ण कुमार ने एसोशिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। वे 2003 से नेशनल पी.जी. कॉलेज भोगांव मैनपुरी में कार्यरत थे। उन्हें महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ. एस.पी. सिंह ने



कार्यभार ग्रहण कराया और आशा व्यक्त की कि वे अपनी विद्वत्ता और क्षमता का लाभ इस महाविद्यालय को देंगे। कृष्ण कुमार मूल रूप से इसी जनपद के निवासी हैं। इस अवसर पर कार्यालयाधीक्षक राजवंत सिंह, राजनीति शास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर राघवेंद्र प्रताप सिंह, मध्यकालीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सत्यभूषण सिंह, विशाल सेवा संस्थान के प्रदेश सचिव विशाल कश्यप सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

## पूर्व राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी के घर से चोरों ने कीमती सामान किये चोरी

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स
प्रयागराज। पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी के घर से दो युवकों ने कीमती सामान चोरी कर लिया। केशरी नाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी ने सिविल लाइंस थाने में मो. आबिद और इमरान के खिलाफ चोरी की एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नीरज त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि 10 जून को उन्होंने अपने घर पर वाल पेपर लगवाने के लिए मेसर्स अशोक फर्निसिंग सिविल लाइंस से संपर्क किया। सामान उन्हीं की दुकान से खरीदा और वहीं के कारीगर वॉल पेपर लगाने आए। कारीगर मो. आबिद और इमरान ने 15 जून को वाल पेपर लगाने के दौरान मौका पाकर कमरे में घुस गए। आलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखी रॉडो और सिंको घड़ी और मोबाइल लेकर भाग निकले। सूचना मिलने पर तीन जुलाई को पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

## पूर्व सांसद रेवती रमण की रणनीति का इंतजार, भाजपा में जाने की अटकलें तेज

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स
प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रेवती रमण सिंह की राज्यसभा की सदस्यता रविवार को खत्म हो चुकी है। अब उनके अगले कदम का इंतजार है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति नाराजगी तथा पार्टी छोड़ने की अटकलों के बीच रेवती रमण सिंह के सामने खुद के सियासी सफर के साथ बेटे उज्जवल रमण सिंह के लिए भी जमीन तैयार करने की चुनौती होगी। रेवती रमण का यमुनापार की सियासत में चार दशक से मजबूत हस्तक्षेप रहा है। उनके पुत्र उज्जवल रमण सिंह भी करछना से दो बार विधायक रह चुके हैं। विधानसभा चुनाव में उनके पुत्र उज्जवल को हार मिली थी। वहीं रेवती रमण सिंह की राज्यसभा की सदस्यता भी रविवार को समाप्त हो गई लेकिन पार्टी ने उन्हें दोबारा उम्मीदवार नहीं बनाया। इस पर वह शीर्ष नेतृत्व से नाराजगी जता चुके हैं। अब उनके पार्टी छोड़ने की चर्चा भी है। यह भी कहा जा रहा है कि वह भाजपा में अपनी नई पारी की शुरू कर सकते हैं ऐसे में अब राज्यसभा का उनका कार्यकाल खत्म होने के बाद इस तरह की चर्चा फिर शुरू हो गई है। हालांकि, उन्होंने अपने पत्ते अभी नहीं खोले हैं।उनका सिर्फ इतना कहना है कि समर्थकों की राय जानने के बाद ही वह कोई कदम उठाएंगे। हालांकि, भाजपा में रेवती रमण एवं उज्जवल रमण का किस तरह से स्वागत होगा यह सांसद डॉ.रीता बहुगुणा जोशी, केशरी देवी पटेल समेत यमुनापार के भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं के रुख से तय होगा।

# जिले में वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न

प्रयागराज रिपोर्टर हिमांशु चौरसिया दैनिक अयोध्या टाइम्स
प्रयागराज। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जनप्रतिनिधिगणों एवं अधिकारियों ने मुख्य कार्यक्रम स्थल कनिहार झूंसी में किया वृक्षारोपण, प्रयागराज जनपद में मंगलवार को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का4 आयोजन किया गया। वृक्षारोपण का मुख्य कार्यक्रम कनिहार, झूंसी में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य जनप्रनिधिगणों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल, महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल, विधायक शहर उत्तरी हर्ष वर्धन वाजपेई, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्या, भाजपा के गंगापार अध्यक्ष अश्वनी दुबे, जनपद में वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए नामित नोडल अधिकारी प्रबंध निदेशक उ0प्र0 जल निगमध्सचिव नगर विकास अनिल कुमार, आईजी डॉक्टर राकेश सिंह, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों एवं अधिकारियों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। आयोजित कार्यक्रम में







लोगो को सम्बोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश इस बार एक इतिहास रचने जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस बार कुल 35 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वृक्षारोपण एवं वृक्षों के संरक्षण के लिए जन–जन की भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनपद प्रयागराज के लिए जो भी लक्ष्य मिला है, उसको सभी लोग मिलकर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण कम से कम एक वृक्ष को गोद के रूप में अवश्य ले तथा उस वृक्ष की संतान की भांति देखभाल करें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण में उत्तर प्रदेश गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज करा चुका है। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण को संतुलित बनाये रखते है तथा पर्यावरण प्रदूषण को रोकने में मदद करते है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों के लिए खिलौने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रदान किए गए। सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह बहुत ही सुखद क्षण है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री से कहा कि इस क्षेत्र को एक पार्क के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत अनेक कार्यक्रम किए जा रहे है, जिसमें वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण करना एक बहुत ही पुण्य का कार्य है। पर्यावरण के संतुलन को बनाये रखने में वृक्षो का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है।

महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने अपने सम्बोधन में लोगो से कहा कि सभी लोग अपने सबसे प्रिय के नाम से एक वृक्ष अवश्य लगाये। कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी है। इस अवसर पर विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल ने कनिहार वृक्षारोपण क्षेत्र को पार्क के रूप में विकसित किए जाने के लिए उपमुख्यमंत्री से अनुरोध किया। इसके पूर्व जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री जनपद में किए जाने वाले वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इस वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम में इस बार जनपद में वृक्षारोपण का कुल लक्ष्य लगभग 70,96,088 निर्धारित किया गया है, जिसमें आज दिनांक 05 जुलाई को लगभग 50,68,608 पौधों को रोपे जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यक्रम स्थल कनिहार में आज 1 हजार पौधों का रोपण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 250 शहीदों के नाम से वाटिका बनायी जा रही है। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा लोगो को वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस अवसर पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान, नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग, मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चन्द्र सहित अन्य अधिकारीगणों के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रंजना त्रिपाठी के द्वारा किया गया।

# नैनी थाना क्षेत्र में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग,एक व्यक्तिकी मौत,एक घायल

• कहासुनी के बाद चली गोलियां और फिर हो गया खून–खराबा

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स
प्रयागराज। यमुनापार के नैनी कोतवाली क्षेत्र के अरैल इलाके में मंगलवार को यजमानी के विवाद में तीर्थ पुरोहित बबुआ तिवारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बबुआ के एक साथी लवकुश को भी गोली लगी है, जिसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पुलिस पहुंची है। हमलावरों की तलाश की जा रही है। इस घटना के बारे में बताया जा रहा है कि अरैल इलाके के रहने वाले बबुआ तिवारी का दूसरे तीर्थ पुरोहितों से यजमानी को लेकर विवाद चल रहा था। उसी विवाद में मंगलवार को लेकर फिर कहासुनी हो गई।

सच्चा बाबा आश्रम के पास झगड़ा बढ़ने पर दूसरे पक्ष ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। गोली लगने से बबुआ की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि उसका साथी लवकुश जख्मी हो गए। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने बबुआ को मृत घोषित कर दिया और लवकुश का इलाज चल रहा है। उधर घटना को लेकर अरैल गांव में हंगामा मचा हुआ है। पुलिस नाराज लोगों को शांत कराने का प्रयास कर रही है। हमलावरों की तलाश में पुलिस टीम भेजी गई है।

# पुराने सोशलिस्ट नेता हरीनारायण मिश्रा के देहान्त की खबर से सभी स्तब्ध, नेताओं ने जताया शोक

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स
प्रयागराज। अखिल भारतीय सोशलिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व समाजवादी पार्टी मे अरसे तक रह कर समाजवादी विचारधारा के स्तम्भ रहे हरीनारायण मिश्रा के निधन की खबर मिलने से सभी स्तब्ध हैं।समाजवादी पार्टी के निर्वतमान महानगर मीडिया प्रभारी सैय्यद मोसम्मद अस्करी ने बताया की 27 अक्टूबर 1952 को जन्मे हरीनारायण मिश्रा लगभग 70 वर्ष को तीन दिन पहले दिल्ली के मेदांता मे हृदय रोग से ग्रसित होने पर भर्ति किया गया था जहाँ मंगलवार प्रातः 4 बजे उन्होने अन्तिम साँस ली।उनके देहान्त की सूचना पर उनके साथ राजनीतिक रुप से जुड़े लोगों मे शोक की लहर के साथ सभी को स्तब्ध कर दिया।समाजवादी पार्टी के निर्वतमान महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन व वरिष्ठ सपा नेता नरेन्द्र सिंह ने पुराने सोशलिस्ट नेता हरीनारायण मिश्रा के निधन को निजि क्षति बताया।कहा उनके साथ इलाहाबाद विश्वविद्यालय से साथ रहा वह भले दूसरे दल मे रहे लेकिन उनकी धड़कन मे हमेशा समाजवाद की लौ जलती थी जो आज उनके निधन से बुझ गई।लोकदल के पूर्व वरिष्ठ नेता और संयुक्त व्यापार मण्डल के प्रदेश महासचिव रहे प्रमोद चन्द्र त्रिपाठी ने दुख जताते हुए कहा की हम लोगों ने राजनीत का ककहरा उनही से सीखा।वह उच्च सोच के विचार तथा निर्धन व निचले स्तर के लोगों को उपर उठाने मे हमेशा अग्रसर रहते थे उनके साथ मेरा व्यक्तिगत लगाव था।वरिष्ठ सपा नेता महबूब उसमानी ने भी दुख जताया कहा हरीनारायण मिश्रा जी से हम लोगों ने हमेशा आगे बढ़ते रहना और पीछे मुड़ कर नहीं देखना सीखा।सैय्यद मोहम्मद अस्करी ने बताया की मैने सन उन्नीससौ चौरानबे मे राजनीत का पहला कदम हरीनारायण मिश्रा जी के ही4 समता पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पद से शुरु किया और हमेशा उनके मार्गदर्शन मे आगे बढ़ता रहा।हकीकत मे वह हमारे राजनीतिक सफर के अग्रणी नेता और राजनीतिक गुरु थे।मुझे जैसी ही4 खबर मिली मै स्तब्ध सा हो गया।अस्करी ने बताया की हरीनारायण मिश्रा का पार्थिव शरीर रात नौ से दस बजे तक उनके सरकुलर रोड स्थित आवास पर आ जाएगा।बुधवार को प्रातः 8 बजे रसूलाबाद घाट पर उनका अन्तिम संस्कार होगा।

निर्वतमान सपा नगर महासचिव रवीन्द्र यादव ,निर्वतमान प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह मेजा ,मुश्ताक काजमी ,रजा इसमाईल सफवी ,अमर नाथ खरे ,नवीन पाठक ,राजेश पाण्डेय आदि ने हरीनारायण मिश्रा के निधन पर शोक जताते हुए इश्वर से पुन्य आत्मा की शान्ति और परिजनो को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

# संक्षिप्त समाचार

## वृक्षारोपण करें पर्यावरण बचाएं, वृक्ष एक लाभ अनेक

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। हमारे देश में नहीं अपितु पूरे विश्व में भी वनों का विशेष महत्व है। अगर वन ना रहे तो हम नहीं रहेंगे और यदि वन रहेंगे तो हम रहेंगे। एक वृक्ष दस पुत्रों के समान होता है। वृक्ष हमारे लिए बहुत उपयोगी है सभी को वृक्षारोपण करना चाहिए। पौधों को रोपित करने के बाद संरक्षित भी किया जाये। वृक्षारोपण के बाद देखभाल की भी हम सब की जिम्मेदारी है। उक्त निर्देश आज सचिव, चिकित्सा शिक्षाध्नोडल अधिकारी श्रुति सिंह, ने आज वृक्षारोपण महा अभियान के अन्तर्गत जनपद के ब्लाक तालग्राम के अन्तर्गत बरौली गांव में मातृ शक्ति वन के तहत "शक्ति वन" तथा जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी में वृक्षारोपण कर व्यक्त किये। हमारे देश में नहीं अपितु पूरे विश्व में भी वनों का विशेष महत्व है। वन ही प्रकृति की महान शोभा के भंडार है। वनों के द्वारा प्रकृति का जो रूप खिलता है, वह मनुष्य को प्रेरित करता है, दूसरी बात यह है कि वन ही मनुष्य, पशु–पक्षी, जीव –जंतु आदि के आधार है। उन्होनें कहा कि वन के द्वारा ही सब के स्वास्थ्य की रक्षा होती है, तथा वन इस प्रकार से हमारे जीवन की प्रमुख आवश्यकता है। नोडल अधिकारी ने कहा कि "अगर वन ना रहे तो हम नहीं रहेंगे और यदि वन रहेंगे तो हम रहेंगे" वन से हमारा अभिन्न संबंध है, जो निरंतर है और सबसे बड़ा है। इस प्रकार से हमें वनों की आवश्यकता सर्वोपरि होने के कारण हमें इसकी रक्षा की भी आवश्यकता सबसे बढ़कर है। उन्होनें कहा कि मानव का जीवन बिना ऑक्सीजन के जी नहीं सकता, यह ऑक्सीजन हमें शुद्ध और स्वच्छ हवा से ही प्राप्त होती है। ये शुद्ध हवा हमें वृक्ष द्वारा ही प्राप्त होती है। वृक्ष हमारे जीवन का आधार होते हैं। वृक्ष के बिना मानव जीवन का धरती पर कोई अस्तित्व ही नहीं हो सकता। अगर हमें पर्यावरण को बचाना है, तो अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना होगा। जिस प्रकार व्यक्ति अपने बच्चे का पालन पोषण करता है। उसी प्रकार वृक्ष का भी करना चाहिए। एक बार आपका बच्चा आपके जीवन से अलग हो सकता है, परंतु एक वृक्ष जीवन भर आपका साथ निभाता है। एक वृक्ष दस पुत्रों के समान होता है। इसलिए वृक्ष हमारे जीवन का एक आधार है जो केवल थोड़ा सा पानी और सूर्य की किरणे मांगते हैं। बदले में फल, सब्जी और पेड़ों की मीठी छाव हमें प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि इस अभियान के अन्तर्गत एक वृक्ष जरूर लगाएं। इस अवसर पर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने कहा कि पेड़ का कटान के फलस्वरूप पौधों को रोपित नही होने के कारण गर्मी बढ़ रही है। वर्षा कम हो रही है, तथा आक्सीजन की मात्रा में कमी हो रही है। पेड़ हमारी जिंदगी है, पेड़ से हमें शुद्व पर्यावरण मिलता हैं। सभी व्यक्ति वृक्षारोपण महा अभियान जन आंदोलन के अन्तर्गत एक पेड़ अपने घर के आस–पास अथवा अपने खेत में अवश्य लगाये। उन्होनें कहा कि समाज के हितों के लिये पेड़ लगाया जाना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान विधायिका छिबरामऊ अर्चना पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी आर0एन0 सिंह, प्रभागीय वानिकी अधिकारी आर0के सिंह, आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## मेयर से आग्रह, आगरा की सड़कों को गड्ढा मुक्तकिया जाए : पवन बंसल

दै.अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
आगरा। आगरा मंडल व्यापार संगठन के अध्यक्ष पवन बंसल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल, मेयर श्री नवीन जैन से मिला। उनको एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संगठन के पदाधिकारियों ने मेयर महोदय से मांग की है कि मानसून आ गया है और आगरा की सड़कों का बुरा हाल है ,हर तरफ गड्ढे ही गड्ढे हैं और बारिश के पश्चात गड्ढों में पानी भर जाने के कारण गड्ढे नजर नहीं आते और बड़े बड़े हादसे हो जाते हैं जिससे काफी जन धन की हानि होती है क्योंकि शहर में नालों की सफाई भी समय से नहीं हो पाई है इसलिए शहर में बारिश के समय पानी भर जाता है। अधिकांश यह देखा गया है कि शहर के व्यस्त चौराहों पर नालों पर बाउंड्री भी टूटी पड़ी हुई है और कई जगह तो खुले नाले हैं, वहां पर कभी भी बाउंड्री नहीं बनाई गई है। जैसे–बैकुंठी देवी कॉलेज के चौराहे के पास नाला खुला पड़ा है, तथा सुभाष नगर चौराहे से यमुनोत्री विहार तक सड़को का बुरा हाल है। संगठन के पदाधिकारियों ने मेयर महोदय से मांग की कि पांच सदस्यीय कमेटी बनाई जाए ,जो पूरे शहर का निरीक्षण करें कि कहां कहां और किस किस रोड पर कितने गड्ढे हैं तथा कहां के नाले खुले हैं।कहां नालों की सफाई नहीं हुई है, और वह समिति अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिससे कि शहर के गड्ढों को भरा जा सके और हादसों को रोका जा इ।संगठन के पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि पहले नगर निगम की गाड़ी गिट्टी के मिश्रण को भरकर शहर में घूमती थी और जहां जहां भी गड्ढे नजर आते थे उनको उसी समय भर दिया जाता था ,लेकिन अब ऐसा नहीं है। संगठन केअध्यक्ष, पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि आगरा को स्मार्ट सिटी घोषित किया गया है, इसलिए भी आवश्यक है कि कमेटी बनाकर शहर को गड्ढा मुक्त किया जाए और नालों की सफाई कराई जाए। तभी आगरा स्मार्ट सिटी के कहलायेगा। मेयर महोदय ने संगठन के पदाधिकारियों को शीघ्र आगरा को गड्ढा मुक्त करने एवं नालों की सफाई करने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में आगरा मंडल व्यापार संगठन सर्वश्री पवन बंसल अध्यक्ष, त्रिलोक चंद शर्मा, रिंकू अग्रवाल, चरणजीत थापर, के.पी सिंह, प्रकाश अग्रवाल, किशन कुमार गोयल आदि प्रमुख थे।




## विद्युत पोल के अर्थिंग से दो युवकों को लगा करंट, एक युवक की मौत दूसरे का उपचार जारी

संवादाता हिमांशु गुप्ता
पिनाहट। थाना मंसुखपुरा क्षेत्र के अंतर्गत गांव तोताराम की ठार खेतों में बकरी चराने गए दो युवकों को विद्युत पोलों की आर्थिक से करंट लग गया जिससे वह गंभीर घायल हो गए। परिजनों ने उपचार को अस्पताल में भर्ती कराया जहां एक युवक की मौत हो गई तो वहीं दूसरे का इलाज जारी बताया गया है।
जानकारी के अनुसार भगवान दास पुत्र रामपति उम्र करीब 21 वर्ष अपने पड़ोसी सौरभ उम्र करीब 13 वर्ष के साथ सोमवार की शाम को गांव के पास खेतों में बकरी चराने के लिए गए थे। बताया गया है कि बकरी चराने के दौरान अचानक बकरियां खेत में विद्युत पोलों पर रखे ट्रांसफार्मर के पास चली गई। बकरियों को भगाने के लिए दोनों युवक विद्युत पोल के पास पहुंच गए और लगी अर्थिंग के तार में दौड़ रही विद्युत करंट चपेट में आ गए। विद्युत करंट लगने से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए चीख–पुकार सुनकर खेतों में काम कर रहे अन्य ग्रामीण एकत्रित हो गए उन्होंने तत्काल परिजनों को सूचना दी मौके पर पहुंचे परिजन दोनों को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए एसएन अस्पताल आगरा ले गए। जहां सोमवार की रात को इलाज के दौरान गंभीर घायल युवक भगवान दास की मौत हो गई जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। वही दूसरा युवक सौरभ का इलाज जारी बताया गया है। वहीं सूचना पर पहुंची मनसुखपुरा पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। इसी संदर्भ में एसडीओ पिनाहट दिनेश कुमार से जानकारी के लिए फोन किया था तो उन्होंने फोन नही उटाया।

## पांच दिवसीय प्लास्टिक मुक्तअभियान की शुरुआत



मिल्कीपुर,अयोध्या। शासन के निर्देश पर नगर पंचायत की टीम ने पांच दिवसीय प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की है।पालिका टीम ने बवां पिठला, अकमा कुमारगंज बाजार, अमवा छिटन गांव प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक को इकट्ठा किया और लोगों को इसका प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया।मिल्कीपुर तहसील अंतर्गत नवसृजित नगर पंचायत कुमारगंज के सुपरवाइजर विकास यादव, अनुज मिश्रा ने संकल्प सेवा संस्थान अमेठी के सदस्य रीमा, इंद्र कुमार व महेश, मनोज कुमार आदि ने कस्बा कुमारगंज में मंगलवार को एकत्र हुए।यहां से पांच दिवसीय प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत वृहद जन जागरूकता अभियान की शुरूआत की। संकल्प सेवा संस्थान के महिला व पुरुष कलाकारों ने नाटक के माध्यम से नगर पंचायत के लोगों को प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने में सहयोग करने की अपील करते हुए मनमोहक प्रस्तुति की नाटक को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई।नगर पंचायत के लेखाकार इरशाद मलिक ने बताया कि शासन ने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद करने के लिए नाटक व नुक्कड़ संवाद कलाकारों द्वारा जनता के बीच किया जा रहा है इसके बाद भी यदि सिंगल प्लास्टिक बंद नहीं होती है तो इस्तेमाल करने वाले व्यापारी दुकानदार के विरुद्ध नियमानसार जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पिठला,बवा,अकमा, कस्बा कुमारगंज में सिंगल यूज प्लाटिक के कचरे को इकट्ठा कर लोगों को इसका इस्तेमाल न करने के लिए जागरूक किया गया।

## बी.कॉम. भाग तीन का परीक्षाफल घोषित

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने सम्बद्ध महाविद्यालयों की बी0कॉम0 भाग तीन का परीक्षा परिणाम घोषित किया।
इसमें कुल 5675 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 5153 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए। इन परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 90.80 रहा। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि कुलपति प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह के निर्देश पर बी0काम0 भाग तीन का परीक्षाफल सोमवार को देरशाम घोषित कर दिया गया है। इसमें कुल 5675 में से 5153 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए जिनका उत्तीर्ण प्रतिशत 90.80 रहा। उन्होंने बताया कि कुल सम्मिलित 3590 छात्रों के सापेक्ष 3158 छात्र उत्तीर्ण घोषित हुए है। इनका उत्तीर्ण प्रतिशत 87097 रहा। जबकि कुल सम्मिलित 2085 छात्राओं के सापेक्ष 1995 छात्राएं उत्तीर्ण हुई है। इनका उत्तीर्ण प्रतिशत 95.68 है। इन छात्रों के परीक्षाफल का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## कृषि विवि में चलाया गया पौधरोपण अभियान

मिल्कीपुर–अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय में 35 करोड़ महा अभियान पौधरोपण के अंतर्गत कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बृजेंद्र कुमार सिंह की अगुवाई में मंगलवार को 101 सागौन के पौधे रोपित किए गए, वृक्षारोपण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकाय के अधिष्ठाता समेत कर्मचारी मौजूद रहे। कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह ने विश्वविद्यालय कर्मियों के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ व स्वस्थ रखने का संदेश दिया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों कर्मचारियों व छात्रों से अनुरोध किया कि पर्यावरण को शुद्घ रखने के लिए कम से कम एक पौधे अवश्य लगाए पेड़ों से ही पशु पक्षी व मानव को ऑक्सीजन मिलता है, सबसे अधिक ऑक्सीजन पीपल के पेड़ से प्राप्त होता है, हर व्यक्ति को वृक्षारोपण में बढ़–चढ़कर भाग लेना चाहिए।
उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो0 ओपी राव ने कहा कि 2 सप्ताह तक चलने वाले 35 करोड़ महा अभियान में विश्वविद्यालय के साथ–साथ सभी कृषि विज्ञान केंद्रों व शोध केंद्रों पर एक लाख पौधे लगाए जाएंगे जिसका शुभारंभ आज से हो गया है। इस मौके पर विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव डॉ सुशांत श्रीवास्तव, डॉ उमेश चंद्रा , उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष संजय पाठक, निदेशक प्रसार डॉ ए पी राव, कृषि अधिष्ठाता डॉ वेद प्रकाश, डॉ आर के दोहरे डॉ भानु प्रताप ,डॉ एस पी सिंह विश्वविद्यालय के सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह समेत विश्वविद्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के अमानीगंज, मिल्कीपुर, हैरिंग्टनगंज अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों समेत सरकारी अर्द्ध सरकारी संस्थानों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें वन प्रेमियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी आरपी सिंह ने बताया कि वन रेंज क्षेत्र में 7 लाख 20बीस हजार 800 सौ विभिन्न प्रजातियों के पौधों को रोपित किया जा रहा है 4 चरणों में वृक्षारोपण का कार्यक्रम चल रहा है।



## रालोद कार्यकर्ता ने गांधी पार्क में दिया धरना

अयोध्या। हत्या का शिकार हुई शिक्षिका सुप्रिया वर्मा पर लगे बदनामी के दाग के खिलाफ मंगलवार को राष्ट्रीय लोकदल ने गांधी पार्क में धरना दिया। इस मौके पर चार सूत्री मांगपत्र जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को भेजा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि शिक्षिका की हत्या के मामले की जांच किसी न्यायिक मजिस्ट्रेट से करायी जाए। धरने की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चौधरी राम सिंह पटेल व संचालन युवा रालोद के जिलाध्यक्ष राम शंकर वर्मा ने किया। ज्ञापन लेने धरना स्थल गांधी पार्क पहुंचे सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह ने धरना दे रहे रालोद कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि जांच पूरी निष्पक्षता से की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस किसी को बदनाम नही करना चाहती है।
बयान के आधार पर हत्या के कारण बताए गए हैं। रालोद के पदाधिकारियों ने सीओ के सामने कई सवाल रखे जिनका वे कोई उत्तर नही दे सके। जिलाध्यक्ष ने कहा अयोध्या प्रशासन किसी को बचाने का कार्य कर रहा है। धरने में बबलू यादव, नेतराम वर्मा, अमृतलाल वर्मा, अनिल वर्मा, सूर्यभान वर्मा, राम मनोहर वर्मा, करिया राम वर्मा, सुरजीत वर्मा देवीशरन वर्मा, राम जियावन वर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे ।



## आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई अपील

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। इंदरगढ़ कस्बा के परिसर मे पुलिस ने आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक की। नगर व क्षेत्र के संभ्रांत लोगों को बैठक आगामी त्योहारों को मद्देनजर रखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने पीस कमेटी की बैठक कर लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाए जाने की अपील की। नगर के प्रतिष्ठित प्रधान , दुकानदार सहित संभ्रांत लोगों के साथ बैठक कर सभी को दिशा निर्देश दिए। शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की बात कही। इस मौके पर राकेश द्विवेदी ,
तब्बू त्रिपाठी ,लालू राजपूत , राकेश सिंह सेगर , जगदीश यादव , विजय शर्मा , शिवम द्विवेदी सहित दर्जनों की संख्या में संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।



## कम्पोजिट विद्यालय फिरोजपुर में पौधरोपण कार्यक्रम प्रमुख सचिव पर्यटन व डीएम ने किया शुभारम्भ




अयोध्या। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश मुकेश कुमार मेश्राम व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने जनपद स्तर पर आयोजित वृक्षारोपण जन आंदोलन कार्यक्रम के पश्चात विकासखण्ड मसौधा के कम्पोजिट विद्यालय फिरोजपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। प्रमुख सचिव ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये वहां उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षिकाओं, अभिभावकों व अन्य जनमानस को पेड़ पौधों का महत्व बताते हुये कहा गया कि वृक्ष हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है। बिना वृक्ष व पर्यावरण के मानव जीवन का संचालन संभव नही है। वृक्षो से हमें प्राण वायु प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि आज के विकासशील दौर में औद्योगिक विकास को गति तो मिल रही है परन्तु इसके साथ ही वातावरण भी दूषित हो रहा है। वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए पेड़ो का होना बहुत ही आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों को प्रण करते हुये अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने एवं उनको सींच कर बड़ा करने के दायित्वों के निर्वाहन करने की अपील की। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि ग्राम के विकास में प्रधान की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने प्रधान व अभिभावकों से बच्चों को प्रेरित कर सभी बच्चों को नियमित स्कूल आने व वृक्षारोपण करने की अपील की। शिक्षकों से शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि जनपद में 15 अगस्त तक 500 ग्रामसभाओं में 500 पुस्तकालय का संचालन प्रारम्भ हो जायेगा जिसमें नियमित न्यूज पेपर के साथ साथ अच्छे प्रकाशकों की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें उपलब्ध होगी। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मिनी सचिवालय में एक सप्ताह में एक दिन रोस्टर के अनुसार ग्राम सचिव व लेखपाल को उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए खण्ड विकास अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया। प्रमुख सचिव व जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय परिसर में स्थित मिनी सचिवालय, पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों के अन्नप्राशन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। तदोपरांत कक्षा 6, 7 व 8 के बच्चों से पुस्तकें पढ़ाकर व गणित के सवाल लिखवाकर शिक्षा की गुणवत्ता को भी परखा गया, जिसमें बच्चों से अच्छा फीडबैक प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी ने कक्षा के शैक्षिक स्तर से पिछड़े बच्चों को अलग से उनके स्तर से पढ़ाकर उनकी कक्षा के शैक्षिक स्तर के लाने के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। प्रमुख सचिव ने स्मार्ट क्लासेज को और बेहतर करने व भारत के महापुरूषों की तस्वीरों को कक्षाओं में लगाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, ब्लाक प्रमुख मसौधा अभिषेक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव, प्रभागीय वनाधिकारी सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## विद्यालय के पास फैली गंदगी पर चला स्वच्छता अभियान की साफ-सफाई

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज
कन्नौज। जनपद कन्नौज के विकासखंड तालग्राम क्षेत्र के माया पुरवा गांव में विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सामने लोग अवैध रूप से कब्जा कर गंदगी फैला रहे थे। विद्यालय के आसपास फैली गंदगी की शिकायत अध्यापक ने की । प्रशासन ने स्वच्छता अभियान चलाकर विद्यालय के आसपास फैली गंदगी की साफ–सफाई कराई । विद्यालय के पास गंदगी को देखकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने लोगों से कई बार हटाने को कहा। लेकिन नहीं हटवाया। धीरे–धीरे काफी समय बीतता गया। तीन दिन पहले लेखपाल अतुल प्रताप सिंह एवं कानूनगो सुरेश चंद ने गांव मे जाकर लोगों से हटाने की बात कही। लेकिन लोगों ने इस बात पर कोई ध्यान नहीं दिया। आज लेखपाल अतुल प्रताप सिंह कानूनगो सुरेश चंद्र प्रधान सत्येंद्र यादव ने पुलिस प्रशासन एवं बुलडोजर को ले जाकर विद्यालय के आसपास फैले अतिक्रमण को हटाने का काम किया। अध्यापकों का कहना है कि स्कूल में कई बार चोरी भी हो चुकी है। स्वच्छता अभियान चलाकर विद्यालय के आसपास की साफ सफाई कराइ गयी।

## दुर्घटना को दावत दे रहे खुले में रखे ट्रांसफार्मर

मिल्कीपुर–अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के कुमारगंज नगर पंचायत कार्यालय के बगल बंवा में खुले में रखा ट्रांसफार्मर आम लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। इसके अलावा आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज प्रांगण में खुले आसमान के नीचे जमीन पर रखा ट्रांसफार्मर हादसे को दावत दे रहा है। हालाकिं विद्युत विभाग का तर्क है कि जो ट्रांसफार्मर जमीन में रखे गए हैं। उनके सुरक्षा गार्ड लगाए गए। लेकिन जमीनी हकीकत इससे इतर है। क्योंकि कहीं भी सुरक्षा गार्ड काम ही नहीं कर रहे हैं। कहीं–कहीं लोहे के जो सुरक्षा गार्ड लगाए गए हैं उन पर झाड़ियां उग आई हैं और उनमें विद्युत करंट प्रवाहित होने का पूरा खतरा बना हुआ है। विद्युत विभाग की लापरवाही से आये दिन दुर्घनाएं हुआ करती हैं। जमीन में रखे गए ट्रांसफार्मर की वजह से कभी भी दुर्घटना हो सकती है। इनके खुले तार लटक रहे हैं। बरसात के मौसम में हादसों का खतरा और बढ़ जाता है। बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर रखने के लिए तमाम नियम बनाए गए हैं। इनमें ट्रांसफार्मर को चबूतरे पर रखना चाहिए। ट्रांसफार्मर में आने वाली सप्लाई के तारों में गार्डिंग लगी होनी चाहिए। ट्रांसफार्मर के चारों ओर किनारे ट्रांसफार्मर से दूर जाली के घेरे होने चाहिए। लेकिन कहीं भी विभाग मानक के अनुरूप कार्य करता दिखाई नहीं देता है। मानक की अनदेखी की वजह से ही आए दिन विद्युत करंट से मवेशियों एवं मनुष्यों की जान जोखिम में पड़ती रहती है। विभाग द्वारा नियमों से खिलवाड़कर ट्रांसफार्मर रख दिए गए हैं। जिससे आम लोगों को करंट आने का भय बना रहता है। इसके नजदकी से आने– जाने पर करंट लगने की संभावना बनी रहती है।



## थाना सतरिख पुलिस ने 100 ग्राम अवैध स्मैक सहित दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 04. जुलाई को थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1. अली हसन पुत्र बुद्धू निवासी सरैया जरगावां थाना असन्द्रा 2. अमरलाल पुत्र रामचन्दर निवासी बस्तिया थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ को ग्राम बन्दगीपुर मोड़ से गिरफ्तार किया गया। तलाशी में अभियुक्तगण के पास से कुल 100 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना सतरिख पर एनडीपीएस एक्ट मुकदमा पंजीकृत किया गया।




## वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत पलिया मसूदपुर में किया गया पौधरोपण

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। वृक्षारोपण अभियान के तहत मंगलवार को विकासखंड बंकी के ग्राम पंचायत पलिया मसूदपुर के अंबेडकर पार्क, प्राथमिक विद्यालय, कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पंचायत सेक्रेट्री नीता सिंह, पंचायत ग्राम प्रधान राजकुमार (राजू ) व जनकल्याण किसान एसोसिएशन के जिला मीडिया प्रभारी अंजनी कुमार व तमाम ग्रामीणों की उपस्थिति में वृहद पौधरोपण किया गया। जनकल्याण किसान एसोसिएशन के जिला मीडिया प्रभारी अंजनी कुमार ने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटान से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है जिसके कारण हम सभी जनमानस को बड़े पैमाने पर पेड़ लगाने की बहुत ही आवश्यकता है, जिससे कि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके और जीवनदायिनी ऑक्सीजन मिल सके क्योंकि कोरोना काल वैश्विक महामारी के दौरान ऑक्सीजन की कमी के चलते तमाम लोगों की जाने चली गई थी।
जिसके लिए पौधरोपण बहुत ही आवश्यक है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र देवा के वार्ड ब्वाय मनोज कुमार ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए आम जनमानस से अपील की।इस अवसर पर सोनू कुमार वर्मा,अजय कुमार,सफाई कर्मी रूपचंद, समाजसेवी विद्या प्रसाद वर्मा, पिंटू सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



## पीपल का वृक्ष लगा मंत्री विजय लक्ष्मी ने किया पौधरोपण आन्दोलन का शुभारम्भ

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव

- मंत्री की उपस्थिति में 5500 तथा जिले में लगाए गए 20 लाख वृक्ष
- 5 जुलाई से 15 अगस्त तक चलेगा पौधरोपण जन आन्दोलन कार्यक्रम

संत कबीर नगर। प्रदेश सरकार की ग्राम्य विकास राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी ने पीपल का वृक्ष लगा करके पौधरोपण जन आन्दोलन कार्यक्रम का जिले में शुभारम्भ किया । मंत्री की उपस्थिति में साढ़े पांच हजार तथा जिले में 20 लाख पौधे लगाए गए । यह पौधरोपण जन आन्दोलन कार्यक्रम 5 जुलाई से 15 अगस्त तक चलेगा ।
प्रदेश में चलने वाले पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के मार्ग दर्शन पर हुआ ।पौधरोपण जन आन्दोलन कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास विजयलक्ष्मी गौतम के अलावा मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल बस्ती एवं नोडल अधिकारी गोविन्द राजू एन0एस0 , जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार , एडीएम मनोज कुमार सिंह , सीडीओ अतुल मिश्र , प्रभागीय वनाधिकार डा . टी रंगराजू उपस्थित रहे । इस दौरान मंत्री ने पीपल , मण्डलायुक्त एवं डीएम ने पाकड़ , पुलिस अधीक्षक एवं सीडीओ ने जामुन तथा एडीएम ने शीशम का वृक्ष लगाया । राज्यमंत्री की उपस्थिति में बघौली ब्लाक के ग्राम पेड़ारी के पांच हेक्टेयर में 5500 वृक्ष लगाए गए । जबकि पूरे जनपद में कुल 20 लाख पौधों का रोपण हुआ । इस अवसर पर राज्यमंत्री ने कहा कि यह पौधरोपण जन आन्दोलन 15 अगस्त तक चलेगा । उन्होंने वृक्ष की महत्ता एवं उसकी उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि प्रदेश में 35 करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य है । इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी , डीडीओ सुदामा प्रसाद , बीडीओ खलीलाबाद , एवं बघौली , सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज समेत अनेक अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे ।



# स्वास्थ्य केंद्रों में कंडोम बॉक्स से निशुल्क प्राप्त करे कंडोम



अल्ताब अहमद, रायबरेली। मेडिकल स्टोर से लोगों के सामने कंडोम खरीदने में जिन लोगों को संकोच या हिचकिचाहट होती थी उनके लिए राहत की बात है। इसके लिए सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर कंडोम पेटिका (कंडोम बाक्स) की व्यवस्था की गयी है। यहां से 24 घंटे कभी भी निःशुल्क कंडोम प्राप्त किया जा सकता है। इस व्यवस्था से जहां एक ओर लोगों को शर्म और संकोच का सामना नहीं करना पड़ेगा वहीं उनकी जेब भी ढीली नहीं होगी और महिलाओं को अनचाहे गर्भ से छुटकारा भी मिलेगा।

जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर लकड़ी से बने बॉक्स में कंडोम के पैकेट भरकर ऐसी जगह लगाये गए हैं, जहां सभी की पहुँच भी हो और उनकी गोपनीयता भी बनी रहे। यह सेवा 24 घंटे उपलब्ध है और यहां से कभी भी निःशुल्क कंडोम प्राप्त किया जा सकता है। कंडोम बॉक्स खाली होने पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता पुनः इसे भर देते हैं और यह चक्र चलता रहता है। डॉ अजय कुमार चौधरी ने बताया कि जिला अस्पताल, सभी 18 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, 42 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा 215 उप स्वास्थ्य केंद्रों के परिसर में कंडोम बॉक्स को लगाया गया है। जिससे यह आसानी से लोगों की पहुँच में हो। उन्होने बताया – शुरुआत में लोगों को कम जानकारी थी लेकिन अब इसमें हर तीसरे दिन कंडोम के पैकेट भरने पड़ते हैं।

डॉ.अजय कुमार चौधरी का कहना है कि गर्भावस्था को रोकने के साथ ही संक्रमण को रोकना और यौन व प्रजनन स्वच्छता में सुधार करना पुरुष की भी जिम्मेदारी है।

इसके लिए परिवार नियोजन का एक मात्र अस्थायी साधन "कंडोम" अधिकतर लोगों के लिए उपयुक्त है और इसका कोई दुष्प्रभाव भी नहीं है। इसकी उपलब्धता आमजन तक आसान हो, इसके लिए जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कंडोम पेटिका (कंडोम बाक्स) की व्यवस्था की गयी है एवम उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर इसकी स्थापना के निर्देश दे दिये गए हैं। उन्होने बताया – जनपद में वित्तीय वर्ष 2020–21 में जहां 3 लाख से ज्यादा कंडोम की खपत थी वहीं 2021 –22 में बढ़कर 4 लाख से अधिक हो गयी।

क्या है कंडोम –

परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अजय कुमार चौधरी ने बताया कि कंडोम परिवार नियोजन का अस्थायी साधन है। यह रबड़ का एक आवरण है जो शुक्राणुओं को महिला के गर्भाशय में प्रवेश करने से रोकता है। यह गर्भधारण को रोकने में 75 से 90 प्रतिशत तक कारगर है।

इसके साथ ही यह यौन रोग व एड्स से भी बचाता है। उन्होने बताया दृअधिकतर कंडोम लेटेक्स से बने होते हैं। जिनको लेटेक्स से एलर्जी होती है वह पॉलीयूरेथीन से बने कंडोम का इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होने बताया–जनपद में परिवार नियोजन के अन्य साधनों की अपेक्षा कंडोम के उपयोगकर्ता अधिक हैं।

कंडोम के लाभ –

- बीस वर्ष से पहले यानि किशोर गर्भावस्था से बचाव
- अनचाहे गर्भ से बचाव
- दो बच्चों के जन्म के बीच तीन साल का अंतर रखने में सहायक
- उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था से बचाव
- मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने में सहायक
- यौन संचारित रोग से बचाव
- पुरुष की सहभागिता सुनिश्चित होती है

ऐसे करें उपयोग –

- हर बार नए कंडोम का इस्तेमाल करें
- पैकेट पर एक्स्पायरी डेट देख लें।
- पैकेट से निकालते समय कंडोम फटना नहीं चाहिए।
- इस्तेमाल के बाद कंडोम को गड्ढे में दबा दें या सुरक्षित निस्तारण करें।
- यौन संबंध के दौरान यदि कंडोम फट जाए या फिसल जाय तो 24 घंटे के अंदर आपातकालीन गर्भ निरोधक का इस्तेमाल करें।
- कंडोम ठंडे, शुष्क स्थान में, धूप से बचाकर रखें।
- पुराने और फटे पैकेट में रखे कंडोम टूट सकते हैं।

## रायबरेली बिजली का केबल पकड़ने से हुई एक वृद्ध की मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य, ऊंचाहार रायबरेली। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के पूरे कन्हैयाबख्श मजरे खरौली गांव निवासी मोहनलाल 55 ट्यूबवेल पर लगा ट्रांसफार्मर आकाशीय बिजली गिरने से खराब हो गया था और विधुत केबल भी खराब हो गई थी लेकिन उसमें करंट प्रवाहित हो रहा था, बताते हैं कि उसी दौरान केबल में करंट प्रवाहित होने लगा, जिसकी चपेट में आने



से वो झुलस गया, परिजनों ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत लालगंज कोतवाली में हुआ वृक्षारोपण

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य,लालगंज,रायबरेली। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत विभिन्न सरकारी विभागों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया जा रहा है।वृक्षारोपण जनआंदोलन कार्यक्रम 2022 के अवसर पर मंगलवार को पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के निर्देश पर पुलिस लाइन समेत समस्त थाना परिसर में पौधरोपण किया गया। इसी क्रम में रायबरेली जनपद के लालगंज कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कोतवाली परिसर में पुलिसकर्मियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन



के अभिन्न अंग हैं। इन्हीं के द्वारा हमें प्राणदायक ऑक्सीजन प्राप्त होती है। साथ ही पर्यावरण भी स्वच्छ और सुन्दर बना रहता है।

# ग्राम विकास अधिकारी मनोज कुमार ने एक महिला जातिसूचक आपत्तिजनक शब्द कहे

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य

- मनोज कुमार ने महिला को जाति सूचक व्यंग कहते हुए आवास ना देने की दी धमकी

डलमऊ,रायबरेली। जो मैं कह रहा हूं पहले वह सुनो, तुम खटीक हो ना और खटीक लोग छप्पर के नीचे या बाग में रहते हैं पक्के मकान में नहीं। तुम लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा! यह बात हम नहीं क्षेत्रीय ग्राम विकास अधिकारी मनोज कुमार पर एक महिला ने आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के नेवाज गंज निवासिनी माया देवी पत्नी रंजीत खटीक ने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर बताया है कि प्रार्थिनी कई प्रकार की बीमारियों से ग्रसित है और प्रार्थिनी



का पति अक्सर बीमार रहता है और कभी कभार मजदूरी कर लेता है जिससे किसी प्रकार जीवन यापन चल रहा है। प्रार्थिनी का परिवार भूमिहीन है। प्राथमिक छप्पर के नीचे जीवन यापन करती है प्रार्थनी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरा था और सूची में नाम भी आया था परंतु राजनीतिक द्वेष के कारण सूची से नाम हटा दिया गया। प्रार्थिनी ने 23/6/2022 को प्रार्थना पत्र जनसुनवाई समविन्त शिकायत निवारण प्रणाली उत्तर प्रदेश में दिया था जिसकी जांच ग्राम विकास अधिकारी मनोज कुमार से कराई गई। जिन्होंने मौके पर पहुंचे बिना ही जांच में लिख दिया कि प्रार्थिनी पक्के मकान में रहती है। प्रार्थिनी जब ग्राम विकास अधिकारी से मिली तो यह कहकर भेज दिया कि तुम खटीक लोग तो छप्पर बंगला बना कर ही तो रहते हो या फिर बगिया खरीदते हैं और यह कह कर भेज दिया। प्रार्थिनी ने उक्त प्रकरण की जांच करा कर प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिए जाने की मांग की है और झूठी रिपोर्ट लगाने के संदर्भ में ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है।

# कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न रोकने को कार्यालयों में गठित हो आंतरिक शिकायत समिति

- 10 से अधिक कर्मचारियों वाले संगठनों/कार्यालयों में समिति न गठित होने पर नियोजक पर लग सकता है 50 हजार रुपये का जुर्माना
- 10 से कम कर्मचारियों वाले संगठनोंध्कार्यालयों की पीड़िता डीएम द्वारा गठित स्थानीय समिति में दर्ज करा सकती हैं शिकायत

अल्ताब अहमद, रायबरेली। शासकीय, अर्धशासकीय कार्यालयों, निजी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, खेलकूद संस्थानों सहित संगठित व असंगठित क्षेत्र के समस्त कार्यालयों आदि में जहाँ भी 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, चाहे वे सभी पुरूष ही क्यों न हों, वहां पर आंतरिक परिवाद समिति (इन्टरनल कम्प्लेंट्स कमेटी) का गठन करना अनिवार्य है क्योंकि ऐसे कार्यालयों में कभी भी किसी काम के लिए महिलाएं भी आ सकती हैं और उनके साथ भी कोई घटना हो सकती है। ऐसे में वह कार्यालय में गठित आंतरिक परिवाद समिति को अपनी शिकायत कर सकती हैं। ऐसा न करने वाले नियोजकों पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया जा सकता है। महिला कल्याण विभाग के निदेशक मनोज कुमार राय का कहना है कि कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीडन (निवारण प्रतिशेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 की धारा–4 के अंतर्गत ऐसे सभी संगठन या संस्थान जिनमें 10 से अधिक कर्मचारी हैं, वह आंतरिक शिकायत समिति गठित करने के लिए बाध्य हैं। इसका उद्देश्य महिलाओं को लैंगिक उत्पीड़न सम्बन्धी मामलों में त्वरित और समुचित न्याय दिलाना है। निदेशक द्वारा बताया गया कि पीड़ित महिला कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायत आन्तरिक परिवाद समिति में दर्ज करा सकती है। समिति का गठन कार्यस्थल पर वरिष्ठ स्तर पर नियोजित महिला की अध्यक्षता में होगा, जिसमें दो सदस्य सम्बन्धित कार्यालय से एवं एक सदस्य गैर सरकारी संगठन से नियोजक द्वारा नामित किये जायेंगे। समिति के कुल सदस्यों में से आधी सदस्य महिलाएं होंगी। ऐसे कार्यस्थल जहां कार्मिकों की संख्या 10 से कम है, वहां की पीड़िता द्वारा लैंगिक उत्पीड़न की शिकायत प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी द्वारा गठित 'स्थानीय समिति' (लोकल कमेटी) में दर्ज करायी जा सकती है। यदि कोई नियोजक कार्यस्थल में नियमानुसार आन्तरिक समिति का गठन न किये जाने पर दोष सिद्ध ठहराया जाता है, तो नियोजक पर 50,000 रुपए तक का अर्थदण्ड लगाया जा सकता है। दूसरी बार दोषी पाए जाने पर पहली दोषसिद्धि पर लगाये गये दण्ड से दोगुना दण्ड नियोजक पर लगाया जा सकता है। निदेशक का कहना है कि विभिन्न विभागों और नियोक्ताओं के साथ ही महिला कर्मचारियों को अभी अधिनियम के बारे में भली–भांति जानकारी नहीं है। इसके लिए जरूरी है कि उन्हें अधिनियम के बारे में जागरूक किया जाए ताकि वह किसी आपात स्थिति में समिति के सामने अपनी बात रख सकें। महिला कल्याण विभाग भी समय–समय पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करता रहता है किन्तु सभी के सहयोग से ही इसे सही मायने में धरातल पर उतारा जा सकता है।

लैंगिक उत्पीड़न क्या है : महिला कल्याण विभाग की उप निदेशक अनु सिंह का कहना है कि कार्यस्थल पर महिलाओं को उनकी इच्छा के विरूद्ध छूना या छूने की कोशिश करना जो महिला के सामने असहज स्थिति पैदा करने वाली हो, उसे लैंगिक उत्पीड़न के दायरे में माना जा सकता है। शारीरिक या लैंगिक सम्बन्ध बनाने की मांग करना या उम्मीद करना भी लैंगिक उत्पीड़न है। इसके आलावा किसी महिला से कार्य स्थल पर अश्लील बातें करना, अश्लील तस्वीरें, फिल्में या अन्य सामग्री दिखाना भी लैंगिक उत्पीड़न के दायरे में आ सकता है। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त कार्यालयों में नियमानुसार गठित समिति द्वारा प्राप्त प्रकरणों की सूचना जिलाधिकारी कार्यालय को दी जानी चाहिये तथा जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से प्रत्येक जनपद द्वारा वार्षिक रूप में जनपद के विभिन्न कार्यालयों की संक्षिप्त रिपोर्ट का ब्योरा महिला कल्याण निदेशालय को भी भेजा जाना अनिवार्य है। विभाग द्वारा समस्त जनपदों को इस संबंध में निर्देश जारी किये गये हैं।

घटना के 90 दिनों के भीतर की जा सकती है शिकायत : अधिनियम के तहत लैंगिक उत्पीड़न की शिकायत घटना के 90 दिनों के भीतर आंतरिक शिकायत समिति या स्थानीय शिकायत समिति में दर्ज करानी चाहिए। शिकायत लिखित रूप में की जानी चाहिए। यदि किसी कारणवश पीड़िता लिखित रूप में शिकायत करने में सक्षम नहीं है तो समिति के सदस्यों को उनकी मदद करनी चाहिए। यदि शिकायत नियोजक के विरूद्ध है तो वह भी स्थानीय समिति में दर्ज कराई जायेगी। अधिनियम के अनुसार पीडित की पहचान गोपनीय रखी जाना अनिवार्य है।

कौन कर सकता है शिकायत : महिला कल्याण विभाग में कार्यरत



राज्य सलाहकार नीरज मिश्रा का कहना है कि – कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीडन (निवारण प्रतिशेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के अंतर्गत जिस महिला के साथ कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न हुआ है, वह खुद शिकायत कर सकती है। पीड़िता की शारीरिक या मानसिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह खुद शिकायत कर सके तो रिश्तेदार, मित्र, सह कर्मी, उसके विशेष शिक्षक, मनोचिकित्सकध् मनोवैज्ञानिक, संरक्षक या ऐसा कोई भी व्यक्ति जो उसकी देखभाल कर रहा हो अथवा ऐसा कोई भी व्यक्ति जो घटना के बारे में जानता है और जिसने पीड़िता की सहमति ली है या राष्ट्रीय व राज्य महिला आयोग के अधिकारी शिकायत कर सकते हैं। यदि दुर्भाग्यवश पीड़िता की मृत्यु हो चुकी है तो कोई भी व्यक्ति जिसे घटना के बारे में पूरी तरह जानकारी हो वह पीड़िता के कानूनी उत्तराधिकारी की सहमति से शिकायत दर्ज करा सकता है। कार्य स्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न की ऑनलाइन शिकायत shebox.nic.in के माध्यम से भी की जा सकती है।

# जेल में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर

रायबरेली ब्यूरो। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण /जनपद न्यायाधीश रायबरेली अब्दुल शाहिद के दिशा –निर्देशन में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन जिला



कारागार, रायबरेली में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिनव जैन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा की गयी। शिविर में बन्दियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि आप सभी को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक होना चाहिए जिसके लिए शिक्षा बहुत जरुरी है। समाज में आज भी अशिक्षा के कारण बहुत पिछड़ापन है जिसको दूर करने के लिए शिक्षा की अत्यधिक आवश्यकता है। अभिनव जैन, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शिविर में बताया गया कि यदि जेल में निरुद्ध किसी बन्दी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह जरिये जेल अधीक्षक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रार्थना पत्र प्रेषित कर सकता है। जिस पर उसे निःशुल्क अधिवक्ता नामित कर दिया जाएगा। सचिव द्वारा बताया गया कि जेल में निरुद्ध बन्दियों को किसी भी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वह जेल में स्थापित लीगल ऐड क्लीनिक में सम्पर्क कर अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकते हैं। विधिक जागरुकता शिविर में जेल अधीक्षक अविनाश गौतम, जेलर सत्यप्रकाश, उपकारापाल अनिल कुमार विश्वकर्मा, कुँवर वीरेन्द्र विक्रम सिंह, वन्दना गौतम एवं पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव, पम्मी व मनोज कुमार प्रजापति उपस्थित रहे।

## रालपुर में आखिर कब चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य,सरेनी,रायबरेली। जहां एक तरफ प्रदेश की योगी सरकार अवैध अतिक्रमण हटाने हेतु लाखों रुपए खर्च कर चला रही अतिक्रमण हटाओ नगर सजाओ अभियान तो वहीं कुछ भ्रष्ट अवैध कब्जे दार सरकारी नाला निर्माणों पर अवैध कब्जा जमा कर बैठे हुए हैं एक ऐसा ही मामला सरेनी क्षेत्र के अंतर्गत



रालपुर चौराहे का है जहां स्थानीय भ्रष्ट दुकानदारों ने सरकारी नाले पर अवैध कब्जा कर रखा है साथ ही नाला के बगल में लगे इंटरलॉकिंग पर मिष्ठान बनाने हेतु भट्टी भी बना रखा है वहीं दुकानों में पेट्रोल पाबंदी के बावजूद भी पेट्रोल बेच रहा है समस्या जनक बात तो यह है कि नाले के अवैध अतिक्रमण से सफाई कर्मी सफाई करने में असमर्थ है जिससे नाले में भारी गंदगी व्याप्त है।

# संक्षिप्त समाचार

## नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन महिलाओं के जीवन में अत्यधिक महत्वपूर्ण : अंजू प्रजापति

रायबरेली ब्यूरो। मिशन शक्ति 4.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा–सम्मान एवं स्वावलंबन व विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लिए जागरूकता चौपाल का आयोजन विकासखंड लालगंज की ग्राम सभा बेहटा कला में उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने मिशन शक्ति के तहत जागरूकता चौपाल कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। महिलाओं द्वारा नारी सशक्तिकरण पर बनाई गयी रंगोली, पोस्टर प्रदर्शनी आदि को देखा व भूरि–भूरि प्रशंसा की। जागरूकता चौपाल में कई महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने मिशन शक्ति 4.0 के तहत महिला पुलिस कमी व महिलाओं को प्रशस्ति पत्र वितरित किये गये। उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन तीन बिन्दु महिलाओं के जीवन में अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। प्रदेश व देश सरकार ने इन तीनों बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाए चला रखी है जिसको महिलाए जाने और उसका लाभ लेकर आगे बढ़े। नारी शक्ति का पुज है जो कि बहुत कुछ है और वह बहुत कुछ कर सकती है। स्वयं को जाने और अपनी छिपी हुई ताकत को बाहर निकाल कर रचनात्मक और सकारात्मक कार्य करे। महिलाए को आर्थिक रूप से सशक्त पढ़ा–लिखा होने से उसको आजादी व स्वावलम्बन अपने आप प्राप्त हो जायेगा। महिलाओं को शक्त व अपने अधिकारों के प्रति लाभ लेने से उसे कोई नही रोक सकता है। टीवी, इण्टरनेट आदि इलेक्ट्रानिक यंत्रो के माध्यम दुनिया को मुठ्ठी में हो गई है। महिलाए स्वयं पढ़े व अपने बच्चियों व बच्चों को पढाये तथा बेटियों पर विशेष ध्यान देकर पढ़ाये और आगे बढ़ाये। बेटिया आगे चलकर दो परिवारों को जोड़कर सशक्त कर अपना नाम रोशन कर अपना परचम फैला रही है। सदस्य अंजू प्रजापति ने कहा कि छात्राए/महिलाए अच्छे सपने देखें और उन्हें साकार करने के लिए आगे



बढे परन्तु यह भी ध्यान रखें कि सपने सोते हुए देखे जाते जिसे पूरा करने के लिए जागे और अपने सपनेध्लक्ष्यों को बेहतर अंजाम देकर आगे बढ़े। अभिभावक बालिकाओं के सपनों को पूरा करने में आगे और यदि कही कोई दिक्कतेंध्रूकावटे आती है तो उसे दूर करें और बालिकाओंध्महिलाओं को आगे बढ़ने में मद्द करें। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाध्बालिका सुरक्षा जागरूकता अभियान आदि कार्यक्रम मा0 मुख्यमंत्री जी की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। जिसे गंभीरता से लिया जाये। अभियानध्कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को जागरूक, सशक्त करना व उनकी सुरक्षा में अधिक इजाफा करना है। महिलाए/बालिकाएं पढ़ाई के साथ–साथ प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं/माहिलाओं की सुरक्षा हेतु संचालित कानून/योजनाए/सुविधाएं को भी जाने तथा अपना सर्वागीण विकास की ओर बढ़े। उपस्थित म.हिलाओंध्जनों को केन्द्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के साथ–साथ महिला हेल्पलाइन 181, वीमेन पावर हेल्पलाइन 108, 1076, 1090, 1098 वन स्टाप सेन्टर, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, 112 एमेरजन्सी, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम आदि योजनाध्कार्यक्रम महिलाएध्बालिकाओं के लिए लाभप्रद की भी जानकारी दी। इस मौके पर प्रोबेशन, समाज कल्याण, श्रम विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि विभागों के कर्मचारियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

## वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2022 के तहत राज्यमंत्री, अपर प्रमुख सचिव, जिलाधिकारी ने जनपद में वृहद वृक्षारोपण कर जनपद को हरा भरा बनाने का लिया संकल्प

रायबरेली ब्यूरो। वृक्षारोपण जन आन्दोलन–2022 के अंतर्गत प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण के लक्ष्य निर्धारित किये गये है। जिसके अन्तर्गत जनपद रायबरेली में 05 जुलाई को 4764600, 06 जुलाई को 476400, 07 जुलाई को 476400 व 15 अगस्त को 952800 कुल 6670200 पौध का रोपण का लक्ष्य पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जन सहभागिता द्वारा पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग एवं अन्य राजकीय विभागों व व्यापारियों सहित विभिन्न संगठनों के सहयोग से नगर पालिका व ग्राम पंचायतध्नगर निकाय स्तर पर माइक्रो प्लान के अनुसार जनपद में एक दिन में 47 लाख 64 हजार 600 वृक्षों का रोपण किया जाये का लक्ष्य है जिसमें लक्ष्य के सापेक्ष 47 लाख से अधिक वृक्ष रोपित किये गये। वृक्षों का रोपण को पोर्टल पर अपलोडिंग का कार्य निरंतर जारी है।

उत्तर प्रदेश में 35 करोड़ वृक्षारोपण जन आन्दोलन–2022 के तहत प्रदेश के मा0 संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी, अपर मुख्य सचिव युवा कल्याणध्नोडल अधिकारी डिम्पल वर्मा व जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने जनपद रायबरेली के सुपर मार्केट में व्यापार मण्डल, इण्डियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन व इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन रायबरेली द्वारा आयोजित वृक्षों की बारत कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सुपर मार्केट से हाथों में पौधो के लोकर राजकीय इण्टर कालेज के प्रागंण में जाकर अमरूद, सेरसा, आम आदि पौधों का रोपण किया गया। इसी प्रकार राज्यमंत्री व अपर मुख्य सचिवध्नोडल अधिकारी के साथ जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण जन आन्दोलन–2022 के तहत सई नदी किनारे विधिवत पुजा करके बरगद, पीपल, हरिशंकर वृक्षों को एक साथ वृक्षारोपण कर वृक्षारोपण महा अभियान का शुभारम्भ किया। अन्य लोगों व स्कूल के बच्चों द्वारा मोलश्री, सहजन, सागोन, जामुन आदि के वृक्षों का रोपण किया गया। इसी क्रम में जनपद की नोडल अधिकारीध्अपर प्रमुख सचिव युवा कल्याण डिम्पल वर्मा द्वारा विकास खण्ड सतावं में अटौरा वन में युवक मंगल दल द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम में बरगद, पीपल, आम, मोलश्री, सागोन, सहजद आदि वृक्षोरोपण किया गया तथा कुन्दगंज में आरसीसीपीएल प्रा0लि0 द्वारा मियावाकी वृक्षारोपण में विभिन्न प्रजातियों के वृक्षो का रोपण किया। जनपदवासियों द्वारा भी वृक्षारोपण करने में बढ़–चढ़ कर भाग लिया गया। कभी छाँव–कभी धूप सुहवाने खुशनुमा मौसम में जनपद की नोडल अधिकारीध्अपर मुख्य सचिव डिम्पल वर्मा व जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार द्वारा वन विभाग एवं डीएफओ आदि अधिकारी को निर्देश दिये है कि वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम को भली–भांति सम्पन्न कराकर इसकी सूचना समय–समय पर अपलोड भी कराते रहे। सरकार द्वारा दिये गये लक्ष्य के अनुरूप



वृक्षारोपण कर जनपद को हरा–भरा बनाकर वन महोत्सव के तहत वृक्षों का रोपण से प्रदूषण मुक्त अधिक हरा–भरा प्रदेश बनाने की सकारात्मक पहल की शुरूआत पूरे प्रदेश में हो गई है इसी बीच डीएफओ सुरेश चन्द्र पाण्डेय द्वारा बताया गया कि प्रदेश में व जनपद में वृक्षारोपण की पल–पल की रिपोर्ट आ रही है जनपद में लक्ष्य पूरा कराया जा रहा। इस कार्यक्रम को पूरे जनपद में प्रात से शुरू कर दिया गया था। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट पल्लवी मिश्रा, एसडीएम सदर, डीएफओ सुरेश चन्द्र पाण्डेय, एसडीओ लालगंज अविनाश पाण्डेय, एडीआईओ इंजेश सिंह, मो0 राशिद, सहित जिलाध्यक्ष रामदेव पाल, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, विजय आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## 155330 मिलाएं, सेवा मित्र से घर बैठे हर सुविधा पाए

रायबरेली ब्यूरो। जिला सेवा योजना अधिकारी तनुजा यादव ने बताया कि यदि आपको घर बैठे अपना ब्लड टेस्ट कराना है या फिर ए.सी, पंखा ठीक कराना है, तो चिंता न करें, आपको ये सब सुविधाएं अब घर बैठे ही मिलेंगी। इसके लिए





सेवा मित्र के टोल फ्री नं0 155330 पर सिर्फ एक कॉल करना होगा। इसके लिए एक निशुल्क कॉल सेंटर सेवायोजन विभाग द्वारा स्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त उपभोक्ता अपने स्मार्ट फोन पर प्ले स्टोर से 'सेवामित्र एप' डाउनलोड करके भी उससे सुविधा प्राप्त कर सकते है।राज्य सरकार द्वारा सेवा क्षेत्र के आर्थिक विकास को बल देने के लिए सेवा मित्र एप्लीकेशन के माध्यम से सेवा प्रदाता और उपभोक्ता को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे उपभोक्ता को अपने रोजमर्रा संबन्धी कार्यो जैसे इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, पेंटर आदि सेवाओं के लिए सेवा मित्र एप्लीकेशन पर कई विकल्प प्राप्त होंगे ऐसे म उपभोक्ताओं को विभिन्न कार्यो के लिए इधर–उधर भटकना नहीं पड़ेगा तथा समय की भी बचत होगी।

राज्य सरकार के इस प्रयास को सफल बनाने के लिए तथा नागरिकों को घर बैठे सुविधा प्रदान करने के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय रायबरेली, जनपद के सभी सेवा प्रदाताओं को सेवा मित्र पोर्टल पर पंजीकरण के लिए आमंत्रित करता है। वे सभी सेवाप्रदाता जो सेवामित्र एप से जुड़कर अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करने के इच्छुक हो वे जिला सेवायोजन कार्यालय रायबरेली, जनपद में जाकर आगे की पूरी प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस एप पर नर्सिंग, कार रिपेयरिंग, टेलर, आई.टी. हार्डवेयर, ब्यूटीपार्लर, पेंटर, टूर एण्ड ट्रेवल, इंटिरियर डिजाइनर, सहित कुल बीस सर्विस के सेवा प्रदाता जुड़ सकते है।

# प्राथमिक विद्यालय बेला टेकई में खंड शिक्षा अधिकारी ने किया वृक्षारोपण

रायबरेली ब्यूरो। विद्यालयों को हराभरा करने के लिए सरकार की तरफ से वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया है। सरकार के निर्देश पर आज विद्यालयों में वृक्षारोपण किया गया। इस अभियान के तहत आज बीएसए से लेकर बीईओ तक ने जगह–जगह पर वृक्षारोपण किया। विद्यालयों में प्रधानाध्यापक, शिक्षकों और बच्चों की तरफ से वृक्षारोपण किया गया।

राही ब्लॉक के बेला टेकई गांव स्थिति प्राथमिक विद्यालय में खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजलाल वर्मा और बीईओ मुख्यालय वीरेन्द्र कन्नौजिया ने वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण अभियान का प्रारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि ब्लॉक के सभी विद्यालयों में सरकार की तरफ से भेजे गए दिशा निर्देश के हिसाब से पौधे रोपण किया गया है। उन्होंने कहा राही ब्लॉक के कुछ विद्यालयों में दर्जनों पौधे लगाए गए है। बीईओ मुख्यालय वीरेंद्र कन्नौजिया ने कहा कि जिले के सभी विद्यालयों में




सरकार के निर्देश पर शुरू किए गए शिक्षकों और प्रधानाध्यापक की तरफ से पौधों को लगाया गया है।


उन्होंने कहा कि इस बार पौधा किसी बच्चे के नाम पर तय किया गया और उसे सुरक्षा का दायित्व भी दिया गया है। पौधरोपण करते इस बार जीपीएस कैमरे से फोटो लेने के बारे में कहा गया है। बीईओ अमावां रत्नामणि मिश्रा ने कहा कि पौधा लगाना जितना महत्वपूर्ण है उससे भी महत्वपूर्ण उसे जीवित रखना है। यह हम सबकी जिम्मेदारी है इसके महत्व को बच्चों तथा अभिभावकों को भी बताने के लिए प्रधानाध्यापक और शिक्षकों से कहा गया है। उन्होंने कहा कि आज ब्लॉक के करीब दो दर्जन स्कूलों में जिला प्रशासन की तरफ से दिए लक्ष्य के हिसाब से पौधे लगाएं गए है। इसके अलावा विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की तरफ से पौधे लगाए गए है।

## जनकल्याण किसान एसोसिएशन के जीवन रक्षार्थ एक पौधरोपण अभियान का शुभारंभ 07 जुलाई से

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। आगामी गुरुवार 07 जुलाई को जनकल्याण किसान एसोसिएशन द्वारा विकासखंड देवा स्थित मानवता की सेवा के लिए विश्व प्रसिद्ध श्री राम वन कुटीर हड़ियाकोल आश्रम पर ष्जीवन रक्षार्थष् एक पौधरोपण अभियान का शुभारंभ आश्रम पर स्थित रोग हरण श्री हनुमान जी के मंदिर की परिक्रमा करने के उपरांत पौधरोपण करके किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए संगठन के जिला मीडिया प्रभारी अंजनी कुमार ने बताया कि संगठन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवा ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र सिंह यादव होंगें एवं अध्यक्षता श्रीमती संतोष श्रीवास्तव जी की होगी।इस अवसर पर प्रत्येक गुरुवार को आश्रम परिसर में निःशुल्क स्वास्थ सेवा प्रदान करने वाले चिकित्सकों को भी संगठन की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

## 46 ग्राम अवैध मार्फिन सहित गौ तस्कर व हिस्ट्रीशीटर अपराधी गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत 05 जुलाई को थाना टिकैतनगर पुलिस टीम द्वारा गो–तस्कर व हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त रिजवान अहमद पुत्र सुलेमान निवासी ग्राम सराही थाना टिकैतनगर को खजुरा पत्रा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 46 ग्राम अवैध मारफीन बरामद कर थाना स्थानीय पर एन.डी.पी.एस. एक्ट पंजीकृत किया गया।



# संक्षिप्त समाचार


## जनता विकास सेवा संस्थान व निर्मला फाउंडेशन ने किया वृक्षारोपण



कानपुर (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य भर में 35 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प लिया है पर्यावरण के प्रति यह हरित पहल के अन्तर्गत आयोजित होने वाले वन महोत्सव को देखते हुए योगीआदित्यनाथ के आदेशानुसार जनता विकास सेवा संस्थान व निर्मला फाउंडेशन ने वृक्षारोपण के कार्यक्रम में सामाजिक हिस्सेदारी ली। पिछले साल भी यूपी में करोड़ों पौधे लगाने का ऐसा ही रिकॉर्ड बनाया गया था. सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर ये पौधे लगाए गए। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र सविता,ग्राम प्रधान समर राजपूत,मनफूल प्रजापति,प्रशांत यादव,शैलेंद्र राजपूत,सीमा प्रजापति इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायतों में चौपाल लगाकर सांसद ने लाभार्थियों से किया संवाद

अयोध्या। मिल्कीपुर विधान की आधा दर्जन ग्राम पंचायतों में चौपाल एवं लाभार्थी संवाद में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। डबल इंजन की सरकार द्वारा बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ हर पात्र को दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि सरकार अयोध्या के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। बेहतर परिवहन सुविधाओं के लिए सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। अयोध्या जगदीशपुर फोरलेन पर काम चल रहा है। अयोध्या से प्रतापगढ़ व जौनपुर फोरलेन सड़क प्रस्तावित है। जिसके पूर्ण होने से अवागमन से सरलता के साथ समय की बचत होगी। रेलवे लाईन का दोहरीकरण का कार्य 2023 तक पूरा हो जायेगा। अयोध्या रेलवे स्टेशन के प्रथम फेज का काम पूरा हो गया है। उन्होने बताया कि अयोध्या को विश्व स्तर की नगरी के रूप में सजाया व सवांरा जा रहा है। राम मंदिर के निर्माण होने के साथ–साथ अयोध्या आने वाले श्रृद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है। जिसके लिए अयोध्या को पर्यटन नगरी के रूप में विकसित किया जा रहा है। पर्यटन बढ़ने से अयोध्या में रोजगार नये अवसर उपलब्ध होगें। अयोध्या की 84 कोसी परिसीमा के अंदर आने वाले सभी पौराणिक महत्व के स्थलों को सजाया व सवांरा जा रहा है। जीरो बैलेंस खाते के माध्यम से सीधे पात्रों के खाते में योजना की राशि ट्रांसफर की गयी।



असमानता दूर करने के लिए पक्के मकान, शौचालय, गैस व विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था की गयी। इससे देश में राष्ट्रवाद की विचारधारा का विकास हुआ। आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज, विश्व का सबसे बड़ा कोविड टीकाकरण किया गया। सीएए, तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाया गया। सरकार गठन के साथ ही सरकारी सहायता से बिचौलियों को खत्म करने का काम किया गया। विधानसभा मिल्कीपुर के सरौली, ओरवा, खड़सेपुर, मोहम्मदपुर, कोटिया, बरौली, तिन्दौली, अकमा में अयोजित चौपाल के दौरान सैकडों ग्रामवासियों सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भरत श्रीपत सुनंदा की आंख खोलने वाली फिल्म फ्यूचर फाइट दुनिया भर के फेस्टिवल्स में

• प्लास्टिक के दुष्प्रभाव और दुनिया मे पानी की किल्लत के ज्वलंत मुद्दे पर बनी है फिल्म

–अनिल बेदाग–

मुंबई। पर्यावरण और ग्लोबल वार्मिंग पर काफी डॉक्यूमेंट्री फिल्मे बनी हैं। मगर लेखक ओर निर्देशक भरत श्रीपत सुनंदा ने इस गंभीर विषय पर काफी कमर्शियल और प्रभावी शार्ट फिल्म फ्यूचर फाइट बनाई है। उनका कहना है कि हम फ्यूचर के लिए लड़ाई कर रहे हैं। इंसान ने दुनिया के लिए प्लास्टिक नाम का बहुत बड़ा जहर बनाया है। उसके अधिकतर इस्तेमाल से पीने का पानी खत्म होता जा रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार समुंदर से पानी आकाश की ओर नहीं जा पा रहा है क्योंकि प्लास्टिक की परतें नीचे धँसती जा रही हैं। इसलिए बारिश अब कम होती है। हम 5जी और 8जी जैसी नई तकनीकों का इंतजार कर रहे हैं, मगर उधर बुनियादी चीज पानी दुनिया से खत्म होता जा रहा है। आप यकीन करेंगे कि आज पूरी दुनिया मे पीने लायक पानी सिर्फ 2.5 प्रतिशत है।

यूएई सरकार के अधिकारियों के सामने और दुबई के फ्यूचर म्यूजियम में जब ये फिल्म पेश की गई तो वहां के शेख हैरान रह गए और कहा कि हम यहां भविष्य की योजनाएं बना रहे हैं और यह सोचा ही नहीं, कि दुनिया मे इतना सीरियस ईशु चल रहा है, और दुनिया खात्मे के कगार पर है।

लेखक ओर निर्देशक भरत श्रीपत सुनंदा का कहना है कि इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म को दर्शकों की बड़ी संख्या तक पहुंचाने के लिए हमने कनाडा की ऐक्ट्रेस घडा लाजमी को कास्ट किया, जाने माने एक्टर रवि भाटिया को लिया, और इसे एक फीचर फिल्म की तरह फिल्माया। इस फिल्म में हमने दिखाया है कि पानी के लिए लोग लड़ रहे हैं, एक दूसरे को पानी के लिए मारने तक पर उतर गए हैं।

दुबई में बारिश नहीं होती, आर्टिफिशियल बारिश एक बार कराने का खर्च 100 बिलियन डॉलर होता है। अगर हमने अभी प्लास्टिक का इस्तेमाल पूरी तरह बंद नहीं किया तो 2050 तक पीने का एक लीटर पानी 870 रुपए का मिलेगा। दुनिया से खारा पानी भी खत्म होता जा रहा है। 2065 में आसमान से हमारी दुनिया ग्रे कलर की नजर आएगी। लॉक डाउन के दौरान यह फिल्म बनाई गई थी।बेहतरीन एक्टर्स के साथ उम्दा कैमरे से फिल्माई गई फिल्म का पोस्ट प्रोडक्शन बेहतर ढंग से करवाया गया है। 12 मिनट की फिल्म के क्लाइमेक्स में एक प्रभावी मैसेज दिया गया है। इसे कान्स फिल्म फेस्टिवल, स्कॉटलैंड, कोलंबिया के फेस्टिवल्स में दिखाया जाएगा। ऐसे देशों में भी इसकी स्क्रीनिंग होगी जहां लोगों ने पानी के लिए काफी संघर्ष किया है, सहन किया है।




फिल्म के डायरेक्टर कहते हैं कि हर साल भारत मे 11 अरब पेड़ काटे जा रहे हैं, इसका नतीजा क्या होगा। यह एक कमर्शियल फिल्म है, जिसका लुक और फील किसी हॉलीवुड मूवी की तरह का है। इसकी प्रोड्यूसर मिसेज कृष्णा सैनानी का बड़ा प्रोफाइल है, एक रिटायर्ड लेडी हैं। लोगों में पानी व पेड़ को बचाने, प्लास्टिक के इस्तेमाल न करने के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह फिल्म बनाई है। प्लास्टिक बंद नहीं किया गया तो 2065 तक आधी दुनिया तबाह हो जाएगी, ये कोरोना तो बस शुरुआत है, आप समझ लें। हमारी रोग प्रतिरोधक शक्ति खत्म होती जा रही है। आज इंसान की उम्र कम होते होते 55–60 तक आ गई है। इस फिल्म को सिर्फ हिंदुस्तान मे नही सारी दुनिया मे पेश किया जा रहा है, इस फिल्म से ऐसे देश काफी इन्स्पायर हो रहे है जो आज ये सच्चाई देख सकते है। दुनिया भर के 60 देशो मे इस फिल्म को पेश करने का टारगेट निर्माता निर्देशक ने तय किया है। इस फिल्म की निर्मात्री श्रीमती कृष्णा सैनानी हैं, जो भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड मुम्बई की सीनियर एग्जेक्युटिव मार्केटिंग रह चुकी हैं। वहीं फिल्म के निर्देशक भरत श्रीपत सुनंदा को दादा साहेब फाल्के गोल्डन कॅमेरा अवार्ड 2020 से नवाजा जा चुका है। इनकी सूझबूझ और देश के लिये कुछ करने का जुनून व जज्बा इस फिल्म के द्वारा दिखाई देता है। इन्होने इस फिल्म को देश के प्राइम मिनिस्टर श्री नरेंद्र मोदी जी के नाम से सारी दुनिया के सामने रखने का प्रयास किया है। इस फिल्म के कलाकारों में रवि भाटिया, रंजीत शशिकांत, अभिनेत्री घडा लाजमी का नाम उल्लेखनीय है, साथ ही बाल कलाकार पार्श्व नंदा ने भी काफी बेहतर काम किया है। यह फिल्म लोगों को सोचने पर मजबूर करने वाली है। इस फिल्म को त्रिशूल फिल्म कंपनी और प्रकाश सर्जेराव सदावर्ते ने प्रेजेंट किया है। दीप्ती बनसोडे इस फिल्म की को–प्रोड्यूसर हैं।

# चेयरपर्सन के आवास पहुँचकर प्रियम मिश्र प्रमोद तिवारी यूथ ब्रिगेड विधानसभा सचिव ने दी बधाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रतापगढ़। सांसद राज्यसभा तिवारी एवं विधायक – रामपुर खास, प्रतापगढ़ आराधना मिश्रा श्मोनाश के पारिवारिक सदस्य एवं चेयरपर्सन लालगंज अनीता सन्तोष द्विवेदी के वैवाहिक जीवन की चौंतीसवीं वर्षगाँठ पर उनके आवास आदर्श नगर पंचायत के वार्ड नं०–10 सांगीपुर में उपस्थित होकर प्रियम मिश्र ने बढ़ाई दी ।

चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी एवं उनके पति व प्रतिनिधि सन्तोष द्विवेदी को माल्यार्पण एवं फोटो फ्रेम भेंटकर व केक खिलाकर उन्हें शादी की वर्षगाँठ की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान प्रबंधक – पं० ठाकुर राम विद्यापीठ जूनियर हाईस्कूल चकौड़िया लालगंज श्माशंकर पांडेय , मीडिया प्रभारी शास्त्री सौरभ त्रिपाठी ,विवेक मिश्र, अनुज पांडेय, शिवा कौशल आदि मौजूद रहे।





# विद्युत विभाग की कुंभकर्णी नींद 5 गोवंश पर पड़ गई भारी

पवन कुमार रुदौली अयोध्या। विद्युत विभाग की घोर लापरवाही बेजुबान जानवरों पर पड़ गई भारी रुदौली तहसील क्षेत्र के अंतर्गत भेलसर टिकैतनगर संपर्क मार्ग के खोचकला मोड़ पर खुले में रखा 11 हजार एचटी लाइन का ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से बीती रात 5 गोवंश की दर्दनाक मौत हो गई विद्युत विभाग की ढुलमुल रवैया के चलते हादसे को दावत दे रहा था खुले में रखा ट्रांसफार्मर स्थानीय ग्रामीणों व पत्रकारों के द्वारा विद्युत विभाग को कई बार खुले में रखा ट्रांसफार्मर के बारे में अवगत कराया गया था लेकिन कुंभकरण की नींद में सो रहा विद्युत विभाग जागने की जहमत नहीं उठा रहा था समय से अगर विद्युत विभाग की कुंभकर्णी नींद टूटी होती तो शायद इतना बड़ा हादसा नहीं होता और एक साथ 5 गोवंश की दर्दनाक मौत नहीं होती इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी मौके पर नहीं पहुंचा कोई भी विद्युत विभाग का कर्मचारी आखिर ऐसे विद्युत विभाग के



कर्मचारियों पर कब होगी विभागीय कार्यवाही ऐसे भ्रष्ट व लापरवाह विद्युत विभाग के अधिकारियों पर कार्यवाही ना होने से अपनी मनमानी पर उतारू हो रहे विद्युत विभाग के कर्मचारी वही 5 गोवंश की मौत की सूचना सुजागंज चौकी प्रभारी विवेक कुमार राय को मिलते ही आनन–फानन में मौके पर पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों को सूचना दिया लेकिन जब तक स्वास्थ विभाग के डॉक्टर मौके पर पहुंचते तब तक गोवंश की तड़प तड़प कर मौत हो जाती है चौकी प्रभारी विवेक कुमार राय ने मानवता की मिसाल को पेश करते हुए जेसीबी बुलवाकर पांचो मृत गोवंश का अंतिम संस्कार करवाया।

# समूह अध्यक्ष के द्वारा समूह में जुड़े सदस्यों का मारा जा रहा है हक

नरेंद्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट



तंबौर सीतापुर। विकास खण्ड बेहटा के ग्राम बसंतापुर मे विकास महिला सहायता समूह के नाम से चल रहा है जिसकी समूह अध्यक्ष रशीदा पत्नी समीउद्दीन कोषाध्यक्ष नूरजहां पत्नी अजीजुल्लाह सचिव महिनाज पत्नी सिराजुद्दीन बीसी सखी सबाना वही आरोप लगाते हुए समूह सदस्य अलियार पत्नी नबियूद्दीन सदस्य साहिना पत्नी जहूर अहमद सदस्य कलीमून निंशा पत्नी मोबीन रेशमा पत्नी जमील खां सदस्य जाकिरून पत्नी मो० लतीफ किस्मतुन पत्नी साकिर हुसेन शाकिरा पत्नी अबुशाहिमा ये सात लोग इस समूह की सदस्य है इनका आरोप है कि अध्यक्ष कोषाध्यक्ष सचिव ये सब एक ही घर की और हम सदस्यो का कोई मतलब नही रखती है राशन वितरण मे आना कानी करती है जिसकी सिकायत ब्लाक के बी डी यो साहब को व ए डी ओ एस पी को कई बार सिकायत प्राथना पत्र दिया गया लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है।

# वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर नोडल अधिकारी/ सचिव महिला एवं बाल विकास ने किया पौधरोपण

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

- विभिन्न स्थानों पर हो रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया निरीक्षण
- घरों में सहजन व औषधीय पेड़ जरूर लगाएं : नोडल अधिकारी
- पेड़ लगाने के साथ ही उनका संरक्षण भी जरूरी : नोडल अधिकारी

अमेठी। वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत शासन द्वारा नामित जनपद नोडल अधिकारीध्सचिव महिला एवं बाल विकास श्रीमती अनामिका सिंह ने जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक इलामारन व मुख्य विकास अधिकारी डा. अंकुर लाठर के साथ आज इन्हौना स्थित ग्राम पंचायत चिलौली (राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे) एवं मुसाफिरखाना के बड़गांव में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही नोडल अधिकारी ने विभिन्न स्थानों पर हो रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम का निरीक्षण भी किया एवं आवश्यक निर्देश दिए।

नोडल अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष पूरे प्रदेश में आज 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे, जिसके क्रम में आज जनपद अमेठी में शासन द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी नामित करते हुए भेजा गया है, उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा जो पौधे लगाए जा रहे हैं उनकी गुणवत्ता अच्छी है तथा विभिन्न प्रजातियों के



फलदार, फूलदार व छायादार पौधे लगाए जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपने घरों में शहजन का पेड़ जरूर लगाएं इसके साथ ही औषधीय पौधों को भी लगाएं। नोडल अधिकारी ने कहा कि पेड़ लगाने के साथ ही उनका संरक्षण भी जरूरी है। इस दौरान उपजिलाधिकारी तिलोई फाल्गुनी सिंह, उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना सविता यादव, प्रभागीय वनाधिकारी एमएन सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# शिकायती पत्रों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण : एसपी



अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

• एसपी ने कोतवाली का किया औचक निरीक्षण –दिए आवश्यक दिशा निर्देश

अमेठी। मुसाफिरखाना पुलिस अधीक्षक अमेठी ने कोतवाली के औचक निरीक्षण के दौरान थाना परिसर कार्यालय अभिलेख बैरिक महिला हेल्प डेस्क शस्त्रागार मेष आदि का गहनता से निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक इलामारन जी आकस्मिक कोतवाली पहुंचकर थाना परिसर कार्यालय शस्त्रागार अभिलेख मेष बैरिक महिला हेल्प डेस्क आदि का गहनता से निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी अर्पित कपूर प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह सहित अन्य कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अपराध नियंत्रण लंबित विवेचना एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सीओ अर्पित कपूर व प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह से विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी हासिल करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## 60 यूपी बटालियन के कर्नल ओपी शर्मा के निर्देशानुसार संपन्न की गई एनसीसी जूनियर डिवीजन की भर्ती

फतेहपुर। 60 यूपी बटालियन के कर्नल ओपी शर्मा के निर्देशानुसार संपन्न की गई एनसीसी जूनियर डिवीजन की भर्ती, भर्ती जनपद के फतेहपुर कई स्कूलों में हुई जिसमें छात्र–छात्राओं ने बडचढ़ के भारतीय सेना का लक्ष्य रखते हुए एनसीसी भर्ती में प्रतिभाग किया। वही जनपद के महर्षि विद्या मंदिर में एनसीसी जूनियर डिवीजन की भर्ती सम्पन्न हुई जिसमे सूबेदार मेजर अर्जुन रावत , सूबेदार



मनिंदर,सूबेदार शिव रावत , हवलदार दिनेश ,हवलदार बैश बहादुर , केयरटेकर रोहित दत्त,केयरटेकर बिपिन मिश्रा,सार्जेंट विवेक,सार्जेंट निशांत ,सार्जेंट अभिषेक ,कॉरपोरल अमन ,कॉरपोरल सक्षम मिश्रा,कैडेट उदित अग्रहरी ,कैडेट वैभव श्रीवास्तव,कैडेट जैद मौजूद रहे ।

# ग्राम समाज की जमीन पर दबंगों का अवैध कब्जा

नरेंद्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट

तंबौर सीतापुर। थाना तंबौर के अंतर्गत ग्राम पंचायत दुबई मे दबंगो के द्वारा ग्राम समाज पर अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया है आपको बताते चलें कि बाबू पुत्र हरद्वारी रामपाल पुत्र रामस्वरूप होली पुत्र रामस्वरूप रामगुलाम पुत्र परमेश्वर उनके घर के सामने से एक रास्ता निकला हुआ है जहां पर होलिका दहन होता है वहां पर कोई सरकारी रास्ता नहीं है पर यह लोग अपनी व गांव सुविधा के लिए होली जलाने के लिए अपने ही जगह में रास्ता छोड़ रखा है उसी रास्ते के बगल में ग्राम समाज की जमीन पड़ी है जिसमें विपक्षी सोहन पुत्र मुल्लू प्रकाश पुत्र झब्बू लाल मूर्ति पुत्र जग्गू अखिलेश पुत्र जग्गू जिन्होंने अपनी दबंगई से घूर लगाकर अवैध कब्जा कर रखा है बारिश होने पर वह गंदगी घर में जाने लगती है इस गंदगी को रोकने के लिए रास्ते पर मिट्टी डालकर ऊंचा कर दिया जिसको लेकर विपक्षी दल सोहन प्रकाश मूर्ति अखिलेश आदि लोगों ने उस रास्ते की मिट्टी को हटाकर झगड़ा करने पर उतारू हो गए और मारने पर तुल गए इन सब चीजों को देखते हुए संगीता देवी पत्नी बाबूराम चौहान ने नजदीकी थाना तंबौर में एक लिखित शिकायत पत्र देकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई।



# बेहटा मण्डल में भाजपा मण्डल कार्यसमिति कार्यशाला का किया गया आयोजन



नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट

तम्बौर सीतापुर। विकास खण्ड बेहटा मे आज भाजपा मण्डल कार्यसमिति की बैठक की गई जिसमे हमारे माननीय मुख्य अतिथि जिलाउपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी जी व विशिष्ठ अतिथि सीतापुर सांसद श्री राजेश वर्मा जी मौजूद रहे कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी , प0 दीनदयाल उपाध्याय व भारत माता के चित्रों पर पुष्प माल्यार्पण कर व दीप जलाकर शुभारंभ किया गया जिसमे मुख्य अतिथि द्वारा कार्यकर्ताओ को पार्टी की विचारधारा सिद्धांत एव आगामी आने वाले कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया गया सीतापुर सांसद श्री राजेश वर्मा जी ने संगठन द्वारा चलाए जा रहे बूथ सशक्तिकरण अभियान की विस्तृत जानकारी भी दी गई ।

राजेश्वर रस्तोगी ने सभी कार्यकर्ताओं को पालीथीन उपयोग न करने , घटते जलस्तर को देखते हुए जल को बचाने , एवं पर्यावरण के मद्देनजर रखकर अधिक से अधिक वृक्षों को लगाने का संकल्प दिलाया । अंत मे मण्डल अध्यक्ष सलिल श्रीवास्तव ने कार्यशाला में आए हुए सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त कर कार्यक्रम समापन किया इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामजीवन जयसवाल जी जय कुमार वर्मा,जी मिश्रीलाल तिवारी,जी सुयश श्रीवास्तव,जी अजय पटेल, पंकज मिश्रा , युवामोर्चा अध्यक्ष संदीप जयसवाल, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष संजय रस्तोगी, एससी मोर्चा अध्यक्ष धर्मपाल शाक्य , अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष जर्रार खां , संतोष शुक्ला, अमित सिंह, विजय तिवारी, भगौती प्रसाद, दिनेश शुक्ला, संतोष गुप्ता, रामगोपाल, सत्त्यम अवस्थी , संजय अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

——————————————

# श्रीं कृष्ण मिश्र ने अधिवक्ताओं से वोट देने की किए अपील



प्रतापगढ। जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन प्रतापगढ़ के कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद प्रत्याशी श्रीं कृष्ण मिश्र ने अधिवक्ताओं से वोट देने की अपील किए उन्होंने ने कहा कि हम अधिवक्ताओं के हित के लिए काम करेगे, हमारा लक्ष्य अधिवक्ताओं को उनके हक को दिलाना है, हम अधिवक्ताओं के लिए सदैव तत्पर रहने के लिए कटिबद्ध है।

# वाहन स्वामी/प्रतिनिधि एक मुश्त समाधान योजना के अन्तर्गत करें आवेदन 26 जुलाई तक

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

• एक मुश्त शास्ति समाधान में देय शास्ति या पेनाल्टी में शत–प्रतिशत की छूट का प्रावधान

अमेठी। परिवहन विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि एक मुश्त शास्ति समाधान योजना–2022 के अन्तर्गत 01 अप्रैल 2020 या उसके पूर्व पंजीकृत व्यवसायिक वाहनों के कर पर देय शास्ति या पेनाल्टी में शत–प्रतिशत छूट दी जायेगी।

इस सम्बन्ध में उक्त योजना के अन्तर्गत 01 अप्रैल 2020 या उसके पूर्व पंजीकृत व्यवसायिक वाहनों के वाहन स्वामीध्प्रतिनिधि, ऐसे वित्त पोषक जिन्होंने वाहन को अपने कब्जे में लिया हो व जिनके करध्शास्ति के प्रकरण किसी न्यायालय/अपीलीय अधिकारी के स्तर पर लम्बित हो, भी इस योजना का लाभ ले सकते है, बशर्ते आवेदन करने के 15 दिनों के भीतर उन्हें अपना वाद वापस लेना होगा व करध्शास्ति के लिए वसूली पत्र जारी हो चुका हो, भी इस योजना का लाभ उठा सकते है। उपरोक्त योजना में आवेदन करने की प्रक्रिया हेतु व्यवसायिक वाहनों के वाहन स्वामी/उसके विधिक उत्तराधिकारी को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) के समक्ष निर्धारित रू0 1000/– आवेदन शुल्क के साथ अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा व एक मुश्त समाधान योजना हेतु आवेदन अधिसूचना जारी होने की तिथि 27 जून 2022 से एक माह के भीतर यानि 26 जुलाई 2022 तक प्रस्तुत करना होगा। एक माह के उपरान्त कोई भी आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगे।

——————————

## धूमधाम से मनाया गया समाजसेवी राकेश पाण्डेय का जन्मदिन

दैनिक अयोध्या टाइम्स लालगंज,प्रतापगढ़। विधानसभा विश्वनाथगंज अंतर्गत अंचल काशीपुर सहित उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सुधीर तिवारी की अगुवाई में युवा साथियों और शुभचिंतको ने केक कटवाकर लम्बी आयु की कामना की। युवा दिलों की धड़कन व समाजसेवी राकेश पाण्डेय का जन्मदिन बड़े हर्ष के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उनके चाहने वालो ने



फेसबुक, वॉट्सएप्प, ट्वीटर, फोन, पोस्ट के माध्यम के साथ ही एकत्रित होकर उन्हे जन्मदिवस की शुभकामनाएँ दी । इस अवसर पर एडवोकेट अतुल मिश्र, सुशील तिवारी, अंकुश सोनी शुभम श्रीवास्तव, देशराज, सुरेंद्र, अनिल आदि लोग मौजूद रहे।

# सड़क हादसा में चार लोग घायल

तेज रफ्तार वाहनों की द्वारा हो रहे सड़क हादसों की तादाद बढ़ती हुई नजर आ रही है। जहां तेज रफ्तार वाहनों की आमने सामने की भिड़ंत से चार घायल हो गए जबकि टेंपो चालक को हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पूरा मामला जनपद संभल के थाना बनिया ठेर क्षेत्र अंतर्गत चंदौसी बहजोई हाईवे मार्ग एन एच 509 आटा गांव के पास का है। जहां पर तेज रफ्तार चंदौसी की ओर से जा रही कार ने बहजोई की ओर से आ रहे टेंपो की आमने सामने से भिड़ंत हो गई जिसके चलते टेंपो में बैठे



बच्चा सहित चार घायल हो गए। जबकि टेंपो चालक गंभीर रूप से घायल होने के कारण संयुक्त चिकित्सालय चंदौसी के द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हालांकि गांव पुरा निवासी नरेंद्र शर्मा प्रत्यादर्शी की माने तो हादसा होने का कारण तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होने से दूसरी साइड से आ रहे टैंपू में सामने से जा घुसी जिससे बड़ा हादसा हो गया। जबकि स्वास्थ्य विभाग की माने तो टेंपो में बैठे तीन लोगों को हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल संभल रेफर करने की तैयारी में जुटा है।

# भुगतान नही होने पर प्रधानों का खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन

सगड़ी,आजमगढ़। तहसील क्षेत्र के खंड विकास कार्यालय अजमतगढ़ पर मंगलवार को दर्जनों ग्राम प्रधानों ने बैठक करके खंड विकास कार्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया और खंड विकास अधिकारी पर खुलेआम 10 प्रतिशत कमीशन लेकर काम करने का आरोप लगाया ।साथ ही साथ सरकार द्वारा मिली गाइडलाइन का भी पालन खंड विकास अधिकारी द्वारा नहीं किया गया जिसको लेकर प्रधान आक्रोशित हो उठे और जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी किए।खंड विकास अधिकारी को जैसे ही प्रधानों द्वारा प्रदर्शन उग्र होने की जानकारी मिली उसके पूर्व ही जीयनपुर पुलिस को सूचना देकर दर्जनों पुलिसकर्मियों को बुला लिया गया।

वही प्रधान संघ के तमाम पदाधिकारियों के द्वारा मीटिंग सभागार में बैठक करके आक्रोश जताते हुए कई प्रस्ताव खंड विकास अधिकारी के खिलाफ पास करते हुए धरना प्रदर्शन आदि की चेतावनी भी दी गई ।कई प्रधानों ने कहा कि आठ माह से भी अधिक समय हो गए पर भुगतान नही हो रहा है। आए दिन आए दिन दुकानदार से लेकर भट्ठा मालिक तक हमारे दरवाजे पर खड़ा रहता है और ज्यादा करता है और भुगतान ब्लॉक से ना होने के कारण हम सब भुखमरी के कगार पर आ गए हैं घर का भी जो पैसा था वह भी लगाते चले जा रहे हैं कि एक ना एक दिन भुगतान होगा पर ऐसा नहीं हो रहा है। वही विजय चौहान उपाध्यक्ष प्रधान संघ अजमतगढ़ ने आरोप लगाया कि 10 प्रतिशत कमीशन पहले लिया जा रहा है। यही नहीं प्रत्येक टेबल पर जब तक वाले पैसा नहीं पहुंचता एक फाइल आगे नहीं पड़ती है जो प्रधानों का खुलेआम उत्पीड़न किया जा रहा है जिसे हम सब कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे ।जबकि जिन लोगों ने वीडियो को कमीशन दिया उनका तो भुगतान लगाया गया पर जिन लोगों ने समय पर कमीशन का पैसा नहीं दिया उनका भुगतान नहीं लगाया।

जबकि जिले से गाइडलाइन प्राप्त हुई थी कि पहले अमृत सरोवर आगनबाडी पंचायत भवन स्वयं सहायता समूह पौधरोपण व्यक्तिगत लाभार्थी आदि के भुगतान पहले किए जाएं ।साथ ही साथ 2020–21 के भुगतान पहले किए जाएं उसके बाद ही अन्य भुगतान किए जाएं पर खंड विकास अधिकारी द्वारा ऐसा न करके सरकार द्वारा मिली गाइडलाइन का खुले आम तौर पर उल्लंघन किया। जिसको लेकर खंड विकास कार्यालय पर जमकर प्रदर्शन और



नारेबाजी की गई और कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी भी दी गई। बैठक प्रधान संघ अध्यक्ष वीरेंद्र यादव डबलू की अध्यक्षता में की गई ।संचालन डॉक्टर मोहम्मद शाहेदीन ने किया ।अन्य लोगों में अनिल कुमार मिश्रा विजय चौहान सुमेश यादव,रविन्द्र सिंह,अरविंद सिंह,दिनेश कुमार यादव,दीपक कुमार यादव,विजय कुमार यादव सम्भू, मनोज चौरसिया,छोटू यादव,अजीम नोमान,एकरामुल्ला खान,संजय राम आदि रहे।

## आंचलिक क्रान्ति के संपादक पर जानलेवा हमला तीसरी मंजिल पर हुई सनसनी खेज वारदात

गाजीपुर। आंचलिक क्रान्ति अखबार के संपादक व वरिष्ठ पत्रकार के तीसरी मंजिल आवास में घुसकर हमलावरों ने पत्रकार को बेरहमी ईट पत्थरों से कूच दिया घटना के बाद मृत समझ हमलावर निकल गये। दो दिन तक अपने आवास में बेहोश पड़े रहे। संपादक को सूचना के बाद परिजनो ने जिला अस्पताल पहुंचाया और मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को भी दी। शुक्रवार की देर रात हुई इस वारदात की जानकारी जिले के लोगो व पत्रकारों को सोमवार को सुबह लगी। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के रौजा इलाके में सहोदरा भवन की दूसरी मंजिल पर आंचलिक क्रान्ति अखबार का आफिस है जो लगातार तीस साल से प्रकाशित हो रहा हैं। त्यागी मुखदेव सिंह मरदह थाना क्षेत्र के सिंगेरा गांव के रहने वाले है और रौजा पर ही निवास करते हैं। उनके मकान के 50 गज दूर उनके छोटे भाई परमानन्द सिंह का मकान हैं। त्यागी रोज की भॉति खाना खाकर अपने सहोदरा भवन की तीसरी मंजिल पर मौजूद कमरे में सोने चले गये। कमरे के साथ–साथ दूसरी व तीसरी मंजिल पर खुलने वाला दरवाजा भी अन्दर से लाक था। बावजूद इसके दुस्साहसी हमलावरों ने घटना को अंजाम दिया और संपादक को मृत समझकर निकल भागे। त्यागी मुखदेव सिंह के छोटे भाई परमानन्द सिंह ने बताया कि सहोदरा भवन के ठीक पीछे अवैध कब्जा कर रहने वाली जमानिया इलाके की महिला का त्यागी से विवाद चल रहा था। महिला का भाई शातिर अपराधी है। जबकि बेटा मौजूदा समय में जेल में बन्द है। अपनी पति की हत्या का आरोप लगने के बाद यह महिला जमानिया छोड़कर गाजीपुर आकर रहने लगी और बेटा ट्रेनों में छिनैती व चोरी की घटना को अंजाम देता रहा। लूट के कई मामलो में सलिप्तता जाहिर होने के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया था। नेशनल हाइवे के किनारे बने तीन मंजिल मकान के उपरी मंजिल पर चढ़कर घटना को अंजाम देने के बाद तीसरी मंजिल से पीछे की तरफ खुलने वाले रास्ते से अपराधी निकल गये।

पत्रकार त्यागी मुखदेव सिंह की हालत चिन्ताजनक बनी हुई हैं। दोनो आखों व सिर में गंभीर चोट है जिसके चलते बातचीत भी नही हो पा रही है। घटना के बाद पहुंची कोतवाली पुलिस ने मौके से ईट व पत्थर के कई टुकड़े व खून से सने हुए पत्रकार के कपड़ों को साक्ष्य के रूप में अपने साथ ले गयी। पीड़ित पत्रकार की चिंताजनक हालत व बोल पाने में अक्षमता के चलते पुलिस मामले में असहाय बनी हुई है।

सम्बन्धित इलाके में हुई इस वारदात के बाद दहशत का माहौल है। लोगो में चर्चा है कि विवादित महिला ने सरकारी जमीन पर कब्जे के लिये ही परिजनो से इस घटना को अंजाम दिलाया है। हालाकिं पुलिस जांच कर रही हैं।

## मोटरसाइकिल और कार की टक्कर पूर्व एस डी ओ की मोत



देवकली (गाजीपुर)। नंदगंज थाना क्षेत्र के दवोपुर मोङ के पास फोरलेन पर सोमवार की शाम 5 बजे के लगभग मोटरसाइकिल व कार के टक्कर से देवसिंहा निवासी बीएस एन एल के रिटायर्ड एस डी ओ नंदलाल यादव (65) तथा भतीजा अभिषेक यादव (30) गंभीर रुप से घायल हो गये इलाज के वाराणसी ट्रामा सेण्टर ले जाते समय नंदलाल यादव की रास्ते मे मोत हो गयी तथा अभिषेक को ट्रामा सेण्टर वाराणसी में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर बनी हुई हे। मृतक एस डी ओ जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र सिंह यादव के बङे पिता जी थे। प्राप्त सूचना के अनुसार मृतक नंदलाल यादव अपने भतीजे अभिषेक के साथ नंदगंज बाजार गये थे शाम को मोटरसाइकिल से अपने घर देवसिंहा लोट रहे थे मोङ के समीप गाजीपुर की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे नंदलाल यादव की रास्ते मे मोत हो गयी तथा अभिषेक का ट्रामा सेण्टर मे इलाज चल रहा हे। कार चालक कार कुछ दूर छोङकर फरार हो गया। नंदगंज पुलिस कार को थाने ले आयी। जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र सिंह यादव ने बताया ट्रामा सेण्टर से पोस्टमार्टम के बाद लाश अपरान्ह 01 बजे देवसिंहा लाया जायेगा।अंतिम संस्कार चोचकपुर घाट पर किया जायेगा।

## दबंगों ने महिला से अश्लील हरकतों का वीडियो वायरल करने की धमकी पर लाखों की ठगी, एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर,भुता। क्षेत्र के गांव में एक महिला के साथ गांव के ही 4 दबंगों ने अश्लील हरकतें करते हुए वीडियो वायरल करने की धमकी देकर महिला के साथ ठगी किए जाने की रिपोर्ट आज थाना भुता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश से चार के विरुद्ध दर्ज कराई गयी है। पुलिस मामले की जांच, तथा आरोपियों की तलाश कर रही है।

थाना क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर निवासी अंजू देवी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र देकर गांव के ही हरविंद्र अतुल, सादिक, यूनुस, पर आरोप लगाया कि 4 जुलाई को जब उसके पति परमेश्वरी बीमार होने पर बेटी को लेकर लखनऊ गए, तभी उक्त लोगों ने महिला अंजू देवी के साथ अश्लील हरकतें इशारेबाजी करने तथा अंजू देवी से कहा कि नहाते समय मैंने तुम्हारा फोटो सीख लिया है। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैक मेलिंग करने लगा वीडियो वायरल की धमकी पर दबंगों ने महिला से दो लाख रुपए की ठगी कर ली। पिछले 28 जून को सादिक ने महिला को बुलाकर धमकी देते हुए कहा कि रुपए दो नहीं तो तुम्हारा वीडियो वायरल कर देंगे। अंजू देवी ने मामले की तहरीर थाने में दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के यहां कार्यवाही की गुहार लगाई एसएसपी के आदेश से आज थाना भुता में उक्त चारों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत हुआ है। पुलिस मामले की जांच तथा आरोपियों की तलाश कर रही है।

## फलदार वृक्ष लगाकर किसान अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं : डा0 जेपी सिंह

☒ वन महोत्सव के अवसर पर किया गया पौधारोपण



डा0 बृजा नन्द तिवारी संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स गाजीपुर। जनपद के करंडा विकास खंड के ग्राम आकुशपुर में स्थापित आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, आंकुशपुर, गाजीपुर द्वारा आज दिनांक 5 जून को वन महोत्सव के अवसर पर वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत नव निर्माणाधीन केंद्र पर फलदार वृक्ष जैसे बेल, अमरुद, जामुन, सहजन, आंवला इत्यादि के पौधों को लगाया गया साथ ही केंद्र के द्वारा चयनित विकास खंड के गावों सहेड़ी, रेवासा, बनगवा, कुसुमभी कला इत्यादि से आए कृषकों के मध्य 1250 फलदार पौध का वितरण किया गया। इस अवसर पर केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ जे. पी. सिंह ने वृक्षारोपण के महत्त्व को बताया और कहा फलदार वृक्ष लगाकर कृषक आय का अतिरिक्त स्रोत तैयार कर अपने आहार की न्यूट्रीसनल मूल्य का बढ़ा कर अपने और अपने परिवार को स्वस्थ रख सकता है। इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिक डॉ नरेंद्र प्रताप, डॉ शशांक सिंह, डॉ शशांक शेखर, किरन चौधरी एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा केंद्र पर 55 फलदार पौधों का रोपण किया गया।

## जिलाधिकारी ,श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में जल जीवन हरियाली अंतर्गत गार्जियंस ऑफ चंपारण पुराने वृक्ष की सुरक्षा हेतु जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वी चम्पारण। जिलाधिकारी ,श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में जल जीवन हरियाली अंतर्गत गार्जियंस ऑफ चंपारण पुराने वृक्ष की सुरक्षा हेतु जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई ।बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा ,कृषि, जीविका, पंचायती राज विभाग आदि पुराने वृक्ष की संरक्षण हेतु व्यापक पैमाने पर कार्य सुनिश्चित करेंगे ।उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों ,शिक्षकगणों , किसान भाइयों को इस अभियान से जोड़कर पुराने विशाल वृक्षों की सुरक्षा प्रदान की जाए । उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग अपने स्तर से कम्युनिकेशन प्लान एवं कैलेंडर ऑफ एक्टीविटी के अनुसार पुराने वृक्ष की सुरक्षा हेतु कार्यक्रम निर्धारित करेंगे । जिले भर में अभी तक 12300 पुराने वृक्षों का जीयोटैग हो जा चुका है साथ ही 59800 पुराने वृक्षों का लोगों ने आनरशीप लिया हैं ।जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि पुराने वृक्ष हमारे पूर्वजों के धरोहर हैं ।पुराने वृक्ष पर जीव जंतुओं एवं पक्षियों का बसेरा होता है । पुराने वृक्षों का संरक्षण से इकोसिस्टम दुरुस्त होंगे एवं पर्यावरण संतुलित रहेगा। इस अवसर पर अपर समाहर्ता आपदा, निदेशक डीआरडीए, डीपीओ मनरेगा ,वरीय उप समाहर्ता , जिला शिक्षा पदाधिकारी , जिला पंचायती राज पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## कुख्यात टायर चोर और स्मैक तस्कर के भतीजे ने सोशल मीडिया पर डाले अवैध असलहों के साथ फोटो, मचा हड़कंप, पुलिस जांच में जुटी





अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर,बरेली। स्मैक तस्करी में बदनाम फरीदपुर कस्बे का ऊंचा मोहल्ला किसी बड़े खूनखराबे की ओर इशारा कर रहा है ताजा मामला मेराज कातिब और कुख्यात टायर और स्मैक तस्कर अकरम डॉन से जुड़ा है। थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ऊंचा निवासी मेराज और अकरम के बीच 16 जून 2022 को लड़ाई के बाद दिनदहाड़े गोलियां चल गईं जिस मोहल्ले में अफरा–तफरी मच गई जिसमें अकरम और उसके भतीजे नाजिम हुसैन पुत्र असलम हुसैन को गोलियां लगी थी पुलिस ने खून से लथपथ अकरम डॉन और उसके भतीजे को सीएससी भेजा लेकिन डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताकर बरेली रेफर कर दिया था। पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही करते हुए मेराज के दो भाइयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।
कुख्यात टायर और स्मैक तस्कर अकरम के भतीजे नाजिम हुसैन ने अस्पताल से डिस्चार्ज होकर सोशल मीडिया पर अवैध असलहों के साथ फोटो डालकर अपने मंसूबों को जाहिर किया है जिससे वहाँ के निवासियों ने किसी बड़ी अनहोनी की आशंका जताई है। किसी ने उन फोटो की शिकायत ट्वीटर पर बरेली पुलिस से की है जिसकी जांच में फरीदपुर पुलिस जुटी हुई है पुलिस की धमाचौकड़ी के बाद अकरम और उसका भतीजा नाजिम भूमिगत हो गए हैं।
ज्ञात रहे कि अकरम की तलाश में दिल्ली पुलिस की नारकोटिक्स सेल भी लगी हुई है। दिल्ली पुलिस की नारकोटिक्स सेल अकरम के घर पर दो बार आकर नोटिस भी लगा चुकी है। लेकिन वह हाथ नहीं आ रहा अकरम टायर चोरी और तस्करी के मामले में उत्तराखंड की जेल भी काट चुका है।

## राज्यमंत्री ने किया अस्पताल का निरीक्षण,तीन डाक्टरों के अनुपस्थित पाये जाने पर वेतन रोकने का दिया निर्देश

☒ ३ जरुरी हो तो तभी बाहर की दवा लिखें चिकित्सक : गिरीश चंद्र

गाजीपुर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव विकास भवन में बैठक करने के बाद सीधे जिला अस्पताल पहुंचे। वहां इमरजेन्सी वार्ड, ओपीडी, जनरल वार्ड, ब्लड बैंक, भारतीय जन औषधी केन्द्र का निरीक्षण किया तथा दवाओं की उपलब्धता की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिया कि किसी भी हाल में डाक्टर बाहर की दवा न लिखें। विशेष परिस्थिति में ही बाहर की दवा लिखी जाय। उन्होने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिया कि वे स्वयं सुबह शाम वार्डो में घूमकर व्यवस्था देखा करें। इ,के बाद राज्यमंत्री वार्ड में पहुंचे। वहां भर्ती मरीजो एवं उनके परिजनों से दवाओं की उपलब्धता एवं डाक्टरों के सम्बन्ध में जानकारी ली। इसके पश्चात् उन्होंने ब्लड बैक के निरीक्षण में उपस्थिति पंजिका गायब होने की शिकायत पर उन्होने इंचार्ज से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। इमरजेन्सी में तीन चिकित्सक डा. मृत्युजय दूबे, डा. संजय कुमार एवं डा0 एकान्त पांडेय के अनुपस्थित पाये जाने पर इनका एक दिन का वेतन रोकने का निर्देश दिया।
इसके बाद राज्यमंत्री ने मलिन बस्ती बंधवा वार्ड नं0–06 का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाये गये भवनों के लाभार्थियों से जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व में बनाये गये सामुदायिक शौचालय के पास एक शौचालय दिब्यांग के लिए तथा एक स्नानागार बनाने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिया।



निरीक्षण के दौरान कई लोगो द्वारा राशन कार्ड, विधवा पेंशन, न बनने की शिकायत की गयी।
जिसपर उन्होंने ने सम्बन्धित अधिकारियों को पात्र लाभार्थियों को सुविधा का लाभ देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ श्रीप्रकाश गुप्ता, ईओ नगर पालिका गाजीपुर ,उपजिलाधिकारी सदर प्रतिभा मिश्रा, क्षेत्राधिकारी सदर गौरव सिंह एवं भाजपा जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के साथ अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## बोनस की मांग को लेकर अस्थाई सफाईकर्मियों ने सांकतोड़िया अस्पताल में किया प्रदर्शन



सांकतोड़िया। बोनस समेत विभिन्न चीजों की मांग को लेकर अस्थाई सफाईकर्मियों ने कुल्टी के सांकतोड़िया ईसीएल अस्पताल में धरना दिया।मंगलवार को अस्पताल के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। पता चला है कि ईसीएल के सांकतोड़िया अस्पताल में 60 अस्थायी सफाईकर्मी काम करते हैं। उन्हें हर दो महीने में भुगतान किया जाता था। लेकिन नए ठेकेदार की जिम्मेदारी मिलने के बाद अस्थाई सफाईकर्मियों को यह बोनस नहीं मिल रहा है।

इसके अलावा, आपको और अधिक अवसर नहीं मिल रहे हैं। तो इन प्रदर्शनों को तत्काल बोनस सहित विभिन्न लाभों की मांग करने के लिए दिखाया गया है। अगर प्रदर्शन कर रहे सफाईकर्मियों की मांगें तुरंत नहीं मानी गईं तो बड़ा आंदोलन होगा।

## एच आर विजन 2025 को लेकर इसीएल ने किया कार्यशाला का आयोजन

संकतोड़िया। एच आर विजन 2025 पर मंगलवार को झालबागान स्थित ईसीएल के डिसरगढ़ क्लब में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे कोल इंडिया के निदेशक कार्मिक विजन रंजन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में ईसीएल के महाप्रबंधक (कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध) पवन कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (कल्याण एवं सीएसआर) मुकेश कुमार सिन्हा, डेप्युटी महाप्रबंधक (प्रशासन) अर्पण घोष, सहित विभिन्न अनुषंगी कंपनियों से आए अधिकारीगण मौजूद थे।

कोल इंडिया का लक्ष्य, लाभ आदि को लेकर एचआर एक बड़ा माध्यम है। क्यों कि जमीन अधिग्रहण, मशीनों का चलना, कोयला उत्पादन आदि सारे काम मानव संसाधन से ही संचालित किए जाते हैं। अतः हम इसे लेकर भविष्य में अपनी बुद्धि तथा अक्लमंदी से 2025 तक कहां पहुंचेंगे इसे लेकर एक नजरिया (विजन) तैयार किया गया है। इसके लिए 7 मॉड्यूल्स बनाए गए हैं। जिसमें टैलेंट को किस तरह से मैचिंग किया जाएगा और उसे कैसे विकसित किया जाएगा आदि।

कोल इंडिया के निदेशक कार्मिक विनय रंजन ने कहा कि यह एच आर विजन है। सभी अनुषंगी इकाईयों के लिए लागू करेंगे। पर्सोनल और एच आर विभाग को 2025 तक कहां ले जाना चाहते हैं। सारे सब्सिडरी में होने के बाद ईसीएल में यह आखरी कार्यशाला है। इसके बाद हम एक्शन प्लान बनाएंगे कि हमारा एच आर विजन का इम्प्लीमेंटेशन कौन कहां और कैसे करेगा। टाइमलाइन डिसाइड करेंगे। एच आर पॉइंट ऑफ व्यू से कोल इंडिया एक महारत्न कंपनी है। हमारी कोशिश है कि पीपुल फैमिली और एंप्लॉई एक्सपेरिऐंस क्रिएट करेंगे। इसके लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। खुशी है कि ईसीएल में आने के बाद बहुत सारे लोग इस में भाग लेने के लिए आए हैं। आज ड्राफ्ट एच आर विजन पर चर्चा होगी। के बाद फाइनलाइज करेंगे। इसके उद्देश्य के बारे में बताया कि हमारा कोलियरी हमेशा रिमोट एरिया में होता है। इसलिए हमारी कोशिश कर्मियों के लिए एक ऐसा माहौल



सृजित करने का है कि कोल इंडिया में आने के बाद नए और पुराने कर्मियों का अनुभव अच्छा हो जब वे ज्वाइन करने के लिए उनको अच्छा माहौल मिले। आधारभूत सुविधाएं मसलन रहने के लिए, खाने के लिए, काम करने के लिए अच्छी सुविधाएं मिले ताकि भी अपने काम पर ध्यान दे सकें। इसके लिए एचआर विभाग से सुविधाएं मिल जाएंगी। कहा कि महारत्न कंपनी में एचआर (मानव संसाधन) हमेशा अच्छा रहना चाहिए। इसे हम आगे लेकर कैसे जाएं। इस दौरान नई खदान जनरेट करने के विषय में भूमि अधिग्रहण प्रोजेक्ट मैनेजमेंट की क्षमता बढ़ाना होगा। ग्रीन फील्ड विकसित करें। सरकार से एनवायरमेंट क्लीयरेंस फॉरेस्ट क्लीयरेंस प्राप्त करें और लोगों के साथ समन्वय बनाकर चलें। भारत में लैंड एक्विजिशन को जटिल प्रक्रिया बताया। कहा कि राजमहल में जमीन का मुद्दा था। हमारे लोग लगे हुए हैं। जल्दी सुलझाने की कोशिश है।

## चित्तरंजन में एक पेड़ पर दिखा एक बड़ा अजगर सांप



चितरंजन। चित्तरंजन रेलवे कारखाना के प्रवेश द्वार पर मंगलवार को सड़क के किनारे एक पेड़ पर एक विशाल अजगर देखा गया। सुबह करीब आठ बजे पहले कारखाने के कर्मचारियों ने एक पेड़ से एक बड़ा अजगर लटका देखा। सांप को देखकर हर कोई डर गया। तस्वीरें लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई। इसकी जानकारी स्नेक सेवर्स टीम व चित्तरंजन थाना व आरपीएफ के सदस्यों को दी गई। सांप को बचाने के लिए वन विभाग को सूचना दी गई।
वे सांप को बचाकर वन विभाग के कार्यालय ले गए। वन अधिकारियों ने कहा कि सांप को जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## राजीव मॉडर्न पब्लिक स्कूल में हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, ड्रेस के माध्यम दिया संदेश

अयोध्या टाइम्स संवाददाता फरीदपुर। रेलवे स्टेशन के निकट एसडीएम कॉलोनी में संचालित पब्लिक स्कूल के बच्चों ने तमाम तरह के ड्रेस पहनकर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के तहत लोगों को जागरूक करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया प्रतिभागी बच्चों ने विजेता बनकर



विद्यालय का नाम रोशन किया! रेलवे स्टेशन के सम्मुख एवं एसडीएम कॉलोनी स्थित राजीव मॉडर्न पब्लिक स्कूल में आज फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने डॉक्टर, प्रशासनिक अधिकारी ,आर्मी ,अध्यापक खिलाड़ी की ड्रेस पहन कर समाज को ड्रेस का महत्व समझाया क्योंकि ड्रेस अपने–अपने विभाग की पहचान होती है ड्रेस के माध्यम ही हम एक दूसरे को पूरी लगन और निष्ठा से अपना काम करने का संकेत देते है प्रतिभागी बच्चों में कक्षा सात की प्रियांशी और मानसी, 5का सार्थक ,4 का युवराज फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में अब्बल रहा विजेता बच्चों का विद्यालय स्टाफ ने हौसला बढ़ाया वही विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव वर्मा ने कार्यक्रम की सराहना की!

## भुता बाजार में मुर्गे की आड़ में धड़ल्ले से हो रही प्रतिबंधित मांस की बिक्री

अयोध्या टाइम्स संवाददाता फरीदपुर,भुता। भुता बाजार में मुर्गा काट कर बिक्री किए जाने की दुकान पर उसकी आड़ में प्रतिबंधित मांस की भी बिक्री भी जोरों से की जा रही है। जिसकी शिकायत भी ग्रामीणों ने जिलाअधिकारी को एक पत्र भेजकर की है। यहां कस्बा भुता बाजार में पूरब की ओर एक मुर्गा बकरा काटने वाली दुकान खुली हुई है ,जिसमें सड़े गले मांस बिना डॉक्टरी किए हुए पशुओं को काटकर खुले स्थान पर रखकर बिक्री की जा रही है। तथा इसी दुकान में मुर्गे बकरा के मीट की बिक्री किए जाने की आड़ में प्रतिबंधित मांस की भी बिक्री की जा रही है ।क्योंकि इस मुर्गा विक्रेता की दुकान के पास ही उसका घर है ।बताया जाता है। कि इसी घर में प्रतिबंधित मांस को रखकर चोरी चुपके ग्राहकों को बिक्री किया जा रहा है। जिसको लेकर क्षेत्रवासियों में भारी रोष पनप रहा है। इस प्रतिबंधित मांस की बिक्री होने पर पुलिस की भी मिलीभगत बताई जा रही है, इधर मुर्गा विक्रेता का भी कहना है कि मैं पुलिस को महीना देता हूं मुझे मांस बिक्री करने से कौन रोकेगा । क्षेत्र वासियों ने मामले की जांच कराकर इस सड़े गले मांस की बिक्री पर शीघ्र रोक लगाए जाने की मांग शासन–प्रशासन से की है। इस सड़े गले मांस की बिक्री को लेकर ग्राहकों से हंगामा भी होता है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार का कहना है इस प्रकार का कोई भी मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। जांच कराई जाएगी यदि ऐसा है तो तुरंत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## दरवाजा लगाने से रोका तो दबंगों ने लाठी-डंडों से पीटा

अयोध्या टाइम्स संवाददाता फरीदपुर,भुता। क्षेत्र के ग्राम फैज नगर में जगह पर अवैध रूप से दरवाजा लगाए जाने पर रोका तो दबंगों ने एक महिला को लाठी–डंडों से जमकर पिटाई कर दी है। मामले की तहरीर थाना भुता में दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच, तथा आरोपियों की तलाश कर रही है! थाना भुता क्षेत्र के ग्राम फैजजनगर में उदय राज गंगवार की जगह पर गांव के ही दबंग किस्म के लोग बालीस्टर, अमर सिंह, राधेश्याम आदि लोग दरवाजा लगा रहे थे जब उदयराज घर पर नहीं था उसी समय उसकी पत्नी लीलावती ने अवैध रूप से दरवाजा लगाने से मना किया, तो उक्त दबंग लोगों ने लाठी–डंडों लात घूसों से जमकर पिटाई कर दी है जिससे लीलावती के गुम ब गंभीर चोटें आई हैं पीड़ित महिला ने मामले की तहरीर थाने में दी है। पुलिस मामले की जांच, तथा आरोपियों की तलाश कर रही है।

## आईपीएस रोहन पी. बोत्रे ने गाजीपुर पुलिस अधीक्षक का संभाला कार्यभार



गाजीपुर। नवागत पुलिस अधीक्षक रोहन पी. बोत्रे आज मंगलवार को गाजीपुर पुलिस अधीक्षक का कार्यभार संभाला । रोहन बोत्रे 2016 बैंच के आईपीएस अधिकारी है। पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा पहली प्राथमिकता महिला अपराधों में कमी करने, दूसरा माफियाओं के प्रति सख्त कार्रवाई करने, बलवा ज्यादा होता है इसका निवारण करने, झगड़ा बलवा ना होने पाए, पुलिस सिपाही को भी सतर्क करने की बात कही। महाराष्ट्र के रहने वाले हैं इनके माता–पिता प्रोफेसर रहे हैं पुणे यूनिवर्सिटी से बैचलर इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है इसके बाद अमेरिका चले गए।पडर्यू यूनिवर्सिटी से मास्टर आफ साइंस एमएस सिविल इंजीनियर अमेरिका में सिविल इंजीनियर की पढ़ाई के बाद अमेरिका से स्वदेश भारत लौटे और सिविल की तैयारी शुरू की चौथे प्रयास में सिविल सेवा में 187 वां रैंक प्राप्त किया। ज्वाइन करके ट्रेनिंग की गोरखपुर से एसएसपी पद पर तैनात रहे आगरा में एसपी सिटी के पद पर 21 महीने सेवा किए पहली बार कासगंज में पुलिस अधीक्षक 1 वर्ष तक रहे पुलिस अधीक्षक का दूसरा भाग पदभार जिला गाजीपुर में अवसर प्राप्त हुआ।

## नहर में स्नान करते समय अधेड़ की डूबने से मौत परिवार में मचा कोहराम

डॉ 0 बृजा नन्द तिवारी संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स गाजीपुर। कोतवाली क्षेत्र के गहमर रजवाहा में सिचाई विभाग कालोनी के पास सोमवार की शाम नहर में नहाते समय एक अधेड़ डूब गया। घटना के बाद वहा लोगों की भीड़ लग गई। काफी खोजबीन के बाद शव बरामद हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके परिजन को सौप दिया। स्टेशन बाजार स्थित पटखौलिया मुहल्ला वार्ड नं० 5 निवासी सीताराम बिन्द (52) सोमवार की देर शाम गहमर रजवाहा में सिचाई विभाग कालोनी के पास नहर में स्नान करने लगे। नहर में पानी अधिक होने के कारण वह डूब गये। काफी देर तक वह घर नही आये तो परिजन को चिंता हुई। परिवार के लोग उनकी तलाश करने लगे। खोजते हुए



परिजन जब सिचाई विभाग कालोनी के पास नहर के पास पहुंचे तो देखा कि सीढ़ी पर उनका कपड़ा पड़ा है। परिजन नहर में डूबने की आशंका से परेशान हो गये। इसकी जानकारी होते ही वहां लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने शव की तलाश करने के लिए नहर को बंद कराया। इसके बाद ग्रामीण शव की तलाश करने लगे ।काफी खोजबीन के बाद देर रात सिचाई विभाग कालोनी के सामने नहर में शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव मिलते ही परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल हो गया था। बताते है कि सीताराम बिन्द दिहाड़ी मजदूरी कर घर गृहस्थी चलाते थे। इनके दो बेटा व दो बेटी है।

## जिला परिषद शिक्षक नियोजन इकाई के वैसे शिक्षक जिनकी सेवाकाल में ही मृत्यु हो गई थी उनके आश्रितों को दिए गए नियुक्ति पत्र

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
मुजफ्फरपुर।समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कुल 38 लोगों को नियुक्ति पत्र दिए गए।जिला परिषद शिक्षक नियोजन इकाई के द्वारा बहाल वैसे शिक्षक जिनकी मृत्यु सेवाकाल में ही हो गई थी उनके आश्रितों को अनुकंपा के



आधार पर नियुक्त किया गया। कुल 38 लोगों को नियुक्ति पत्र माननीय विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह, जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार ,उप विकास आयुक्त–सह मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला परिषद आशुतोष द्विवेदी तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा उपस्थित चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र उपलब्ध कराया गया। 24 विद्यालय सहायक एवं 14 परिचारी के पद पर नियुक्त किये गए। कार्यक्रम में उपस्थित माननीय विधान पार्षद श्री दिनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ नियमानुसार बहाली की गई है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा की सभी चयनित उम्मीदवार अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे। वही जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर मे सभी चयनित उम्मीदवारों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। 2006 के बाद उक्त बहाली की गई है। उन्होंने चयनित उम्मीदवारों के बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपने कार्यों के निर्वहन करने की बात भी कही। कार्यक्रम में स्वागत भाषण उप विकास आयुक्त के द्वारा दिए गए।वहीं धन्यवाद ज्ञापन डीआरडीए निदेशक चंदन चौहान ने किया जबकि मंच संचालन का का कार्य जिला जनसंपर्क अधिकारी कमल सिंह ने किया।

## इंजीनियरिंग कॉलेज, कुमारबाग में पढ़ाई शुरू कराने की प्रक्रिया हुई तेज

☒ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न
☒ बैठक में प्रचार्ज, कार्यपालक अभियंता, विद्युत/ग्रामीण कार्य विभाग आदि रहे शामिल
☒ इंजीनियरिंग कॉलेज, कुमारबाग में 11 हजार वोल्ट विद्युत कनेक्शन कराने का निदेश
☒ कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग को कॉलेज तक जाने के लिए सड़क निर्माण कराने का निदेश

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। इंजीनियरिंग कॉलेज, कुमारबाग में पढ़ाई शुरू कराने की प्रक्रिया तेज कर दी गयी है। इस निमित आज कार्यालय



प्रकोष्ठ में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में अपर समाहर्त्ता, प्रचार्ज, इंजीनियरिंग कॉलेज, कार्यपालक अभियंता, विद्युत/ग्रामीण कार्य विभाग आदि उपस्थित रहे।
समीक्षा के क्रम में प्रचार्ज द्वारा बताया गया कि कॉलेज में हाई वोल्टेज का विद्युत कनेक्शन की आवश्यकता है ताकि ट्रिप आदि की समस्या उत्पन्न नहीं हो और छात्रों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, विद्युत को निदेश दिया गया कि तुरंत स्थलीय निरीक्षण करें तथा 11 हजार वोल्ट विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
कॉलेज के लिए 500 केभीए का अलग ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जाय इंडस्ट्रियल फीडर से। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग को कॉलेज तक सुगम आवागमन हेतु सड़क निर्माण कराने का निदेश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग को निदेश दिया गया कि फर्निचर अधिष्ठापन सहित अन्य कार्यों को अविलंब पूर्ण करें ताकि इंजीनियरिंग कॉलेज में सुचारू ढंग से पठन–पाठन का कार्य सम्पादित हो सके।

## जिले के विभिन्न प्रखंडों में चेकडेम,साइफन,बांध,स्लुईस गेट आदि का होगा निर्माण, तालाब, पईन का होगा जीर्णोद्धार

☒ जल–जीवन–हरियाली अभियान अंतर्गत लघु सिंचाई प्रमंडल, बेतिया द्वारा कराया जायेगा कार्य
☒ जिलाधिकारी ने एनओसी प्राप्त करने तथा क्रियान्वित होने वाले योजनाओं की स्थलीय जांच बीडीओ से कराने का दिया निर्देश
☒ जल–जीवन–हरियाली अभियान अंतर्गत लघु सिंचाई प्रमंडल, बेतिया द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में कुल–17 योजनाओं को चिन्हित किया गया है, जहां चेकडेम, साइफन, बांध, स्लुईस गेट आदि का निर्माण तथा तालाब, पईन आदि का जीर्णोद्धार किया जाना है

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। उक्त निर्माण तथा जीर्णोद्धार कार्यक्रम अंतर्गत (1) के बलथर नरकटिया गांव के बीच नौखनिया नदी पर स्लुईश गेट निर्माण, मसवास से गम्हरिया की तरफ जाने वाली बरसाती नाला का जीर्णोंद्धार, रामनगर पखंड स्थित फुलवरिया पोखर का जीर्णोद्धार, बगहा–02 प्रखंड स्थित चम्पापुर भौजी पोखर का जीर्णोंद्धार, लौरिया प्रखंड स्थित साठी पोखर का जीर्णोंद्धार, चनपटिया पखंड स्थित भिखमपुर पोखर का जीर्णोंद्धार, मंझरिया शेख पंचायत के पुरूषोतमपुर पोखर का जीर्णोंद्धार, बगहा–02 प्रखंड अंतर्गत दरूआबारी पोखर का जीर्णोंद्धार, टेंगरही पहाड़ी नदी पर चेक डेम का निर्माण कार्य (तरूअनवा, डेरविरया, मझौवा, यमुनापुर आदि) तथा अहवर शेखसे बयवहरिया नदी, जगराहां एवं अहवर गांव तक पईन का जीर्णोंद्धार कार्य



मैनाटांड़ प्रखंड के भंगहा के सिसवा गांव के जीओ टावर के पास झिझिरिया नदी में चेक–डेम का निर्माण, मैनाटांड़ प्रखंड के जबदी गांव के पास नाला में सतुईया बांध में साईफन का निर्माण, मैनाटांड़ प्रखंड के जबदी गांव के पास रागी नदी में साईफन एवं बांध का निर्माण, मैनाटांड़ प्रखंड के चकरसन के पास जंगल के पास मानसरोवर दह से निकलने वाली गांव के पश्चिम से सरकारी पईन का जीर्णोद्धार तथा डॉयवर्सन निर्माण, सिकटा प्रखंड के मसवास पंचायत के इनरवा गांव के सरेही पईन का जीर्णोंद्धार, सिकटा प्रखंड के बेहरा के पश्चिम माजर (डेणुआ) नदी पर चेक–डेम निर्माण, कमला नगर के उतर हरदिया के दक्षिण ओलिया बाबा स्थान के पास चेक डेम का निर्माण, सिकटा प्रखंड शामिल है।
इस निमित जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, बेतिया को निदेश दिया गया कि सभी योजनाओं का एनओसी प्राप्त करेंगे तथा कार्य से संबंधित त्रिस्तरीय फोटो एवं जियो टैग की भी प्रक्रिया अपनाएंगे। साथ ही चयनित 05 एकड़ से बड़े तालाब के संबंध में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी से योजनाओं की स्थलीय जांच कराना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार, अपर समाहर्ता नंदकिशोर साह, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल बेतिया मिथलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रावणी मेला- 2022 को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को ऑर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
मुजफ्फरपुर। श्रावणी मेला– 2022 को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में की गई। श्रावणी मेला के सफलतापूर्वक आयोजन के नियम गठित सभी उप समितियों के सभी अध्यक्ष एवं सदस्यों के द्वारा अभी तक की की गई तैयारियों की जानकारी जिलाधिकारी को दी गई। बैठक में उपस्थित नगर आयुक्त ने बताया कि हरिसभा चौक, हाथी चौक अघोरिया बाजार जहां काफी भीड़– भाड़ रहने की संभावना है वहां सड़कों की मरम्मती, नालों की सफाई अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के मद्देनजर लगातार कार्य किया जा रहा है। नगर आयुक्त ने यह भी जानकारी दी कि महत्वपूर्ण स्थलों पर जो अनयूज्ड विद्युत पोल एवं बीएसएनएल के पोल है उन्हें हटाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लगभग 15 जगहों पर 3 मीटर • 2 मीटर का डिस्प्ले बोर्ड स्थापित कराया जा रहा है जिसमें ऑडियो –वीडियो विजुअल के माध्यम से तमाम तरह की जानकारी श्रद्धालुओं को और आम लोगों को उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में आरसीडी के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि रामदयालु से लेकर बाबा गरीब नाथ मंदिर तक प्रत्येक 500 मीटर की दूरी पर डिस्प्ले बोर्ड लगाना सुनिश्चित करें। अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी ने बताया कि कांवरियों के ठहराव के पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के मद्देनजर इस बार धर्मशाला और विवाह भवन भवनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई है।उन्होंने बताया कि पर्याप्त संख्या में कांवरियों को वहां ठहराव सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए संबंधित के द्वारा सहमति भी प्रदान की गई है। जबकि
कांवरिया पथ में पड़ने वाले सभी विद्यालयों में श्रद्धालुओं के ठहराव की समुचित व्यवस्था जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा की जाएगी। कांवरियों के सभी ठहराव स्थल पर आवश्यक नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता ,पार्किंग स्थल स्वास्थ्य एवं महत्वपूर्ण जानकारियों की सूचना हेतु एक एप्प डिवेलप करने का निर्देश दिया गया है उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि इस संबंध में तैयारी चल रही है। सिविल सर्जन को एक बार पुनः निर्देशित किया गया कि फकुली से रामदयालु तक के कांवरिया पथ में प्रत्येक 3 किलोमीटर पर स्वास्थ्य शिविर अधिष्ठापन करेंगे।निर्देश दिया गया कि श्रावणी मेला के समाप्ति तक प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को फकुली से आगन्तुक काउंटर तक एक मोबाइल एंबुलेंस का परिचालन सुनिश्चित कराएंगे और दो एंबुलेंस बाबा गरीब नाथ मंदिर स्थित नियंत्रण कक्ष के पास रखा जाएगा। बैठक में श्रावणी मेले के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर सख्त निर्देश दिए गए इस



संबंध में बताया गया कि संयुक्त आदेश निर्गत किया जाएगा तत्पश्चात उद्घाटन के एक या 2 दिन पूर्व जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन तथा अन्य विभागों के द्वारा रिहर्सल भी किया जाएगा।
रूट चार्ट को लेकर जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिया है कि 10 जुलाई तक अनुमोदित रूट चार्ट को विज्ञापन के रूप में प्रकाशित कराना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि पीएचईडी के द्वारा सभी ठहराव स्थलों पर पेयजल और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से मंदिर परिसर के 500 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की डीजे का उपयोग वर्जित रहेगा। आदेश नहीं मानने वाले पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी को निर्देशित किया गया कि सभी पूजा समितियों के साथ समन्वय बनाए रखें एवं प्रशासन द्वारा लिए जाने वाले निर्णय से से उन्हें अवगत कराते रहें।इसके अतिरिक्त महत्वपूर्ण सड़कों और पथों पर अतिक्रमण हटाने का कार्य लगातार चल रहा है। इसकी जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी और नगर आयुक्त के द्वारा दी गई। बैठक में बैरिकेडिंग,ड्राप गेट, यातायात प्रबंधन, समुचित चिकित्सा प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण ,साफ–सफाई ओम प्रकाश की व्यवस्था, शौचालय ,पेयजल ,स्नानागार की व्यवस्था इत्यादि से संबंधित अधतन तैयारियों की जानकारी प्राप्त की गई एवं इस संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि अब चुकि समय कम है अतः कार्य को गति दें। पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें ताकि श्रावणी मेला से संबंधित आयोजन को सफल बनाया जा सके। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक जयंत कांत, उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी ,अपर समाहर्ता राजस्व राजेश कुमार, अपर समाहर्ता आपदा डॉ अजय कुमार ,सिविल सर्जन मुजफ्फरपुर ,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के साथ विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं वार्ड पार्षद के पी पप्पू उपस्थित थे।

## शंकरपुर बिंधी पुल पर हल्ला बोल 60 दिनो के अंदर पुल का कम सुरु हो जायेगा : संजय संघर्ष सिंह

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।)
लगभग 10 वर्षों से जान जोखिम में डाल लोग कर रहे हैं सफर। विधायक सांसद से तमाम उम्मीदें खालिस गई। स्थानीय लोग, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवियों का पुल निर्माण के लिए हल्ला बोल आज सुबह 11रू00 बजे से प्रारंभ हुआ शंकरपुर बिन्धी में। मुख्यतः तीन मांग है पहली कि पुल निर्माण की दिशा में प्रक्रिया तीव्र की जाए। दूसरी जिला अधिकारी तत्काल में बंद आवागमन को सुचारू करने हेतु आवश्यक मरम्मत कराएं पुल का। तीसरे विकल्प के रूप में अगर विभाग से अति शीघ्र मरम्मत कार्य संभव ना हो तो प्रशासनिक स्वीकृति दी जाए, कि हम आपसे जन आर्थिक सहयोग से मरम्मत करा पाए। इन तीन मांगों को लेकर हल्ला बोल कार्यक्रम चला रहे अदौरी खोरी पाकर पुल निर्माण संघर्ष संयोजक संजय संघर्ष सिंह ने मीडिया एवं उपस्थित आमजन को संबोधित करते हुए कहा। यह पूर्णरूपेण विभागीय कार्य है इसका किसी जनप्रतिनिधि विधायक सांसद फंड से कोई लेना देना नहीं है। जनहित के इस कार्य में अगर विधायक सांसद की रुचि नहीं है तो ना सही। हम जन आंदोलन से इस पूर्व निर्माण का संकल्प लेते हैं कि अगले 60 दिन तक चौन से ना बैठना है ना बैठने देना है। और इसके टेंडर प्रक्रिया तक को मुकम्मल करा देना है अगले 60 दिनों में। कोई भी विकास कार्य तब ज्यादा सहज और सरल हो जाता है अगर जनप्रतिनिधि उस में रुचि ले, लेकिन दुर्भाग्य है कि जनप्रतिनिधि आश्वासन के अलावा और कुछ देना ही नहीं चाहते। मोतिहारी शिवहर से सीतामढ़ी जाने का सबसे छोटा एवं शुभम मार्ग है लेकिन पूल क्षतिग्रस्त होने के कारण लोग जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे हैं। ज्ञात हो कि अंतिम बार विभागीय मरम्मत कार्य 1994 में कराई गई थी। उसके बाद कभी कभार आवश्यक होने पर रीगा चीनी मिल द्वारा मरम्मत कराया



जाता था। लेकिन अब रीगा मील खुद अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है अब यह पुल और अनाथ हो गया। अगर विभागीय अनदेखी हुई मरम्मत में तो बेशक आत्मनिर्भर होने का परिभाषा ही क्यों ना गढ़ देना हो, सामूहिक सहयोग से मरम्मत करायेंगे।
कई घटना दुर्घटना होती रही हैं लेकिन विधायक सांसद समेत प्रशासन शासन हर बार की तरह अभी भी मौन है।
उपस्थित आम जनों ने कहा कि अब उम्मीद नेताओं से नहीं बल्कि आंदोलनों से जगनी है। उपस्थित ग्रामीण, पत्रकार एवं राहगीरों ने आशा जगाई है कि अब इस हल्ला बोल कार्यक्रम के बाद उम्मीद जगी है। और पूरी उम्मीद है कि पुल निर्माण तो होगा ही इस लड़ाई के बाद लेकिन उससे भी पहले इस पुल का आवश्यक मरम्मत कार्य हो जानी चाहिए। तथा इस संदर्भ में ग्रामीण कार्य विभाग पर आवश्यक दबाव निर्मित किया जाना अति आवश्यक है ताकि निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके और तमाम लोगों का सपना साकार हो।

## मशरक में पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के विधायक भाई के पुत्र के तिलक समारोह में जुटे दिग्गज नेता



☒ हजारीबाग से पेरोल पर घर पहुंचे पूर्व सांसद प्रभुनाथ एवम अनुज दीनानाथ

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। पूर्व सांसद एवम राजद के वरिष्ठ नेता प्रभुनाथ सिंह के अनुज बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह के पुत्र हाईकोर्ट पटना के अधिवक्ता ऋतुराज सिंह के तिलक समारोह में मंगलवार को मशरक में सभी दल के नेताओं का लगा जमावड़ा। भतीजे के शादी समारोह में शामिल होने हजारीबाग जेल से पेरोल पर पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह अपने अनुज दीनानाथ सिंह के साथ सोमवार की देर रात मशरक बड़हिया टोला अवस्थित आवास पर पहुंचे जहां सैकड़ों लोगों ने स्वागत किया। मंगलवार के दोपहर बाद से ही तिलक समारोह में शामिल होने के लिए राजद , कांग्रेस , जदयू एवम भाजपा सहित अन्य दल के सांसद एवम विधायक , पंचायत प्रतिनिधि के अलावे कई आला अधिकारी , मीडिया हाउस के लोग पहुंचे ।
जिनका स्वागत स्वयं अपने परिजनों संग पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह ने किया । भीड़ के कारण देर शाम तक मशरक बाजार सहित मुख्य मार्ग पर महाजाम लगा रहा। मशरक पुलिस ट्रैफिक कंट्रोल में मुस्तैद रही। समारोह में मुख्य रूप से कांग्रेस से पूर्व मंत्री राज्यसभा सांसद अखिलेश सिंह , पूर्व सांसद अरुण सिंह, विधायक श्रीकांत राय , विधायक अवध बिहारी चौधरी ,विधायक प्रेमशंकर यादव , विधायक छोटेलाल राय , विधान पार्षद महेश्वर सिंह , बीरेंद्र नारायण यादव , राधाचरण सेठ , पूर्व मंत्री गौतम सिंह , पूर्व मंत्री विजय कृष्ण, पूर्व मंत्री जय कुमार सिंह, पूर्व विधायक धूमल सिंह , मंजीत सिंह , शत्रुघ्न तिवारी चोकर बाबा, सलीम परवेज के अलावे छपरा , सिवान , गोपालगंज के जिला परिषद चेयरमैन, प्रमुख, मुखिया भी शामिल हुए।

## छोटे से विवाद में शराबी पति ने तीन साल की बेटी को पीट-पीटकर मार दिया, शव को ठिकाने लगाने के फिराक में था, पुलिस ने दबोचा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
पूर्वी चम्पारण। मोतिहारी से हत्या की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। जहां एक कलयुगी पिता ने शराब के नशे में अपने ही कलेजे के टुकड़े तीन वर्षीय बेटी की मामूली विवाद में हत्या पटक–पटक कर कर दी। घटना मोतिहारी नगर थाना के गायत्री नगर इलाके के पूजा उपाधयाय के मकान में घटित हुई है। यहां किराये के मकान में रह रहे विनोद पासवान नामक व्यक्ति ने शराब के नशे में पत्नी से हो रहे झगड़े के बीच अपनी बेटी बेबी कुमारी को पटक पटक कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना के संबंध में मृत बच्ची की मां ने बताया कि उसका पति विनोद पासवान जो टेम्पू चलाने का कार्य करता था, वो रात में शराब पीकर हमेशा अपने घर आया करता था और उसके साथ मारपीट किया करता था। कल रात भी वो शराब के नशे में घर आया था और उसके साथ मारपीट करने लगा। इसी क्रम में उसने उसके तीन वर्षीय बच्ची को पटक पटक कर मारने लगा जिसके बाद उसकी हालत खराब होने लगी और उसकी मौत हो गयी। इस संबंध में मोतिहारी के मुख्यालय डीएसपी ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली



थी कि शहर के गायत्री नगर मोहल्ले में नशे की हालत में एक पिता ने अपनी ही बेटी को पटक पटक कर जान से मार दिया है और उसके शव को वो ठिकाने लगाने की फिराक में है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए नगर थाने की पुलिस ने हत्यारे पिता विनोद पासवान को गिरफ्तार कर लिया है और केस दर्ज करने के बाद शव को पोस्टमार्टम करवाने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने कहा कि मामले को लेकर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## अंगारघाट में कपड़ा धोने के लिये गई, एक साथ नानी व नतिनी की मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जयसवाल समस्तीपुर,अंगारघाट। समस्तीपुर जिले के अंगारघाट थाना क्षेत्र में मंगलवार को हुए दर्दनाक



हादसे में नानी व नतिनी की मौत हो गई. मृतक की पहचान वार्ड संख्या चार निवासी झींगुर बैठा की पत्नी इमामन खातून (55 वर्ष) व उसकी नतिनी वासुदेवपुर निवासी मो. सुलमान की पुत्री नसीमा खातून (13 वर्ष) के रूप में हुई है. घटना को लेकर बताया जा रहा है कि दोनों एक साथ चौर किनारे पानी में कपड़ा धोने के लिए गई थी. जहां कपड़ा धोने के दौरान नसीमा का पैर फिसल गया और वह पानी में डूबने लगी. उसकी चीख सुनकर नानी उसे बचाने के लिए गई और दोनों एक साथ गहरे पानी में फिसल कर डूब गए. घटना की सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई. कड़ी मशक्कत के बाद दोनों के शव को बाहर निकला गया। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद नानी व नतिनी के घर दोनों जगह परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गई. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना अंगारघाट थाना की पुलिस को दिया. पुलिस पहुँचकर जांच पड़ताल में जुट गई. इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रेम प्रकाश आर्या ने बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है. अगर आवेदन मिलता है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।मृतक का परिवार पेशे के तौर पर कपड़ा धोने का कार्य करता है।

# संक्षिप्त समाचार

## हो गई है पीर पर्वत से पिघलनी चाहिए



(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल)। दैनिक अयोध्या टाइम्स से कोई गंगा निकलनी चाहिए। सिर्फ हंगामा खड़ा करना अलोक बादल का मकसद नहीं, मेरी कोशिश है, कि ऐ सूरत बदलनी चाहिए। मेरे सीने में ना, सही तेरे सीने में सही हो कहीं भी मगर आग जलनी चाहिए। दैनिक अयोध्या टाइम्स का।

## स्कर्पियो की चपेट में आने से बाइक पर सवार तीन की मौत

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। एन एच 727



लौरिया बेतिया मुख्य सड़क पर मठिया चौक के पास स्कॉर्पियो की चपेट में आने से बाइक पर सवार तीन लोगों का मौत घटना स्थल पर ही हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शिव मुखिया पिता स्वर्गीय मोहन मुखिया अपने पुत्र दशरथ मुखिया 8 वर्ष को लेकर अपने साला लोटन मुखिया 20 वर्ष के साथ बाइक से मोतिहारी इलाज कराने जा रहा था।तभी मठिया चौक पर स्कॉर्पियो की टायर फट जाने से अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें तीनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना मंगलवार सुबह करीब 6.50 बजे की है। वही पुलिस ने स्कॉर्पियो को जप्त कर लिया है चालक फरार बताया जा रहा है।पुलिस ने तीनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जीएमसीएच बेतिया भेज दिया है। और घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। इस घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया है।

## मोतिहारी के पिपरा कोठी में हथियारबंद अपराधियों ने लूटने के प्रयास में चलाई गोली

दैनिक अयोध्या टाइम्स पिपराकोठी पूर्वी चंपारण। हथियारबंद अपराधियों ने लूटने के प्रयास में चलाई गोली महमदा के समीप कलेक्शन कर के लौट फाइनेंस कंपनी के कर्मी को लूटने के प्रयास कर्मी की सूझबूझ से नही लगी गोली व अपराधी लूटने में रहे नाकामयाब घटना की सूचना पर पीपराकोठी व कोटवा थाना पुलिस सहित इंस्पेक्टर घटना स्थल पर पहुंच कर रहे है जांच।

## शिवहर के प्रिंस को UPSC मिला 426वां स्थान

(दैनिक अयोध्या टाइम्स रू–विजय बैठा पुरनहिया प्रखंड) पुरनहिया। शिवहर जिला के पुरनहिया प्रखंड के चंडिहा निवासी प्रिंस ने यूपीएससी परीक्षा मे सफलता हासिल कर नाम रोशन कर अपने माता–पिता और गांव का नाम रोशन किया यह बड़ी गर्व की बात है बड़ी लगन के साथ उसने मेहनत किया । कहावत है कि मेहनत करने वाले कि कभी हार नही होती उसे 426वां रैक मिला। उसकी माता आशा देवी और पिता विनय द्विवेदी सहित पुरा क्षेत्र उनकी सफलता से खुश है । प्रिंस ने मैट्रिक परीक्षा 2013 मे सोनौल हाईस्कूल से किया। 2015 मे कुशहर स्थित आरआर कालेज से इंटर पास किया। पिता एक सधारन किसान हैं और माता गृहणी हैं। दो भाई और एक बहन है। बड़े भाई दुबई में इंजीनियर हैं।



## सिवान के यह दिव्यांग युवक हाथ-पैर नही होने के बावजूद भी करता है डांस

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय
सिवान(गुठनी)। प्रखंड के डरैला गांव के मुरली कुमार सिंह के जन्म से ही दोनो हाथ–पैर नही हैद्य युवक अनोखे अंदाज और हौसला को लेकर काफी चर्चाओं में हैद्य बचपन से दिव्यांग होने के बावजूद कभी उसे कमजोरी नहीं मानकर बैठाद्य जब युवक ऑर्केस्ट्रा में डांस करने लगता है तो लोगो का दिल जीत लेता हैद्य मुरली कुमार सिंह ने अपने हुनर हुनर सीखा और ऑर्केस्ट्रा में अलाउंसर का काम करना सिरूकर लियाद्य दूसरो को खुशी बांटने लगाद्य उनकी ऊंचाई मात्र 3 फीट 2 इंच है, लेकिन बिना पैर के जब वे नाचते है तो पूरी महफिल में सीटी बजने लगती हैद्य यही नहीं उनके पास और भी हुनर हैद्य वह एक मिनट में 50 शब्द कम्प्यूटर पर टाइप कर लेते हैद्य मोबाइल चलाने के लिए हाथ की



जरूरत नहीं पड़तीद्य वही मुरली दोनो हाथ के पंजे नही है, लेकिन वह साक्षर होने का प्रमाण भी देते हैद्य मुरली की लिखावट को देखकर लोग उनकी तारीफ करने से नहीं रुकतेद्य वह अपने दिव्यांग हाथो से कम्प्यूटर पर 50 की स्पीड से टाइप भी करते है। कोई भी भारी वजन उठा सकते है। यहां तक की बॉल को किक भी मार सकते है। वजह यही है की मुरली की नृत्य देखने के लिए लोगो की भारी भीड़ उमड़ पड़ती है। वही मुरली सिंह से बात करने पर बताया की वह लव मैरेज किए हैद्य अपनी जांघ के हड्डियो के सहारे घंटो नृत्य कर सकते हैद्य उन्होंने बताया की मूल रूप से उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के रहने वाले हैद्य लेकिन कई वर्षो पूर्व सिवान में आकर बस गए हैद्य यही पर अपनी पत्नी के साथ रह कर जीवन यापन करते हैद्य मुरली कुमार सिंह आगे बताए की साल 2013 में उन्होंने यूपी के देवरिया जिले की रहने वाली निशा कुमारी से लव मैरेज की थीद्य उनका एक बेटा और बेटी भी हैद्य वही उनका कहना है की इंसान अगर हौसला बनाए रखे तो दुनिया में कोई भी काम मुस्किल नही होता।

## सीतामढ़ी में पहली बार नवजीवन हॉस्पीटल में लगाया गया पेसमेकर

'वीरेन्द्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढ़ी।।
सीतामढ़ी में पहली बार हर्ट में पेसमेकर लगाया गया है। नवजीवन मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, सीतामढ़ी में सोनबरसा प्रखंड के परसा कलां निवासी 80 वर्षीय रघुनाथ गोस्वामी को टेम्परोरी पेसमेकर लगाया गया जो सफल रहा। हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डा प्रवीण कुमार ने बताया कि रघुनाथ का हर्ट ब्लाक हो गया था। हर्ट उचित कार्य करे इसके लिए आर्टिफिशियल पेसमेकर लगाया जाता है। नवजीवन हास्पिटल में डा पुरूषोतम ने इनका सफल हर्ट पेसमेकर लगाया एवं मरीज की स्थिति अच्छी है।



## भारतीय महिला द्वारा किया गया सिलाई प्रशिक्षण का आयोजन

अयोध्या टाइम्स मनीष कुमार सिंह संवाददाता पूर्वी चंपारण मोतिहारी। रक्सौल। अखिल भारतीय महिला माड़वाड़ी सम्मेलन रक्सौल द्वारा पंचायती मंदिर में आयोजित दस दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण का मंगलवार को समापन हुआ। महिला सम्मेलन की अध्यक्षा बीणा गोयल के अध्यक्षता में सम्पन्न सिलाई प्रशिक्षण में कपड़ा कटिंग करना,मशीन चलाना,पटियाला सलवार,कूर्ती, ब्लाउज, पेटीकोट काटना और सिलाइ करना सिखाया गया।इस 10 दिवसीय निशुल्क सिलाई केंद्र के प्रशिक्षक सुमनलता ने सलोनी कुमारी, नेहा कुमारी, सिमरन कुमारी, सुमन कुमारी, सविता, नंदिनी, उर्वशी, जूली कुमारी, गीता कुमारी, पूजा कुमारी, निधि कुमारी, नंदनी कुमारी, नैना कुमारी, पूजा कुमारी, रूबी कुमारी, डोली कुमारी मिश्रा, अंजली मिश्रा, रीना देवी, मनीषा कुमारी, प्रतिमा कुमारी, अंजली कुमारी, जूली कुमारी, निशा कुमारी, रीमा कुमारी, सेजल, अंजली, प्रिया कलवार, किरण देवी, ममता देवी, नेहा कुमारी, प्रिया खातून सहित कुल 32 लड़कियों को सिलाई सिखाया गया। समापन कार्यक्रम में अखिल भारतीय माड़वाड़ी शाखा के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, सचिव सीताराम गोयल,अखिल भारतीय महिला माड़वाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बीणा गोयल,सचिव सोनु काबड़ा ने प्रशिक्षित लड़कियों को सर्टिफिकेट देकर उन्हें आगे भी प्रैक्टिस जारी रखने और जरुरत पड़ने पर सम्मेलन द्वारा सहयोग करने पर सभी वक्ताओं ने कहा और महिला सम्मेलन से इसके लिए आग्रह भी किया।



इसके साथ ही इस सिलाई प्रशिक्षण में सहयोग करने वाले भारत बिकास परिषद के मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी को कैलाशचंद्र काबरा और सरोकार मंच के सचिव राजेश वर्मा को सीमा जागरण मंच के स्टेप कोर्डिनेटर महेश अग्रवाल ने दोशाला ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

## समाहरणालय स्थित टीसीपी भवन सुपौल में जल जीवन हरियाली के तहत जल जीवन हरियाली दिवस (माह के प्रथम मंगलवार) कार्यक्रम आयोजित की गई तथा जल शक्ति अभियान catch the rain के तहत केंद्रीय टीम एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स सुपौल। समाहरणालय स्थित टीसीपी भवन सुपौल में जल जीवन हरियाली के तहत जल जीवन हरियाली दिवस (माह के प्रथम मंगलवार) कार्यक्रम आयोजित की गई। तथा जल शक्ति अभियान बंजबी जीम तंपद के तहत केंद्रीय टीम एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई । उक्त बैठक में केंद्रीय टीम के सदस्य श्रीमती शर्मिष्ठा मैत्रा निदेशक , रक्षा मंत्रालय एवं श्री नितिन कुमार उपनिदेशक , केंद्रीय जल आयोग श्री कौशल कुमार जिलाधिकारी सुपौल , श्री मुकेश कुमार उप विकास आयुक्त सुपौल , श्री ब्रज बिहारी भगत निदेशक डीवआरव डीवएव सुपौल , सिविल सर्जन सुपौल एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा उपस्थित थे ।




जिलाधिकारी सुपौल द्वारा जानकारी दी गई की राज्य सरकार द्वारा जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों के कारगर ढंग से निपटने परिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने पर्याप्त जल उपलब्धता सुनिश्चित करने वन आच्छादन को बढ़ावा देना नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग एवं ऊर्जा की बचत पर बल देना तथा बदलते पर स्थित किया परिवेश के अनुरूप कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों को नया स्वरूप प्रदान करने के लिए 11 अवयवों की कार्य योजना तैयार कर अक्टूबर 2019 से राज्य में जल जीवन हरियाली अभियान की शुरुआत की गई उक्त कार्यक्रम के तहत विभाग द्वारा आवंटित लक्ष्य के विरुद्ध संबंधित विभाग द्वारा बहुत सारे कार्य पूर्ण करा लिया गया है तथा शेष का अर्थ कराया जा रहा है जल शक्ति अभियान बंजबी जीम तंपद के प्रमुख घटक तथा जल जीवन हरियाली के प्रमुख घटक लगभग समान है जिस पर विभिन्न विभागों द्वारा कार्य कराया जा रहा है।

बैठक में उप विकास आयुक्त सुपौल द्वारा जल शक्ति अभियान के तहत प्रमुख घटकों एवं जल जीवन हरियाली अभियान के तहत प्रमुख घटकों एवं सुपौल जिला द्वारा कराए गए कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही पीवपीवटीव के माध्यम से प्रस्तुतीकरण भी दिया गया जल शक्ति अभियान बंजबी जीम तंपद के प्रमुख घटक तथा जल संरक्षण एवं वर्षा जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन पारंपरिक और अन्य जल निकायों कुआं का जीर्णोद्धार नदी नाला का जीर्णोद्धार सघन वन ओपन जन जागरूकता एवं आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष में सुपौल जिले में अमृत सरोवर के रूप में 75 जल निकायों को निर्माण जीर्णोद्धार कार्स आदि शामिल है जिस पर कार्य कराया जा रहा है ।

## रक्तदान शिविर का आयोजन



अयोध्या टाइम्स मनीष कुमार सिंह संवाददाता पूर्वी चंपारण मोतिहारी। रक्सौल। शहर के श्रीसत्यनारायण मारवाड़ी पंचायती मंदिर में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा रक्सौल के बैनर तले डंकन अस्पताल रक्सौल के डाक्टरों ,एवं लैब टेक्नीशियन के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन श्रीसत्यनारायण मारवाड़ी पंचायती मंदिर ट्रस्ट के सचिव श्रीकैलाश चन्द्र काबरा , बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन सह सीमा जागरण मंच के प्रांतीय अध्यक्ष महेश अग्रवाल , सचिव सीताराम गोयल , भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ.राजेन्द्र प्रसाद सिंह, मारवाड़ी महिला सम्मेलन की अध्यक्षा वीणा गोयल, सचिव सोनू काबरा, डंकन अस्पताल के डॉ. संजीव , डॉ.आमला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।शिविर में अपनी सेवा प्रदान करने आये डंकन अस्पताल के डॉक्टरों एवं मेडिकल स्टाफ को पुष्प पौधा एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्म्मानित किया गया।इस मौके पर डंकन अस्पताल के डॉ . संजीव ने कहा कि रक्तदान को महादान पुण्यकाम इसलिए कहा गया कि रक्त को कृत्रिम रूप से नहीं बनाया जा सकता है। यह इंसान के शरीर में स्वयं ही बनता है। इसकी आपूर्ति का दूसरा विकल्प नहीं है।वहीं डॉ. आमला ने कहा कि एक बार रक्तदान करने से तीन जिंदगियां बचायी जा सकती है। रक्तदान करने से शरीर में रक्त बनने की प्रक्रिया पहले की अपेक्षा स्वस्थ होती हैं रक्तदान शरीर में मौजूद रक्त को पुनर्जीवित करने में सक्षम होती है।रक्तदान शरीर से अतिरिक्त आयरन निकालने का बेहतरीन तरीका है।वहीं कैलाश चन्द्र काबरा ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर में कॉलस्ट्रॉल घटाने में मदद मिलती है। वहीं महेश अग्रवाल ने महिला सम्मेलन के रक्तदान शिविर लगाने की जमकर तारीफ की तथा यह भी कहा कि ऐसे रक्तदान शिविर लगाने लोगों के बीच स्वैच्छिक रक्तदान करने के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। समाचार लिखे जाने तक लगभग 15 महिला एवं पुरूष रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर को सफलीभूत करने में अध्यक्ष श्रीमती वीणा गोयल, सचिव सोनू काबरा , सुशीला अग्रवाल, बबीता गुप्ता ,सुमन अग्रवाल, संगीता रूँगटा एवं अनुराधा शर्मा ने उल्लेखनीय योगदान दिया।

## एमजेके स्टेडियम,सुगौली में किया गया जिला भारोत्तोलन प्रतिभा प्रशिक्षण शिविर का समापन

अयोध्या टाइम्स संवाददाता मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी। बिहार भारोत्तोलन संघ बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कॉरपोरेशन के सहयोग से चल रहे 15 दिवसीय जिला स्तरीय भारोत्तोलन प्रतिभा प्रशिक्षण शिविर का समापन एमजेके स्टेडियम,सुगौली में दिनांक 5–07–2022 मंगलवार को किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में 10–13 आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।यह प्रशिक्षण दिनांक 20/6/22 से 5/7/22 तक एम जे के स्टेडियम सुगौली में सुचारू रूप से चला, जिसमें 30 बालक एवं बालिकाओ ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। एमजेके यूथ क्लब तथा जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव म.रुस्तम आलम ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर से दो बालक एवं दो बालिकाओं का सेलेक्सन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता लिए हुआ है।



उन्होंने कहा कि इस तरह का प्रशिक्षण ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा को उभारने का एक बेहतर माध्यम है।जिला भारोत्तोलन संघ के उपाध्यक्ष अशोक कुमार (व्यवसायी संघ अध्यक्ष)ने बच्चों को लगन के साथ मेहनत कर सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया । शेख नेशार अहमद,नुरूलहसन,विवेक कुमार गुप्ता,म.शाहजादा आदि ने भी इस प्रशिक्षण शिविर के समापन सत्र को संबोधित किया ।संचालन डॉ पवन कुमार ने किया।मौके पर संदीप कुमार सहनी,सेटू कुमार,गोविंदा कुमार, सुदामा सहनी आदि मौजूद थे।

## शिक्षक ने बार बालाओं के साथ लगाये ठुमके, शर्मशार विडियो हुआ वायरल

दैनिक अयोध्या टाईम्स ब्यूरो चीफ महाराजगंज अनुमंडल विनय कुमार पाण्डेय महाराजगंज,सीवान। महाराजगंज में इन दिनों एक शिक्षक का आर्केस्ट्रा में बार बालाओं के साथ डांस करने का वीडियो काफी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, महाराजगंज अनुमंडल शहर मुख्यालय के बैंक चौक स्थित प्रगति कॉम्पिटेटिव क्लासेस के संचालक एवं शिक्षक इमरान का है, एक शिक्षक जो बच्चों के भविष्य को सवारने का दावा करता है, वह बार बालाओं के साथ अश्लील ठुमका लगाते बिडियो में नजर आ रहे है। वायरल वीडियो कुछ दिन पूर्व का बताया जा रहा है। शिक्षक का वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों में तरह–तरह की बातें सुनने को मिल रही है। लोग कह रहे हैं कि जब गुरु का यह स्थिति है तो बच्चो पर इसका क्या प्रभाव पड़ रहा होगा।

बता दें कि एक शादी समारोह में ऑर्केस्ट्रा का संचालन हो रहा था, जिसमें शिक्षक इमरान भी शिरकत करने के लिए पहुंचे हुए थे। शादी समारोह में आर्केस्ट्रा रंगा–रंग संचालन हो रहा था। इसी दौरान संगीत के रंग में सराबोर प्रगति कॉम्पिटेटिव क्लासेस के शिक्षक स्टेज पर जा धमके और स्टेज पर बार–बालाओं के साथ ठुमका लगाने लगे। कोचिंग संचालक अश्लीलता का प्रदर्शन करते हुए बार बालाओं पर नोटों का बौछार करने लगे, इधर शिक्षक का वीडियो वायरल होते ही महाराजगंज सहित



अन्य जगहों पर लोगों में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि जब एक शिक्षक ऑर्केस्ट्रा में बार बालाओं के साथ ठुमका लगा रहे हैं तो बच्चों को क्या पढ़ाते होंगे। बताते चले कि कोचिंग संस्था के एक शिक्षक के द्वारा सरेआम अश्लीलता प्रदर्शन को देखकर आम जनता अपने आप को शिक्षक के प्रति नाराजगी जाहिर किया कुछ लोगों ने तो आक्रोश जताते हुए ऐसे शिक्षकों पर कानूनी कार्रवाई करने की बातें कह डालें।

## श्रीकांत शास्त्री भा0प्र0से0, जिला पदाधिकारी, किशनगंज के द्वारा रेडियन्ट फॉर्मासिस्ट ऑफ इन्सटीटुयूट, सालकी का भ्रमण किया गया रेडियन्ट फॉर्मासिस्ट ऑफ इन्सटीटुयूट सालकी के चेयरमेन द्वारा जिला पदाधिकारी महोदय को मोमेंटो एवम शॉल भेट कर स्वागत किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) किशनगंज। श्री श्रीकांत शास्त्री भा0प्र0से0, जिला पदाधिकारी, किशनगंज के द्वारा रेडियन्ट फॉर्मासिस्ट ऑफ इन्सटीटुयूट, सालकी का भ्रमण किया गया।रेडियन्ट फॉर्मासिस्ट ऑफ इन्सटीटुयूट, सालकी के चेयरमेन द्वारा जिला पदाधिकारी महोदय को मोमेंटो एवम शॉल भेट कर स्वागत किया गया। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा वहाँ उपस्थित छात्राओं को सलाह दी गई कि आप मन से पढ़ाई करें और आगे बढ़ते रहे, आप अगर सही तरीके से पढ़ाई करेंगे तो आगे चलकर प्रोन्नति भी कर सकते है।रेडियन्ट फॉर्मासिस्ट ऑफ इन्सटीटुयूट, सालकी में कुल 400 छात्राऐं पढ़ाई करती है। विगत वर्ष में जो छात्राऐं पढ़ाई में अव्वल आयी थी उन्हें जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा पुरुस्कार भी वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी महोदय के साथ रेडियन्ट फॉर्मासिस्ट ऑफ इन्सटीट्यूट, सालकी के चेयरमेन एवं प्रिंसीपल, डी.पी.एम. स्वास्थ्य समिति किशनगंज एवं अन्य कर्मी भी उपस्थित थे।



## कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में आशुतोष गुप्ता ने अपना प्रभार ग्रहण कर लिया




देवेन्द्र कुमार दैनिक अयोध्या टाइम्स बाढ़। नगर परिषद बाढ़ में कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में आशुतोष गुप्ता ने अपना प्रभार ग्रहण कर लिया है। नगर परिषद बाढ़ के पूर्व कार्यपालक पदाधिकारी जनार्दन प्रसाद वर्मा ने आज विधिवत अपना कार्यभार सौंप दिया। बता दे कि आशुतोष गुप्ता नगर विकास विभाग पटना सचिवालय में परियोजना पदाधिकारी के रूप में कार्यरत थे, जिन्हे कार्यपालक पदाधिकारी बनाकर बाढ़ नगर परिषद में पदस्थापित किया गया है। वहीं बाढ़ के जनार्दन प्रसाद वर्मा को नगर परिषद जिला शेखपुरा में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष राजीव कुमार चुन्ना, वार्ड पार्षद अनिल कुमार गुप्ता, राजेश कुमार उर्फ राजू तेली ने नए पदाधिकारी को शुभकामना और बधाई दी है तथा बाढ़ के बेहतर विकास की अपेक्षा की है।

## मधुबनी जिला आधिकारी के निर्देश पर 21 प्रखंडो मे निरीक्षण एवम् कैंप लगाकर समस्याओं का समाधान

⊠ विडियो सहित सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी पंचायतों में तैनात रहेंगे।

(कैलाश चंद्र झा ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मधुबनी बिहार)। मधुबनी के जिला आधिकारी ने निर्देश दिए है। कल 6 जुलाई बुधवार को जिले के सभी 21 प्रखंडो के चयनित 21 पंचायतों का होगा निरीक्षण एवम कैम्प लगाकर समस्याओं को होगा ऑन स्पॉट निष्पादन। डीएम ने बीडीओ सहित सभी प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को पंचायतो में दिन भर रहकर योजनाओं का निरीक्षण एवम आयोजित कैम्प में प्राप्त परिवादों का निष्पादन का दिया निर्देश। जिला अधिकारी अरविंद कुमार वर्मा ने जिले के सभी प्रखंडों से एक पंचायत का चयन कर सूची जारी करते हुए निदेशित किया है कि निरीक्षण के क्रम में संबंधित प्रखंड के पदाधिकारी चयनित पंचायत में पूरा दिन बिताएंगे ताकि, उक्त पंचायत के सभी समस्याओं का समाधान ऑन स्पॉट किया जा सके। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं सभी थानाध्यक्ष द्वारा 6 जुलाई 2022 को जिले के सभी 21 प्रखंडों में चयनित पंचायतों के अंतर्गत समेकित रूप से निरीक्षण किया जाएगा। वे सभी अधिकारी अपने–अपने विभाग से संबंधित योजनाओंध् कार्यक्रमों का प्रातः 8रू00 से 11रू00 पूर्वाहन तक भ्रमणशील होकर स्थलीय जांच करेंगे। उन्हें अपना जांच प्रतिवेदन उसी दिन संध्या में उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया गया है। वर्णित सभी पदाधिकारी स्थल भ्रमण के उपरांत निर्धारित पंचायत भवन में उपस्थित होंगे एवं शिकायतकर्ताओं से प्राप्त शिकायतों का जांच उपरांत समस्या का ऑन स्पॉट निष्पादन भी करेंगे। यदि किसी परिवाद का स्थल निरीक्षण कर जांच कराने की आवश्यकता होगी तो तत्क्षण संबंधित पदाधिकारी से जांच भी कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जांच प्रतिवेदन को पंचायत भवन में आयोजित कैंप में उपलब्ध कराकर परिवाद का निवारण सुनिश्चित करवाने का निर्देश भी निर्गत किया गया है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों/अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्रखंड के जिस पंचायत भवन में कैंप आयोजित किया जा रहा है, उसका व्यापक प्रचार–प्रसार कराना भी सुनिश्चित करेंगे ताकि आमजनों को कैंप की जानकारी हो सके। साथ ही पंचायत भवन में आयोजित कैंप स्थल पर बैनर पोस्टर भी लगाने को कहा गया है। इसके अतिरिक्त प्रखंड विकास पदाधिकारीध् अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया है कि संबंधित प्रखंड के एक या दो कर्मियों को 10:00 बजे पूर्वाहन से ही उक्त तिथि को पंचायत भवन में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया जाए, जो पंचायत भवन में आयोजित कैंप में आने वाले परिवादियों का नाम, पता, शिकायत का विषय आदि पंजीकृत करेंगे। जिससे उन सभी की शिकायतों को क्रमवार सुना जा सके। पंचायत भवन में कैंप में आने वाले लोगों को कठिनाई न हो इसके लिए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को कैंप के लिए आवश्यक सामग्रियों के पूर्ण व्यवस्था करने की जिम्मेवारी दी गई है। ताकि, आगंतुकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

बताते चलें कि 6 जुलाई 2022 को प्रखंड अंधराठाढ़ी के जलसेन पंचायत में, बाबूबरही प्रखंड के सोनमती पंचायत में, बासोपट्टी प्रखंड के अग्रहवा पंचायत में, बेनीपट्टी प्रखंड के परकौली पंचायत में, बिस्फी प्रखंड के सादुल्लापुर में, घोघरडीहा के अमही पंचायत में, हरलाखी के गंगापुर पंचायत में, जयनगर के बेलही दक्षिणी पंचायत में, झंझारपुर के परसा में, कलुआही के हरिपुर उत्तरी में, खजौली के सराबे में, खुटौना के मझौरा में, लदनिया के बेलही में, लखनौर के गंगापुर में, लौकही के अटारी में, मधेपुर के सुंदर विराजित में, मधवापुर के बलवा में, पंडौल के संकोर्थ पंचायत में, फुलपरास के महिंदवार में, रहिका के सैराठ पंचायत में और राजनगर प्रखंड के सतधारा पंचायत में पंचायत में प्रखंड स्तरीय कैंप का आयोजन किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस प्रकार के निरीक्षण एवं कैम्प आयोजित करने का उद्देश्य जिले के सभी पंचायतों के स्थानीय समस्याओं से रू ब रू होना है एवम उनका ऑन स्पॉट निष्पादन भी करना है। इतना ही नहीं, इससे सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफलीभूत करने में सहायता मिलेगी। पंचायतों के लोग भी प्रखंड व जिला स्तर के पदाधिकारियों से सीधा संवाद कर सकेंगे और अपनी कठिनाइयों को रख सकेंगे। जिलाधिकारी द्वारा इस मौके पर चिन्हित पंचायतों के सभी लोगों को अपनी जायज समस्याओं के साथ वहां के पंचायत भवनध् पंचायत सरकार भवन पर आने की अपील की गई है। ताकि, उनका ऑन स्पॉट निष्पादन किया जा सके।

## जिला जज परशुराम सिंह यादव का अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर रक्सौल हुआ आगमन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। रक्सौल शहर के मुख्य पथ स्थित लक्ष्मीपुर में न्यायालय के लिए भवन अधिकारियों के लिए आवास और जेल का निर्माण होगा। इसको लेकर विभागीय कवाबद तेज हो गई है।



इस कार्य को गति देने के लिए मोतिहारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश परशुराम सिंह यादव एसडीएम अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ रक्सौल पहुंचे। फिर एसडीओ आरती एएसपी चंद्रप्रकाश डीसीएलआर रामदुलाल राम के साथ मनोकामना मंदिर के समीप प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किए। इस दौरान अधिकारियों ने लक्ष्मीपुर स्थित करीब साढे 6 एकड़ जमीन का नजरी नक्शा और विस्तृत जानकारी डीसीएलआर को अविलंब तैयार कर जिला को भेजने का निर्देश दिया। जिसके आधार पर संबंधित विभाग को भेजा जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन के प्रशिक्षण का आयोजन जिला परिषद अध्यक्ष श्री रमेश कुमार चौरसिया, उपाध्यक्ष श्रीमती सुन्दरमाला तथा जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्री हरेंद्र राम की उपस्थिति में किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) वैशाली। जिला परिषद सभागार, वैशाली में जिला परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष,सदस्यों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन के प्रशिक्षण का आयोजन जिला परिषद अध्यक्ष श्री रमेश कुमार चौरसिया, उपाध्यक्ष श्रीमती सुन्दरमाला तथा जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्री हरेंद्र राम की उपस्थिति में किया गया। मनरेगा के क्रियाकलापो पर



DPRC Dpm सह नोडल राजकुमार पासवान एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक कुमार के द्वारा विस्तारपूर्वक बताया गया। प्रशिक्षक अशोक कुमार के द्वारा जिला परिषद की स्थायी समिति की विस्तारपूर्वक चर्चा की गई, प्रशिक्षक कुमार सानू के द्वारा आपदा प्रबंधन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रशिक्षक संजीव कुमार , प्रशिक्षक उमा कुमारी, प्रशिक्षक अचिराभा अजय, पिंकी कुमारी, शक्ति कुमार, अभय रंजन उपस्थित हुए।

## वित्तरहित शिक्षको के कल्याण हेतु हाई कोर्ट के सरण मे A-N-V फोरम

(डा आभा कुमारी ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मुजफ्फरपुर बिहा) मुजफ्फरपुर। वित्त रहित कॉलेज के लिए वेतनमान. उम्र सीमा बढ़ाने. एवं ठ.म्क की बाधा से मुक्ति के लिए अनुदान नहीं वेतनमान फोरम ने माननीय उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर रखी है जिसकी जानकारी सभी शिक्षक को होना जरूरी है . फोरम के प्रांतीय संयोजक. शिव कुमार बाबा ने बताया. की वित्त रहित शिक्षकों के कल्याण हेतु. दो याचिका दायर किया जा चुका है। जिसका केस नंबर इस प्रकार है। 12857/2018 दूसरा 450/ 2018। इस फोरम के मुजफ्फरपुर संयोजक प्रोफेसर रण विजय कुमार सिंह ने मीडिया को बताया की । छ ट फोरम के द्वारा इसके साथ ही. 139 इंटर कॉलेज के संबंधन को रोकने और एडमिशन के लिए पोर्टल को खोलने हेतु. इंटर काउंसिल के गलत आदेश के विरुद्ध भी याचिका दायर किया गया था जिसका केस नंबर 3365/2021है जिसका फैसला कल हो चुका है. फैसला को 3 सप्ताह के लिए सुरक्षित रखा गया है. ऐसा प्रतीत होता कि फैसला शिक्षक हित मे ही है। इससे सभी शिक्षकों में काफी उत्साह है. बिहार राज्य संबंध डिग्री शिक्षक संघ मोर्चा. भी इनके सहयोग में है और आगे साथ मिलकर. कानूनी. और जमीन पर संघर्ष. साथ लड़ने की. दोनों संगठन ने बचन बधता दोहराई है। डिग्री संगठन के मोर्चा के उपाध्यक्ष. प्रो रणविजय सिंह ने कहा.. की अब समय आ गया है। सभी संगठन और सभी शिक्षक. मिलकर. दोनों स्तर पर संघर्ष को लड़े.. आप सभी शिक्षक से अनुरोध है. आप सभी अपनी सहभागिता जरूर दें।



## 06 जुलाई को होगी तुरकौलिया पंचायत समिति की बैठक

(प्रदीप कुमार सिंह संवाददाता राष्ट्रीय दैनिक अयोध्या टाइम्स तुरकौलिया। होगी तुरकौलिया पंचायत समिति की बैठक।ई किसान भवन में होगी बैठक। बैठक में विकास मुद्दे लेकर होगी चर्चा। एडीएम सह बीडीओ मोनू कुमार ने कहा, सभी सदस्यो को पत्र भेज बैठक की दी जा चुकी है जानकारी।

## हसनपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय जनता दल का 26वां स्थापना दिवस

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जयसवाल समस्तीपुर,हसनपुर। राष्ट्रीय जनता दल का 26वां स्थापना दिवस मंगलवार को हसनपुर में भी हर्षोल्लास के साथ राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष अमित जायसवाल जी के द्वारा केक काटकर अपने आवास पर मनाया गया। इस अवसर पर हसनपुर के तमाम इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया कर्मियों को उनके द्वारा सम्मानित भी किया गया। अमित जी ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव जी के अस्वस्थ होने पर भी चिंता जताई उन्होंने कहा कि अगर आज लालू जी स्वस्थ रहते तो उनके कार्यकताओं में और भी ज्यादा खुशी होती, फिर भी इस बार काफी समय बाद वो इस अवसर पर पटना में मौजूद हैं। सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना 5 जुलाई 1997 में अपने कुछ कार्यकर्ताओ के साथ किये, स्थापना के साथ ही लालू प्रसाद यादव को पार्टी का अध्यक्ष चुना गया था और आज भी वह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं. बिहार में हर साल राष्ट्रीय जनता दल का स्थापना दिवस मनाया जाता है। अमित जी ने अपने आवास पर पिछले साल भी स्थपना दिवस मनाया था और इसबार भी राजद पार्टी की स्थापना दिवस मनाया। इस मौका पर राजद के तमाम कार्यकर्ता परशुराम यादव, मुकेश यादव, संतोष यादव, पप्पू यादव, अनुरूध जी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



## मोतिहारी के पिपरा कोठी में हथियारबंद अपराधियों ने लूटने के प्रयास में चलाई गोली

दैनिक अयोध्या टाइम्स पिपराकोठी पूर्वी चंपारण। हथियारबंद अपराधियों ने लूटने के प्रयास में चलाई गोली महमदा के समीप कलेक्शन कर के लौट फाइनेंस कंपनी के कर्मी को लूटने के प्रयास कर्मी की सूझबूझ से नही लगी गोली व अपराधी लूटने में रहे नाकामयाब घटना की सूचना पर पीपराकोठी व कोटवा थाना पुलिस सहित इंस्पेक्टर घटना स्थल पर पहुंच कर रहे है जांच।

## जिला जज से मिला अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल जिला जज से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने अनुमंडल कोर्ट मोहनिया में अधिवक्ताओं के बैठने की जगह निर्धारित करने की मांग की।ताकि अधिवक्ता गण बैठकर वहां मुवक्किलों के न्याय हित में न्यायिक कार्य कर सके। प्रतिनिधिमंडल में तदर्थ कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र नाथ चौबे, जिला अधिवक्ता संघ कैमूर के पूर्व अध्यक्ष दिलीप सिंह,पूर्व महासचिव ओमप्रकाश, संघ के पूर्व संयुक्त सचिव मंटू पांडे,अजीत सिंह,गोपाल सिंह,अभय सिंह, चंद्रकांत तिवारी, रणधीर दुबे,अशोक सिंह,घनश्याम सेठ, अनिल कुमार, अजीत कुमार, रामेश्वर चौबे व काफी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित थे।



# दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए आवेदन 18 जुलाई तक होगा

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल)। भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा का चतुर्थ दीक्षांत समारोह 03 अगस्त, 2022 (बुधवार) को विश्वविद्यालय के दीक्षा स्थल, कुलपति कार्यालय परिसर में सुनिश्चित है। इसमें विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर सत्र 2016–18 एवं 2017–19, एमडी एवं एमएस. 2020 (प), एमएलआईएस सत्र 2019–20, एमएड 2017–19, 2018–20 एवं 2019–21 तथा 14.12.2019 से अद्यतन पीएच. डी. डिग्रीध्उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्रध्उपाधि वितरित की जाएगी। जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि इस निमित्त कुलपति डॉ. आर. के. पी. रमण के आदेशानुसार कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर ने अधिसूचना जारी कर दी है। शुल्क निर्धारित

डॉ. शेखर ने बताया कि दीक्षांत समारोह में भाग लेने को इच्छुक विद्यार्थी विहित आवेदन प्रपत्र समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ संबंधित विभागध महाविद्यालय से अग्रसारित कराकर 18 जुलाई तक निर्धारित शुल्क अदा करते हुए विश्वविद्यालय शुल्क काउंटर पर जमा करा सकते हैं। एमए, एमएससी एवं एमकॉम हेतु 12 सौ, एमएलआईएस एवं एमएड हेतु 15 सौ, पीएचडी को दो हजार तथा एमएस एवं एमडी हेतु चार हजार शुल्क निर्धारित किया गया है। निदेशों का पालन करना होगा

उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर जारी निदेशों का पालन करना आवश्यक होगा। सभी विद्यार्थियों को दीक्षांत परिधान की व्यवस्था स्वयं करनीहोंने बताया कि दीक्षांत समारोह में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित दीक्षांत परिधान की व्यवस्था स्वयं करनी होगी और समारोह में उसे पहनना अनिवार्य होगा, जबकि निर्धारित विशेष अंगवस्त्रम् एवं पाग विश्वविद्यालय की ओर से निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।

# आरक्षी अधीक्षक सीतामढ़ी के पिता द्वारा सीतामढ़ी जिले के कई धर्म स्थल और कई धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन

वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ। सीतामढ़ी अधीक्षक हर किशोर राय के पिता ललितेश्वर राय ने लगमा स्थित श्री यमुनेश्वर उमानाथ महादेव मंदिर सीतामढ़ी में रुद्राभिषेक किया।राष्ट्र सृजन अभियान के राष्ट्रीय महासचिव श्री ललितेश्वर कुमार सम्पूर्ण भारत मे अभियान के माध्यम से राष्ट्र सेवा करते है।इनके एक पुत्र आरक्षी अधीक्षक है। दूसरा भारतीय प्रशासनिक सेवा में है।तथा दो पुत्र डॉक्टर बन राष्ट्र की सेवा करते है।एक बहु भी डॉक्टर है। एक सफल अभिभावक की भूमिका निभाने के पश्चात राष्ट्र भक्ति की अलख जगा रहे है।रुद्राभिषेक में महंत मनमोहन कौशिक , विभाग प्रचारक राकेश कुमार ,भाजपा मीडिया सेल प्रभारी आग्नेय कुमार ,डॉ राजीव कुमार काजू के साथ अधिवक्ता मोहन कुमार ने भाग लिया।मंदिर आयोजन समिति के सौजन्य से रुद्राभिषेक के बाद मंदिर के व्यवस्थापकों द्वारा अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया । डीपीएस लगमा के परिसर में निदेशक डॉ वरुण कुमार के द्वारा आयोजित





पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। जहां पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया गया। मां जानकी के जन्मस्थली मंदिर का दर्शन किया गया। तत्पश्चात डॉ राजेश कुमार सुमन के संस्था आरोग्य फाउंडेशन के बौद्धिक कार्यक्रम में भाग लिया।डॉ राजेश कुमार सुमन सेवा के क्षेत्र में सीतामढ़ी में मील का पत्थर बन गए है जो मंदबुद्धि बच्चों का निःशुल्क इलाज कर नया जीवन दे रहे है । उनकी संस्था ने मां सीता की उद्भव झांकी प्रतीक चिन्ह तथा अंग वस्त्र देकर इनको सम्मानित किया।

# कशटिल्या एकेडमी में आंतरिक जांच परीक्षा का आयोजन

विद्यापतिनगर (दलसिंहसराय) विद्यापतिनगर प्रखंड के राजा चौक स्थित कॉटिल्या एकेडमी में मंगलवार को तृतीय आंतरिक जांच परीक्षा का आयोजन किया गया, इसमें संस्थान में अध्ययनरत सैकड़ों छात्र–छात्राओं ने भाग लिया ! संस्थान में सामाजिक विज्ञान के शिक्षक सह परीक्षा प्रभारी विकास कुमार सिंह ने बताया कि कौटिल्या एकेडमी द्वारा प्रत्येक महीने के 5 तारीख को आंतरिक जांच परीक्षा आयोजित की जाती है जिसमें सभी विषयों के प्रश्न शामिल किए जाते हैं, इसमें गणित के 30 प्रश्न, विज्ञान के 20 प्रश्न, सामाजिक विज्ञान के 20 प्रश्न, संस्कृत के 20 प्रश्न तथा हिन्दी के 10 प्रश्न पूछे जाते हैं! निदेशक विकास कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य छात्र – छात्राओं के बीच पढ़ाई के प्रति रुचि उत्पन्न करना तथा उन्हें प्रतियोगी बनाना है, साथ ही बच्चों के हौसला अफजाई के लिए प्रत्येक कक्षा में अव्वल अंक लाने वाले प्रथम 5 छात्र – छात्राओं को संस्थान द्वारा पुरस्कृत भी किया जाता है ! छात्र–छात्राओं का कहना था कि इस परीक्षा से हमें बेहद लाभ पहुंचता है तथा अपने वर्ग में बेहतर अंक लाने के लिए अधिक पढ़ाई भी करनी होती है! गौरतलब है कि 2022 में बिहार बोर्ड के नतीजों में इस संस्थान का प्रदर्शन आशातीत रहा तथा कई बच्चों ने 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया है यही कारण है कि आज क्षेत्र के छात्रों की पहली पसंद कौटिल्या एकेडमी बन चुका है, जहां पढ़ाई के साथ–साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया जाता है ! मंगलवार को आयोजित परीक्षा का परिणाम वृहस्पतिवार को घोषित किया जाएगा तथा 12वीं के हिंदी विषय की वस्तुनिष्ठ परीक्षा बुधवार को आयोजित की जाएगी ! मौके पर बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं के अलावा शिक्षक नवनीत शर्मा, अंकित कुमार, मनीष निषाद, विकास कुमार सिंह, आदि मौजूद थे।

# उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की निर्मम हत्या के विरोध मे बाबा जयराम दास परिसर में विहिपबजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर हत्यारो की फांसी की मांग किया

अयोध्या टाइम्स मनीष कुमार सिंह संवाददाता पूर्वी चंपारण मोतिहारी।

उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की निर्मम हत्या के विरोध में सुगौली के बाबा जयराम दास परिसर में विहिप, बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर फांसी की मांग की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने इस हत्याकांड के गौस ने बड़ी बेरहमी से उसी के दुकान पर मार डाला। उसके बाद उसने और उसके साथियों ने ना सिर्फ हत्या की वीडियो ही बनाई साथ में देश के प्रधानमंत्री मोदी की हत्या की भी धमकी दी। प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष रौशन झा, नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश हिन्दू, प्रखंड संयोजक सुनील कुमार, बाबा




आरोपियों का पुतला भी फूंका. बता दे की मोहम्मद गौस और रियाज खान नाम के दो आतंकवादियों ने कन्हैया दर्जी कि गला रेत कर निर्मम तरीके से हत्या कर दी है। आतंकवादियों को फांसी देने की मांग इस प्रदर्शन के माध्यम से की गई। विहिप के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि इंटरनेट मीडिया पर नूपुर शर्मा का समर्थन करने वाले कन्हैया को मोहम्मद मनीष दास, नगर उपाध्यक्ष श्याम शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर चौधरी, शत्रुहन बरनवाल, निरंजन दुबे, आकाश गुप्ता, सुमन कुमार, रवि कुमार, रंभू कुमार, आलोक कुमार, मिथुन कुमार, सुमंत कुमार, अमरेश गोलु, वाल्मीकि सेतू, राजकपूर, मनोहर, मोहित, चंदन, धीरेन्द्र, करन, रामा, कमलेश, अविनाश सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लोगों की जागरूकता से ही खत्म होगा फाइलेरिया : भीबीडीसीओ

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) समस्तीपुर। लोगों को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने और बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 7 जुलाई से जिले में सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए) का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा सेंटर फोर एडवोकेसी एण्ड रिसर्च (सीफार) के सहयोग से शहर के बनारस स्टेट कैंपस में एकदिवसीय मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। भीबीडीसीओ डॉ विजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सभी मीडिया कर्मियों से मीडिया के माध्यम से लोगों को फाइलेरिया के प्रति जागरूक करने और सरकार द्वारा चलाए जा रहे सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई। मीडिया कार्यशाला में जोनल कोऑर्डिनेटर डब्ल्यूएचओ डॉ माधुरी देवराजू, भीबीडीसी संतोष कुमार ,पीसीआई के जिला कोऑर्डिनेटर मारुति नंदन, केयर इंडिया डीपीओ प्रभाकर मिश्रा, सीफार प्रमंडलीय समन्वयक –कार्यक्रम अमन कुमार, सीफार जिला कोऑर्डिनेटर अमित कुमार विपुल, लेप्रा से लालबाबू पंडित सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भीबीडीसीओ डॉ विजय कुमार ने बताया फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाला एक गंभीर संक्रामक बीमारी है जिसे आमतौर पर हाथी पांव भी कहा जाता है। कोई भी व्यक्ति किसी भी उम्र में फाइलेरिया से संक्रमित हो सकता है। फाइलेरिया के प्रमुख लक्षण हाथ और पैर या हाइड्रोसिल (अण्डकोष) में सूजन का होना होता है। प्रारंभिक अवस्था में इसकी पुष्टि होने के बाद जरूरी दवा सेवन से इसे रोका जा सकता है। इसके लिए लोगों में जागरूकता की आवश्यकता है। लोगों को फाइलेरिया के लिए जागरूक करने में मीडिया की सशक्त भूमिका होती है। 7 जुलाई से सरकार द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें आशा व आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा घर–घर जाकर मुफ्त दवा खिलायी जाएगी ।लोगों को इस कार्यक्रम में भाग लेकर स्वयं और अपने परिवार को।



☒ जिले में 47.70 लाख लोगों को खिलाई जाएगी डीईसी व अल्बेंडाजोल की दवा–

डब्ल्यूएचओ की जोनल कोऑर्डिनेटर डॉ माधुरी देवराजू ने बताया कि लोगों को फाइलेरिया संक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए 7 जुलाई से आशा व आंगनबाड़ी सेविका द्वारा लोगों को घर–घर जाकर अपनी उपस्थिति में डीईसी व अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। एमडीए कार्यक्रम के दौरान जिले में 47लाख 70हजार 700 लोगों को यह दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया 02 साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोग से पीड़ित व्यक्तियों के अलावा सभी लोगों को दवा खिलाई जानी है । जिसके लिए एक करोड़ 19 लाख 51 हजार 903 डीईसी तथा 47लाख 70 हजार 400 अल्बेंडाजोल की दवा उपलब्ध कराई गई है। इस प्रकार करना है। केयर इंडिया डीपीओ प्रभाकर मिश्रा ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम में 02 वर्ष से 05 वर्ष के बच्चों को डीईसी तथा अल्बेंडाजोल की एक गोली, 06 वर्ष से 14 वर्ष तक के लोगों को डीईसी की दो तथा अल्बेंडाजोल की एक गोली एवं 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन तथा अल्बेंडाजोल की एक गोली खिलाई जाएगी। लोगों द्वारा अल्बेंडाजोल का सेवन आशा की उपस्थिति में चबाकर किया जाना है।

02 वर्ष से कम उम्र के बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को कोई दवा नहीं खिलायी जानी है। कार्यक्रम में छूटे हुए घरों में आशा कर्मियों द्वारा पुनः भ्रमण कर दवा खिलाई जाएगी।

# गोलियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा सिवान



दैनिक अयोध्या टाईम्स ब्यूरो चीफ महाराजगंज अनुमंडल विनय कुमार पाण्डेय सिवान(दरौदा)। थाना क्षेत्र के रामगढ़ा में बेखौफ अपराधियो ने सिवान से आ रहे एक व्यक्ति को मोटरसाइकिल रुकवाकर छीनने लगे जब इसका विरोध सुरेंद्र प्रसाद ने किया तो अपराधियो ने गोली मार दीद्य जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़े और शोर मचाने लगे, जिसके बाद अपराधी फरार हो गए, किसी तरह इलाज के लिए सिवान सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा हैद्य बताया जाता है की महाराजगंज थाना के सुरेंद्र प्रसाद सिवान किसी काम को लेकर गए थेद्य आने के क्रम में दारौंदा थाना क्षेत्र के रामगढ़ा में अपराधियो ने बाइक रोकवाकर छीनने का प्रयास किएद्य तभी सुरेंद्र प्रसाद हो हल्ला सुरु कर दिए जिसके बाद अपराधियो ने गोली मार दीद्य बताया जाता है की 5 की संख्या में अपराधियो ने बीती रात मोटरसाइकिल लूटने के लिए आए अपराधियो की संख्या 5 बताई जा रही है।

जो सुरेंद्र प्रसाद को पैर में गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिएद्य बता दे की सिवान में आए दिन अपराधियो का मनोबल बढ़ता जा रह हैद्य कभी बैंक लूट,तो कभी चाकू मरना तो कभी जमीन विवाद में हत्या कर देनाद्य अगर आप सिवान में संध्या घर से बाहर निकलते है तो सावधान हो जाए। क्योंकि अपराधी सिवान में बेलगाम होते जा रहे है। शाम को निकलते वक्त कब आप के साथ क्या हो जाए कोई नही जानताद्य देखा जाए तो लोगो में अब पहले जैसे डर दिख रहा हैद्य जिसके परिवार के लोग घर से बाहर निकलते हैद्य वह लोग तब तक डरे रहते है, जब तक इस घर का सदस्य घर पर सकुशल वापस नहीं आ जाताद्य शाम को घर से निकलते वक्त लोगो में खौफ भी रहता है की कही अपराधियो हमारी समान तो नही। छीन लेंगे या मेरी हत्या तो नही हो जाएगीद्य सिवान में पुलिस अपराध रोकने में असफल दिखाई दे रही है।

लोगो को सिवान में जंगल राज दिखाई दे रहा है।

# मशरक में सीआईडी की टीम बन छापेमारी कर सोना बेचने के नाम पर पंजाब के शख्स से तीन लाख लूटे,एक गिरफ्तार

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक थाना पुलिस ने मंगलवार को सोने का बिस्किट बेचने के नाम पर खरीदार को बुला खरीद बिक्री के दौरान सीआईडी की टीम के द्वारा छापेमारी कर करोड़ों रूपये लूटने वाले गिरोह के सरगना को गिरफ्तार कर शानदार सफलता प्राप्त की है। वही इस मास्टरमाइंड लूट के सरगना को गिरफ्तार करते ही इसके शिकार बने और लोगों ने भी थाना पुलिस को अपना मामला बताया। वैसे तीन ही व्यक्ति के द्वारा बताएं गये रूपये एक करोड़ के लगभग हैं। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि थाना पुलिस में प्रशिक्षु दारोगा आशुतोष कुमार थाना क्षेत्र के लखनपुर गोलम्बर पर गश्ती दल के साथ तक तैनात थें तभी उन्हें सुचना मिली कि पंजाब से सोना खरीदने आए शख्स से सोना देने के नाम पर तीन लाख रूपए की जबरदस्ती लूट कर ली गई है तों त्वरित कार्रवाई करते बंगरा गांव से लूट के सरगना को दबोच लिया गया। मामले में पीड़ित पंजाब राज्य के लुधियाना जिले के जगराव थाना क्षेत्र अगवर डाला गांव निवासी हरदीप सिंह पिता बजेन्दर सिंह ने बताया कि वे कार से बिहार घूमने आए तों मोतीहारी में गोपालगंज जिले के महम्दपुर थाना क्षेत्र के महारानी पनडुगी गांव निवासी आशा ठाकुर पिता स्व छबीला ठाकुर से मुलाकात हुई उसने बताया कि वह सोने का व्यापारी हैं यदि सोना खरीदना हो तों बोलिएगा फिर उसने उन्हें सोने देने के नाम पर बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के मड़वा राजापट्टी गांव निवासी लालबाबू ठाकुर पिता चन्दन ठाकुर के यहां ले गया जहां उसने अपने दो साथी के साथ सोने का बिस्कुट दिखाया और जिस पर मैंने सोना लेने को तैयार हुआ तों उसने भुगतान नगदी में करने की बात रखी जिस पर उनके द्वारा नगदी बैक से निकाल कर पहुंचा तों उसने उसे सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र के बंगरा पूरब टोला गांव निवासी उदय ठाकुर पिता भगवान ठाकुर के घर ले गया और वही पर सोना देने के नाम पर नगदी लें लिया उसी दौरान आधा दर्जन लोगों ने सीआईडी की टीम बनकर छापेमारी की और पुलिस का भर दिखा नगदी,सोना, मोबाइल, पर्स में




रखा नगदी जप्त कर लिया गया और थाने चलने की बात कही गई जिस पर हमें लेकर वे सभी थाने की ओर चलें और रास्ते में छोड़ सारा समान लूट कर फरार हो गए। जिस पर उनके द्वारा पुलिस से शिकायत दर्ज कराई गई। कांड के अनुसंधानकर्ता प्रशिक्षु दारोगा आशुतोष कुमार ने बताया कि पीड़ित के मामले में त्वरित कार्रवाई की गई और बंगरा गांव से सरगना के पास नगदी,छीने मोबाइल बरामद की गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। वही उसके दिमागी लूट का शिकार बने सिवान जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के चकिया शंकरपुर गांव निवासी पिंटू सिंह पिता रघुनाथ साह ने बताया कि उनकी बाबा बाजार पर पिंटू ज्वेलर्स की दुकान है उसे भी सोने के गहने देने के नाम पर 8 लाख रुपए की लूट कर ली गई है। वही डोरीगंज थाना क्षेत्र के सिंगही गांव निवासी मुकेश यादव पिता रामजी राय और रंजन यादव पिता व्यास राय से भी सोने की बिक्री के बहाने 35 लाख 70 हजार रुपए की लूट कर ली गई।मामले में मुकेश यादव ने बताया कि सरगना आशा ठाकुर इसी तरह कितने लोगों से करोड़ों रुपए लूट की घटना को अंजाम दिया हैं।

# दहेज लोभी सरपंच ससुर ने अपनी बहु को घर से बेघर किया



☒ कब तक यूं खूनी दलदल में, धंसा रहेगा मनुज समाज कब तक औरत को रौंदेगा, ये दहेज का कुटिल रिवाज

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ। दहेज मूल रूप से शादी के दौरान दुल्हन के परिवार द्वारा दूल्हे के परिवार को दिए नकदी, आभूषण, फर्नीचर, संपत्ति और अन्य कीमती वस्तुओं आदि की इस प्रणाली को दहेज प्रणाली कहा जाता है। यह सदियों से भारत में प्रचलित है। दहेज प्रणाली समाज में प्रचलित बुराइयों में से एक है। आप सभी को इस जानकारी से अवगत दिया जाए की सरपंच ग्राम पंचायत का प्रमुख होता है। सरपंच भारत में स्थानीय स्वशासन के लिए गांव स्तर पर विधिक संस्था ग्राम पंचायत का प्रधान होता है। पाकिस्तान एवं बांग्लादेश के गॉवों में भी यह प्रसाशन प्रणाली पायी जाती है। सरपंच चुने गए पंचों की मदद से ग्राम पंचायत के महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लेता है। हमारे सविंधान में समाज में सरपंच को एक न्याय की कुर्शी दी गयी है। लेकिन जब वही न्याय करने वाला। अन्याय करने पर उतर जाए तो इस देश का क्या होगा आप सभी को इस संदर्भ में जानकारी दे दूं आपको बतातें चलें हमारे सामने एक ताजा मामला आया बिहार के सीतामढ़ी जिले के थाना रुणिसैदपुर वार्ड 1 सुपुत्री रामेश्वर पासवान की 27 वर्षीय सुनीता कुमारी का जो बहु मानिकचक पश्चिमी गॉव के सरपंच का है उन्होंने अपनी बहु सुनीता कुमारी को दहेज के लालच में घर से बेघर किया। आपको बता दिया जाए पीड़ित सुनीता कुमारी हुंडई एजेंसी में सेल्स एजकुटिव के पद पर कार्यरत थी। इसी बीच एक लड़का अवनीश कुमार अपने दोस्त के साथ गाड़ी खरीदने आता हैं इसी क्रम में सुनीता नामक लड़की से पहली नजर में हिं प्रेम हो जाता है उसके बाद पुनः उसी रात को बारह बजे लड़का प्रेम का इजहार करता हैं। लड़की पहले तो इन्कार करती है। उसके बाद धीरे धीरे उसे भी प्रेम हो जाता है। उसके बाद लिव इन रिलेशन में दोनो साथ रहने लगते है। फिर लड़की गर्भवती हो जाती है। तो लड़की शादी के लिए लड़का पर जोर देने लगती है कि शादी करो उसके बाद लड़का अपने माँ बाप और भाई के साथ आकर जानकी मंदिर सीतामढ़ी में शादी कर लड़की को घर ले जाता है। लड़की अपने ससुराल चली जाती है कुछ दिन तक संबंध ठीक रहता है । उसके बाद सुनीता कुमारी से दहेज की मांग की जाती लड़के के परिवार की और से । दहेज में लड़की के मां के नाम से लाखों के जमीन पर लड़के की परिवार की नजर थी उनका नजर टिका था। लड़के के परिवार ने पीड़ित सुनीता कुमारी से 10 लाख रुपये की मांग वह 10 लाख रुपया पर नही देने पर लड़की को घर से घसीट कर ले जाकर गर्भपात करवाता है। और बेघर कर देता है यही नही उसके पेट में पल रहे नन्हे बच्चे का गर्भपात भी करवाया और गर्भपात करवा कर उस लड़की के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट कर घर से बेघर किया। वही पीड़ित सुनीता कुमारी इंसाफ के लिए दर दर की ठोकर खा रही है। ये सारी बाते लड़की खुद मीडिया और पुलिस प्रशासन को अपने व्यान। में बताई और उसकी प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है इस बात में कितनी सत्यता है वो तो जांच के बाद हिं पता चल पाएगा फिलहाल प्रशासन अपने स्तर से कार्यवाही में जुट गई है। अब आप सभी ही विषय पे गम्भीर से सोचिये इस दहेज के दावनल में, झुलसे हैं कितने श्रृंगार कितनी लाशें दफन हुई हैं, कितने उजड़े हैं संसार कब तक वो यूं अबला बनकर चीखेगी चिल्लायेगी।

# संक्षिप्त समाचार

## धरनी छपर चेक पोस्ट से शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय सिवान(मैरवा)। थाना के पुलिस ने शराब के साथ चार शराब तस्कर को गिरफ्तार किया हैद्य बताया जाता है की सोमवार को पुलिस थाना क्षेत्र के धरनी छापर चेकपोस्ट पर गस्ती कर रही थीद्य इस दौरान चार शराब तस्कर बाईक से समवर्ती उत्तर प्रदेश से शराब लेकर बिहार में प्रवेश कर रहे थेद्य तभी पुलिस की नजर उनलोगो पड़ीद्य पुलिस गस्ती के दौरान चारो की तलाशी की जिसके बाद शराब सहित तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गयाद्य साथ ही उसकी बाईक को भी जप्त किया गयाद्य गिरफ्तार तस्कर के पास से बंटी बबली देशी शराब 330 पीस व 8PM का



85 पीस बरामद किया गया है। शराब के साथ पकड़े गए युवकों की पहचान सिवान बिहार के गुठनी थाना क्षेत्र के कुंडेसर गांव निवासी प्रेमचंद यादव के 19 वर्षीय पुत्र नितेश कुमार यादव, वही दूसरा उत्तर प्रदेश जिला गोरखपुर के गुलरिया थाना क्षेत्र निवासी भनबाईर सिंह के 19 वर्षीय पुत्र सोनू सिंह के रूप में हुई हैद्य तीसरा व्यक्ति की पहचान सिवान बिहार के एमएच नगर थाना क्षेत्र के हुसैन बंगरा निवासी राजू सिंह के 21 वर्षीय पुत्र सचिन सिंह के रूप में हुई है व चौथा व्यक्ति की पहचान सिवान बिहार के एमएच नगर थाना क्षेत्र के कोडर गांव निवासी संजय सिंह के 20 वर्षीय पुत्र विशाल सिंह के रूप में हुई हैद्य वही पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। का 85 पीस बरामद किया गया है। शराब के साथ पकड़े गए युवकों की पहचान सिवान बिहार के गुठनी थाना क्षेत्र के कुंडेसर गांव निवासी प्रेमचंद यादव के 19 वर्षीय पुत्र नितेश कुमार यादव, वही दूसरा उत्तर प्रदेश जिला गोरखपुर के गुलरिया थाना क्षेत्र निवासी भनबाईर सिंह के 19 वर्षीय पुत्र सोनू सिंह के रूप में हुई हैद्य तीसरा व्यक्ति की पहचान सिवान बिहार के एमएच नगर थाना क्षेत्र के हुसैन बंगरा निवासी राजू सिंह के 21 वर्षीय पुत्र सचिन सिंह के रूप में हुई है व चौथा व्यक्ति की पहचान सिवान बिहार के एमएच नगर थाना क्षेत्र के कोडर गांव निवासी संजय सिंह के 20 वर्षीय पुत्र विशाल सिंह के रूप में हुई हैद्य वही पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## भारोत्तोलन संघ द्वारा खिलाड़ियों का निबंधन 10 जुलाई तक

वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। सीतामढ़ी जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अतुल कुमार एवं सचिव सतीश कुमार ने बताया की सीतामढ़ी जिला भारोत्तोलन संघ के द्वारा सभी खिलाड़ियों का निबंधन 10 जुलाई तक होगा स निबंधन नहीं कराने वाले खिलाड़ियों को जिला स्तर पर होने वाले भारोत्तोलन प्रतियोगिता मे भाग नहीं लेने दिया जायेगा स निबंधन स्थल राजबाग पुपरी एवं संघ के कार्यालय रेलवे स्टेशन डुमरा के नजदीक मे, आरोग्या शांतिनगर मे सुबह 10 बजे से 2 बजे तक जमा कर सकते है स निबंधन के साथ खिलाड़ियों को तीन पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है स किसी भी प्रकार के जानकारी के लिए सचिव सतीश कुमार के मोबाइल नम्बर 9835647459 पर संपर्क कर सकते ही।

## दबे कुचलें और कमजोर लोगो की आवाज है राजद-राजद नेता रामबाबू यादव

(संजय कुमार, अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ, दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल, पूर्वी चंपारण)। राजद के 26 वा स्थापना दिवस के अवसर पर रक्सौल प्रखंड अंतर्गत नॉक टोला में सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें कुल 450 लोगों ने 10 रुपए के सदस्यता शुल्क के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की! इस अवसर पर रक्सौल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह प्रदेश नेता श्री राम बाबू यादव ने कहा कि इस सरकार की नीतियों से जनता त्रस्त है ! महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच चुकी है तथा केंद्र और राज्य सरकार लोगों को जात पात और धर्म के नाम पर बांटकर राजनीति कर रहा हैं जनता अब इन सरकारों से ऊब चुकी है नतीजन सदस्यता अभियान मे देखने को मिल रहा है कि बड़ी उत्सुकता के साथ राजद को आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं और पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं ! इसके साथ ही श्री यादव ने आम आवाम से अस्वस्थ चल रहे राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद यादव के उत्तम स्वास्थ्य की कामना का आग्रह किया और सभी ने गरीबों की मसीहा की जल्द स्वस्थ होने की कामना की ! इस अवसर पर राजद नेता अनिल मिश्रा, सोमेश्वर प्रसाद कुशवाहा, मोहम्मद आरिफ, कुणाल राय, तेज बहादुर यादव, युवा नेता मुमताज मंसूरी, युवा नेता राधेश्याम यादव आदि नेतागण उपस्थित रहे!

## पिस्टल के साथ होटल में नाश्ता करते हुए बदमाश को स्पेशल टीम ने दबोचा

(किशन कुमार संवाददाता अयोध्या टाइम्स सोनबरसा) सोनबरसा।



सोनबरसा प्रखंड के फरछहिया स्थित होटल में हथियार के साथ नाश्ता कर रहे एक युवक को एसएसबी की स्पेशल टीम ने गुप्त सूचना मिलने पर पहले खुफिया और फिर तेजी से ऑपरेशन को अंजाम देते हुए दबोच लिया। आपको बता दे की भारत नेपाल सीमा क्षेत्र के हनुमान चौक स्थित बॉर्डर पर एसएसबी के जवान को सूचना मिली की अंशु नाम का एक युवक देसी हथियार के साथ होटल में रुका हुआ है, तभी एसएसबी की स्पेशल टीम ने तेजी से ऑपरेशन को अंजाम देते हुए युवक को हथियार के साथ दबोच लिया, और आगे की कारवाई के लिए सोनबरसा थाना को सौंप दिया गया।

## रुकुंदीपुर पंचायत सरकार भवन पर वार्ड सदस्यों ने किया प्रदर्शन

दैनिक अयोध्या टाईम्स ब्यूरो चीफ महाराजगंज अनुमंडल विनय कुमार पाण्डेय। दरौदा प्रखंड स्थित रुकुंदीपुर पंचायत सरकार भवन पर




रुकुंदीपुर के वार्ड सदस्यों ने पंचायत सरकार भवन पर प्रदर्शन किया। वार्ड सदस्यों का आरोप है। कि अभी तक चुनाव जीते हुए एवं सर्टिफिकेट लिए हुए 8 महीना हो गया। अभी तक चार्ज नहीं दिया गया। जब पूर्व वार्ड सदस्यों से पूछा जाता है, तो कहा जाता है कि हम नहीं देंगे चार्ज। जो कागज है। पूर्व मुखिया के पास है। पूर्व मुखिया से पूछा जाता है तो उनके द्वारा कहा जाता है कि हम नहीं देंगे जहां जाना हो जाइए। 8 महीने में अभी तक इसी की वजह से सभी वार्ड का विकास रुका हुआ है। प्रखंड विकास पदाधिकारी को कितने बार आवेदन देने के बावजूद भी अभी तक पूर्व वार्ड सदस्यों द्वारा चार्ज नहीं दिया जा रहा है, इस मौके पर वार्ड संख्या 3 के वार्ड सदस्य तारामती देवी , वार्ड संख्या 4 के सदस्य रामराज चौरसिया ,वार्ड 5 के वार्ड सदस्य भगवान महतो, वार्ड छह के वार्ड सदस्य उषा देवी, वार्ड सात के वार्ड सदस्य रंभा देवी, वार्ड नौ के वार्ड सदस्य परमात्मा महतो, वार्ड 10 के वार्ड सदस्य अर्जुन सिंह , मौजूद रहे।

## DIG ने पिपरा थानों का किया औचक निरीक्षण जिससे पुलिस महकमा में मची हड़कम्प

( आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल। डकैती घटना की पीड़ित शिक्षिका ने डीआईजी से मिलकर डकैती कांड के उद्भेदन और अपराधियों के गिरफ्तारी की लगाई गुहार। सुपौल सुपौल जिला सदर अनुमंडलीय मुख्यालय अंतर्गत पिपरा प्रखंड स्थित पिपरा थाना में क्ष्ळ,श्री शिवदीप लांडे,के द्वारा जायजा लेकर निरीक्षण करने की है।

DIG,श्री शिवदीप लांडे,द्वारा निरीक्षण करने पिपरा थाना पहुंचते हीं फरियादियों ने लगाई न्याय की गुहार। इस दौरान पिपरा बाजार में एक माह पूर्व में एक महिला शिक्षिका के घर हुई डकैती की घटना को लेकर पीड़ित शिक्षिका ने थाने पहुंचकर DIG, साहेब से डकैती कांड का उद्भेदन और आरोपियों के गिरफ्तारी करने की लगाई गुहार। पीड़ित दंपती ने DIG, साहेब को आवेदन देकर कांड के उद्भेदन और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। हालांकि पीड़ित शिक्षिका केंदू कुमारी, की शिकायत को DIG, श्री शिवदीप लांडे ने बारीकी से सुन उन्हें न्याय का भरोसा देते हुए जल्द गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया। और कहा की जल्द हीं कांड का उद्भेदन कर इसमें संलिप्त सभी अपराधियों की गिरफ्तारी की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार पिपरा थाना क्षेत्र के पिपरा बाजार में –04–और–05– जून रात्रि समय एक महिला शिक्षिका केंदू कुमारी,के घर अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर करीब–15 –लाख रूपये के



जेवरात और नगदी समेत सामान को लूट कर फरार हो गए।

इस घटना में बदमाशों ने शिक्षिका केंदू कुमारी,और उसके पति संजीव यादव,के साथ मारपीट भी किया जिसमे शिक्षिका और उसके पति गंभीर रूप से घायल भी हो गए। खास बात यह है की घटना की सारी तस्वीर घर के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बाबजूद इसके अब तक इस मामले में कांड का न तो उद्भेदन हो चुका है और न ही अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। जिससे पीड़ित शिक्षिका मायूस और थक हारकर आज पिपरा थाना पहुंचकर DIG, से न्याय की गुहार लगाई है। निरीक्षण में SP, डी अमरकेश, के साथ दर्जनों पुलिस बल मौजूद थे।

## जिला पदाधिकारी ने की जिला निलाम वाद की बैठक, दिए निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल बयूरो चीफ।

शिवहर,सीतामढ़ी। जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला निलाम वाद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला के सभी नीलाम पत्र पदाधिकारीयों ने भाग लिया। जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी शिवहर द्वारा बताया गया कि जिले में अब तक कुल नीलाम पत्र वादों की संख्या –977 है।जिसमें 22 वादों को निष्पादित कर दिया गया है। डीएम द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी से प्रतिवेदन प्राप्त कर वस्तु स्थिति से अवगत कराये।

सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी से वादों के निष्पादन के संबंध में सुस्पष्ट प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात लंबित नीलाम पत्र वादों के निष्पादनार्थ जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी माह के अंतिम सप्ताह में गांधी भवन शिविर में इस संबंध में शिविर आयोजित करें।

सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि नीलाम वाद अंतर्गत लंबित वादों के त्वरित निष्पादन एवं बड़े बकायेदारों से राशि वसूली में बढ़ोत्तरी करें। सभी नीलाम पत्र वाद अंतर्गत जिन बातों में द्वितीय नोटिस की समय अवधि



यह सुनिश्चित हो ले कि शेष 955 वादों में से कितने वादों में प्रथम नोटिस, द्वितीय नोटिस निर्गत की कार्रवाई एवं तत्पश्चात बॉडी वारंट की कार्रवाई पूरी की गई हैं। तथा कितने वादों में नोटिस निर्गत करने की प्रक्रिया लंबित है। इस संबंध में जिला नीलाम पत्र वाद पदाधिकारी अचूक रूप से 6 जुलाई तक संपूर्ण समाप्त हो चुकी है उन मामलों में शीघ्र बॉडी वारंट निर्गत करने का भी निर्देश दिया गया है। सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक महीना के 7 वीं एवं 21 वी तिथि को पंजी 9 एवं 10 का मिलान संबंधित नीलाम पत्र पदाधिकारी से मिलकर अनिवार्य रूप कराना सुनिश्चित करें।

## 12वीं पास चला रहा था सर्जिकल हॉस्पिटल कैमूर में ऑपरेशन झोलाछाप डॉक्टर, प्रशासन ने किया सील

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे झोलाछाप डॉक्टर के खिला कैमूर की मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देश पर स्थानीय पुलिस प्रशासन और स्वास्थ्य महकमा ने बड़ी कार्यवाई की। कैमूर जिले के कुदरा में जीटी रोड पर स्थित संजय से सर्जिकल हॉस्पिटल को प्रशासन ने सील कर दिया। प्रशासन ने जब कार्यवाई शुरू किया तो एक दर्जन से अधिक मरीज उस अवैध अस्पताल के बेड पर पड़े थे। ऐसे में मरीजों को सदर अस्पताल भभुआ में शिफ्ट कराया गया।12वीं पास चला रहा था सर्जिकल हॉस्पिटलरूकैमूर में ऑपरेशन झोलाछाप डॉक्टर, प्रशासन ने किया सील

पर पड़े थे। ऐसे में मरीजों को सदर अस्पताल भभुआ में शिप गौरतलब है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी कैमूर को शिकायत मिली थी कि कुदरा में जीटी रोड पर पुसौली के समीप संजय सिंह सर्जिकल हॉस्पिटल अवैध रूप से चलाया जा रहा है इसके संचालक और तथाकथित डॉक्टर संजय सिंह मात्र 12वीं पास है। अस्पताल की जांच की गई तो अस्पताल की हकीकत परत दर परत खुलकर सामने आई। मरीजों का इलाज कर रहे डॉक्टर संजय सिंह ने पूछताछ के दौरान बताया था कि वह मात्र 12वीं पास है।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 के नियमों का उल्लंघन करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है।





पीएचसी कुदरा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रीता कुमारी ने बताया कि 12वीं पास संजय सिंह मरीजों का इलाज करते पाए गए। उनके द्वारा ऑपरेशन भी किया जा रहा था जो कानूनन अपराध है।

आपको बता दें कि कैमूर यूपी के बनारस से सटा हुआ जिला है। यहां एक नहीं अनगिनत अवैध नामी–गिरामी हॉस्पिटल खुले हैं। सभी तो नहीं लेकिन कुछ ऐसे हॉस्पिटल है जो डॉक्टरों के नाम पर रजिस्टर्ड है लेकिन वे डॉक्टर अस्पताल में कभी नहीं आते। और इसी तरह के लोग मरीजों का इलाज करते हैं। मामला बिगड़ने पर कमीशन पर यूपी के बनारस में चिन्हित अस्पतालों में रेफर करते हैं और मोटी कमाई करते हैं।

मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ रविवार को कैमूर की मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देश पर स्थानीय पुलिस प्रशासन और स्वास्थ्य महकमा ने बड़ी कार्यवाई की। कैमूर जिले के कुदरा में जीटी रोड पर स्थित संजय से सर्जिकल हॉस्पिटल को प्रशासन ने सील कर दिया। प्रशासन ने जब कार्यवाई शुरू किया तो एक दर्जन से अधिक मरीज उस अवैध अस्पताल के बेड

## शांतिपूर्ण माहौल में कदाचार मुक्तसंपन्न कराई जाएगी बीएड की प्रवेश परीक्षा : जिलाधिकारी वैशाली

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

हाजीपुर। राज्य नोडल पदाधिकारी ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा से प्राप्त पत्र के आलोक में जिला अधिकारी श्री यशपाल मीणा के द्वारा समाहरणालय सभागार में बीएड की प्रवेश परीक्षा के अवसर पर उपस्थित सभी केंद्र अधीक्षक दंडाधिकारी संप्रेक्षण जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए संयुक्त ब्रिफिंग में बताया गया कि दिनांक 6 जुलाई 2022 बुधवार को बिहार बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा वैशाली जिला में कुल 17 परीक्षा केंद्र पर संपन्न कराई जाएगी जिसमें कुल 7940 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। यह परीक्षा एक पाली में एक 11रू00 बजे पूर्वाहन से 1रू00 अपराहन तक कराई जाएगी।

जिला अधिकारी के द्वारा बताया गया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक दंडाधिकारी संप्रेक्षण जोनल दंडाधिकारी सह समन्वयक उड़नदस्ता पुलिस पदाधिकारी 1–4 सशस्त्र बल एवं महिला सिपाही की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है जो परीक्षा तिथि सुबह के 8रू00 बजे अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर परीक्षा समाप्ति के उपरांत तक विधि व्यवस्था को संधारित करेंगे। उड़नदस्ता दंडाधिकारी पुलिस प्राधिकारी को सतत भ्रमण सील रहकर परीक्षा का संचालन कराते हुए विधि व्यवस्था को संधारित करने का निर्देश दिया गया है। जिला अधिकारी के द्वारा बताया गया कि सभी दंडाधिकारी हम केंद्र अध्यक्ष का दायित्व होगा कि प्रशिक्षार्थियों के लिए सीट प्लान कोविड–19 के मद्देनजर निर्धारित मानकों को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रशिक्षार्थियों को सेटिंग प्लान के अनुसार ही बैठाया जाए तथा सीख प्लान के अनुसार ही प्रश्न पत्रों के वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। परीक्षा प्रारंभ होने के 10 मिनट पूर्व अर्थात 10रू50 बजे तक ही परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश दिया जाए तथा परिक्षा समाप्ति के पश्चात् प्रशिक्षार्थी को परीक्षा कक्षा, छोड़ने की अनुमति दी जाए। बिना फोटो पहचान पत्र के किसी भी परीक्षार्थी को मुख्य प्रवेश द्वार से अंदर नहीं जाने दिया जाए। सभी प्रशिक्षार्थियों की शारीरिक जांच मुख्य प्रवेश द्वार पर ही कर लिया जाए। महिला परीक्षार्थियों की जांच के लिए प्रवेश द्वार के बगल में एक अस्थाई कक्ष बनाया जाए जिसमें महिला कर्मी के द्वारा ही





जांच कराई जाए। परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा केंद्र में केलकुलेटर ग्राफ पेपर मोबाइल फोन छठ पूजा कापी किताब चाकू माचिस ब्रेड इलेक्ट्रॉनिक गैजेट आदि ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। परीक्षा केंद्र पर स्वच्छता की पूरी व्यवस्था रखने का निर्देश दिया गया।

अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर को परीक्षा केंद्र के 500 मीटर प्रति में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू करने का निर्देश दिया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि परीक्षा केंद्र के आसपास परीक्षा के दिन निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर मोबाइल नंबर 94731 91312 एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हाजीपुर मोबाइल नंबर 94318 00083 को संपूर्ण विधि व्यवस्था का प्रभारी बनाया गया है। उक्त परीक्षा के समुचित संचालन अनुश्रवण एवं नियंत्रण के लिए जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना 06224 260 220 पर की गई है। या नियंत्रण कक्ष परीक्षा की तिथि को सुबह 7रू00 बजे से 3रू00 अपराह्न तक कार्यरत रहेगा। इस अवसर पर जिला अधिकारी के साथ पुलिस अधीक्षक श्री मनीष उप विकास आयुक्त श्री चित्रगुप्त कुमार अनुमंडल पदाधिकारी श्री अरुण कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिले के निवासी वांछित कागजात के साथ विभागीय वेबसाइट https:// state-biha-go--in/socialwelfare/ij ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

सीतामढ़ी। सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई , सीतामढ़ी द्वारा बताया गया है कि विधि को उल्लघंन करने वाले बालकों एवं देखरेख संरक्षण वाले बच्चों के संबंध में निर्णय लेने के लिए प्रत्येक जिले में किशोर न्याय परिषद में प्रधान मजिस्ट्रेट एवं संबंधित जिले के दो सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य के न्याय पीठ का गठन किया जाना है । इसको लेकर सीतामढ़ी जिले में एक सदस्य महिला एवं एक सदस्य पुरूष के रिक्त पदों के विरूद्य सामाजिक कार्यकर्ता का चयन किया जाना है । साथ ही किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 27 के अंतर्गत देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों के आवासन विकास एवं पुनर्वास इत्यादि हेतु राज्य के प्रत्येक जिले में बाल कल्याण समिति के गठन का प्रावधान है । बाल कल्याण समिति में बिहार किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण नियमावली 2017 के नियम 15 के तहत एक अध्यक्ष तथा चार अन्य सदस्य होंगे । जिसमें से कम से कम 2 महिला और कम से कम एक सदस्य अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय से चयन किया जाएगा । वर्तमान में सीतामढ़ी जिले में बाल कल्याण समिति में समान्य वर्ग के लिए एक पद साथ ही किशोर न्याय बोर्ड के लिए एक महिला सामाजिक कार्यकर्ता एवं एक पुरूष सामाजिक कार्यकर्ता का चयन किया जाना है । किशोर न्याय परिषद एवं बाल कल्याण समिति के सदस्य के रूप में चयन हेतु संबंधित जिले के निवासी वांछित कागजात के साथ विभागीय वेबसाइट https://state-bihar-gov-in/socialwelfare ६ पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि दिनांक 25.06.2022 से 11. 07.2022 तक निर्धारित है । सामाजिक कार्यकर्ता सदस्यों की न्यूनतम आयु 30 वर्ष अधिकतम 65 वर्ष होनी चाहिए । जिसकी गणना 01 जून 2022 से की जाएगी । समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को प्रत्येक बैठक के लिए 1500 रूपये ( अधिकतम 20 बैठक का प्रावधान ) है। बैठक का निर्धारण किशोर न्याय अधिनियम नियमावली के नियमानुसार की जाएगी । आवेदक की योग्यता उक्त विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है । स्नातकोत्तर डिग्री के साथ सामाजिक कार्यकर्ता उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में स्नातक डिग्री के साथ सामाजिक कार्यकर्ता पर नियमावली में निर्धारित प्रावधानों के तहत विचार किया जाएगा । आवदेक को आवेदन भरने में तकनीकी समस्या उत्पन्न होने पर help&deskrecrutment-dsw22@gmail-com पर मेल करेंगे।

आवेदन भरने की उक्त अंतिम तिथि मान्य है । इस आशाय की जानकारी सहायक निदेशक , जिला बाल संरक्षण इकाई , सीतामढी द्वारा दी गई है।

## श्रीकांत शास्त्री भा0प्र0से0 जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0) -सह- जिला पदाधिकारी, किशनगंज की अध्यक्षता में सहकारिता समितियाँ (मतस्यजीवी, व्यापारमंडल तथा स्वावलंबी सहकारी समिति लि) का निर्वाचन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

किशनगंज। श्री श्रीकांत शास्त्री भा०प्र०से०, जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०) –सह– जिला पदाधिकारी, किशनगंज की अध्यक्षता में सहकारिता समितियाँ (मतस्यजीवी, व्यापारमंडल तथा स्वावलंबी सहकारी समिति लि०) का निर्वाचन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई।

बैठक में सहकारिता समितियाँ (मतस्यजीवी, व्यापारमंडल तथा स्वावलंबी सहकारी समिति लि०) का निर्वाचन, 2022 हेतु गठित कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन कार्य के पूर्ण कराने के निमित्त समीक्षा की गई।

सहकारिता समितियाँ (मतस्यजीवी, व्यापारमंडल तथा स्वावलंबी सहकारी समिति लि०) का निर्वाचन, 2022 निमित्त जिले में छः मतदान केन्द्रों पर दिनांक– 19.07.2022 को मतदान होना है। इसके लिए दिनांक– 05. 07.2022 एवं 06.07. 2022 को पूर्वा० 11रू00 बजे से अप0 03:00 बजे तक नामांकन की तिथि एवं समय निर्धारित है। दिनांक 07.07.2022 एवं 08.07. 2022 को 11:00 बजे पूर्वा0 से 03:00 बजे अप० तक संवीक्षा की तिथि एवं समय निर्धारित है तथा दिनांक– 12.07.2022 को अभ्यर्थिता वापसी एवं प्रतीक आवंटन की तिथि निर्धारित है। मतदान के तुरंत पश्चात दिनांक– 19.07.2022 को ही मतगणना की जायेगी। प्रखण्ड ठाकुरगंज एवं पोठिया में मतस्यजीवी सहयोग समिति लि०, ठाकुरगंज प्रखण्ड में सीमांचल कृषक सेवा स्वावलंबी सहकारी समिति लि०, दिघलबैंक प्रखण्ड में शिवम कृषक सेवा स्वावलंबी सहकारी समिति लि०, कोचाधामन एवं टेढ़ागाछ प्रखण्ड में व्यापारमंडल सहयोग समिति लि० का निर्वाचन होना है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०) –सह– जिला पदाधिकारी, किशनगंज द्वारा सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों को अपने स्तर से सभी तैयारियाँ ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त किशनगंज, जिला सहकारिता पदाधिकारी किशनगंज तथा निर्वाचन हेतु गठित कोषांग के नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक मेहसी प्रखंड सभागार में प्रमुख विपुल कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

पूर्वी चम्पारण। प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक मेहसी प्रखंड सभागार में प्रमुख विपुल कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक संचालन जिला समन्वयक हामिद रजा ने किया। उक्त बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने पंचायत में देखरेख एवं अनुश्रवण की आवश्यकता वाले बालकों की पहचान करेंगे एवं उनके अनुसार सरकारी योजनाओं एवं संसाधनों से लाभान्वित करने हेतु संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित करेंगे। साथ ही पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत उपलब्ध संसाधनों से बालक एवं उसके परिवार को अच्छादित करेंगे।इस अवसर पर सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रीमती ममता झा ने कहा कि आज उनके संरक्षण की बात करने जा रहे हैं जो देश के भविष्य हैं और देश के कर्णधार हैं। उन्होंने बाल संरक्षण समिति के संरचना के बारे में बताया। उन्होंने ने कहा कि सरकार की जिम्मेवारी उन विषम परिस्थिति में रह रहे हैं बच्चों का उनका संरक्षण जरूरी है।

उन्होंने ने कहा कि बच्चों को सीमाओं में मत बांधिए, उनके इच्छा की कद्र जरूर करें। आज वयस्क लोग बड़ी संख्या में बेरोजगार बैठे हैं मगर कुछ नियोजक बच्चों से काम कराते हैं क्योंकि सस्ते दाम में मजदूर मिल जाता है, बच्चे इनका खुलकर विरोध नहीं कर सकते इसलिए उनसे काम कराया जाता है उनका शोषण किया जाता है।श्रीमती झा ने कहा कि प्रेम प्रसंग में पलायन का मामला लगातार बढ़ रहा है जिसके तहत लड़कियों की वापसी जल्द हो जाती है, मगर लड़कों का जीवन बर्बाद हो जाता है। इस संदर्भ में जनप्रतिनिधियों को आगे आकर समाज मे जागरूकता फैलाना होगा। उन्होंने परवरिश योजना स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में विस्तृत रूप बताया। उन्होंने प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति की नियमित बैठक हर दिन महीने कराने को निर्देशित किया, और पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक का अनुश्रवण करने की भी बात कही।

इस अवसर पर प्रमुख विपुल कुमार ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करना होगा तभी हम अपने पंचायत और क्षेत्र का विकास कर सकते हैं। और बच्चों का संरक्षण कर सकते हैं। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास निगम, यूनिसेफ के सहयोग से सेव द चिल्ड्रेन द्वारा संचालित उड़ान प्रोजेक्ट के जिला समन्वयक हामिद रजा ने बाल



संरक्षण समिति के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए कहा कि बाल अधिकारों के प्रति सामुदायिक जागरूकता एवं चेतना सृजित करना, बच्चों के हित में माता–पिता एवं समुदाय के व्यवहारगत बदलाव को बढ़ावा देना, समुदाय में बाल अधिकारों के हनन के मामले की रिपोर्टिंग करना, आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करना और अगर जरूरी हो तो इसे उपयुक्त अधिकारियों के पास अग्रेषित करना, बच्चों के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों एवं योजनाओं के प्रति समुदाय में जागरूकता बढ़ाना सहित अन्य उद्देश्यों पर चर्चा किया।

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि बाल संरक्षण से संबंधित सभी ढांचे को मजबूत करने में सभी विभाग के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा। साथ ही वार्ड और पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण समिति गठन करने में हर तरह के सहयोग देने की बात बताई।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शंभू नाथ शर्मा ने कहा कि बाल संरक्षण समिति की बैठक में लिए गए निर्णय का शत–प्रतिशत पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय में भ्रमण कर स्कूल से बाहर रह रहे बच्चों को फिर से जोड़ने के लिए पहल करेंगे। इस अवसर पर बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी शकील अहमद खान, स्वास्थ्य विभाग प्रतिनिधि नजीबुर्रहमान, मुखिया मुस्ताक आलम, कौशल किशोर सिंह, पंचायत समिति सदस्य राजूराम, शैलेंद्र कुमार गुप्ता, सेव द चिल्ड्रेन के जितेंद्र कुमार सिंह, कृष्णा कुमार , सुशील कुमार आजाद , महिला पर्यवेक्षिका ललिता कुमारी, चाइल्ड लाइन के नारायण मजूमदार संध्या कुमारी सहित बाल संसद प्रतिनिधि प्रिंस राज एवं पलवी कुमारी उपस्थित थे ।

# संक्षिप्त समाचार

## वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से आयोजित स्नातक पार्ट थ्री की परीक्षा जिले के सात परीक्षा केंद्रों पर शुरु हुआ

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। वीर कुंवर सिंह विश्द्यालय से आयोजित स्नातक पार्ट थ्री की परीक्षा जिले के सात परीक्षा केंद्रों पर से शुरू हुई। स्नातक पार्ट थ्री सत्र 2018–21 की परीक्षा 5जुलाई से 18 जुलाई तक आयोजित होगी। परीक्षा दो पारियों में आयोजित की जा रही है। जनरल विषय की परीक्षा 15 जुलाई तक होगी। आनर्स विषय की परीक्षा के लिए एक परीक्षा केंद्र बनाया गया है। बताया गया कि विभिन्न विषयों को चार ग्रुप में बांटा गया है।ग्रुप ए में भौतिकी बॉटनी जंतु विज्ञान गणित विज्ञान व कॉमर्स आईएफएफ ग्रुप बी में राजनीतिक विज्ञान एआई एंड एएस एलएसडब्ल्यू लोक प्रशासन बुद्धिस्ट स्टडीज और समाजशास्त्र, ग्रुप सी में मनोविज्ञान भूगोल दर्शनशास्त्र म्यूजिक अर्थशास्त्र हिंदी अंग्रेजी और गृह विज्ञान, ग्रुप डी में इतिहास उर्दू पर्शियन पाली प्राकृत भोजपुरी और संस्कृत एवं स्पेशल ग्रुप में रसायन शास्त्र बीबीए व बायोटेक विषय को रखा गया है। स्नातक पार्ट 3 की परीक्षा के लिए कैमूर के सात कॉलेजों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

## भभुआ थाना में धूमधाम से हुई प्रेमी जोड़े की शादी थानाध्यक्ष ने किया कन्यादान

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। इस अनोखी शादी में नगर के लोग और पुलिस वाले बाराती बने. थाना परिसर में शादी की सभी तैयारी भभुआ थनाध्यक्ष रामानन्द मंडल के नेतृत्व में किया गया. शादी को लेकर भभुआ टाउन थाना को दुल्हन की तरह सजाया गया. जो कि देखने में अद्भुद नजर आ रहा था.ना परिसर में प्रेमी जोड़े की शादीरू भभुआ थानाध्यक्ष रामानन्द मंडल ने बताया कि लड़की का नाम आरती कुमारी है. जो भभुआ के अखलासपुर गांव की रहने वाली है. वहीं, लड़का का नाम अजय पासवान है, जो भभुआ थाना क्षेत्र के कबार गांव का रहने वाला है.



दोनों एक दूसरे से प्रेम करते हैं और एक दूसरे से ही शादी करना चाहते थे. लेकिन लड़की के घर वालों को ये रिश्ता मंजूर नहीं था. लड़की के घर वालों को लाख समझाने के बाद भी वो इस शादी से इंकार कर रहे थे. जिसके बाद थाना परिसर में शादी कराई गई. पुलिस और पब्लिक के बीच समानता बनाये रखने को लेकर यह शादी धूमधाम से थाने में कराई जा रही है।

## कैमूर में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत, दो मवेशियों की भी जान गई

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। बिहार के कैमूर में हुई आफत की बारिश में एक वृद्ध की मौत हो गई तो वहीं दो लोग झुलस गए जबकि दो मवेशियों की जान चली गई। भभुआ के सारंगपुर में एक वृद्ध की मौत हो गई जबकि भगवानपुर के पहाड़िया और भभुआ के बेतरी में



दो लोग झुलस गए। चौनपुर में दो मवेशियों की मौत हो गई। भभुआ के सारंगपुर के रहने वाले पारस नाथ पासवान अपने मवेशियों को चारा के लिए गांव के बधार में गए थे तभी अचानक गर्जन के साथ तेज बारिश आ गई। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। सूचना पर गांव वालों ने पहुंचकर शव को भभुआ सदर अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को पुलिस सौंप दिया। परिजन लाल बहादुर पासवान ने बताया कि बुजुर्ग पारस नाथ मवेशियों को लेकर गांव के बधार में चारा के लिए गए थे, तभी तेज बारिश के साथ बिजली कड़कने लगी। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की गई है। एक तरफ जहां बारिश से उमस भरी गर्मी से राहत मिली तो वहीं कैमूर में यही बरसात जानलेवा साबित हुई।

## निर्मली प्रखंड के अंतर्गत बेला सिंगार मोती वार्ड 10 में बिजली के करंट से मौत

सत्य नारायण कामत अनुमंडल चीफ ब्यूरो – दैनिक अयोध्या टाईम्स निर्मली सुपौल) निर्मली प्रखंड अंतर्गत गाँव बेला सिंगार मोती वार्ड नंबर 10 में बिजली की चपेट में आने से 45 वर्षीय रीता देवी पति– राजदेव मेहता की मौत हो गई।



## एनसीसी जूनियर डिवीजन की भर्ती प्रक्रिया सीवान में हुआ सम्पन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीवान गगन कुमार पाण्डेय। सिवान शहर स्थित इस्लामिया हाई स्कूल में एनसीसी जूनियर डिवीजन की भर्ती प्रक्रिया



संपन्न हो गईद्य इस भर्ती के माध्यम से डीएवी हाई स्कूल सिवान ट्रूप नं 207 और इस्लामिया हाई स्कूल ट्रूप नं 209 के लिए 50–50 छात्रों का चयन किया गया हैद्य भर्ती प्रक्रिया शारीरिक और लिखित के आधार पर किया जाता हैद्य दोनो प्रक्रिया में सफल छात्रों मेरिट बनाई जाती है और एनसीसी बटालियन द्वारा बाद में मेरिट लिस्ट जारी की जाती हैद्यसफल छात्र दो साल तक एनसीसी के कैडेट के रूप में ट्रेनिंग लेते हैद्य एनसीसी ष्एष् सर्टिफिकेट परीक्षा पास होने पर उन्हें ए सर्टिफिकेट प्रदान की जाती हैद्य इस भर्ती प्रक्रिया में इस्लामिया हाई स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद शाहिद, एनसीसी पदाधिकारी महम्मद अमानुल्लाह डीएवी हाई स्कूल सिवान के एनसीसी पदाधिकारी संजय कुमार दूबे, ें ज बिहार बटालियन से आए सूबेदार अरविंद कुमार, नायब सूबेदार केशव कुमार, नायक महम्मद मुस्ताक, म. शम्स तबरेज आलम, सीनियर कैडेट उदय प्रताप सिंह, पवन कुमार, आशीष एंड दूबे, अंशु, समीर, सुमित, प्रवेश इत्यादि लोग मौजूद थे।

## वर्षा जल संचय के लिए मनेगा, जल जीवन हरियाली दिवस

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ। शिवहर,सीतामढ़ी। जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता की दिशा निर्देश के आलोक में प्रभारी डीडीसी सह अपर समाहर्ता शंभू शरण की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकक्ष में जल जीवन हरियाली दिवस मनाया गया है। कार्यक्रम में डीआरडीए के निदेशक शंभू कुमार भी मौजूद थे। निर्देशित किया गया है कि सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं तथा तालाबों,पोखरों, पईनोको चिन्हित कर अतिक्रमण मुक्त कराते हुए पेड़ पौधा लगाएं, तथा जल संचय करें। पेड़ लगाए, धरती बचाए। जल संचय करें, जल संकट से बचे ।सौर ऊर्जा का उपयोग करें, प्रदूषण से निजात पाए। जल जीवन हरियाली को अपनाएं, पर्यावरण को बचाए। एडीएम शंभू शरण ने उपस्थित संबंधित विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया है कि अब हर महीने के प्रथम सप्ताह के मंगलवार को वर्षा जल संचय के लिए मनेगा, जल जीवन हरियाली दिवस।



## सीओ तथा कोतवाल के नेतृत्व में किया गया पौधारोपण, सभी लोगों से पौधे लगाने की अपील

सिकंदराराऊ।पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन में कोतवाली व चौकियों पर वन महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत



अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

शासन के आदेशानुसार दिनांक 1.7.2022 से 7.07.2022 तक वृक्षारोपण को बढावा देने के उद्देश्य से वन महोत्सव मनाया जा रहा है । जिसके क्रम में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक हाथरस विकास कुमार बैद्य के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र सिंह एवं कोतवाल अशोक कुमार सिंह तथा पुलिस कर्मचारियों एवं पुलिसकर्मियों के परिजनों द्वारा वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया । इस अवसर पर मौजूद सभी अधिकारी व कर्मचारीगणों द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड–पौधे, जल को बचाने का संकल्प लिया गया। इसी क्रम में पुलिसकर्मियों को अवगत कराया गया कि हम सबको थोड़ा समय प्रकृति के लिये जरुर निकालना चाहिए तथा कम से कम एक पेड अवश्य लगाएं । क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र सिंह ने कहा कि सभी लोग अपने आसपास अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं। जिससे कि आस पास का वातावरण हरा भरा रहे तथा पर्यावरण का संरक्षण हो सके, तभी पर्यावरण को सुरक्षित और स्वच्छ बनाने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता हैं ।

इस अवसर पर क्राइम निरीक्षक ललित त्यागी, उप निरीक्षक सोबरन सिंह, सोनू राजौरा, प्रमोद कुमार , योगेंद्र सिंह धामा, सहादत अली, प्रदीप कुमार, सीपी गौड, ज्वाला प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## कस्बा चौकी प्रभारी सोनू कुमार राजौरा के नेतृत्व में पुरदिलनगर चौकी परिसर में हुआ पौधारोपण

सिकंदराराऊ । पुरदिलनगर कस्बा चौकी प्रभारी सोनू कुमार



राजौरा के नेतृत्व में पुरदिलनगर चौकी परिसर में वृक्षारोपण किया गया तथा इस अवसर पर सभी पुलिसकर्मियों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।

## '60 यूपी बटालियन के कर्नल ओपी शर्मा के निर्देशानुसार संपन्न की गई एनसीसी जूनियर डिवीजन की भर्ती'

जनपद फतेहपुर।

'60 यूपी बटालियन के कर्नल ओपी शर्मा के निर्देशानुसार संपन्न की गई एनसीसी



जूनियर डिवीजन की भर्ती।

भर्ती जनपद के फतेहपुर कई स्कूलों में हुई जिसमें छात्र–छात्राओं ने बडचढ़ के भारतीय सेना का लक्ष्य रखते हुए एनसीसी भर्ती में प्रतिभाग किया। वही जनपद के महर्षि विद्या मंदिर में एनसीसी जूनियर डिवीजन की भर्ती सम्पन्न हुई जिसमे सूबेदार मेजर अर्जुन रावत , सूबेदार मनिंदर,सूबेदार शिव रावत , हवलदार दिनेश ,हवलदार बैश बहादुर , केयरटेकर रोहित दत्त,केयरटेकर बिपिन मिश्रा,सार्जेंट विवेक,सार्जेंट निशांत ,सार्जेंट अभिषेक ,कॉरपोरल अमन ,कॉरपोरल सक्षम मिश्रा,कैडेट उदित अग्रहरी ,कैडेट वैभव श्रीवास्तव,कैडेट जैद मौजूद रहे ।

## 24 करोड़ पौधारोपण कार्यक्रम अन्तर्गत शहर में हुआ वृक्षारोपण

कानपुर नगर।उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्देशित 05 जुलाई 2022 को प्रदेश में एक ही दिन में 24 करोड पौधारोपण कार्यक्रम अन्तर्गत वृक्षारोपण जन आन्दोलन–2022 के अन्तर्गत वन महोत्सव का आयोजन करते हुये कानपुर नगर निगम द्वारा सरायमीता पनकी स्थित खुले स्थल, जूही रतन शुक्ल इण्टर कॉलेज के पीछे मैदान में मियावाकी पद्धति से वृहद वृक्षारोपण का कार्य कराया गया। इसके साथ–साथ अन्य पार्को, खुले स्थलो, हरित पट्टिकाओं यथा–भगत पार्क आनन्दपुरी, मनभावन पार्क श्याम नगर, परशुराम वाटिका आर्य नगर, होली मिलन पार्क केशवपुरम् आदि में भी वृक्षारोपण कराते हुये कुल 120000 पौधो का रोपण किया गया। इस प्रकार दिन मंगलवार को कुल 120000 पौधो का रोपण किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम श्री धर्मपाल सिंह, मा0 प्रभारी मंत्री, कानपुर नगर के कर कमलो द्वारा श्रीमती प्रमिला पाण्डेय, मा0 महापौर जी की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधो यथा–पीपल, बरगद, पिलखन, जामुन, आम, अमरूद, ऑवला, मौलश्री, अशोक, कदम, आदि पौधो का रोपण कर नगर वन का विकास किया गया। यह कार्यक्रम जिलाधिकारी श्री विशाख जी एवं नगर आयुक्त श्री शिवशरणप्पा जी0एन0 के नेतृत्व में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, श्री अरविन्द कुमार यादव, जोनल अधिकारी (जोन–5) श्री स्वर्ण सिंह, पर्यावरण अभियन्ता श्री आर0के0 पाल, उद्यान अधीक्षक डा0 वी0के0 सिंह मा0 पार्षद एवं अन्य अधिकारीध्कर्मचारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

## सीएचसी पर किया चिकित्सकों ने वृक्षारोपण



सिकंदराराऊ

शासन के निर्देश पर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर डॉ रजनीश कुमार, डॉ संजय सिंह, डॉ रचना सिंह, प्रमोद कुमार, राजकुमार आदि मौजूद रहे।




# संक्षिप्त समाचार

## स्वास्थ्य केंद्र लाते समय एंबुलेंस में प्रसूता ने बच्चे को दिया जन्म

सिकंदराराऊ। कोतवाली क्षेत्र के गांव पाइंदापुर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगला वीरसहाय लाते समय एक महिला ने रास्ते में एंबुलेंस में ही पुत्र को जन्म दे दिया ।



रानी देवी पत्नी मुकेश कुमार 26 वर्ष को प्रसव पीड़ा होने पर एंबुलेंस द्वारा आशा ललितेश गांव पांइदापुर से प्रसव हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगला वीर सहाय ला रही थीं। रास्ते में गांव सीतापुर के पास रानी देवी को प्रसव पीड़ा तेज हो गई। जिससे रास्ते में ही प्रसव कराना पड़ा। इस जिम्मेदारी को आशा ललितेश के साथ ईएमटी राहुल रतन एवं पायलट विकास कुमार ने बखूबी निभाया । तत्पश्चात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगला वीरसहाय में प्रसूता और बच्चे को भर्ती कराया गया।

## भीम आर्मी के नवनियुक्तसचिव का स्वागत

सिकंदराराऊ। मंगलवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन की एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष मनोज कुमार विमल एवं विधानसभा मीडिया प्रभारी नवनीत यादव द्वारा नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विधानसभा सचिव ऊधम सिंह उर्फ गुड्डू जाटव की नियुक्ति किए जाने की घोषणा की गई । बैठक में भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। मौजूद पदाधिकारियों ने भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण किया।



## गिरफ्तार कर वारंटी को भेजा जेल

सिकंदराराऊ ।चौकी प्रभारी पुरदिलनगर सोनू राजौरा ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

श्री राजौरा ने वारंटी इदरीश पुत्र अब्दुल सलाम उम्र 45 वर्ष निवासी मोहल्ला नई बस्ती पुरदिलनगर को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

सिकंदराराऊ। मंगलवार सायं नगर के पंचमुखी हनुमान मन्दिर पर नगर कमेटी विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल सिकंदराराऊ के तत्वाधान में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। जिसमें विश्व हिन्दू परिषद के नगर अध्यक्ष बबलू सिसोदिया, मंत्री भानू प्रताप सक्सेना, मीडिया प्रभारी पवन वार्ष्णेय व बजरंग दल संयोजक अन्नू सैनी, आरएसएस के नगर कार्यवाहा निशांत पाराशर एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ नगर के अन्य गणमान्यजन विपिन वार्ष्णेय, बिपिन लाल, अमन हिन्दू, मुकुल गुप्ता, विष्णु वार्ष्णेय, संजय परमार, दीपक सक्सेना अनिल प्रताप , हर्षित भारद्वाज, आदि उपस्थित रहे ।



## नवागत सिविल जज का स्वागत

सिकंदराराऊ। वाह्य न्यायालय सिकंदराराऊ में सिविल जज जे.एम. जीशान मेंहदी ने आज चार्ज ग्रहण किया। सिविल बार एसोसिएशन में उनका गर्म जोशी से स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में अध्यक्ष अजय पुंढीर, सचिव मोहम्मद सलीम कुरेशी, उपाध्यक्ष बनी सिंह बघेल, आनंद पालीवाल, महेश पुंढीर, सी.पी.शर्मा, संजय यादव, हिमांशु, पार्थ शर्मा, बनारसी दास गुप्ता, मनोज सिसोदिया, अभय चौहान, बीरू, कुलदीप पुंढीर, सत्यप्रकाश, नीरज यादव, जितेंद्र यादव, धर्मेंद्र शर्मा, जयनारायण माहोर, शिव उपाध्याय ,जगदीश सैनी, देवब्रत्त यादव, अनिल, नरेश बघेल , प्रवल प्रताप, समाज प्रिय रत्न, अरुण दीक्षित, ब्रजभान सिंह चौहान, विम्बसार, अंकित आदि थे।



## मानव जीवन की रक्षा के लिए वृक्षों का होना आवश्यक है: विपिन वार्ष्णेय

सिकंदराराऊ ।अमोल चंद पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें छात्र–छात्राओं ने बढ़



चढ़कर भाग लिया और विद्यालय परिसर में पौधे लगाए।

इस अवसर पर विद्यालय के एमडी विपिन वार्ष्णेय ने कहा कि वृक्ष हमें प्राणवायु देते हैं। मानव जीवन की रक्षा के लिए वृक्षों का होना आवश्यक है। इसलिए सभी लोग अधिक से अधिक पौधे लगाएं। क्योंकि बड़े पैमाने पर हरे वृक्षों का कटान किया जा रहा है। वृक्ष काटे जाने से पर्यावरण असंतुलित हो रहा है। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने हेतु सभी छात्र छात्राएं अपनी जिम्मेदारी को समझें और अपने घर के आसपास पौधे अवश्य लगाएं और उनकी रक्षा करें ।

इस अवसर पर सागर वार्ष्णेय, प्राची सेंगर ,संस्कृति, काम्या, सगुन, मनसा, सेजल, कनिका, श्रुति , अंशिका, हिमानी, प्रार्थना , खुशी, अंजू, इशिता, देवांश, वंश, आकाश, नितिन , सत्यम, आयुष, दुर्गेश, शिवम, रुझान, प्रियांश, संभव आदि उपस्थित थे।

## श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया

सिकंदराराऊ। नगर में नौरंगाबाद पश्चिमी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें मंदिर के मुख्य पुजारी श्री विनय कुमार मिश्रा के द्वारा बताया गया कि



जन्मोत्सव के उपलक्ष में सुबह सुंदरकांड का पाठ तथा शाम को महिलाओं के द्वारा भजन संध्या का आयोजन कर भंडारा किया गया । वहीं मुख्य संयोजक पूर्व चेयरमैन विजय भारत कुलश्रेष्ठ के द्वारा बताया गया कि मंदिर पर हर वर्ष इसी प्रकार के प्रोग्राम किए जाते हैं। जिसमें भक्तों के द्वारा बड़ चढ़कर हिस्सा लिया जाता है।

इस अवसर पर मुख्य रुप से विनय कुमार मिश्रा, विजय भारत कुलश्रेष्ठ, मुकुल गुप्ता, अखंड भारत, उमेश वार्ष्णेय,मीरा माहेश्वरी, कमलेश शर्मा, सुशीला चौहान, संतोष पोरस, नीलम माहेश्वरी, कुमकुम शर्मा, पूनम, डॉली माहेश्वरी, निशा उपाध्याय, रजनी, शैलेश गुप्ता, मीना माहेश्वरी,